राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक 8] सप्तम् विधान सभा के अष्टम् सत्र का सोलहवां दिवस [संख्या 9

मंगलवार

दिनांक 20 मार्च, 1984

विधान सभा की बैठक म० पू. 11.00 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री पूनमचन्द विश्नोई, अध्यक्ष, पदासीन)

तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रश्न संख्या 173

श्री अध्यक्ष : प्रश्न।

श्री जनार्दन सिंह गहलोत।

(अनुपस्थित : कृपया आगे देखें)

सरकार द्वारा आवासन मण्डल को दिये गये निर्देश

174. श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर): क्या आवासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) वर्ष 1980 से जनवरी, 1984 तक राज्य सरकार ने कुल कितने निर्देश (डायरेक्टिव) राजस्थान आवासन मण्डल को दिये ? उनमें से केवल आवंटन सम्बन्धी आज्ञा के कितने निर्देश किस प्रयोजन से किस किस के लिये दिये गये थे ?

(2) क्या मण्डल के एक्ट व नियमों के तहत राज्य सरकार को इस प्रकार के आदेशों को देने की पावर्स हैं ? यदि हां, तो क्या कभी किसी स्तर पर आदेशों को किसी के द्वारा चुनौती दी गई ? कृपया चुनौती का विवरण सदन की मेज पर रखें।

आवासन मंत्री (श्री दुलाराम) : (1) उक्त अवधि में राज्य सरकार द्वारा मण्डल को 16 निर्देश दिये गये हैं, जिनमें से 9 निर्देश आवंटन से सम्बन्धित है। आदेशों की प्रतियां संलग्न हैं।

(2) धारा 60 के अनुरूप निर्देश देने के अधिकार हैं, निर्देशों को किसी भी अदालत में चुनौती दिये जाने का अभी तक कोई भी मामला जानकारी में नहीं आया है।

(आदेशों के लिये कृपया परिशिष्ट 1 देखें)

Page No 2

श्रीमती विद्या पाठक : माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य सरकार द्वारा बोर्ड को दिये गये आदेशों को यदि हम देखें तो इसमें मैंने जो एक प्रश्न किया धारा 60 के अन्तर्गत इस तरह की पावर्स हैं क्या ? मंत्री महोदय, धारा 60 पढ़िये—

"The State Government may give to oard such directions as in its opinion are necessary or expedient for carrying out the purposes of this Act and it shall be the duty of the Board to comply with such directions."

मगर इसी के साथ आपने अलाटमेंट के रूल्स भी बना रखे हैं, कुछ पावर्स आपने एक्ट के तहत भी दे रखी हैं। कोई स्कीम कहां बनाई जाये, कितना किसको रिजर्वेशन दिया जाये, इसकी पावर्स इस एक्ट के 26 (3) में है और 53 (बी) में अलाटमेंट के बारे में है। इसके लिये भी आपने नियम बनाये हैं। इस एक्ट के तहत जो रूल्स बने हैं उसमें एक कमेटी बना दी है। आप रिजर्वेशन तो कर सकते हैं मगर अलाटमेंट कमेटी का अधिकार है वह अलाटमेंट कैसे करे। बोर्ड ने रूल्स बना दिये जो आपने एन्डोर्स किये हैं। नेक्स्ट अलाटमेंट जो वेटिंग लिस्ट में है उसको दिया जाये, इसकी आपने अवहेलना की है। अगर इसको किसी ने चैलेन्ज नहीं किया है, मैं इस सदन के माध्यम से जरूर चैलेंज करना चाहूंगी। रूल 60 को आप पढ़ें, मैं यह पूछना चाहती हूं जो अलाटमेंट किये हैं····

श्री दुलाराम : अध्यक्ष महोदय, एक-एक प्रश्न पूछें तो जवाब दे सकूंगा। इन्होंने स्पीच शुरू कर दी।

श्रीमती विद्या पाठक : मैं स्पेसिफिक प्रश्न पूछ रही हूँ। एक्ट का कौनसा पर्पज सर्व हुआ है ? अलाटमेंट की जो लिस्ट दी है उस लिस्ट में और इस लिस्ट में थोड़ा सा फर्क है, कुछ नाम नहीं हैं और कुछ नाम दूसरों के हैं, आप दोनों को चैक कर लीजिये। एक्ट का कौनसा पर्पज सर्व हुआ है ?

श्री दुलाराम : आपने क्वेश्चन में यह पूछा है, वर्ष 80 से जनवरी, 84 तक राज्य सरकार ने कुल कितने निर्देश (डायरेक्टिव) राजस्थान आवासन मण्डल को दिये ? क्या मण्डल के एक्ट व नियमों के तहत राज्य सरकार को इस प्रकार के आदेशों को देने की पावर्स हैं ? यदि हां, तो क्या कभी किसी स्तर पर आदेशों को किसी के द्वारा चुनौती दी गई ? मैंने कहा है धारा 60 के तहत अधिकार है।

श्रीमती विद्या पाठक : आपको निर्देश देने के अधिकार हैं लेकिन आपको किस तरह के अधिकार हैं ? पालिसी डिसीजन के, रिजर्वेशन के····

श्री दुलाराम : मेरा निवेदन यह है कि दोनों आदेश दिये हैं। धारा 60 के तहत अलाटमेंट के आदेश भी दिये हैं।

श्रीमती विद्या पाठक : मैं पूछना चाहती हूं इसमें एक्ट का कौन सा पर्पज सर्व हुआ है ?

श्री अध्यक्ष : यह कानून की व्याख्या का प्रश्न है इसको अदालत तय कर सकती है ।

श्रीमती विद्या पाठक : आपको सारी जनता के हितों को देखना है । मैं पूछना चाहती हूं, मकान अलाटमेंट में कौन सा पर्पज सर्व हो गया ? जो जगह बदलने के लिये डायरेक्शन दिया है उससे पब्लिक का कौनसा भला किया है ? आपने ऐसे लोगों को मकान अलाट किये हैं, बदले हैं जो दूसरो को दिये जाने चाहिये थे। धारा 60 के तहत आपने दूसरों को अलाट कर दिये । जवाहर नगर में जिनके आलरेडी लेजीटिमेट राइट्स हैं जिनको मकान नहीं दे पाये हैं उनको कहां आवंटित करेंगे ? कौनसा पर्पज सर्व होता है एक्सेप्ट सेलफिश पर्पज । पब्लिक के साथ बहुत बड़ा फ्राड किया है....

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज । माननीय सदस्या ।

श्री दुलाराम : माननीय अध्यक्ष महोदय, वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सन् 75, 76 और 77 में डायरेक्शन दिये, अमुक अमुक एम. एल. एज. को अमुक जगह 60'×90' के मकान अलाट किये जायें । उसके तुरन्त बाद जनता पार्टी की सरकार आई । जनता पार्टी की सरकार के तत्कालीन राज्य मंत्री ने कहा रूल 60 के तहत हमको अलाटमेंट नहीं करना चाहिये । तत्कालीन मन्त्री ललित किशोर चतुर्वेदी ने राज्य मन्त्री के नोट से सहमति व्यक्त की और पहला वाला आर्डर केन्सिल कर दिया । उसके तुरन्त बाद उसी स्टेट मिनिस्टर ने 75–76 में जो अलाटमेंट हुए, गुलाबसिंह शक्तावत, जो राज्य मन्त्री और जिन्हें रूल 60 के तहत अलाटमेंट के डायरेक्शन्स देने की पावर्स थीं, के डायरेक्शन्स के तहत अलाटमेंट किये गये । उस समय यह प्रश्न आया था, कुछ एम. एल. एज. का रजिस्ट्रेशन है कुछ एम. एल. एज. का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है । उसके बाद यह प्रश्न आया था, रजिस्ट्रेशन जिन लोगों का है उन्हीं को अलाटमेंट किये जायें । मगर, माननीय अध्यक्ष महोदय, शायद यह भूल रही हैं, इनके शासन में भी डायरेक्शन्स दिये गये हैं । रूल 60 के तहत हम अलाटमेंट करने के डायरेक्शन्स दे सकते हैं । 6-7-78 को इनके श्री भंवर लाल शर्मा ने डायरेक्शन्स दिये हैं । इन्होंने गवर्नमेंट के एक सेक्रेटरी को अलाटमेंट करने के निर्देश दिये हैं । यह कौन से रूल 60 की बात कर रही हैं । आप कहें तो मैं दुबारा पढ़ दूं । उसके बाद भी अगर आप पूछेंगी तो दुबारा और बता दूंगा ।

श्रीमती विद्या पाठक : अध्यक्ष महोदय, अगला प्रश्न कैसे ।

श्री अध्यक्ष : विपक्ष के नेता महोदय ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता, प्रतिपक्ष): क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने जो

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

डायरेक्शन्स दिये हैं उन डायरेक्शन्स को स्वयं राज्य सरकार ने अनुचित माना है ?

श्री दुलाराम : कौन सी सरकार की बात कर रहे हैं ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप वाली सरकार की।

श्री दुलाराम : कांग्रेस सरकार ने उसको सही माना।

(व्यवधान)

एक मिनट मेरी बात सुन लें।

कांग्रेस शासन ने 1975, 76 और 77 में सही माना और श्री ललित किशोर चतुर्वेदी ने सही नहीं माना। उसके बाद आपके मन्त्री श्री भंवरलाल शर्मा ने सही माना। अब आप कौन सी सरकार की बात कर रहे हैं ? मैं तो इसको सही मान रहा हूँ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप जो अमेण्डमेन्ट लाये हैं उस अमेण्डमेन्ट में इस बात को अमेण्ड करने की क्या आवश्यकता थी कि गवर्नमेन्ट ने जितने भी आर्डर्स इश्यू किये हैं वह सारे के सारे रद्द माने जायेंगे ?

श्री दुलाराम : माननीय अध्यक्ष महोदय, जब बिल आयेगा तब मैं इस बात का भी जवाब दूंगा। यह आपकी कमेटी की ही राय थी कि 60 के तहत आप आर्डर्स पास करवालें और आपकी नोमिनेट कमेटी नहीं बने और आपकी राय पर ही आपने ववेश्चन लगवाया इसलिए मैं ना नहीं कर सकता। मेरा निवेदन है कि जो कमेटी बनी हुई थी उसके लिए अमेण्डमेन्ट लाये हैं। अमेण्डमेन्ट 60 में अलाटमेन्ट के लिए नहीं लाये हैं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : 60 का दिया है।

श्रीमती विद्या पाठक : मन्त्री महोदय ने अभी कहा कि एम. एल. एज. का रिजर्वेशन कर रखा है तो वह अधिकार आपको है इस एक्ट में, पर माननीय मन्त्री महोदय यह बतायें, श्रीमती पुष्पा जैन यह कौन एम०एल०ए० हैं, वर्तमान में है या कब रही हैं ?

श्री दुलाराम : यह मेरा किया हुआ नहीं है। यह कौनसी लिस्ट आप पढ़ रही हैं। आप पहली लिस्ट पढ़ लीजिए। पुष्पा जैन का मेरा किया हुआ नहीं है। आप कहें तो मैं लिस्ट आपको पढ़ कर सुना दूं।

श्रीमती विद्या पाठक : अध्यक्ष महोदय, मन्त्री महोदय बीच-बीच में खड़े होकर डिस्टर्ब कर रहे हैं। आप फिर उसी बात को कह रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : दोनों माननीय सदस्य विराज जायें। मैंने पहले ही निवेदन कर दिया कि इस धारा 60 की व्याख्या का कानूनी प्रश्न है। कभी सरकार ने मान लिया कि अधिकार है और कभी माना कि अधिकार नहीं हैं। तो कानून की व्याख्या

(श्री अध्यक्ष)

जो लोग कर सकते हैं उनसे करवा लें। उन्हें जो भी शिकायत है। यहां कोई अन्त नहीं हो सकता।

श्रीमती विद्या पाठक : कानून की व्याख्या लोगों के हित में करने के लिए सदन बैठा है।

श्री अध्यक्ष : सदन को कानून बनाने का अधिकार है, उसकी व्याख्या करने का अधिकार हम लोगों को नहीं है।

श्रीमती विद्या पाठक : लेकिन सदन तो लोगों का हित करने के लिए बैठा है। अपनी व्याख्या की बात करके मन्त्री महोदय साइट ट्रेक कर रहे हैं। उसके बाद आर्डिनेन्स ले आये हैं और "........ directions given by the State Government to the Board under section 60 of the principal Act."

श्री अध्यक्ष : सरकार ऐसा मानती है कि वर्तमान सरकार को अधिकार है।

श्रीमती विद्या पाठक : Point of order.

श्री अध्यक्ष : अब व्यवस्था का प्रश्न आ गया।

श्रीमती विद्या पाठक : इन्होंने गलती की है और उसको आर्डिनेन्स से रेगुलेराइज कराना चाहते हैं।

श्री अध्यक्ष : उसको आने दीजिए। अगला प्रश्न।

श्रीमती विद्या पाठक : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह अन्याय होगा। इस सदन की डिग्निटी समाप्त हो जायेगी। जिस निष्कर्ष पर सदन पहुंचा है उस पर यह सरकार नहीं पहुंच सकती।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न!

उपभोक्ता वस्तुओं का आवंटित कोटा

175-श्री महावीर प्रसाद जैन (टोंक): क्या खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) वर्ष 1982-83 और 1983-84 में उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर रोजमर्रा काम में आने वाली चीजें उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य को केन्द्र से किस-किस चीज का कितना-कितना कोटा कब-कब आवंटित हुआ ?

(2) राज्य में किस-किस जिले में कितना-कितना कोटा आवंटित किया एवं किस-किस जिले में कितना-कितना माल कब-कब उठाया ?

(3) क्या यह सही है कि सरकार आवश्यकता के अनुसार राज्य का कोटा आवंटित नहीं करवा सकी तथा आवंटित कोटे को समय-समय पर नहीं उठा सकी ? यदि हां, तो कोटा नहीं उठाये जाने के क्या कारण थे ?

(श्री महावीर प्रसाद जैन)

(4) वर्ष 1982-83 और 1983-84 में नियंत्रित मूल्य से प्राप्त वस्तुएं कितनी-कितनी मात्रा में कब-कब निजी फर्मों को किस-किस उपयोग हेतु दी गई ?

राज्य मन्त्री, खाद्य एवं आपूर्ति (श्री घासी राम यादव) : (1) वर्ष 1982–83; 1983–84 में उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर रोजमर्रा काम में आने वाली वस्तुओं का केन्द्र से जितना-जितना कोटा जब-जब आवंटित हुआ है, उसकी सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) किस-किस जिले को कितना-कोटा आवंटित किया और उनके द्वारा कितना-कितना कब-कब उठाया, इसकी सूची सदन के पटल पर रख दी गयी है।

(3) जी नहीं। केन्द्र से मांग के अनुसार कोटा प्राप्त करने का यथासम्भव प्रयास किया जाता है परन्तु निम्नांकित वस्तुओं के कोटे के यथासमय उठाव में निम्नांकित कठिनाइयां आती हैं:—

चीनी : उपभोक्ता संघ एवं समितियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं होना, मिलों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलना, वैगनों का अभाव होना।

कोयला : निदेशक, रेलवे मूवमेन्ट द्वारा यथासमय कोयले के लिए वैगनों का उपलब्ध न कराया जाना।

सीमेन्ट : विद्युत कटौती होने के कारण सीमेन्ट फैक्ट्रियों का उत्पादन निर्धारित मात्रा से कम हुआ जिसके फल-स्वरूप आवंटित लेवी सीमेन्ट पूरी मात्रा में फैक्ट्रियों द्वारा लदान नहीं करायी जा सकी।

(4) नियंत्रित मूल्य की वस्तुएँ निजी फर्मों को आवंटित नहीं की जाती हैं। अतः उन्हें वर्ष 1982–83 और 1983–84 में दिये जाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 2 देखें)

श्री महावीर प्रसाद जैन : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके मार्फत माननीय मन्त्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि प्रश्न के भाग (3) में आपने चीनी, कोयला और सीमेन्ट के बारे में अलग-अलग बताया है कि उपभोक्ता संघ और समितियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं थी। तो विभाग ने उपभोक्ता संघ और सहकारी समितियों को आर्थिक सहायता कब-कब दी और उनको सुदृढ़ करने का क्या प्रयास किया गया ?

श्री अध्यक्ष : अलग प्रश्न।

श्री महावीर प्रसाद जैन : माननीय अध्यक्ष महोदय, इन्होंने उनको आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ करने के लिए बहुत सारा पैसा दिया हुआ है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। अलग प्रश्न।

श्री महावीर प्रसाद जैन : और दूसरा आपने कोयले के बारे में कहा। निदेशक, रेलवे मूवमेन्ट द्वारा यथासमय कोयले के लिये वैगनों का उपलब्ध न कराया जाना।

(श्री महावीर प्रसाद जैन)

इस वजह से क्या फर्मों और सप्लायर्स ने कोयला नहीं उठाया ? तीसरे, सीमेन्ट के बारे में यह कह दिया कि बिजली कटौती की वजह से कोटा निर्धारित मात्रा में नहीं दिया जा सका। तो क्या बिजली कटौती हमेशा रही है ? प्रत्येक साल में सीमेन्ट की उपलब्धि बहुत बड़ी मात्रा में नहीं हुई। इस प्रकार का जनरल जवाब दिया कि बिजली कटौती के कारण सीमेन्ट हम नहीं दे सके। यह आपने अपनी अक्षमता को दिखाने की कोशिश की। चौथा निवेदन है कि तीन चीजों के बारे में तो कहा लेकिन कपड़ा, केरोसीन और पाम आयल, चावल के बारे में नहीं कहा कि क्यों नहीं उठाया जा सका। इसके बारे में कोई जवाब नहीं दिया कि किस तरह से आवंटित कोटे को नहीं उठाया।

श्री घासीराम यादव : अध्यक्ष महोदय, जहाँ तक गेहूँ का सवाल है, गेहूं के भाव बढ़ गये....

श्री महावीर प्रसाद जैन : गेहूं के लिए नहीं पूछा है।

श्री घासीराम यादव : चावल के बारे में पूछा है। चावल की खपत कम है। राजस्थान को जितना चावल आवंटित होता है उसका उठाव नहीं होता क्योंकि मांग कम है।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : उत्तर आने दीजिए। व्यवधान न डालें। माननीय सदस्य, बैठ जायें। आर्डर प्लीज।

श्री घासीराम यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, पिछले पांच साल को देखा जाये तो किसी जिले से ऐसी शिकायत नहीं आयी कि चावल नहीं उठाया क्योंकि चावल की खपत कम है। केरोसीन बराबर जितना आवंटित हुआ है उतना करीब करीब दोनों साल उठाया है। कपड़ा पहले सस्ता था लेकिन बाद में कीमत बढ़ा दी। अब उन कीमतों और बाजार भाव में फर्क नहीं है। उसकी मांग कम है और पड़ा रहता है। सीमेन्ट के बारे में बताया कि अब की दफा बिजली की कमी नहीं आयी। थोड़ी बहुत आयी है लेकिन पिछले साल से अच्छी स्थिति है। अब सीमेन्ट पिछले तिमाही का 10,000 टन बाकी है। 84 में थोड़ा बहुत कम रहेगा लेकिन पिछले साल से कहीं ज्यादा है।

श्री अध्यक्ष : प्रश्नकर्ता। विपक्ष के नेता।

श्री भैरोंसिह शेखावत : क्या माननीय मन्त्री महोदय यह बतायेंगे कि आवंटित कोटे के अगेन्स्ट में आप को किस किस वर्ष में कौन-कौन सी चीज कितनी उपलब्ध हुई।

श्री घासीराम यादव : यह तो मैं पहले बता चुका हूं। सबके फिगर्स दे दिये। थोड़ी थोड़ी कमी रहती है वह बता दी।

श्री भैरोंसिह शेखावत : जितना जिस वस्तु का कोटा भारत सरकार द्वारा आवं-

(श्री भैरोंसिंह शेखावत)

टित किया गया उसके अगेन्स्ट उपलब्धि कितनी-कितनी है ?

श्री घासीराम यादव : दे दी।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : इसमें नहीं है।

श्री घासीराम यादव : जिलेवार दे दी।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : जिलेवार नहीं। प्रदेश स्तर पर राज्य सरकार को कितनी प्राप्ति हुई ? जिले में तो जितनी उपलब्धि होगी उसका वितरण होगा।

श्री घासीराम यादव : आप कौनसी वस्तु का पूछना चाहते हैं मैं बता दूं।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : यह आवंटित हुआ, इसमें बताया है।

श्री घासीराम यादव : आप कौन से साल का पूछना चाहते हैं ?

श्री भैरोंसिंह शेखावत : आप 1983-84 का बता दीजिए।

श्री घासीराम यादव : 1983-84 में केरोसीन 2,30,930 किलोलीटर आवंटित हुआ सारे राजस्थान में और 15,596 किलोलीटर उठाव हो गया और पाम आयल....

एक माननीय सदस्य : आ गये सारा।

श्री घासीराम यादव : अभी आ रहा हूँ। अभी तो आपने पूछा है सीमेन्ट का। आपने कहा कि कपड़ा कम उठाया। तो कपड़ा कम उठाने का कारण यह था कि भाव तेज हो गये थे। 9038 गांठ 1983-84 में आवंटित हुई उसके मुकाबले में 6873 गांठें उपलब्ध हो गई। कोयला ग्यारह सौ साढ़े सत्तावन वैगन अलाट हुआ था जिसके बदले 1315 वैन आ गये। इसमें पिछले साल का भी आ गया है। यह आपका सीमेन्ट है 1,15,800 मैट्रिक टन का अलाटमेंट हुआ था और 65,845 मैट्रिक टन आ गया है, 10,000 मैट्रिक टन मार्च, 83 तक का बाकी है जो अभी आयेगा और 27,000 मैट्रिक प्रथम तिमाही का बाकी है जो अभी उठायेंगे। इस तरह से करीब एक लाख टन आ जायेगा, एक लाख पन्द्रह हजार मैट्रिक टन में से। चीनी 1,95,000 टन के मुकाबले में 1,65,000 टन आ गई है और बाकी भी आ रही है, इसलिए लैप्स होने का सवाल ही नहीं है। इस तरह से बहुत अच्छी स्थिति है।

श्री अध्यक्ष : श्री अनंगकुमार जैन।

श्री अनंगकुमार जैन (झालरापाटन) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता चाहता हूँ, जैसा उन्होंने बताया कि वैगनों के अभाव के कारण कोटा उठाने में कठिनाई होती है। 14 नवम्बर, 1983 को डायरेक्टर आफ रेलवे मूवमेंट ने लेटर लिखा है उसको मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूँ :

"Existing capacities for movement of BRK/RC rakes from Bengal/Bihar field are not being fully

Page No 9

(श्री अनंगकुमार जैन)

utilised due to cancellation and non-sub-mission of programmes by consumers and their suppliers."

यह, माननीय अध्यक्ष महोदय, इनकी कमजोरी रही है कि उसकी ढुलाई नहीं करा सके और वेगनों की कमी का कारण बताया है।

श्री घासीराम यादव : मैं तो निवेदन कर रहा हूँ कि पिछले साल जो अलाटमेंट हुआ था वह उठा लिया गया। आप कौन सी चीज के लिए कह रहे हैं ?

श्री अनंगकुमार जैन : डायरेक्टर, रेलवे मूवमेंट ने लैटर लिखा है....

श्री घासीराम यादव : पिछले साल का जितना अलाटमेंट हुआ था उससे ज्यादा उठाया है हमने।

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण) : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूँगी, आपने अभी वेगनों की बात कही है। आपके आदेश से ट्रकों से कोयला उठाया गया। कोयला लाने वालों ने वहाँ से कोयला उठाकर बीच में ही बेच दिया। वहाँ की कम्पनियों ने खरीद लिया और राजस्थान में कोयला आया ही नहीं। कोयले के इतने भाव बढ़े हुए हैं जिसकी सीमा नहीं है। आपने जिनको परमिट दिया, जिनको कोयला लाने का आदेश दिया उन पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है....

श्री अध्यक्ष : भाषण नहीं, माननीय सदस्या।

श्रीमती उजला अरोड़ा : मंत्री महोदय, जबाब दें कि एक करोड़ रुपयों का कोयला नहीं आया इसके लिए कौन जिम्मेदार है ?

श्री अध्यक्ष : श्री सुजानसिंह।

श्री सुजानसिंह यादव (बहरोड़) : अध्यक्ष महोदय मैं आपसे निवेदन करूंगा कि पिछले सत्र में भी मैंने एक प्रश्न रखा था। यह मेरे विधान सभा क्षेत्र का प्रश्न है। क्या यह सही है कि राज्य सरकार जो आवश्यक वस्तुओं का वितरण कार्य है उसमें ग्राम सेवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता देती है ? यदि देती है तो मेरे विधान सभा क्षेत्र....

श्री अध्यक्ष : अलग से प्रश्न है, माननीय सदस्य।

श्री सुजानसिंह यादव : यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है....

श्री अध्यक्ष : लेकिन अलग से प्रश्न है। प्रश्न को पढ़िये उसके बाद ही कहें।

श्री सुजानसिंह यादव : मेरी बात तो सुन लीजिए।

श्री अध्यक्ष : मैंने बात सुन ली है, इस प्रश्न से इसका सम्बन्ध नहीं है।

श्री सुजानसिंह यादव : दो साल से मेरे

Page No 10

(श्री सुजानसिंह यादव)

विधान सभा क्षेत्र में चीनी नहीं मिल रही है....

श्री अध्यक्ष : आगे माँग आ रही है सहकारिता विभाग की।

श्री सुजानसिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, आप तो बहुत बड़े न्यायी हैं, आप मेरी बात तो सुन लीजिए....

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, जो मूल प्रश्न है उसकी परिधि में ही पूरक प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

श्री सुजानसिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरा घेराव किया गया, जब मैं जन सम्पर्क अभियान में गया था....

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जावें। इस बात का इस प्रश्न से कोई सम्बन्ध नहीं है।

श्री सुजानसिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, यह बड़ी असंगत बात है। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रश्न है और आप मेरी बात भी नहीं सुन रहे हैं।

श्री अध्यक्ष : आपने कह दिया है, अगर मंत्री महोदय जवाब देना उचित समझेंगे तो जवाब दे देंगे। लेकिन इसका इस प्रश्न से सम्बन्ध नहीं है।

श्री सुजानसिंह यादव : पहले आप मेरी बात तो सुन लीजिए। मंत्री महोदय जवाब क्या देंगे, जब आप मेरी बात ही नहीं सुन रहे हैं ?

श्री घासीराम यादव : माननीय सदस्य ने जो सवाल उठाया है उसके लिए उनका अलग से प्रश्न है, मैं उसका जवाब दूंगा।

श्री सुजानसिंह यादव : जब मेरा प्रश्न आयेगा तब डिस्कशन नहीं होगा....

(व्यवधान)

श्री घासीराम यादव : आपने एक पर्टीकुलर सोसायटी के बारे में सवाल उठाया है....

श्री सुजानसिंह यादव : जब मेरा प्रश्न आयेगा उस समय अगर वह प्रश्नकाल में नहीं आया तो उस पर कोई डिस्कशन नहीं होगा और मेरे प्रश्न पूछने का तात्पर्य सफल नहीं होगा....

श्री अध्यक्ष : प्रश्न आयेगा तब पूरक प्रश्न होंगे।

श्री सुजानसिंह यादव : आप अलाउ ही नहीं। करेंगे आज आप यह विश्वास दिला दें कि जब मेरा प्रश्न आयेगा तब उस पर डिस्कशन होगा....

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जावें।

(व्यवधान)

श्री घासीराम यादव : माननीय सदस्या ने प्रश्न उठाया है कि कोयला सड़कों के

Page No 11

(श्री घासीराम यादव)

द्वारा ट्रकों से मंगाया गया। पिछले सत्र में भी इस पर....

श्री अध्यक्ष : पिछले सत्र में इस पर काफी चर्चा हुई थी, मुझे याद है।

श्री सुजानसिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का क्या हुआ। मेरा को-आपरेटिव सोसायटी से सम्बन्धित प्रश्न है।

श्री घासीराम यादव : माननीय सदस्य का प्रश्न अलग से आ गया है, मैं उसका जवाब दूंगा।

श्री सुजानसिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरी ग्राम सेवा सहकारी समिति बहुत सशक्त सोसायटी है, तीन ग्राम पंचायतें इसमें शामिल हैं जिसमें दो साल से चीनी नहीं मिल रही। एक साधारण सी बात है कि गाँव वालों को चीनी नहीं मिल रही है....

श्री घासीराम यादव : जहाँ तक मुझे याद है....

श्री सुजानसिंह यादव : आपने यह फर्माया था कि सबसे पहले प्राथमिकता को-ऑपरेटिव सोसायटियों को दी जायेगी लेकिन आज तक प्राथमिकता नहीं दी गई है और चीनी को-ऑपरेटिव सोसायटी को नहीं दी है। मैं व्यक्तिगत बात नहीं कर रहा हूँ, व्यक्तिगत आदमी की बात नहीं कह रहा हूँ, को-ऑपरेटिव सोसायटी के पक्ष में बोल रहा हूँ। राज्य सरकार के निर्देश थे कि को-ऑपरेटिव सोसायटी को चीनी दे देंगे। यह आवश्यक वस्तुओं के वितरण का प्रश्न है। मंत्री महोदय, माल आ जाता है लेकिन उस ग्राम के लिए माल नहीं जाता है....

श्री घासीराम यादव : अध्यक्ष महोदय, आप अनुमति दे दें तो मैं बिना तैयारी के ही इसका जवाब दे दूँ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आप पूरक प्रश्नों का उत्तर दे दें।

श्री घासीराम यादव : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को-ऑपरेटिव सोसायटी के बारे में कह रहे हैं, उसमें पहले एक इंडिविजुअल आदमी काम करता था, जिसके खिलाफ काफी शिकायतें हुईं। उसके खिलाफ सेशन जज के यहाँ चालान पेश किया गया। उसके बाद में उसी इंडिविजुअल ने ग्राम पंचायत में प्रवेश करा। बाद में उसी आदमी, जिसका चालान हो रहा है, ने को-ऑपरेटिव पर कब्जा कर रखा है और उसी को माननीय सदस्य कोटा दिलाना चाहते हैं जिसका चालान हो रहा है। आज वही आदमी को-ऑपरेटिव का काम कर रहा है....

(व्यवधान)

श्री सुजानसिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, यह बिलकुल गलत बात है। वह इसका मेम्बर जरूर है....

श्री घासीराम यादव : वह उसका सैक्रेटरी या कुछ है....

(व्यवधान)

श्री सुजानसिंह यादव : वह इसका मैम्बर है। को-ऑपरेटिव सोसायटी यह धन्धा करती है, इंडिविजुअल नहीं करता है। किसी व्यक्ति के लिए को-ऑपरेटिव सोसायटी का सदस्य होना अपराध नहीं है। कोई सदस्य ने गड़बड़ की है तो उसका चालान होगा। अब तो को-ऑपरेटिव सोसायटी लेने को तैयार हैं और मंत्री महोदय देने को तैयार नहीं हैं।

श्री घासीराम यादव : उस को-ऑपरेटिव पर उसी का कब्जा है....

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मंत्री महोदय, पूरक प्रश्न जो पूछे गये हैं उनका जवाब दे दें।

श्री घासीराम यादव : माननीय सदस्या ने कहा कि कोयला वहीं पर बेच दिया गया, यह इससे सम्बन्धित नहीं है। मैंने आपको बताया कि कोयला दो तरह से आता है, एक रेल से आता है और दूसरा ट्रकों से भी आता है। पिछले साल एक आदमी को परमिट दिया गया था। हो सकता है कि उसने कोई गड़बड़ की हो और कोयला बेच दिया हो लेकिन रेल से कोयला आने में तो गड़बड़ी की कोई बात ही नहीं है। रेल से बुकिंग होता है उसकी सूचना यहाँ पर आ जाती है इसलिए बीच में बेचने की तो कोई बात ही नहीं है।

श्रीमती उजला अरोड़ा : आपने कहा है....

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जावें। अगला प्रश्न।

श्रीमती उजला अरोड़ा : उन्होंने कोयला बीच में ही बेच दिया, एक करोड़ का इसमें घपला हुआ है....

श्री अध्यक्ष : उत्तर नहीं दिया जायगा। अगला प्रश्न।

श्रीमती उजला अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, एक करोड़ का मामला है....

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री रूमिधन।

श्री महावीर प्रसाद जैन : अध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न इसी से सम्बन्धित है....

श्री अध्यक्ष : कृपया। अगला प्रश्न। अगला प्रश्न, माननीय सदस्य।

श्री महावीर प्रसाद जैन : अध्यक्ष महोदय, सिर्फ एक सवाल पूछ लेने दें।

अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा कि नियंत्रित मूल्य की वस्तुएँ निजी फर्म को आवंटित नहीं की जाती हैं। इस मामले में उद्योग विभाग और दूसरी एजेंसियों, जिसकी एक लिस्ट है, से सूचना खाद्य विभाग को मिलती है। तो राजस्थान में विभिन्न उद्योगों, जो कि प्राइवेट फर्म हैं, को कब-कब किस चीज का आवंटन किया ?

(श्री महावीर प्रसाद जैन)

आप कहते हैं कि नियंत्रित मूल्य की वस्तुएं निजी फर्मों को आवंटित नहीं की जाती हैं जबकि मेरा कहना यह है कि आवंटित की जाती हैं। सीमेंट भी की जाती है, आपकी गवर्नमेंट का गेहूं भी दिया जाता है, आपका पाम आयल दिया जाता है। इसमें मेरा कहना यह है कि आपके नियमों में इन विभिन्न वस्तुओं का निर्माण करने वाली जितनी इंडस्ट्रीज हैं, कम्पनियां हैं....

श्री अध्यक्ष : अलग से प्रश्न है, माननीय सदस्य।

श्री महावीर प्रसाद जैन : अलग से प्रश्न नहीं है। आप....

श्री अध्यक्ष : आप प्रश्न के खण्ड (4) को पढ़िये, "वर्ष 1982–83 और 1983-84 में नियंत्रित मूल्य से प्राप्त वस्तुएं कितनी-कितनी मात्रा में कब-कब निजी फर्मों को किस-किस उपयोग हेतु दी गईं ?"

यह है आपका प्रश्न। इसका उत्तर मंत्री महोदय द्वारा दे दिया गया है। अगर कोई गलतफहमी है तो आप बता दें।

श्री घासीराम यादव : किसी व्यक्ति के निजी उपयोग के लिये नहीं दी गई है।

श्री भैरोंसिह शेखावत : लेकिन प्रश्न तो यह है, "वर्ष 82-83 और 83-84 में नियंत्रित मूल्य से प्राप्त वस्तुएं कितनी-कितनी मात्रा में कब-कब निजी फर्मों को किस-किस उपयोग हेतु दी गईं ?" निजी उपयोग का तो सवाल ही नहीं है।

श्री घासीराम यादव : निजी फर्म को नहीं दी गई हैं, यह तो कंट्रोल की वस्तुएं हैं।

श्री भैरोंसिह शेखावत : किस-किस उपयोग के लिये दी गईं ?

श्री अध्यक्ष : इस प्रश्न का उत्तर 'ना' में आ गया है। अगला प्रश्न, श्री रामधन चौधरी।

लाडनूं पंचायत समिति में स्थायी समिति का गठन

176. श्री रामधन चौधरी (लाडनूं): क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि लाडनूं पंचायत समिति में पांचवीं स्थायी समिति का गठन किया गया ? यदि हां तो कब तथा कितने सदस्यों का चुनाव करवाया गया ? क्या उक्त चुनाव विकास अधिकारी द्वारा करवाया गया था ? यदि हां, तो क्या विकास अधिकारी यह चुनाव करवाने में सक्षम था ? यदि हां, तो कैसे ?

(2) क्या यह भी सही है कि लाडनूं पंचायत समिति के प्रधान नियम विरुद्ध दो स्थायी समितियों के अध्यक्ष हैं ? यदि हां, तो क्यों ? क्या राज्य सरकार नियमों का उल्लंघन करने के लिये प्रधान एवं विकास

(श्री रामधन चौधरी)

अधिकारी के विरुद्ध कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ?

(3) क्या यह भी सही है कि इस विषय में पहले भी कई शिकायतें विभाग के पास हुई थी ? यदि हाँ, तो सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की ? कृपया की गई कार्यवाही की जानकारी सदन की मेज पर रखें ।

राज्य मंत्री पंचायत राज (श्री शीश-ओला) : (1) जी हाँ । पांचवीं स्थायी समिति के 4 सदस्यों का निर्वाचन एवं दो सदस्यों का सहयोजन दिनांक 12-4-83 को विकास अधिकारी, पचायत समिति, लाडनूं द्वारा करवाया गया । चूंकि पांचवीं स्थायी समिति के गठन का निर्णय पंचायत समिति द्वारा अपनी साधारण बैठक दिनांक 21-2-83 में लिया गया था । अतः राजस्थान पंचायत समिति एवं जिला परिषद् (स्थायी समितियों का गठन) नियम, 1965 के नियम 3(5) के अनुसार विकास अधिकारी ऐसा करने के लिये सक्षम थे ।

(2) जी हाँ । प्रधान, पंचायत समिति, लाडनूं दिनांक 12-4-83 से नियम विरुद्ध दो स्थायी समितियों की अध्यक्षता कर रहे हैं । पंचायत समिति द्वारा पांचवीं स्थायी समिति के गठन संबंधी पारित प्रस्ताव की वैधानिकता एवं इस संबंध में प्रधान एवं विकास अधिकारी की जिम्मेदारी निश्चित करने के प्रश्न राज्य सरकार के विचाराधीन हैं ।

(3) जी हाँ । राज्य सरकार द्वारा शिकायत की जाँच करने के लिये जिलाधीश, नागौर को आदेश दिये गये थे । जिलाधीश नागौर के आदेशानुसार शिकायत की जाँच उप खण्ड अधिकारी, डीडवाना द्वारा की गई । उप खण्ड अधिकारी, डीडवाना द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधीश, नागौर ने अपने आदेश दिनांक 28-12-83 के द्वारा प्रधान, पंचायत समिति, लाडनूं की पांचवीं स्थायी समिति की सदस्यता समाप्त हुई घोषित की जा चुकी है ।

श्री रामधन चौधरी : अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे, जिलाधीश, नागौर के आदेश के बाद भी क्या प्रधान पंचायत समिति की अतिरिक्त पांचवीं स्थायी समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं ? मेरा दूसरा प्रश्न है कि जब नियमों में यह साफ लिखा हुआ है कि एक सदस्य एक ही समय में दो समितियों का सदस्य नहीं रह सकता, इसके बावजूद भी पिछले एक साल से प्रधान, पचायत समिति, लाडनूं अतिरिक्त स्थायी समिति के अध्यक्ष बने हुए हैं । इस बारे में आपको व राज्य सरकार को 7-9-83 और 25-10-83 को शिकायत की गई थी जिसमें सरकार की तरफ से 15 दिन में जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिये गये । क्या आज तक इस विषय में सरकार ने कोई कार्यवाही की है ? और नहीं, तो क्यों ? माननीय अध्यक्ष महोदय, यह एक ऐसा मसला है जिसमें कानून को बिलकुल ताक पर रख दिया गया है । लाडनूं पंचायत समिति का गठन 1-4-82 को हुआ और स्थायी समिति का

(श्री रामधन चौधरी)

चुनाव 7-9-82 को हुआ। ये दो चुनाव अतिरिक्त जिलाधीश ने करवाये थे। जब पांचवीं स्थायी समिति का गठन हुआ, जैसा कि नियमों में लिखा हुआ है, गजटेड आफिसर होना चाहिये जबकि एस. डी. आई. को विकास अधिकारी का चार्ज दे रखा था, उस समय सिर्फ 6 दिन का नोटिस जारी हुआ जिसमें चुनाव करवाया, अध्यक्ष महोदय, 6 सदस्यों का, जब कि रखना चाहिये 7 सदस्यों का। नोटिफिकेशन 7 दिन का होना चाहिये और इसमें लिखा है 6 दिन का। बावजूद इसके एक साल तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं की गई? क्या अब भी आप कोई कार्यवाही करना चाहेंगे? विकास अधिकारी के खिलाफ अपने किसी तरह का एक्शन लिया? नहीं, तो क्यों?

श्री महाराम चौधरी (नागौर): यह तो इलेक्शन पिटीशन का मामला है, अध्यक्ष महोदय।

श्री शीशराम ओला: अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैंने अपने उत्तर में निवेदन कर दिया है, शिकायत 19-9-83 को इस संबंध में प्रस्तुत की गई। विभाग ने जिला परिषद् नागौर को 10-10-83 को आदेश दिये कि 15 दिन में वस्तुस्थिति से अवगत करावें; जिसकी एस. डी. ओ. से जांच करवाई गई और जांच से वस्तुस्थिति सही पाई गई, इस कारण उन्होंने प्रधान को सदस्यता से अलग किया। इसके बावजूद भी प्रधान कार्य कर रहे हैं तो सरकार ने इस बात को गलत माना है। यह सही है कि एक सदस्य दो कमेटीज में सदस्य नहीं होगा, वह एक में ही सदस्य रह सकता है। यही कलेक्टर ने भी कहा है लेकिन सरकार यह महसूस कर रही है कि पंचायत समिति की इस स्टेंडिंग कमेटी का गठन गलत हुआ है इसलिये सरकार विधि विभाग से इस बारे में जानकारी ले रही है और इस पर सरकार निश्चित रूप से निर्णय लेगी। जो पंचायत समिति की दो स्टेंडिंग कमेटी बनाई गई हैं उनको भी समाप्त करने पर विचार कर रहे हैं। यदि विधि विभाग की सलाह से वह गलत होती है तो उस समिति के माध्यम से जो भी कार्यवाही हुई है वह निरस्त कर दी जायेगी।

श्री रामधन चौधरी: अध्यक्ष महोदय, मैं जितनी बार भी डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर से मिला, उन्होंने यही कहा कि यह गलत है। मंत्रीजी भी मानते हैं कि इसका गठन गलत हुआ है। इसके बावजूद इस स्थायी समिति में निर्णय लेकर किसी को सस्पेण्ड कर दिया, किसी का ट्रांसफर कर दिया और इसके जरिये लाखों रुपये का गबन भी किया गया है....

(व्यवधान)

मंत्रीजी सिर्फ इतना बता दें कि क्या आप इसको भंग करके विकास अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करेंगे?

श्री शीशराम ओला : यह कोई लाखों रुपयों का मामला नहीं है। समिति के गठन से संबंधित मामला है जिसमें विधि विभाग की राय ले रहे हैं। विकास अधिकारी के खिलाफ भी दोषी पाये जाने पर निश्चित रूप से कार्यवाही होगी। प्रधान भी दोषी होगा तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही होगी।

श्री रामधन चौधरी : अध्यक्ष महोदय, यहां के विकास अधिकारी का स्थानान्तरण भी हो चुका है और दूसरे आदमी ने वहाँ जोइन भी कर लिया है इसके बावजूद वही विकास अधिकारी कार्य कर रहा है। अभी भी ग्राम पंचायत बनावा के सरपंच ने जिन गरीब लोगों को पट्टे दिये थे, उनके खिलाफ स्टे जारी किया। यह तानाशाही का रवैया बना हुआ है। आप इसको थोड़ी सी गंभीरता से लेंगे तो आपको स्वतः ही समझ में आ जायेगा कि यह क्यों हो रहा है।

श्री शीशराम ओला : मैंने निवेदन किया, इसमें जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कानून के तहत एक्शन होगा चाहे प्रधान हो या गवर्नमेंट का अधिकारी हो। मैंने बताया कि इस पंचायत समिति की स्टेंडिंग कमेटी के दो टुकड़े बना दिये वह नहीं बनाये जाने चाहिये थे। हम इस नतीजे पर पहुँचे हैं कि वह एक ही रहेगी।

श्री रामसिंह विश्नोई (लूणी): अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय को अर्ज करना चाहता हूं कि स्थायी समितिप्र शासन, वित्त एवं कर की अतिरिक्त तो नहीं हो सकती लेकिन with the consent of the members of the Sthayi committee—अगर वह सब-कमेटी है तो जायज है। सब कमेटी को अपनी रिपोर्ट स्थायी कमेटी को देनी पड़ती है और स्थायी समिति की दृष्टि से उसने अगर कोई अनियमितता की है तो जो भी कार्यवाही होगी उसको निरस्त कर सकती हैं लेकिन किसी सब कमेटी को खारिज नहीं कर सकते। सब कमेटी अलग से बना सकते हैं और उसमें प्रधान भी मैम्बर हो सकता है, चेयरमैन तो रहेगा ही। आप कह रहे हैं स्थायी समिति अतिरिक्त बनी है। सब कमेटी हो सकती है लेकिन उसकी रिपोर्ट स्थायी समिति, जो महीने में एक बार होती है, के अन्दर लेनी पड़ती है। अगर वह है तो आप देख लें नहीं तो आप उलझन में न पड़ जाना।

श्री शीशराम ओला : बराबर इस प्रकार की पेरेलल स्टेंडिंग कमेटी का गठन किया गया है। उसके दो-चार सदस्य भी चुने गये। प्रधान उसका भी अध्यक्ष है। उसका भी मैम्बर है। स्टेंडिंग कमेटी, स्थायी समिति बनायी जा सकती है। वित्त एवं कर समिति की स्टेंडिंग कमेटी का पदेन सभापति प्रधान होता है, इसलिये वह नहीं बनायी जा सकती है।

श्री अध्यक्ष : अगला प्रश्न। श्री महाराम चौधरी।

राजस्थान स्पोर्ट्स कौंसिल

177. श्री महाराम चौधरी (नागौर): क्या खेल राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(श्री महाराम चौधरी)

(1) राजस्थान की स्पोर्ट्स कौन्सिल खेलों में भाग लेने के लिये क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराती है।

(2) क्या स्पोर्ट्स कौन्सिल राजस्थान के खिलाड़ी अन्य प्रान्तों में जाते हैं तो 10 रुपये रोजाना के हिसाब से दैनिक भत्ता ही दिया जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार दूसरे प्रान्तों में वहाँ के खिलाड़ियों को जितना भत्ता दिया जाता है उतना दैनिक भत्ता अपने खिलाड़ियों को देने का विचार रखती है? यदि हाँ, तो कब तक?

(3) ग्रामीण क्षेत्र के पैतृक परम्परागत खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये एवं राज्य स्तर के खेलों में शुमार करने के लिये कौन-कौन से खेलों को अपनाने का विचार है?

राज्य मन्त्री, खेल (श्री रामकिशन वर्मा) : (1) राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् खेलों में भाग लेने के लिये निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराती है :—

1. निःशुल्क प्रशिक्षकों की सेवाएं,

2. खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रेल/बस किराया व दैनिक भत्ता देना,

3. राष्ट्रीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता व राष्ट्रीय महिला खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को "किट" प्रदान करना,

4. मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों को हवाई किराया किट व विदेश में आवास व भोजन का पूरा व्यय वहन करना।

(2) राजस्थान के खिलाड़ी अन्य प्रान्तों में जाते हैं तो राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा 10/– रुपया प्रति दिन की दर से दैनिक भत्ता दिया जाता है। अन्य प्रान्तों में वहाँ के खिलाड़ियों को दिये जाने वाले भत्ते की जानकारी राज्य सरकार को नहीं है। फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(3) ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये राष्ट्रीय नीति के अनुसार पंचायत समिति स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों, एथेलेटिक्स, हाकी, बास्केट बाल, वालीबाल, फुटबाल, जिम्नास्टिक, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो व तीरन्दाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

श्री महाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल पूछने का तात्पर्य यह है कि जो 10/– रुपया दैनिक भत्ता खिलाड़ियों को दिया जाता है वह बहुत कम है। मेरा निवेदन है कि दूसरे राज्यों में कितना भत्ता दिया जाता है, क्या उसके बराबर आप देंगे? मैं यह आरोप लगाता हूँ कि राज्य सरकार की नीयत खराब है। 10/– रुपया जो खिलाड़ियों को दिया जाता है वह कम है। दस रुपये में तो वह एक टाइम का खाना ही खा सकता है।

श्री अध्यक्ष : पहलवान हो तो दस, बीस, तीस रुपये का खा जाये।

Page No 18

श्री रामकिशन वर्मा : अध्यक्ष महोदय, अभी तक खिलाड़ियों को दस रुपया दिया जाता है। परन्तु अब राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के खेलों में खिलाड़ियों को 12/– रुपये और 15/– रुपये प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ाया जायेगा।

श्री हरीश शर्मा (रामगंज मण्डी) : सवाल यह है कि क्या खेल मंत्रालय है या नहीं? यह नाममात्र के लिये दिया जाता है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज।

श्री महाराम चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूँ कि ग्रामीण खेलों के लिये पंचायत समिति स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं परन्तु पंचायत समिति स्तर तक यह कार्यक्रम बिलकुल नहीं होते हैं। पंचायत समिति को सहायता, अनुदान देकर इन खेलों को प्रोत्साहन देने की कार्यवाही की जानी चाहिये।

श्री विष्णुप्रकाश बजारी (ब्यावर) : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय हमारे यहाँ पर अनुदान की घोषणा करके आये हैं परन्तु वह आज दिन तक नहीं मिला है।

श्री रामकिशन वर्मा : 31 मार्च तक हो जायेगा।....

श्री नंदलाल मीणा (प्रतापगढ़) : **रात्रि पोलो** के बारे में....

श्री अध्यक्ष : कृपया स्थान ग्रहण करें।

श्री नाथूसिंह : अध्यक्ष महोदय, पहले 7 00 रुपये दिये जाते थे, जब मैं स्पोर्ट्स कौन्सिल में था तो यह बढ़ा कर 10.– रुपये किये गये। दूसरी स्टेट्स में खिलाड़ियों को जितना भत्ता दिया जाता है उसके अनुपात में क्या यहाँ भत्ता बढ़ाया जायेगा? आपकी स्पोर्ट्स कौन्सिल का बजट कम है। जब तक आप इसका बजट नहीं बढ़ायेंगे तब तक यह भत्ता ज्यादा नहीं बढ़ाया जा सकता है। यह 12/– रुपये और 15/– रुपये करने का जो आपने कहा है यह भी कम है।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। मैंने उन माननीय सदस्यों को अवसर दिया है जिनका खेल से सम्बन्ध है।

आर्डर प्लीज। समय न लें।

अगला प्रश्न।

(व्यवधान)

प्रश्न संख्या 178

श्री ज्ञानसिंह चौधरी।

(अनुपस्थित: कृपया आगे देखें)

श्री भैरूलाल मीणा।

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज। अवसर नहीं दिया जा सकता। इस प्रश्न को जब यह माँग विचाराधीन हो उस समय आप उठा सकते हैं।

Page No 19

(श्री अध्यक्ष)

(व्यवधान)

आर्डर प्लीज ।

(व्यवधान)

अंकित न हो । I will not, permit like this.

श्री हरीश शर्मा : × × ×

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, कृपया बैठ जायें ।

(व्यवधान)

माननीय सदस्य, बैठ जायें सदन के नियमों से आप परिचित हैं । आप प्रश्न पूछने के उत्सुक थे, आपको अवसर दे दिया गया है । माननीय सदस्य श्री नाथूसिंह जी का संबंध ऑल इण्डिया स्पोर्ट्स कौन्सिल से रहा है, उनको अवसर दे दिया है । अब इसमें हर माननीय सदस्य गाँव के बारे में प्रश्न पूछना चाहते हैं तो इतना समय नहीं है । अल्पकालीन समय है इसलिए माननीय सदस्य बैठ जायें ।

श्री हरीश शर्मा : मेरा भी प्रश्न है ...

श्री अध्यक्ष : न तो मैं आपकी बात समझ सकता हूँ और न ही इजाजत दूंगा । कृपया बैठ जायें ।

× × × माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अंकित नहीं किया गया ।

(व्यवधान)

आर्डर, आर्डर । बाधा न डालें । नहीं तो मुझे बाध्य होकर नियमों के तहत कार्यवाही करनी पड़ेगी ।

श्री हरीश शर्मा : मैं तैयार हूँ ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य व्यवधान न डालें । समय कम है । सदन के सभी सदस्य प्रश्न पूछने को उत्सुक होते हैं, परन्तु समय अल्पकालीन है । मैं आपको इजाजत नहीं दूंगा । मैं तो माननीय सदस्यों की सुविधा के लिए नियमों में ढील देकर काफी पूरक प्रश्नों की इजाजत देता हूँ । अब पाँच माननीय सदस्य खड़े हो जायें, दस माननीय सदस्य खड़े हो जायें तो मैं समय नहीं दे सकता । धैर्य रखें । जब कभी सामान्य वाद-विवाद हो उस समय आप सुझाव दे सकते हैं । विनम्रता के साथ कह रहा हूँ, कृपया आप बैठ जायें ।

श्री भैरूलाल मीणा ।

उदयपुर जिले में महुआ बेचने के प्रदत्त लाइसेन्स

179. **श्री भैरूलाल मीणा** (उदयपुर ग्रामीण) : क्या आबकारी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि वर्ष 1983 में उदयपुर जिले में महुआ बेचने के लाइसेन्स दिये गये हैं ? यदि हाँ, तो जिले में कितने लोगों को लाइसेन्स दिये गये ? कृपया नाम

(श्री भैरूंलाल मीणा)

व पतों की सूची विवरण सहित सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्ष 1983 में उदयपुर जिले में अवैध शराब के कुल कितने मुकदमें दायर हुए और कितने निर्णीत हुए ?

राज्य मंत्री, आबकारी (श्री श्रीराम गोटेवाला) : (1) महुए पर आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कोई प्रतिबन्ध नहीं है। महुआ बेचने के लाइसेन्स आबकारी वभाग द्वारा नहीं दिये जाते हैं।

(2) वर्ष 1983 में राजस्व जिला उदयपुर में अवैध शराब के कुल 416 मुकदमे अदालतों में दायर हुए हैं। इन दायर हुए मुकदमों में से 32 मुकदमे विभिन्न न्यायालयों द्वारा निर्णीत हुए हैं।

श्री भैरूंलाल मीणा : मेरा पहला प्रश्न यह है कि जो मुकदमे दायर हुए हैं, जिस शराब के मामले में दायर हुए हैं, वह शराब किन वस्तुओं की बनी हुई थी ?

दूसरा प्रश्न यह है, आपने बताया कि 416 मुकदमे अदालतों में दायर हुए हैं। उनमें कितने व्यक्ति ट्राइब्स के थे कितने नान ट्राइब्स के थे ?

श्री अध्यक्ष : यह तो अलग प्रश्न है। मंत्रीजी।

श्री श्रीराम गोटेवाला : शराब तो अलग-अलग चीज की बनती है इसके बारे में तो सभी जानते हैं। यदि माननीय सदस्य को इसके बारे में ज्यादा जानकारी हो तो मैं कह नहीं सकता। शराब तो अलग-अलग चीजों की ही बनती है।

दूसरा, जिन 32 व्यक्तियों के केस निर्णीत हुए हैं उनमें किसी के 50/– रुपये, किसी के 70/– रुपये ऐसे लगे हैं। माननीय सदस्य ने पूछा कि कितने आदिवासी हैं। लिस्ट देखने से तो पता चलता है कि अधिकांश आदिवासी ही हैं।

श्री भैरूंलाल मीणा : एक तरफ तो जो सम्पन्न लोग महुए की शराब बनाते हैं, उनके पास लाइसेन्स हैं और दूसरी तरफ आदिवासी शराब बनाते हैं तो पुलिस वाले पकड़ लेते हैं, आबकारी विभाग वाले उनसे पैसा खीते हैं। यह तो उनकी जीविका का साधन है। सरकार इसमें कोई परिवर्तन करे। उनको भी लाइसेन्स शराब निकालने का दिलायें जिससे वे अपनी जीविका चला सकें। महुआ बेचने का भी लाइसेन्स उनको नहीं दिया गया है ?

श्री श्रीराम गोटेवाला : आबकारी विभाग द्वारा महुआ बेचने का कोई लाइसेन्स नहीं दिया गया है।

श्री अध्यक्ष : देशी शराब निकालने का होगा।

श्री श्रीराम गोटेवाला : देशी शराब निकालने का भी वहां पर किसी को कोई अधिकार नहीं है।

Page No 21

श्री भैरूंलाल मीणा : महुए से शराब बनती है यह आप भी जानते हैं और मैं भी जानता हूँ। आदिवासी लोग गरीब हैं, उनके पास कोई साधन नहीं है, कोई अधिकार नहीं है। वे शराब बनाते हैं और सम्पन्न लोग उनसे सस्ते भावों में खरीद कर बाजार में बेच देते हैं। इस तरह की नीति में कोई परिवर्तन होना चाहिए।

श्री श्रीराम गोटेवाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, मैं समझता हूँ, उसका इससे कोई सीधा ताल्लुक नहीं है। दूसरा निवेदन है जहाँ नाजायज शराब बनती है, जिन्होंने बनाई है सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करेगी।

श्री अध्यक्ष : यह कुटीर उद्योग तो सदियों से ही चल रहा है।

श्री श्रीराम गोटेवाला : जहाँ तक मुझे जानकारी है, पशुओं के खाने के काम में भी महुआ आता है।

श्री भैरूंलाल मीणा : आदिवासी के पास खाने को दाना नहीं है, जगल में घास नहीं है इसलिए वे अपने पशुओं को चारे के स्थान पर महुआ ही खिलायेंगे।

श्री अध्यक्ष : देवेन्द्र कुमार।

श्री देवेन्द्र कुमार मीणा (सराड़ा) : महुआ मवेशियों को खिलाने पर आबकारी विभाग वाले उनको पकड़ कर ले जाते हैं ?

श्री अध्यक्ष : श्री नन्दलाल मीणा। संक्षेप में।

श्री नन्दलाल मीणा : उदयपुर जिले में नाजायज शराब के 416 मामले रजिस्टर किये हैं उनमें कितने ऐसे मामले हैं जो महुए से शराब बनाने के हैं ? महुआ पशुओं को खिलाते हैं। ऐसे कितने मामले हैं ?

श्री अध्यक्ष : श्री मेघराज तावड़।

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : महुआ आदिवासी के खाने के काम आता है। इस प्रकार से उनके जबर्दस्ती केस बनाये गये हैं ?

श्री अध्यक्ष : श्री सी. पी. जोशी।

श्री सी. पी. जोशी (नाथद्वारा) : वहाँ पर जो महुआ होता है, उस महुए को, पूरे के पूरे महुए को राज्य सरकार खरीदे जिससे इस तरह के अवैध केस न हों। जो आदिवासी अवैध शराब का धन्धा करते हैं उसको रोकने के लिए सरकार क्या करेगी ?

श्री श्रीराम गोटेवाला : तीन-चार माननीय सदस्यों ने इस बारे में प्रश्न पूछे हैं। जिन्होंने प्रश्न पूछा वे माननीय सदस्य उदयपुर में रहते हैं। मैं उदयपुर, डूंगरपुर का दौरा करके आया हूँ, आदिवासी इलाके में जाकर आया हूँ, जहाँ अवैध शराब बनती है वहाँ पर भी जाकर आया हूँ।

श्री अध्यक्ष : आपने महुए के झाड़ को देखा होगा।

(12.00 बजे मध्याह्न)

श्री श्रीराम गोटेवाला : जहाँ तक अवैध शराब का प्रश्न है........

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : शान्त रहें, माननीय सदस्य ।

श्री श्रीराम गोटेवाला : उसकी बनी हुई चीज को 'काम में लाते होंगे लेकिन मैं इतना जरूर निवेदन करूंगा, मेरी भी जानकारी है कि जहां पर आदिवासी अधिकांश में हैं वहां पर इस महुए से शराब बनती हैं। शराब बना करके वे बेचते भी हैं। सरकार का निर्णय यह है कि सरकार भी शराब बनाकर बेचती है। अगर दूसरे लोग भी अवैध शराब बनाते हैं उस अवैध शराब को पकड़ा जाता है, उसके खिलाफ कार्यवाही होती है।

अभी जो माननीय सदस्य ने, उदयपुर से आने वाले माननीय सदस्य ने इस बारे में कहा कि लाइसेंस उनको शराब बनाने का दिया जाय और उन से सारी शराब सरकार खरीदे। कुछ आश्वासन देने के लिये उन्होंने कहा है। मैं अभी इस स्थिति में नहीं हूँ कि उनको इस बारे में कोई आश्वासन दे सकूँ, लेकिन मैं इतना निश्चित रूप से कहूँगा कि जहां पर भी अवैध शराब बनाने का काम चल रहा है सरकार सारे राजस्थान में उसको सख्ती के साथ रोक रही है।

(व्यवधान)

श्री मेघराज तावड़ : अपने घर में यूज करने के लिये बनाते हैं उसके लिये क्या सरकार छूट देगी ?

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज ।

श्री नाथूसिंह (बांदीकुई) : अगला प्रश्न महत्त्वपूर्ण है, अध्यक्ष महोदय ।

श्री अध्यक्ष : केवल प्रश्न । **श्री हीरालाल** । समय समाप्त हो गया है इसलिये केवल उत्तर आयगा एकाध पूरक प्रश्न प्रश्नकर्त्ता पूछ सकते हैं ।

स्थगित प्रश्न

(दिनांक 6 मार्च, 1984)

ग्राम पंचायत इटावा के सरपंच द्वारा भूखण्ड आवंटन के नाम पर राशि वसूली

10. श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : क्या पंचायत राज मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत इटावा जिला कोटा के सरपंच ने आवासीय भूखण्ड उपलब्ध कराने के नाम पर बिना किसी योजना व प्लाट नम्बर के अग्रिम राशि के रूप में भारी रकम जनता से वसूल की है ?

(2) यदि हां, तो इस प्रकार कुल कितनी राशि पंचायत कोष में पिछले तीन वर्षों में इकट्ठी की गई ?

(श्री हीरालाल आर्य)

(3) क्या इस प्रकार से बिना योजना के अग्रिम राशि वसूल करना उचित है ? यदि नहीं, तो सरपंच की इस अवैधानिक कार्यवाही के विरुद्ध सरकार ने क्या कदम उठाये ?

श्री अध्यक्ष : स्थगित प्रश्न है, माननीय सदस्य। माननीय सदस्य, किसी तरीके से उठाये। मेरी मजबूरी है। मैंने बहुत कहा है कि स्थगित प्रश्न लिये जायं लेकिन परिस्थितियाँ ऐसी पैदा हो गई कि........

एक माननीय सदस्य : कृपया इसको स्थगित करें क्योंकि सूचना अभी तक नहीं आई है।

श्री अध्यक्ष : स्थगित किया गया।

श्री नाथूसिंह : माननीय मंत्री महोदय, सस्पेंड करो। ये लूट रहे हैं जनता को। उसने लाखों रुपये इकट्ठे किये हैं।

श्री अध्यक्ष : बहुत दिन चलेगा सदन ! श्री चुन्नीलाल का प्रश्न।

सवाई माधोपुर में न्यायालय हेतु आरक्षित भू-खण्ड

180. **श्री चुन्नीलाल (खण्डार) :** क्या विधि एवं न्याय मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अन्य न्यायिक न्यायालयों के लिये कितना भू-खण्ड किस सन् में आरक्षित किया गया ?

(2) क्या जिला मुख्यालय पर उक्त भवन के निर्माण हेतु राज्य सरकार इस वित्तीय वर्ष में कार्य आरम्भ करवाने का इरादा रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

विधि एवं न्याय मन्त्री (श्री अहमद बक्श सिन्धी) : (1) सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अन्य न्यायिक न्यायालयों के लिये भवन निर्माण हेतु 6356 वर्गमीटर भूखण्ड नगर आयोजक, कोटा द्वारा दिनांक 29-12-79 से आरक्षित किया गया है।

(2) जी नहीं, जिला मुख्यालय पर उक्त भवन के निर्माण हेतु राज्य की दयनीय वित्तीय स्थिति की वजह से चालू वित्त वर्ष में धनराशि आवंटन किया जाना सम्भव नहीं है।

श्री चुन्नीलाल : क्या मन्त्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि पिछले समय इसी भवन को बनाने के लिये 6 लाख रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गयी थी ?

श्री अध्यक्ष : दयनीय स्थिति 6 हजार रुपयों के लिये भी होगी। इस साल नहीं कर सकेगी।

श्री अहमद बक्श सिन्धी : भवन निर्माण के लिये 6,18,000 रुपये की स्वीकृति के लिये लिखा गया था लेकिन वित्त विभाग ने इसको मंजूर नहीं किया तो फिर चार-

(श्री अहमद बक्श सिन्धी)

दीवारी के लिये 10,000 रुपये की मांग की गयी। नये साल में....

श्री चुन्नीलाल : अध्यक्ष महोदय, एक प्रश्न। न्यायालय भवनों के अभाव के कारण उन्होंने मेन रोड से डेढ़-डेढ़, दो-दो मील के एरिया में कोर्ट खोल रखा है जिससे लोगों को आने जाने में काफी टाइम देना पड़ता है, उनको कई दफा सजा के शिकंजे में भी फंसना पड़ता है। क्या इस भवन को बनाने के लिये अब सरकार विचार रखती है....

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्रश्नकर्ता।

श्री चुन्नीलाल : भवन बनाने के लिये क्या सरकार इस वर्ष विचार रखती है ?

श्री अहमद बक्श सिन्धी : उस पर विचार किया जा रहा है।

सुश्री पुष्पा जैन (आमेर) : मैं आधा मिनट लेना चाहूंगी, अध्यक्ष महोदय। प्लीज दे दीजिये....

श्री अध्यक्ष : किस सम्बन्ध में ?

सुश्री पुष्पा जैन : इसी सम्बन्ध में, अध्यक्ष महोदय।

मन्त्री महोदय आप यह बतायें कि गरीबों को सुन्दर न्याय दिलाने के लिये क्या आप यह आवश्यक नहीं समझते कि उक्त न्यायालय के लिये जो भूमि 79 में आरक्षण की गई थी उस पर भवन बनाना नितांत आवश्यक है ?

श्री अहमद बक्श सिन्धी : मैं सिद्धान्ततः आपकी बात से सहमत हूँ। मैं इसीलिये कह रहा हूँ कि उस पर विचार किया जा रहा है।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। प्रश्न काल समाप्त हुआ।

(व्यवधान)

ऑर्डर-ऑर्डर। कृपया बैठ जायं।

माननीय सदस्य, कृपया बैठ जायं।

श्री नाथूसिंह (बांदीकुई) : प्रश्न संख्या 181 बहुत महत्त्व का प्रश्न है। इसको आप स्थगित कर दें कल के लिये।

श्री अध्यक्ष : हमारे नियमों के अन्दर प्रावधान है यदि कोई प्रश्न सभा के समक्ष एक घंटे के समय में नहीं आता है तो अन्य कई विकल्प आपके पास हैं। कृपया आप उन विकल्पों का सहारा लें तो आसन उस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा।

श्री भंवरलाल शर्मा : कृपया एक मिनट।

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर प्लीज। बैठ जायं।

(शेष तारांकित प्रश्नोत्तर के लिये कृपया परिशिष्ट 3 देखें)

अनुपस्थित सदस्यों के तारांकित प्रश्नोत्तर

करौली उप-खण्ड में एडीशनल डिस्ट्रिक्ट जज की नियुक्ति

173. श्री जनार्दन सिंह गहलोत (करौली) : क्या विधि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) राजस्थान में एडीशनल डिस्ट्रिक्ट जज किन-किन स्थानों पर नियुक्त किया जाना विचाराधीन है ?

(2) क्या सवाई माधोपुर जिले के करौली उपखण्ड में अदालती मामलों की संख्या सर्वाधिक है ?

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार करौली उप खण्ड में भी एडीशलन डिस्ट्रिक्ट जज की नियुक्ति करेगी ?

उत्तर

(1) राजस्थान में निम्न स्थानों पर ए० डी० जे० कोर्ट स्थापित करने के मामले राज्य सरकार के विचाराधीन हैं :

चित्तौड़गढ़—1, अजमेर–1, जयपुर जिला–1, जयपुर सिटी–3, सवाई माधोपुर–3,

(हिण्डौन, करौली, सवाई माधोपुर)

(2) जी नहीं ।

(3) करौली में ए० डी० जे० कोर्ट खोलने का मामला राज्य सरकार के विचाराधीन हैं ।

नौहर एवं भादरा तहसील में भूमि का आवंटन

178. श्री ज्ञानसिंह चौधरी (भादरा) : क्या उपनिवेशन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) नोहर, भादरा तहसील की भाखरा नहर परियोजनाओं में कितनी आराजी राज भूमि पड़ी है ?

(2) क्या सरकार इस आराजी राज भूमि का इस क्षेत्र के भूमिहीनों को स्थाई आवंटन का इरादा रखती हैं ? यदि हाँ, तो कब तक स्थाई आवंटन का कार्य शुरू कर दिया जावेगा ?

(3) क्या सरकार द्वारा भाखरा क्षेत्र के भूमिहीनों के लिए राजस्थान नहर क्षेत्र में भूमि आरक्षण की गई है ? यदि हाँ, तो कितनी भूमि का आरक्षण किया गया है ?

(4) उक्त आरक्षित भूमि भाखरा के भूमिहीनों को कब तक आवंटित कराई जावेगी ?

उत्तर

(1) तहसील नोहर, भादरा में दिनांक 1-3-84 तक 1108 एकड़ आराजी राज भूमि उपलब्ध है ।

(श्री उपनिवेशन मन्त्री)

(2) जी हाँ। उपजिलाधीश, नोहर द्वारा नियमानुसार पात्र भूमिहीनों को भूमि का स्थाई आवंटन किया जा रहा है।

(3) जी हाँ। भाखरा क्षेत्र के भूमिहीनों को राजस्थान नहर क्षेत्र में आवंटन हेतु 37805 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है।

(4) भाखरा क्षेत्र के भूमिहीनों के लिए रखी गई उपरोक्त आरक्षित भूमि पात्र घोषित भूमिहीनों को आवंटित कर दी गई है।

अतारांकित प्रश्नोत्तर

धतूरिया एवं सोर खण्ड माइनर (अन्ता) में पानी

227. श्री रघुवीर सिंह कौशल (बाराँ): क्या राजस्थान नहर मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) अन्ता, आर. एम. सी. द्वितीय खण्ड क्षेत्र में, ताखा, बम्बूलिया माताजी, लिसाडी, अन्ता I, अन्ता कालोनी, अन्ता स्टेशन, धतूरिया एवं सोरखण्ड माइनर में माह जनवरी, 1984 में कितने दिन पानी चला है एवं पानी का क्या गेज रहा है ?

(2) विभाग के कार्यक्रम के अनुसार उपरोक्त माइनरों में किन-किन तिथियों में माह जनवरी, 1984 में पानी चलना चाहिए था ? क्या उन निश्चित तिथियों में पानी चला है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(3) उपरोक्त नहरों में व्यवस्थित रूप से पानी चलाने की विभाग की क्या योजना है ?

उत्तर

(1) जनवरी माह में नहरों में पानी चलने की तिथियां एवं पानी का गेज संलग्न तालिका में अंकित है। (परिशिष्ट—1)

(2) कार्यक्रम के अनुसार नहरें चलने की तिथियाँ संलग्न तालिका में अंकित हैं। माह दिसम्बर, 1983 में पलेवा के उपरांत दिनांक 29 व 30 दिसम्बर, 1983 को क्षेत्र में व्यापक वर्षा हो गई थी, अतः क्षेत्र में पानी की माँग के अनुसार ही नहरों में पानी चलाया गया। केवल ताखा ही एक ऐसी नहर है जिसमें कि पानी नहीं चल सका क्योंकि यह नहर केवल उस समय ही चल सकती है जब दाँयी मुख्य नहर में 10.5 फीट पानी हो। इसमें पानी चलाने हेतु ताखा माइनर का हैड नीचा करके ताखा नहर को गहरा किया जावे जो विचाराधीन है जिससे कि दायीं मुख्य नहर में पानी का तल कम रहने पर भी ताखा के कृषकों को पम्पों द्वारा पानी लेने हेतु उपलब्ध हो सके। इसके अलावा बम्बूलिया माताजी, लिसाड़ी एवं अन्ता मैन माइनर को पानी उपलब्ध कराने हेतु कोटा बारां डी० आर० बी० पर क्रास रेगुलेटर बनाने की सम्भावना विचाराधीन है।

(3) नहरों में पानी व्यवस्थित रूप से योजना अनुसार ही चलाया जा रहा है।

(गेज तालिका के लिये कृपया परिशिष्ट 4 देखें)

पीपल्दा क्षेत्र की पंचायत समिति भूमि पर सिंचाई व्यवस्था

228. श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा): क्या राजस्थान नहर मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि पीपल्दा क्षेत्र में अठारहवां, फूसोद नोनेरा, इटावा, जोरावरपुरा, करवाड, विनायका आदि पंचायतों में कई एकड़ भूमि पर सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है ?

(2) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्रों के लिए ट्यूब वेल खुदाकर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराएगी ?

उत्तर

(1) जी हां, इन ग्राम पंचायतों के चम्बल कमाण्ड क्षेत्र के अलावा अनकमांड क्षेत्र में सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है।

(2) यह कार्य इस विभाग के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता।

राजस्थान नहर परियोजना निर्माण पर अनुमानित लागत

230. श्री चन्द्रवीरसिंह भाटी (जैसलमेर) : क्या राजस्थान नहर परियोजना मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) राजस्थान नहर परियोजना में प्रारम्भ में कितनी अनुमानित लागत आंकी गई थी एवं कब तक निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था ? अब तक कितना कार्य पूर्ण करा दिया गया है व कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ?

(2) राजस्थान नहर परियोजना के द्वितीय चरण के कार्य में कितनी धनराशि व्यय की जावेगी व कब तक पूर्ण होने की सम्भावना है ?

(3) राजस्थान नहर परियोजना के सम्पूर्ण होने पर अब कितनी धनराशि व्यय होने का अनुमान है ?

उत्तर

(1) वर्ष 1970 के तखमीनों के अनुसार आज के स्वरूप में परियोजना के निर्माण कार्यों की लागत 207·68 करोड़ रुपये आंकी गई थी एवं निर्माण कार्य 1980–81 में पूर्ण करने का कार्यक्रम था। जनवरी, 83 तक फीडर नहर 204 कि. मी. लम्बाई में, मुख्य नहर 371 कि. मी. लम्बाई में तथा वितरक प्रणाली 3113 कि. मी. लम्बाई में पक्की बन चुकी है व 398·60 करोड़ रुपये की राशि व्यय हो चुकी है।

(2) 1983 के मूल्य स्तर पर द्वितीय चरण की लागत 680 करोड़ रुपये आंकी गई है व कार्यों को मार्च 94 तक पूरा करने का कार्यक्रम है।

(3) 1983 के मूल्य स्तर पर जनवरी, 1983 के बाद शेष कामों को पूरा करने के लिए 518·84 करोड़ रुपये राशि की आवश्यकता अनुमानित है।

कृषि औजारों-रासायनिक खाद व बीज पर कर

231. **श्री बालचन्द आर्यवीर** (डग) : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे:–

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान के पड़ोसी राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात में कृषि के काम में आने वाले उपकरणों व रासायनिक खाद पर बिक्री कर नहीं है ? क्या यह सही है कि राजस्थान में यह कर कृषि औजारों, रासायनिक खाद व बीज पर वसूल किया जाता है ? यदि हां, तो क्यों ?

(2) क्या सरकार पड़ोसी राज्यों की तरह कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बिक्री कर को समाप्त करना चाहती है ? यदि हां, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) राजस्थान व पड़ोसी राज्यों में कृषि के काम में आने वाले उपकरण विक्रय कर से मुक्त हैं। रासायनिक खाद पर पंजाब, महाराष्ट्र, देहली और हरियाणा में कर नहीं है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों में रासायनिक खाद पर कर लगता है। बीज पर केवल गुजरात में कर नहीं है क्योंकि वहाँ अनाज पर बिक्री कर नहीं है।

राजस्थान व अन्य प्रदेशों में बीज को सामान्य अनाज ही माना जाता है अतः उस पर कर है।

(2) जी नही, कर राज्य की अपनी स्थिति एवं साधनों को दृष्टि में रखते हुए लगाया जाता है।

डिस्टलरीज एवं शराब के गोदाम (गंगानगर) में कार्यरत श्रमिक

232. **श्री त्रिलोकसिंह** (फतेहपुर) : क्या आबकारी मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे:—

(1) दी गंगानगर शुगर मिल लि० द्वारा संचालित डिस्टलरीज एवं शराब के गोदामों पर कितने श्रमिक कार्य करते हैं ?

(2) इन श्रमिकों में से कितने श्रमिक स्थाई हैं और कितने श्रमिक अस्थाई हैं ?

(3) जो श्रमिक अस्थाई हैं वो कितने समय से अस्थाई चल रहे हैं ?

(4) फैक्ट्री एक्ट के अनुसार 240 दिन बाद जब श्रमिक को स्थाई किये जाने का प्रावधान है तो इन श्रमिकों को स्थाई क्यों नहीं किया गया है ?

(5) क्या सरकार अब भी इनको स्थाई करने का विचार रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) गंगानगर शुगर मिल्स द्वारा संचालित विभिन्न डिस्टलरीज एवं शराब के गोदामों पर 696 श्रमिक कार्य कर रहें हैं।

(आबकारी मंत्री)

(2) इन श्रमिकों में से 493 श्रमिक स्थाई है तथा 203 श्रमिक अस्थाई (दैनिक वेतन) आधार पर कार्यरत हैं।

(3) अस्थाई (दैनिक वेतन) श्रमिक लगभग गत ढाई साल से चल रहे हैं।

(4) फैक्ट्री एक्ट में 240 दिन की सेवा के बाद श्रमिकों को स्थाई किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है।

(5) गंगानगर शुगर मिल्स एवं डिस्टलरीज मजदूर एकता समिति (सीटू), जयपुर पश्चिम के साथ हुए समझौते के अनुसार, उपरोक्त अस्थाई कर्मचारियों को समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार आगामी तीन वर्षों में नियमित वेतन शृंखलाएं दिये जाने का निर्णय लिया गया है। समझौते के अनुसार दिनांक 1-1-84 से 80 अस्थाई श्रमिकों को नियमित वेतन शृंखलाएं प्रदान की जावेंगी तथा शेष श्रमिकों को आगामी 2-3 वर्ष में नियमित वेतन शृंखलाएं प्रदान कर दी जावेंगी।

पिड़ावा बस स्टेण्ड के पास शराब की दुकान

234. श्री बालचन्द आर्यवीर (डग) : क्या आबकारी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) पिड़ावा झालावाड़ मोटर स्टेन्ड के पास जो सरकारी धर्मशाला है, उसमें शराब की दुकान कितने समय से खुली हुई है ?

(2) क्या सरकार धर्मशाला से शराब की दुकान हटाने का विचार रखती है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उत्तर

(1) पिड़ावा, झालावाड़ मोटर स्टेण्ड के पास किसी धर्मशाला में शराब की दुकान नहीं लगी हुई है।

(2) प्रश्न नहीं उठता।

चित्तौड़गढ़ मुख्यालय पर जिला सेशन न्यायालय

235. श्री घनश्याम जैन (बेगूं) : क्या विधि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) चित्तौड़गढ़ मुख्यालय पर जिला सेशन न्यायालय में विभिन्न प्रकार के कितने मुकदमे पेंडिग हैं ?

(2) सेशन कोर्ट प्रतापगढ़ में चित्तौड़गढ़ कैम्प के अतिरिक्त कितने मुकदमें पेंडिग हैं ?

(3) चित्तौड़गढ़ में प्रतापगढ़ सेशन कोर्ट का कैम्प लगने से हर महीने कितना दैनिक एवं यात्रा भत्ता खर्च होता है ?

(4) मुकदमों की संख्या व प्रतापगढ़ से चित्तौड़गढ़ आने जाने में खर्च एवं भवन की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद अतिरिक्त सेशन न्यायालय की स्थापना चित्तौड़गढ़ में नहीं होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार इस वर्ष इसकी स्थापना हेतु विचार

(श्री घनश्याम जैन)

रखती है ? यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

(1) चित्तौड़गढ़, मुख्यालय पर जिला सैशन न्यायालय में निम्न प्रकार से मुकदमे विचाराधीन हैं।

दीवानी	फौजदारी	कुल
715	819	1570

(2) सैशन कोर्ट प्रतापगढ़ में चित्तौड़गढ़ कैम्प के अतिरिक्त निम्न प्रकार मुकदमे विचाराधीन हैं :—

दीवानी	फौजदारी	कुल
506	780	1286

(3) चित्तौड़गढ़ में प्रतापगढ़ सैशन कोर्ट का कैम्प कोर्ट लगने से मासिक यात्रा व्यय व दैनिक भत्ता लगभग रु० 2300/- रुपया खर्च होता है।

(4) मामला राज्य सरकार के विचाराधीन हैं ?

पंचायत समिति टौंक के विकलांगों को पेन्शन

236. श्री महावीर प्रसाद जैन (टौंक) : क्या समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

क्या यह सही है कि ग्राम चौकी अहमदपुरा पंचायत समिति टौंक में हीरा पुत्र श्री रूपा मीणा, लालू पुत्र श्री गोरधन मीणा, जो कि विकलांग हैं, सितम्बर, 1983 से पेन्शन से वंचित हैं ? यदि हाँ, तो क्यों और उनको पेन्शन राशि का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ?

उत्तर

जी नहीं। श्री हीरा पुत्र श्री रूपा मीणा ग्राम चौकी अहमदपुरा को विकलांग पेन्शन से वंचित नहीं किया गया है। उन्हें माह फरवरी, 84 तक की पेन्शन राशि मनीआर्डर द्वारा दिनाँक 15-2-84 को भिजवाई जा चुकी है। इसी प्रकार श्री लालू पुत्र श्री गोरधन मीणा को माह मई, 83 से अगस्त, 83 तक की विकलांग पेन्शन की राशि मनीआर्डर द्वारा माह सितम्बर, 83 में भिजवाई गई थी। परन्तु उसकी रसीद अब तक प्राप्त नहीं हुई और न ही मनीआर्डर वापस प्राप्त होने की सूचना कोषाधिकारी, टौंक को प्रार्थी ने दी। अतः माह सितम्बर, 83 के बाद की राशि उन्हें नहीं भेजी गई।

सुल्तानपुर व सांगोद पं० सं० के अपाहिज, वृद्ध तथा विधवाओं को पेंशन

237. श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : **श्री दाऊदयाल जोशी** (दीगोद) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) पीपल्दा क्षेत्र एवं सुल्तानपुर व सांगोद पंचायत समिति के कुल कितने

(श्री हीरालाल आर्य)

व्यक्तियों को अपाहिज एवं वृद्धावस्था तथा विधवा पेंशन मिल रही है ? सूची, नाम व पतों सहित सदन के पटल पर रखने की कृपा करें।

(2) क्या यह सत्य है कि उक्त पेंशन प्राप्त करने वालों को समय पर पेंशन नहीं मिलने से वे बड़े परेशान हैं ? यदि हाँ, तो क्यों तथा इसके लिये कौन जिम्मेदार है।

(3) क्या यह भी सही है कि पंचायत समिति इटावा से भेजे गये पेंशन हेतु मामलों की अभी तक भी स्वीकृति नहीं मिली है ? यदि हाँ, तो क्यों ?

(4) क्या सरकार पेंशन समय पर मिले इसके लिये विशेष प्रयत्न करेगी ?

उत्तर

(1) पीपल्दा क्षेत्र एवं सुल्तानपुर व संगोद पंचायत समिति के कुल 746 व्यक्तियों को अपाहिज एवं वृन्दावस्था पेंशन (जिसमें विधवायें भी सम्मिलित हैं) दी जा रही है। सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) यह सही नहीं है कि इन लोगों को पेन्शन समय पर नहीं मिलती। अत: देर से मिलने के लिये कौन जिम्मेदार है इसका प्रश्न ही नहीं उठता।

(3) जी नहीं। पंचायत समिति इटावा से 31 वृद्धावस्था पेंशन प्रकरण प्राप्त हुये थे जिनमें 24 की स्वीकृति दी जा चुकी है, शेष 7 प्रकरण कोष कार्यालय कोटा में विचाराधीन है।

(3) पेंशन मनीआर्डर द्वारा भेजने की व्यवस्था है जिसकी फीस भी राज्य सरकार वहन करती है। पेंशन समय पर मिलने के लिये कोषाधिकारी द्वारा बराबर प्रयत्न किये जाते हैं।

बीस सूत्री कार्यक्रम (जैसलमेर) में हरिजन, गिरिजन विकास के लक्ष्य

238. श्री चन्द्रवीर सिंह भाटी (जैसलमेर) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जैसलमेर जिले के लिये वर्ष 1982-83, 1983-84 में (हरिजन, गिरिजन) विकास के क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे व क्या-क्या उपलब्धियाँ अर्जित की जा चुकी हैं ? कृपया विगतवार सूची सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जैसलमेर जिले के लिये वर्ष 82-83 83-84 हरिजन गिरीजन विकास के निर्धारित लक्ष्य एवं अर्जित उपलब्धियाँ संलग्न सूची में अंकित प्रस्तुत है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 6 देखें)

टौंक जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों को अनुदान

239. श्री महावीर प्रसाद जैन (टौंक) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

टौंक जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को वर्ष 1980 से अब तक किस-किस ग्राम में, किस-किस व्यक्ति को कितना-कितना अनुदान दिया गया एवं आवासीय भू-खण्ड आवंटन किन-किन ग्रामों में किन-किन परिवारों को किया गया ? सूची ग्रामवार सदन के पटल पर रखने की कृपा करें।

उत्तर

टौंक जिले में वर्ष 1980-81 से 1983-84 तक ग्रामीण क्षेत्र के 3210 अनुसूचित जाति व 1797 अनुसूचित जन जाति के परिवारों को लाभान्वित किया गया। वर्षवार सूचना निम्न प्रकार है :—

वर्ष	परिवारों की संख्या	
	अनु० जाति	अनु० जन जाति
1980-81	769	312
1981-82	568	239
1982-83	1100	600
1983-84	773	596

इसके अतिरिक्त 2473 अनुसूचित जाति व 475 अनुसूचित जन जाति के परिवारों को आवासीय भू-खण्ड ग्रामीण क्षेत्र में आवंटित किये गये तथा 203 अनुसूचित जाति के परिवारों को शहरी क्षेत्र में भू-खण्ड आवंटित किये गये। शहरी क्षेत्रों का विवरण निम्न है :—

नाम कस्बा	परिवारों की संख्या
टोडारायसिंह	56
टौंक	94
देवली	6
निवाई	10
मालपुरा	33

ग्रामीण क्षेत्र की व्यक्तिवार एवं ग्रामवार सूचना संलग्न है।

(सूची विस्तृत होने के कारण विधान सभा पुस्तकालय में रखी गई)

बाड़मेर जैसलमेर के असहाय व्यक्तियों को पेंशन

240. श्री अमीन खां (शिव) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे : —

(1) जिला बाड़मेर व जैसलमेर में कितने व्यक्तियों को असहाय पेंशन दी जाती है ? तहसीलवार संख्या बताने की कृपा करें।

(2) पिछले वर्ष प्रशासन गांवों की ओर अभियान में असहायों के पेंशन के कितने

Page No 33

(श्री अमीन खां)

मामले पेश हुए ? कितने स्वीकृत किए गए ? तहसीलवार सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जिला बाड़मेर व जैसलमेर में कितने व्यक्तियों को असहाय पेंशन दी जाती है उनकी तहसील वाइज संख्या निम्न प्रकार है :

जिला-जैसलमेर

तहसील	वृद्धावस्था पेंशन	अपाहिज पेंशन
जैसलमेर	333	43
पोकरण	344	52
योग	677	95

जिला-बाड़मेर

तहसील	वृद्धावस्था पेंशन	अपाहिज पेंशन
बाड़मेर	656	37
चौहटन	185	2
शिव	217	2
सिवाणा	109	40
पचपदरा	193	49
गुडामालानी	171	8
योग	1480	129

(2) सूचना संलग्न है।

(सूचना के लिये कृपया परिशिष्ट 7 देखें)

पाली जिले में समाज कल्याण छात्रावास

242. श्री भैरूसिंह गुर्जर (खारची) : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

जून, 1980 से दिसम्बर, 1983 तक पाली जिले में कितने समाज कल्याण छात्रावास खोले गये ? कृपया स्थान के नाम सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

जून 1980 से दिसम्बर, 1983 तक पाली जिले में खोले गये छात्रावासों की सूची निम्न प्रकार है :—

नाम स्थान	योजना जिसके अन्तर्गत छात्रावास खोला गया।	खोलने का दिनांक	स्वीकृत छात्र संख्या
1	2	3	4
1. मारवाड़ जंक्शन	भंगी कष्ट मुक्ति योजना	1-7-82	25
2. पाली	,,	2-10-81	25

आवासन मण्डल द्वारा जमा राशि का हिसाब

243. श्री गुलाबचन्द कटारिया (उदयपुर) : क्या आवासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(श्री गुलाबचन्द कटारिया)

(1) क्या आवासन मण्डल अपने आवंटियों को प्रतिवर्ष मार्च तक का जमा का हिसाब भेजता है ? यदि हाँ, तो उदयपुर नगर के आवंटियों को कब तक की हिसाब भेज दिया है ?

(2) 31 मार्च, 1983 तक उदयपुर नगर में कितने आवंटियों की बकाया है ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि विभाग के पास ठीक से हिसाब नहीं होने से जिन लोगों की ओर बकाया नहीं थी उनके भी मकान नीलाम करने के नोटिस अखबारों तक में निकलवाये गये ? यदि हाँ तो कितने लोगों के ? कृपया सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हाँ, आवासन मंडल यथा सम्भव प्रति वर्ष मार्च तक का हिसाब भेजता है तथा उदयपुर के आवंटियों को मार्च 81 तक का हिसाब भेज दिया गया है।

(2) 31-03-83 तक का बकाया की सूची अभी तैयार नहीं हुई है।

(3) जी नहीं, ऐसा जानकारी में नहीं आया है।

सरपंच ग्राम पंचायत रावतभाटा के विरुद्ध जांच

244. **श्री नन्दलाल मीणा** (प्रतापगढ़) : क्या पंचायत राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

क्या यह सही है कि सरपंच ग्राम पंचायत रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ के विरुद्ध गबन, अनियमितता, फर्जी कार्यवाही, निःशुल्क आवासीय भू-खण्ड गरीबों के बजाय कर्मचारियों की पत्नियों को देना आदि की जाँच जिलाधीश चित्तौड़गढ़ द्वारा भेजे गये जाँच अधिकारी, सहायक जिला विकास अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा की गई थी ? यदि हाँ, तो दिसम्बर 1983 से 15 फरवरी, 1984 तक सरपंच के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? जाँच प्रतिवेदन की प्रति सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

सरपंच, ग्राम पंचायत, रावतभाटा (जिला-चित्तौड़गढ़) के विरुद्ध उनके द्वारा की गई अनियमितताएँ, फर्जी कार्यवाही, निःशुल्क आवासीय भू-खण्ड गरीबों के बजाय अन्य कर्मचारियों को देने आदि सम्बन्धी शिकायतों की जाँच जिलाधीश, चित्तौड़गढ़ द्वारा की गई थी। जाँच प्रतिवेदन के आधार पर सरपंच के विरुद्ध राजस्थान पंचायत अधिनियम, 1953 की धारा 17(4) के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना राज्य सरकार के विचाराधीन है। जाँच प्रतिवेदन की प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है।

(जाँच प्रतिवेदन के लिये कृपया परिशिष्ट 8 देखें)

बून्दी पंचायत समिति को जीप

245. **श्री गोपाल पचेरवाल** (पाटन) : क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(श्री गोपाल पचेरवाल)

(1) जिला बूंदी में किस-किस पंचायत समिति के पास अपने वाहन (जीप) हैं और कब से तथा वाहन (जीप) आने के बाद अब तक कितने किलोमीटर चल चुकी है ?

(2) प्रत्येक पंचायत समितियों के प्रधान व विकास अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्य से जीप द्वारा किये गये दौरे का विवरण गत तीन वर्ष का सदन के पटल पर रखने का श्रम करें।

उत्तर

(1) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

(2) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

(विवरण के लिये कृपया परिशिष्ट 9 देखें)

पाली जिले की पंचायत समितियों में विकास कार्य

246. श्री भेरूसिंह गुर्जर (खारची): क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) पाली जिले की पंचायत समिति रानी, देसूरी व मारवाड़ जंक्शन में जून, 1980 से दिसम्बर, 1983 तक पंचायत समितियों के माध्यम से विकास के क्या-क्या कार्य सम्पन्न हुए एवं कितने कार्य वर्तमान में चल रहे हैं ? कृपया ग्रामवार सूची प्रस्तुत करें।

(2) कृपया सूची में कार्यवार धनराशि, जो स्वीकृत की गई या खर्च हुई, का विवरण भी प्रस्तुत करें।

उत्तर

(1) पाली जिले की पंचायत समिति, रानी, देसूरी व मारवाड़ जंक्शन में जून, 1980 से दिसम्बर, 1983 तक 419 कार्य स्वीकृत हुए। उनमें से 276 कार्य पूर्ण एवं 143 कार्य अपूर्ण है। सूची अधिक विस्तृत होने से सदन की मेज पर रखा जाना संभव नहीं है। गोशवारा सदन के पटल पर रख दिया गया है।

(2) उपरोक्त कार्य के लिए 43,86,092 रुपये की राशि स्वीकृत की गई जिसमें से रुपये 30,01,710 व्यय हुए हैं। इसका विवरण सदन के पटल पर रखी गई सूची में अंकित कर दिया गया है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 10 देखें)

'गरीब को छप्पर' योजना (नागौर) में मकानों का निर्माण

247. श्री महाराम चौधरी (नागौर): क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) पंचायत समिति नागौर व मूण्डवा जिला नागौर में 'गरीब को छप्पर' योजना के तहत कितने मकानों का निर्माण

(श्री महाराम चौधरी)

कराया गया तथा किस-किस ग्राम में ? कृपया सूची सदन के पटल पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि 'गरीब को छप्पर' योजना के आधार पर भवन निर्माण हेतु अनुदान दिया गया है ? यदि हां, तो कृपया उक्त पंचायत समितिवार निम्न जानकारी सदन के पटल पर रखें। अनुदान की राशि, व्यक्ति का नाम, जाति का नाम भवन निर्माण पूरा किया गया या नहीं।

(3) क्या यह सही है कि 'गरीब को छप्पर' योजना में पंचायत समिति नागौर के कई ग्रामों में अनियमितताएं सम्बन्धी शिकायतें जिलाधीश नागौर को प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो जिलाधीश नागौर ने क्या कार्यवाही की है ? कृपया जांच रिपोर्ट सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) जी हां। सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(3) जी हां। सरपंच ग्राम पंचायत श्री बालाजी पंचायत समिति नागौर के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच उप खण्ड अधिकारी, नागौर से करवाई गई। जिलाधीश नागौर द्वारा राजस्थान पंचायत अधिनियम, 1953 की धारा 17 (4) के अन्तर्गत सरपंच के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए राज्य सरकार को लिखा गया है। जांच रिपोर्ट की प्रति सदन के पटल पर रख दी गई है।

(सूची व जांच प्रतिवेदन के लिये कृपया परिशिष्ट 11 देखें)

पंचायत समिति टोंक में नलकूप निर्माण

248. श्री महावीर प्रसाद जैन (टोंक): क्या पंचायत राज मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) पेयजल कूप निर्माण कार्यक्रम अन्तर्गत टोंक पंचायत समिति में कहां-कहां पर नलकूप निर्माण करवाये गये तथा कहां-कहां पर कुओं की मरम्मत एवं गहरा करवाया गया ? सूची सदन की मेज पर रखने की कृपा करें।

(2) इसमें कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई ?

उत्तर

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) सदन के पटल पर रखी गई सूची में इसका विवरण अंकित कर दिया गया है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 12 देखें)

कोटा जिले की पंचायत समितियों का चार्ज

249. श्री रघुवीर सिंह कौशल

(श्री रघुवीर सिंह कौशल)

(बारां) : क्या पंचायत राज मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

कोटा जिले में कितनी पंचायतों का रिकार्ड का चार्ज पंचायत सचिवों को प्राप्त नहीं हुआ है ? सूची सदन के पटल पर रखने का श्रम करें ।

उत्तर

कोटा जिले की 93 पंचायतों के रिकार्ड का चार्ज ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव, ग्राम पंचायतों को प्राप्त नहीं हुआ है । सूची सदन के पटल पर रख दी गई है ।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 13 देखें)

प्रदेश की पंचायत समितियों में ग्राम सेवकों की नियुक्ति

250. **श्री चन्द्रवीर सिंह भाटी** (जैसलमेर) : क्या पंचायत राज मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक पंचायत में ग्राम सेवक की नियुक्ति की जावेगी ? यदि हां, तो जैसलमेर जिले में कुल कितनी ग्राम पंचायतें हैं ?

(2) उक्त ग्राम पंचायतों में कितने ग्राम सेवक नियुक्त किये गये हैं ? शेष रही पंचायतों में ग्राम सेवकों की नियुक्ति कब तक कर दी जावेगी ?

उत्तर

(1) केवल जैसलमेर जिले की प्रत्येक पंचायत के लिये एक ग्राम सेवक पदेन सचिव ग्राम पंचायत का पद स्वीकृत है । जैसलमेर जिले में 93 ग्राम पंचायत हैं ।

(2) इन ग्राम पंचायतों में 57 ग्राम सेवक पदेन सचिव ग्राम पंचायत नियुक्त किए जा चुके हैं । इसके अतिरिक्त राजस्थान पंचायत एवं स्वायत शासन अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा 17 सरप्लस ग्राम सेवक पदेन सचिवों का समायोजन किया जा चुका है । शेष पदों को भरे जाने की कार्यवाही की जा रही है ।

पंचायत समिति सुल्तानपुर को थ्रेसर मशीनें

251. **श्री दाऊदयाल जोशी** (दीगोद) : क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) कोटा जिले की सुल्तानपुर पंचायत समिति के तहत किन-किन पंचायतों को थ्रेसर मशीनें किस-किस शर्त पर कब-कब दी गई थीं ?

(2) क्या उक्त थ्रेसरों में से एक अस्थिपंजर मात्र निमोदा पंचायत भवन में पड़ा हुआ है ? यदि हां, तो कब से व क्यों ?

(3) इस पर कितना खर्च आया था और अब पंचायत में उसका उपयोग किस प्रकार से किया जायेगा ?

Page No 38

उत्तर

(1) पंचायत समिति, सुल्तानपुर द्वारा किसी भी पंचायत को कोई थ्रेसर मशीन नहीं दी गई थी।

(2) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

(3) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

झालावाड़ जिले की तहसीलों में सीमेन्ट का आवंटन

252. **श्री बालचन्द आर्यवीर** (डग) : क्या खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) विगत 5 वर्ष में झालावाड़ जिले में किन-किन तहसीलों को कितनी-कितनी सीमेन्ट आवंटित की गई ? सीमेन्ट का वितरण मुख्यत: किस-किस प्रयोजनार्थ वर्षवार कितने व्यक्तियों को किया गया ?

(2) क्या किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सीमेन्ट दी गई ? यदि हां, तो किन-किन तहसीलों में कितने-कितने किसानों को कितनी-कितनी ? कृपया वर्षवार संख्या सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

(1) झालावाड़ जिले की किन-किन तहसीलों को कितनी-कितनी सीमेन्ट विगत तीन वर्षों में आवंटित की गई एवं किस-किस प्रयोजनार्थ कितने व्यक्तियों को दी गई है, का विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है। (परिशिष्ट क एवं ख)

(2) जी हां। जिन-जिन तहसीलों में जितने-जितने किसानों को सीमेन्ट प्राथमिकता के आधार पर दी गई है, उसकी सूची सदन के पटल पर रख दी गई है। (परिशिष्ट ग)

(विवरण व सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 14 देखें)

जिले में भेड़ व ऊन प्रसार केन्द्र

253. **श्री हीरालाल आर्य** (पीपल्दा) एवं **श्री दाऊदयाल जोशी** (दीगोद) : क्या भेड़ व ऊन राज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) क्या यह सही है कि कोटा जिले में भेड़ व ऊन प्रसार केन्द्र नहीं है ?

(2) यदि हां, तो क्या सरकार भेड़ों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कोटा में भेड़ व ऊन प्रसार केन्द्र की स्थापना करेगी ?

उत्तर

(1) जी हां।

(2) जी नहीं।

स्थगित प्रश्न
(दिनांक 6 मार्च, 1984)

वर्ष 1982-83 में सांगानेर पंचायत को दिया गया अनुदान

14. **श्रीमती विद्या पाठक** (सांगानेर) : क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) वर्ष 1982–83 में तहसील सांगानेर की पंचायतों को किस दर से कितना कितना अनुदान दिया गया ?

(2) सांगानेर तहसील में पिछले 5 वर्षों में पंचायतों की निजी आय कितनी हुई और उसका उपयोग पंचायतों द्वारा किस-किस कार्य के लिये किया गया ?

(3) तहसील में पिछले 5 वर्षों में मेले व समारोह से पंचायतों को कितनी आय हुई और उसका उपयोग उन्होंने किस-किस कार्य में किया ?

(4) सांगानेर तहसील में वर्ष 1982-83 में पंचायतों ने अपनी निजी आय बढ़ाने के क्या-क्या प्रयास किये ?

उत्तर

(1) ग्राम पंचायतों को वर्ष 1982-83 में वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर 2.25 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से सहायतार्थ अनुदान दिया गया था। तहसील सांगानेर की पंचायतों को वर्ष 1982-83 में दिये गये सहायतार्थ अनुदान की सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(3) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(4) वर्ष 1982–83 में पंचायतों द्वारा अपनी निजी आय बढ़ाने के लिए किये गये प्रयासों के सम्बन्धों में सूचना एकत्रित की जा रही है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 15 देखें)

ग्राम पंचायत घोलीमगरी को विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सहायता

24. **श्री गुलाबचन्द कटारिया** (उदयपुर): क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) ग्राम पंचायत घोलीमगरी, पंचायत समिति मावली, जिला उदयपुर को 1 अप्रेल, 1978 से 31 जनवरी, 1984 तक किन-किन स्रोतों से सहायता प्राप्त हुई ? कृपया सूची मय राशि दिनांक व कार्य जिस हेतु प्राप्त हुई, के सदन के पटल पर रखें।

(2) क्या पंचायत ने काम के बदले अनाज योजना में भी कार्य कराये ? यदि हां, तो कुल कितना अनाज किस-किस कार्य हेतु मिला एवं कितना वितरण कर दिया व कितना बाकी है ?

(3) क्या वर्ष 1978 से 31 जनवरी, 1984 तक पंचायत के आय-व्यय के हिसाब

(श्री गुलाबचन्द कटारिया)

का ऑडिट हो गया ? यदि हां, तो आय व्यय का ब्यौरा वर्षवार सदन के पटल पर रखें।

उत्तर

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) जी हां। काम के बदले अनाज योजनान्तर्गत कुल 836 क्विन्टल 800 ग्राम अनाज पाठशाला, आयुर्वेदिक औषधालय, धर्मशाला, पंचायत भवन, तलाई और सड़कों के निर्माण हेतु प्राप्त हुआ जिसमें से 832 क्विन्टल 69 किलो 800 ग्राम वितरण कर दिया गया है। 3 क्विन्टल 31 किलो शेष रहा है।

(3) वर्ष 1978-79 एवं 1979-80 के पंचायत के आय व्यय के हिसाब का आडिट हो चुका है जिसका वर्षवार ब्यौरा सदन के पटल पर रख दिया गया है। वर्ष 1980-81 से 1983-84 तक का आडिट होना बकाया है।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 16 देखें)

पंचायत समिति धरियावद जिला उदयपुर की लोगों में बकाया राशि

25. श्री गुलाबचन्द कटारिया (उदयपुर) : क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :—

(1) पंचायत धरियावद, जिला उदयपुर की वसूली योग्य राशि कितने लोगों में बकाया है व कब से है ? कृपया सूची मय नाम पिता का नाम, राशि ब्याज कब से बकाया है, के सदन के पटल पर रखें।

(2) क्या पंचायत ने प्रभावशाली व्यक्ति जैसे विधायक, सांसद, सरपंच, पंचायत सदस्य या उनके परिवारों को निःशुल्क भू-खण्ड दिया ? यदि हां, तो 1978 से आज तक आवंटित भू-खण्डों की सूची सदन के पटल पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि इनमें से कुछ व्यक्तियों ने अपने प्लॉट बेच दिये एवं पुनः अलॉटमेंट अपने परिवार के नाम करवा लिये ?

(4) क्या विभाग पंचायत कार्यों की सम्पूर्ण जांच करवाने को तैयार है ?

उत्तर

(1) सूची सदन के पटल पर रख दी गई है।

(2) किसी भी विधायक, सांसद एवं सरपंच या उनके परिवारों को कोई निःशुल्क भू-खण्ड नहीं दिया गया है। पंचायत के केवल एक सहवृत्त सदस्य एक वार्ड पंच एवं एक अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी के परिवार वालों को निःशुल्क भू-खण्ड दिये गये हैं, जिसका विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

(पंचायत राज मंत्री)

(3) जी, नहीं। ऐसा कोई मामला जानकारी में नहीं आया है।

(4) किसी भी मामले में शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच करवाई जावेगी।

(सूची के लिये कृपया परिशिष्ट 17 देखें)

संदेश

राज्यपाल का कृतज्ञता ज्ञापन

श्री अध्यक्ष : मैं माननीय सदस्यों को सूचित करता हूँ कि राज्यपाल महोदय द्वारा दिये गये अभिभाषण पर दिनांक 14 मार्च, 1984को सदन द्वारा पारित धन्यवाद प्रस्ताव के उत्तर में निम्न संदेश राज्यपाल महोदय से प्राप्त हुआ है -

"अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 12(2)रा. भ. 84 दिनांक 15 मार्च, 1984.

प्रिय अध्यक्ष महोदय,

आपका 14 मार्च, 1984 का अर्द्ध-शासकीय पत्र संख्या एफ. 10(5) सदन/विस/84/12329 मिला। इस कृतज्ञता संदेश के लिये मैं माननीय सदस्यों का आभारी हूँ। आप कृपया उनके पास तक मेरे कृतज्ञता ज्ञापन को पहुँचाने का कष्ट करें।

भवन्निष्ठ

ओ० पी० मेहरा"

स्थगन प्रस्तावों पर अध्यक्षीय व्यवस्था

मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि निम्नांकित स्थगन प्रस्तावों की सूचना प्राप्त हुई है :—

(1) सर्व श्री हरीश शर्मा, दाऊदयाल जोशी, हीरालाल आर्य व बालचन्द आर्यवीर, सदस्य, विधान सभा की ओर से सिंचित क्षेत्रीय विकास कोटा से हटाये गये करीब 500 कर्मचारियों को राजस्थान नहर परियोजना में जैसलमेर भेजने पर उन्हें नियुक्ति न देने के विषय में,

(2) सर्व श्री मेघराज तावड़, उम्मेदसिंह व त्रिलोकसिंह, सदस्य, विधान सभा की ओर से नगर पालिका कपासन के अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव पारित होने के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक सदस्य के अपहरण के विषय में,

(3) श्री हंसराज शर्मा व श्री चुन्नीलाल जेलिया, सदस्य, विधान सभा की ओर से नगरपालिका सवाई माधोपुर की हरिजन बस्तियों में पीने के पानी और रोशनी की कमी के विषय में,

(4) श्रीमती विद्या पाठक व श्री महारामचौधरी, सदस्य, विधान सभा की ओर से मार्च के तीसरे हफ्ते में चौहटन व आस-पास के गांवों में ओरी नामक बीमारी से बच्चों की मृत्यु के विषय में,

(5) श्री देवीसिंह भाटी, सदस्य, विधान सभा की ओर से तहसील कोलयत जिला बीकानेर की कुछ जल प्रदाय योजनाओं में बिजली बंद होने के कारण पशुओं और जन साधारण को पानी न मिलने के विषय में,

(श्री अध्यक्ष)

(6) श्री बंसीलाल पटवा, सदस्य, विधान सभा की ओर से भीलवाड़ा जिले की उच्च प्राथमिक विद्यालय की लगभग 600 अध्यापिकाओं को फरवरी माह का वेतन न मिलने के विषय में,

(7) श्री गुलाबचन्द कटारिया, सदस्य, विधान सभा की ओर से उदयपुर सहकारी उपभोक्ता भण्डार में ढाई लाख रुपये का गबन व गोलमाल के विषय में,

इन स्थगन प्रस्तावों पर राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त की जा रही है। जानकारी प्राप्त होने पर ही निर्णय किया जायेगा।

(8) श्रीमती उजला अरोड़ा, सदस्य, विधान सभा की ओर से राजस्थान में आयुर्वेद कर्मचारियों द्वारा आन्दोलन करने के विषय में।

यह प्रस्ताव किसी घटना विशेष से सम्बन्धित नहीं है।

(9) श्री गोपाल पचेरवाल, सदस्य, विधान सभा की ओर से सभा के सत्र के दौरान जिला प्रशासन बूंदी द्वारा भूमि आवंटन कार्यक्रम चलाने के विषय में।

यह स्थगन प्रस्ताव का विषय नहीं है फिर भी इस विषय में सरकार को पुनः आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं।

(10) श्री रामकंवार बैरवा सदस्य, विधान सभा की ओर से जिला जयपुर एवं टोंक जिले में चने एवं सरसों की खेती को शीत लहर से क्षति।

इस विषय पर सदन में कल विस्तृत रूप से चर्चा हो चुकी है।

(11) सर्वश्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, रामकिशोर मीणा, यदुनाथसिंह, रामकंवार बैरवा, राजबहादुर, सदस्य, विधान सभा की ओर से अस्थाई जनगणना कर्मचारियों द्वारा आन्दोलन।

इस विषय को सदन में पूर्व में उठाया जा चुका है।

अतः मैं इन स्थगन प्रस्तावों को स्वीकृति देने से असमर्थ हूँ।

निम्नांकित स्थगन प्रस्तावों पर राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त हो गई है :—

(1) **श्री बंसीलाल पटवा** : मेजा बांध से इस वर्ष रबी की फसल को चार पाण पानी देने के स्थान पर केवल तीन पाण पानी देने से फसल को हुई क्षति के विषय में।

इस विषय पर सरकार से एक वक्तव्य दिलाया जायेगा जिसकी तिथि बाद में तय की जायगी।

(2) **श्री देवीसिंह भाटी** : ग्राम गंगनवाला तहसील कोलायत के एक भारतीय नागरिक श्री अल्ला बसाया व अन्यों को जिला पुलिस द्वारा जबरदस्ती पाकिस्तान में धकेलने के विषय में।

इस विषय पर राज्य सरकार से जो सूचना प्राप्त हुई है वह संतोषप्रद नहीं है।

(श्री देवीसिंह भाटी)

अतः इस पर पुनः जानकारी मंगवाई जा रही है।

(3) **श्री देवीसिंह भाटी** : राजस्थान नहर की लूणकरणसर लिफ्ट नहर की जामसर वितरिका में गत 2 महीनों से पानी नहीं आने से फसल को क्षति।

इस विषय में प्राप्त विस्तृत सूचना का अध्ययन किया जा रहा है।

(4) **श्रीमती उजला अरोड़ा** : राजस्थान आरा मशीन नियम लागू करने से लकड़ी विक्रेताओं को कठिनाई।

सरकार ने सूचित किया है कि यह नियम वृक्षों की अवैध कटाई को नियंत्रित करने के उद्देश्य से आरा मशीनों पर आने वाली लकड़ी को नियमित करने की दृष्टि से लाये गये हैं और यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

(5) **श्री बंसीलाल पटवा** : भीलवाड़ा नगर में लेबर कालोनी की सड़कें नालियां आदि टूटी-फूटी होने के विषय में।

सरकार ने सूचित किया है कि सड़कों की सफाई के लिये हरिजन कर्मचारी लगे हुए हैं और निजी शौचालयों को फ्लश में परिवर्तित करने की कार्यवाही की जा रही है।

(6) **श्री दाऊदयाल जोशी** : आयुर्वेद विभाग में स्थानीय स्नातकों के उपलब्ध होते हुए भी बाहर के स्नातकों की नियुक्ति।

सरकार ने सूचित किया है कि इस विषय में विधि विभाग द्वारा राय दी गई है कि जन्म स्थान और निवास के आधार पर नियुक्ति न देना भेदभावपूर्ण एवं संविधान के विपरीत होगा। ऐसी नियुक्तियां केवल 20 आशार्थियों को दी गई हैं।

(7) **श्री महावीर प्रसाद जैन** : ग्राम पंचायत कावरा व याकूबगंज पंचायत समिति टोंक में काश्तकार परचों की जमीन पर अतिक्रमण करना।

सरकार ने सूचित किया है कि सीलिंग से अधिक की भूमि नियमानुसार नोटिस दिया जाकर अवाप्ति की कार्यवाही की गई है। ग्राम याकूबगंज में किसी को जेल अथवा सम्पत्ति की नीलामी की कार्यवाही नहीं की गयी है।

(8) **श्री महावीर प्रसाद जैन** : पंचायत समिति टोंक की प्राथमिक शालाओं में अध्यापकों की कमी।

सरकार ने उत्तर में स्वीकार किया है कि निर्धारित मापदण्ड के अनुसार 114 प्राथमिक शालाओं में 144 अध्यापकों की कमी है और इनके पद स्वीकृत किये जाने पर इनकी पूर्ति हो सकेगी। इस वर्ष टोंक में 8 प्राथमिक शालाओं के खोले जाने की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

(9) **श्रीमती विद्या पाठक** : मांडियां डूंगर झालाना जिला जयपुर में खनन कर रहे अनुसूचित जाति के लोगों को बेरोजगार करने के विषय में।

(श्री अध्यक्ष)

सरकार ने सूचित किया है कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

10. श्री देवीसिंह भाटी : तहसील कोलायत में भेड़ों में जूं की बीमारी लगने के विषय में।

सरकार ने सूचित किया है कि इस विषय में दो पार्टियां गठित की जाकर रोगों की रोकथाम व चिकित्सा हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है और इस सम्बन्ध में नियुक्त एक कमेटी ने रिपोर्ट दी है कि इस क्षेत्र में कुछ भेड़ों की मृत्यु निमोनिया एवं अन्य बीमारी से हुई है, न कि जूंओं के प्रकोप से।

अतः मैं इन स्थगन प्रस्तावों को स्वीकृति देने में असमर्थ हूं।

अब जैसी कि पूर्व में परम्परा रही है, जिन माननीय सदस्यों के स्थगन प्रस्तावों को मैंने अस्वीकृत कर दिया है राज्य सरकार से जानकारी लेने के पश्चात्, उनमें मैं माननीय सदस्यों के एक-एक करके नाम पुकारूंगा हो माननीय सदस्य एक-एक, दो-दो मिनट में अपनी बात कहने का कष्ट करें। श्रीमती उजला अरोड़ा।

स्थगन प्रस्ताव आदि पर चर्चा

श्री हीरालाल आर्य (पीपल्दा) : अध्यक्ष महोदय, कोटा....

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आसन पैरों पर है। आर्डर प्लीज।

श्री हरीश शर्मा (रामगंज मण्डी) : माननीय अध्यक्ष, उन्होंने गवर्नमेंट के आर्डर को ठुकरा दिया। मैं एक-एक करके बात सुन लूंगा बिराज जायें। मुझसे मिल लें।

माननीय श्री त्रिलोकसिंहजी की एक शिकायत थी। मैंने ताकीद कर दी थी कि राज्य सरकार तुरन्त जानकारी भेजे। मैं समझता हूं कि इतनी जानकारियां आ गई हैं तो वह भी आज या कल तक आ जायेगी।

श्री हरीश, क्या कहना चाहते हैं?

(व्यवधान)

आर्डर आर्डर, माननीय सदस्य। मैं जिनका नाम पुकारूं—

श्री हरीश, क्या शिकायत है आपको?

श्री हरीश शर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने समय दिया। यह इतना गम्भीर विषय है, यह इतना क्रूर मजाक है, कोटा में फैक्ट्री से 500 कर्मचारियों को निकाला छंटनी में और फिर जब उन्होंने आन्दोलन किया....

श्री अध्यक्ष : मैंने जानकारी चाही है, इतना महत्वपूर्ण मामला है इस पर सरकार से जानकारी ले रहा हूं। जानकारी लेने के

(श्री अध्यक्ष)

बाद, जब जानकारी सरकार से प्राप्त हो जायेगी उस वक्त मैं व्यवस्था दूंगा ।

(व्यवधान)

कृपया सहयोग दें ।

श्री हीरालाल आर्य : अध्यक्ष महोदय, सरकार तो क्रूर हो रही है । वे बेचारे मंत्रीजी के यहाँ और वित्त मंत्रीजी के यहाँ बारबार आ रहे हैं, जा रहे हैं उनकी सुनते एक नहीं हैं ।

श्री अध्यक्ष : कृपया बैठ जावें ।

(व्यवधान)

आर्डर, आर्डर ।

श्री हीरालाल आर्य : पूरे परिवार सहित पड़े हैं । बेचारे भटक रहे हैं ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : व्यर्थ में समय न लें ।

श्री हीरालाल आर्य : यहाँ बराबर आ रहे हैं । सोचना तो चाहिए ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ऑर्डर, ऑर्डर, बैठ जायं, माननीय सदस्य । व्यवधान न डालें ।

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण) : अध्यक्ष महोदय, मैंने जो स्थगन प्रस्ताव रखा था उसमें स्पष्ट लिखा था कि आयुर्वेद के नर्स और छात्र आन्दोलन पर हैं, उनकी दो ही माँगें हैं केवल....

श्री अध्यक्ष : मैंने निवेदन किया है, आरा मशीन के बारे में । पहले उस पर आ जाइये । पहले मेरी बात मान लीजिए बाद में मैं आपकी बात मान लूंगा ।

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : एक बात मेरी भी सुन लीजिए ।

श्रीमती उजला अरोड़ा : मान्यवर, आरा मशीन के 500 से भी अधिक व्यक्ति काम करने वाले यहाँ पर आन्दोलित होकर आये हैं । मैंने यहाँ स्थगन प्रस्ताव रखा था और मैंने महसूस किया है कि सरकार ने जो आदेश निकाला है वह बिल्कुल गलत है । आरा मशीन वालों पर यह प्रतिबन्ध लगाना गलत है कि जो लकड़ी वहाँ पर लाई जाती है वह तहसीलदार के प्रमाण-पत्र द्वारा लाई जाय, चाहे वह छोटी-छोटी लकड़ी का टुकड़ा हो, चाहे खिड़की के लिये मसाला हो या कोई किवाड़ बनाने की चीज हो । इन छोटी-छोटी बातों के लिए आरा मशीन मालिक तहसीलदारों से प्रमाण पत्र लायेगा तो यह आशंका है कि तहसीलदार प्रमाण पत्र देंगे ही नहीं बल्कि उसमें रिश्वत-खोरी और चलेगी । इसीलिए राजस्थान के आरा मशीन मालिक यहाँ आये । उन्होंने अपनी मांगें रखी कि किस तरह उन पर गलत कानून थोपा जा रहा है, उसको उन पर नहीं लादा जाय ।

(श्रीमती उजला अरोड़ा)

मान्यवर, लकड़ी हमारे कई कामों में आती है, जलाने के भी काम में आती है, फर्नीचर बनाने के काम में भी आती है, मकान में कुछ सुविधायें बनाने, जैसे कड़ियाँ, खिड़की, दरवाजे लगाने, इन सबके काम में आती है। आरा मशीन वाले केवल फण्टे चिरते हैं और फण्टे चीरने के बाद उनका सामान बनाया जाता है। अगर फण्टे ही चिरने के लिए नहीं आयेंगे, गाँवों से लकड़ी नहीं आयेगी, मैं यह नहीं कहती कि अवैध लकड़ियों की कटाई मत रोकें, उसको रोकने के लिए अलग से नियम हैं, वह काफी प्रभावी नियम हैं उनके माध्यम से अवैध कटाई होती है वनों की, उन पर नियन्त्रण रखा जा सकता है लेकिन इस तरह आरा मशीन वालों को तंग करना कि रिकार्ड रखना होगा, 24 घन्टे में इंसपेक्टर कभी भी जाँच कर लेगा, मतलब यह है कि 24 घण्टे आरा मशीन वाले आरा मशीन खुली रखेंगे। यह जो नियम लागू किये जा रहे हैं, मैं समझती हूँ कि इनसे छोटे से काम करने वालों को, जो हाथ से काम करते हैं, छोटे मोटे काम करते हैं, आरा मशीन के बड़ी दिक्कत आ गई है। यह काम अगर बन्द हो गया तो जनता को काफी तकलीफ होने वाली है। मैं उपभोक्ताओं की तकलीफ को ध्यान में रखते हुए, आरा मशीन में काम करने वालों की तकलीफ को ध्यान में रखते हुए आपको ध्यान दिलाना चाहूँगी कि जो नियम बनाये जा रहे हैं इस सम्बन्ध में, इस तरह से उन पर पाबन्दी न लगाई जाय। अवैध कटाई रोकने वाले अन्य प्रभावी नियम हैं, उन्हीं से प्रभावी नियन्त्रण रखा जाय। यही मेरा आप से आग्रह है।

अंत में, यदि आपकी अनुमति हो तो, नर्सों के बारे में दो एक बातें कहना चाहूँगी। मेरे स्थगन प्रस्ताव में स्पष्ट लिखा था कि आयुर्वेद की नर्स और छात्र आन्दोलन कर रहे हैं। उनकी दो ही माँगें हैं, समान काम का समान वेतन। यह राज्य सरकार की घोषणा भी है और मान्यता भी है लेकिन यहाँ एलोपैथिक वालों को अधिक वेतन दिया जा रहा है और आयुर्वेद वालों को, जो उतना ही समय उतना ही काम करने वाली नर्सेज को कम वेतन दिया जा रहा है, यह दोहरी नीति सरकार ने अपना रखी है। आयुर्वेद के साथ यह भेदभाव समाप्त होना चाहिए। उनको जो इन्टर्नशिप में भत्ता दिया जाता है वह भी बढ़ाया जाना चाहिए। आज की इस महंगाई को देखते हुए और कीमतों को देखते हुए अन्य कामों में सुविधा प्राप्त करने के लिए नर्सों ने इन्टर्नशिप का भत्ता बढ़ाने की माँग की है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। मैं क्या बताऊँ, मेरा दुर्भाग्य कि यहाँ पर चिकित्सा मन्त्री बैठे हुए नहीं हैं, आयुर्वेद मंत्री भी शायद कहीं सो रहे लगते हैं, अगर वह सुनें तो मैं इनके बारे में उनसे कहना चाहूँगी कि इनकी माँगों को मान लें। आप देखेंगे कि इस तरह पोस्टर्स जगह जगह पर शहरों में लगे हुए हैं, सरकार की नींद हराम करने की धमकी, और 20 मार्च को आयुर्वेद की नर्सों और छात्रों का विधान सभा पर प्रदर्शन ! मैं समझती हूं कि प्रदर्शन नीचे हो भी गया होगा। ऐसे लोग जो चिकित्सा का कार्य करते हैं ····

श्री अध्यक्ष : तो आप जल्दी समाप्त कीजिए, वह आकर चले नहीं जाय।

श्रीमती उजला अरोड़ा : ऐसे लोग जो सेवा करते हैं बीमारों की, अगर सड़कों पर आ गये तो बीमारों का क्या होगा। अगर बीमार को ज्यादा तकलीफ हो गयी तो उनके परिवार वालों को क्षति उठानी पड़ेगी। मान्यवर अध्यक्ष महोदय, यह बड़ा मार्मिक प्रसंग है। मैं कहना चाहूंगी आपके माध्यम से, माननीय अध्यक्ष महोदय, सरकार को आप चेतावनी दें कि इनकी मांगों को माना जाय। वाजिब मांगें हैं, इसलिये उनका समर्थन करने के लिए मैं यहाँ खड़ी हुई हूं। आप राज्य सरकार को बाध्य करें कि यह जो आयुर्वेद के नर्सों और छात्रों की मांगें हैं उनको तत्काल माना जाय जिससे कि भूख हड़ताल और आमरण अनशन की नौबत न आने पाये।

धन्यवाद।

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : अध्यक्ष महोदय, एक मिनट। एक बात कहना चाहता हूं। जनगणना कर्मचारियों को निरस्त कर दिया गया है। वे कई दिनों से हड़ताल पर हैं, हालत उनकी दयनीय है। उनकी रोजी रोटी····

श्री अध्यक्ष : पहले भी यह आया था। सरकार से जानकारी चाही थी। सरकार ने जो जानकारी उपलब्ध कराई उसका मैंने अध्ययन करने के पश्चात् व्यवस्था दी थी। पूर्व में भी सत्रों में 2–3 बार इस पर चर्चा हो चुकी है। मेरे ख्याल से अब इस पर दुबारा चर्चा नहीं हो सकती।

श्री राजबहादुर (भरतपुर) : मैं तो एक सुझाव देना चाहूंगा। उनको निरस्त किया गया, उनकी रोजी-रोटी छीनी गयी है। राज्य सरकार आल्टरनेट व्यवस्था कर सकती है।

श्री अध्यक्ष : सरकार ने काफी कुछ किया है, वर्तमान में विस्तार में हम नहीं जा सकते।

श्री मेघराज तावड़ (गोगुन्दा) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने इनको आश्वासन दिया, सब जगह लगाया। और जगह होते हुए भी आज हमारी सरकार····

श्री अध्यक्ष : आज चर्चा नहीं होगी। विचार हो रहा है। आपको आज मैं जब अवसर दूं, उस वक्त आप कह सकते हैं।

श्रीमती उजला अरोड़ा : सरकार अगर प्राथमिकता देकर उनको एब्जोर्व कर ले तो उनकी समस्या का समाधान हो सकता है।

श्री अध्यक्ष : श्री बंसीलाल पटवा। भीलवाड़ा नगर की सड़कों आदि के बारे में।

श्री बंसीलाल पटवा (भीलवाड़ा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, भीलवाड़ा नगर में प्रताप नगर स्थित लेबर कालोनी है। इस लेबर कालोनी में लगभग 2 हजार श्रमिकों के परिवार रहते हैं। 1952–53 में लेबर कालोनी का निर्माण किया गया।

श्री बंसीलाल पटवा)

वहाँ पर सरकार की ओर से मकान निर्मित किये गये। छोटे बड़े क्वार्टर्स हैं वह श्रमिकों को दिये गये हैं। जब से उनको वह अलाट किये गये तब से वहाँ वह श्रमिक रह रहे हैं। उनके बाल बच्चे, परिवार सब वहां रहते हैं। आरम्भ से जब लेबर कालोनी निर्मित हुई, बनाई गई, उस समय से लेकर आज की अवधि तक वहाँ श्रमिक रहते हैं, सब कुछ है, शौचालय है, मूत्रालय है। लेकिन उन शौचालय, मूत्रालयों की नालियों की, सड़कों की ऐसी दुर्दशा है कि वे जर्जरित हैं। उन पर दो हजार श्रमिकों के परिवार वालों को नारकीय जीवन यापन करना पड़ रहा है। शौचालय जो फ्लश के कहे जाते हैं उनके सेप्टी टैंक भरे हुए हैं। उनमें पाखाना करने नहीं जा सकते। इसी के साथ वहाँ सुअर इर्द-गिर्द घूमते हैं, नालियाँ जर्जरित हैं। मकान के बिलकुल बाहर नालियाँ हैं। मच्छर भिनभिनाते हैं। नालियाँ टूटी हैं इसलिए सफाई बराबर होती नहीं। सरकार ने उत्तर दिया है कि सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं, यह मिथ्या है, और भ्रमित करने वाली बात है। श्रमिकों के बारे में बराबर आश्वासन दिया जाता है कि लेबर कालोनी का विकास करेंगे, जल्दी ही शौचालय बनायेंगे, मूत्रालय ठीक करेंगे। लेकिन मैं आपको अर्ज करूं, जब से लेबर कालोनी बनाई गई, उन क्वार्टर्स की रिपेयर तक नहीं की गयी। उनकी खिड़कियां, जालियाँ टूटी हुई हैं। श्रमिक संगठन इसके लिए बार-बार प्रतिनिवेदन देते हैं, रिप्रजेण्टेशन देते हैं, उनको आश्वासन तो दिया जाता है लेकिन आज दिन तक उस ओर ध्यान नहीं दिया गया है, मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है, माननीय अध्यक्ष महोदय, 2 हजार श्रमिक परिवार वहाँ पर रहते हैं। शौचालय ठीक नहीं, किसी के किवाड़ टूटे हुए हैं, फ्लश टैंक भरे हुए हैं, और बरसों से भरे हुए हैं, सफाई तक ठीक नहीं करा पा रहे हैं। आज की स्थिति में भी भरे पड़े हैं। ऐसी स्थिति में मेरा एक निवेदन है कि इस बारे में आप सरकार को कहें, मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि सरकार इस पर ध्यान दे और कार्यवाही करे। अन्यथा, मैं आपको बताऊँ, वहाँ का श्रमिक आन्दोलित होगा और आन्दोलित होकर इसके बारे में कार्यवाही करेगा। क्योंकि प्रति वर्ष उनमें कुछ न कुछ लगना चाहिए, उनकी मेन्टिनेन्स होनी चाहिए उनसे किराया लिया जाता है। परन्तु आज दिन तक इस सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। तो मेरा आपके माध्यम से यही निवेदन है कि यदि शौचालय, मूत्रालय, मकान ठीक नहीं किये गये, जर्जरित सड़कों को ठीक नहीं किया गया तो वहाँ के मजदूर संगठन और श्रमिक मिलकर आन्दोलित होंगे। उसका परिणाम क्या होगा, यह सरकार जाने। लेकिन सरकार श्रमिकों के हित की बात कहती है तो इस दिशा में ध्यान दिया जाना चाहिए।

श्री अध्यक्ष : श्री दाऊदयाल जोशी। आयुर्वेद विभाग में स्थानीय स्नातकों के उपलब्ध होते हुए भी बाहर के स्नातकों की नियुक्ति।

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : अध्यक्ष महोदय, राज्य का दुर्भाग्य है कि जहाँ एक ओर 250 से अधिक आयुर्वेद के स्नातक बेरोजगार की श्रेणी में हैं····

श्री अध्यक्ष : आपको भी शामिल मान रहे हैं क्या ?

श्री दाऊदयाल जोशी : नहीं, भगवान की दया से मैं तो यहाँ से छुट्टी मिलने के बाद अपनी प्रेक्टिस अलग से करूंगा। निवेदन करना यह है कि जहाँ 250 से अधिक आयुर्वेदिक स्नातक बेरोजगारी की स्थिति में हैं वहीं आयुर्वेद मंत्री ने × × × राजस्थान के बाहर से 20 व्यक्तियों की नियुक्ति की है····

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आरोप जो लगाया है वह एक्सपन्ज किया जाय। कृपया !

श्री दाऊदयाल जोशी : कारण बता रहा हूं।

श्री अध्यक्ष : जिस किसी के सम्बन्ध में आपत्ति की जाय, मामला पूर्व सूचना के, बिना नियमों के माननीय सदस्य सदन के समक्ष न लायें।

श्री दाऊदयाल जोशी : बाहर के विद्यार्थियों को माननीय मंत्री महोदय ने विभाग में नियुक्ति दी। 4 उत्तर प्रदेश के, 8 मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों को नियुक्ति दी····

श्री अध्यक्ष : देश एक है।

श्री दाऊदयाल जोशी : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश सरकार ने कानून बना दिया कि हमारे यहाँ की यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को ही नियुक्ति देंगे। पिछले 5 साल से मध्य प्रदेश के अलावा कहीं का भी विद्यार्थी आयुर्वेद विभाग में नहीं लिया जाता है····

श्री अध्यक्ष : राजस्थानवासी भी बहुत से अन्य प्रदेशों में हैं।

श्री दाऊदयाल जोशी : उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले साल कानून बना दिया, नियम तय कर दिये कि उत्तर प्रदेश की यूनिवर्सिटी के अलावा कहीं के स्नातकों को नियुक्ति नहीं दी जाय। अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में कानून बना दिया, मध्य प्रदेश में कानून बना दिया कि वहाँ के स्नातकों के अलावा कहीं के स्नातकों को नियुक्ति नहीं देंगे, लेकिन राजस्थान सरकार ने 250 स्नातकों को बेरोजगार की श्रेणी में खड़ा करके बाहर के लोगों को नियुक्ति दे दी। मेरा निवेदन है कि नियुक्ति दे दी, कोई बात नहीं। लेकिन इण्डियन मेडिसन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। उनके पास इन्डियन मेडिसन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन नहीं है। मैं आपके माध्यम से आरोप लगा रहा हूं कि इन्डियन मेडिसन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन होना ही नहीं, दो व्यक्तियों की उम्र समाप्त हो गई नौकरी करने की, उनको भी नियुक्ति दे दी। मैंने पिछली बार····

श्री अध्यक्ष : किसी अन्य तरीके से उठाना चाहिये, माननीय सदस्य।

श्री दाऊदयाल जोशी : कौनसे अलग तरीके से उठायें।

× × ×अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

श्री अध्यक्ष : वाद-विवाद के समय उठायें ।

श्री दाऊदयाल जोशी : स्थगन प्रस्ताव अलग से प्रस्तुत किया है····

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य !

श्री दाऊदयाल जोशी : अध्यक्ष महोदय, दो व्यक्तियों ने वृहस्पति के लिये निवेदन किया, पिछले साल जिनको इसलिये नियुक्ति नही दी जा सकी थी कि उनके पास इन्टर्नशिप का प्रमाण-पत्र नही था । इन्टर्नशिप नहीं करने वाले व्यक्तियों को भी आयुर्वेद विभाग में नियुक्ति दे दी गई । अध्यक्ष महोदय, जो मैंने पहले आरोप लगाया, क्या इस बात से उसकी पुष्टि नहीं होती है ?····

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज !

श्री दाऊदयाल जोशी : अध्यक्ष महोदय, ऐसे लोगों को नियुक्ति देने से मेरा आरोप सिद्ध है । जिस समय मैं आयुर्वेद विभाग की डिबेट पर बोलूंगा उस समय प्रमाण सहित बोलूंगा तब आयुर्वेद मंत्री जी निरुत्तर हो जाएँगे ।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज । जो आरोप लगाया है उसे एक्सपन्ज किया जाय ।

आर्डर प्लीज ।

(व्यवधान)

श्री दाऊदयाल जोशी : मैं आरोप लगा रहा हूं ।

श्री मोहनलाल मोदी : यह अनर्गल बात नहीं होनी चाहिये ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : जो आरोप आपने लगाये हैं उनको एक्सपन्ज कर दिया गया है । कृपया बैठ जाय ।

श्री महावीर प्रसाद जैन (टौंक) : पंचायत समिति टौंक के प्राथमिक शालाओं में अध्यापकों की कमी ।

श्री महावीर प्रसाद जैन (टौंक) : अध्यक्ष महोदय, राज्य सरकार ने स्वयं स्वीकार किया है कि निर्धारित मापदण्ड के अनुसार 114 प्राथमिक शालाओं में 44 अध्यापकों की कमी है । 8 स्कूल इन्होंने और स्वीकृत किये हैं । इस प्रकार 52 अध्यापकों की कमी है । माननीय अध्यक्ष महोदय····

श्री अध्यक्ष : नये स्कूल खोले हैं उनके लिये तो अध्यापकों का प्रावधान किया होगा ?

श्री महावीर प्रसाद जैन : अध्यक्ष महोदय, 3 हजार अध्यापकों की नियुक्ति का प्रावधान किया है । 114 स्कूलों में इधर-उधर से अध्यापक लगाये हैं लेकिन टौंक में नहीं लगाये । अध्यक्ष महोदय, प्रत्येक बच्चे को शिक्षा देना चाहते हैं, सबको साक्षर करना चाहते हैं, किन्तु स्कूलों की हालत यह है कि 50 विद्यार्थियों पर भी एक अध्यापक होगा, चाहे 4 कक्षाएँ चलती हों, चाहे 3 कक्षायें

(श्री महावीर प्रसाद जैन)

चलती हों, एक अध्यापक होगा। अध्यक्ष महोदय, एक अध्यापक सारी कक्षाओं को किस प्रकार पढ़ा सकता है। निर्धारित नार्म्स के अनुसार यह अध्यापक लगायें तो 44 अध्यापकों की कमी है। राज्य सरकार ने इस बजट में केवल 3 हजार अध्यापकों की स्वीकृति दी है जब कि कम से कम 20-25 हजार अध्यापकों की कमी है। इसलिये इनकी मंशा साफ हो जाती है कि छात्र पढ़ें नहीं, गांव का छात्र भी अनपढ़ रहे। इनका बीस सूत्री कार्यक्रम है, सबको साक्षर करेंगे, इस प्रकार की घोषणा करके कहां से पढ़ायेंगे, कैसे साक्षर करेंगे? किसी प्रकार का इनकी प्लानिंग या नियोजन नहीं लगता। गांव के बच्चों को भगवान के भरोसे छोड़कर डाइरेक्टिव प्रिन्सिपल्स ऑफ कान्स्टीट्यूशन का किस प्रकार से पालन कर रहे हैं, मेरी समझ में नहीं आता।

अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे समय दिया उसके लिए तो मैं आपका बहुत बहुत आभारी हूं लेकिन सरकार का ध्यान दिलाकर निवेदन करना चाहता हूं, चेतावनी देना चाहता हूं कि गांवों की आज जिस प्रकार से उपेक्षा की जा रही है वह ठीक नहीं है, एक अच्छी परम्परा नहीं है।

श्री अध्यक्ष : श्रीमती विद्या पाठक। मांडिया डूंगर झालाना जिला जयपुर में खनन कर रहे अनुसूचित जाति के लोगों को बेरोजगार करने के विषय में।

श्रीमती विद्या पाठक (सांगानेर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जो जनहित के प्रश्न है उनको सब-जुडिस रूप देकर हमेशा के लिये, जब तक निर्णय नहीं हो, अवधि जिसकी निश्चित नहीं हो, टाल दिया जाय।

अध्यक्ष महोदय, आज मुझको मालूम नहीं था कि सदन में मामला आने वाला है इसलिये मैं मेरे पास जो प्रमाणित कागजात थे लेकर नहीं आ सकी परन्तु मोटे मोटे रूप से इस विषय में कुछ कहना चाहूंगी। एक सबसे बड़ा प्रश्न अपने सदन की व्यवस्था का भी है कि जिस प्रश्न का उत्तर गलत दे दिया जाय, स्थगन प्रस्ताव का जवाब गलत दे दिया जाय उसके लिये किसको कहें, किसको समझायें कि यह बात गलत है। न मंत्री यहां पर है, न सम्बन्धित अधिकारी गण। अगर अधिकारी है तो केबिन में हैं। इसलिये इस प्रकार के स्थगन प्रस्ताव से बहुत प्रभाव होने वाला हो, ऐसा नहीं लगता है। ऐसे प्रश्न निरर्थक हो जाते हैं। केवल अधिकारी और सरकार ध्यानपूर्वक कन्फर्म करेगी या डिनाई करेंगी। मैं समझती हूं कि इस व्यवस्था में परिवर्तन की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदय, यह जो जवाब दिया गया कि मामला सब-जुडिस है। वर्ष 1980 के बाद जो भी स्थान है, वन पूर्ण रूप से आरक्षित है। आरक्षित वन क्षेत्र में खनन के लिये इजाजत नहीं दी जायगी। यह केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार का नियम है। मगर यहां यह भी चर्चा कर रहे हैं, ये लोग सन् 1974 से काबिज हैं और इन खानों में खनन कर रहे हैं, छोटी-बड़ी खानें हैं, निरन्तर खनन कर रहे हैं, इस स्थान पर कोई वन क्षेत्र आरक्षित नहीं है। आप स्वयं जाकर देख लीजिये, माननीय

(श्रीमती विद्या पाठक)

अध्यक्ष महोदय। तो ऐसी स्थिति में भी गत वर्ष, यही तो आश्चर्य है, डेढ़-दो साल पहले एक वर्ष में चार बार स्वीकृति दी गई। जिसमें पिछली स्वीकृति अभी 15–20 दिन पहले दी गई। इतने वर्षों तक खनन कार्य करते रहे और अधिकारी लोग अपनी मनमानी करते रहे, कहीं भी नियमों की पालना नहीं की गई, और नियमों के विरुद्ध काम किया गया। सरकार इस विषय में यह कह कर मौन नहीं हो सकती कि यह सब जुडिस है। इसलिए इसको सीरियसली एग्जामिन करने का इस साल प्रयत्न किया जाय और सदन में आपके मार्फत इन तथ्यों की पुष्टि और इसके निराकरण की व्यवस्था की जाय।

श्री अध्यक्ष : श्री देवीसिंह भाटी। कोलायत तहसील में भेड़ों में बीमारी के बारे में।

श्री देवीसिंह भाटी (कोलायत) : अध्यक्ष महोदय, जिला बीकानेर तहसील कोलायत में करीबन साढ़े पांच लाख भेड़े हैं। गत वर्ष भी मैंने स्थगन प्रस्ताव दिया था, इसी प्रकार से जो अकाल की स्थिति में पूर्व में कमजोर हो जाती हैं इन्हें जूं से अन्य बीमारियाँ लग जाती हैं। फिर भी तीन माह तक उपचार को व्यवस्था नहीं की गई। उस वक्त हमारे समाज कल्याण मंत्री श्री दुलारामजी दौरे पर गये थे। जब उन्हें लोगों ने दावा में, गंडाल में और गडियाला में ज्ञापन दिये थे, और शिकायत की थी कि साहब आप उपचार के लिये कोई व्यवस्था कीजिये, भेड़ें मर रही हैं, अकाल अलग से है और जुओं की बीमारी अलग से लगी है परन्तु उस वक्त भी उपचार नहीं किया गया। मैं निश्चित तौर पर आपको निवेदन करूं कि डेढ़ लाख भेड़ें हमारी मर गई। सरकार राहत अन्य तो कोई दे नहीं सकती। हम तो सिर्फ इतना चाहते हैं कि मामूली जो पैसे लगते हैं जो कि गांव वालों की जानकारी में है नहीं, उसकी अगर समय पर व्यवस्था कर दें तो हमारा जो पशुधन है भेड़ें हैं वह बच सकती हैं। यह राज्य सरकार ··

श्री अध्यक्ष : वर्तमान में तो काफी प्रयत्न किये जा रहे हैं। सरकार ने उत्तर भेजा है उसमें उन्होंने बताया है।

श्री देवीसिंह भाटी : अध्यक्ष महोदय, वही मैं निवेदन कर दूं कि राज्य सरकार की ओर से जो उत्तर आया है उसमें यह बताया है कि हमने टोलियाँ बना दीं और उन गांवों के अन्दर भेजी हैं। मैं अभी हाल ही में गांव बरकलपुर, राववाला और अतुलसर में जाकर आया हूं····

श्री अध्यक्ष : वहाँ टोलियाँ मिली कि नहीं आपको कोई ?

श्री देवीसिंह भाटी : कोई टोलियाँ नहीं मिलीं। अध्यक्ष महोदय, एक उनका स्टाफ असिस्टेन्ट बैठा था, उसने यह बताया कि अभी तो हमारे अधिकारीगण दौरा करके गये हैं और दवाइयों की व्यवस्था करने के लिए उन्होंने जयपुर को लिखा है। अध्यक्ष महोदय, कब उनकी व्यवस्था होगी ? मेरा यही निवेदन है कि जुओं की बीमारी लगी उसके लगने से ही यह निमोनिया की बीमारी लगी। उससे उनके दस्तों

(श्री देवीसिंह भाटी)

के अन्दर खून आने लगा है, उनके मुँह से झाग आकर बीमारी लगकर वह खतम होने जा रही है। मेरा स्थगन प्रस्ताव देने का तात्पर्य यही था कि शीघ्र ही राज्य सरकार की ओर से व्यवस्था हो। जिला मुख्यालय के अलावा जयपुर से अलग टोलियाँ भेजी जावें क्योंकि यह काफी फैला हुआ क्षेत्र है, जगह-जगह भेड़ें हैं। भेड़ ही हमारा एक साधन है जिससे हमारा आर्थिक जीविकोपार्जन होता है। अध्यक्ष महोदय, तो मैं आपसे पुनः यही कहना चाहूँगा कि आपके पास जो उत्तर आया है उसी के सन्दर्भ में पुनः आप यह लिखें कि अलग से टोलियाँ बनाकर भेड़ों के उपचार के लिए व्यवस्था की जाय।

श्री रामकंवार बैरवा (टोंक) : अध्यक्ष महोदय, मैंने नाम दिया था।

श्री अध्यक्ष : कहाँ है आपका नाम, भेड़ों वाले में ?

श्री रामकंवार बैरवा : शीत लहर से फसलों को होने वाले नुकसान के बारे में।

श्री अध्यक्ष : नुकसान के बारे में कल आपका नाम पुकारा गया, उस वक्त आप उपस्थित नहीं थे। कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये थे, लम्बे समय तक काफी विस्तृत चर्चा हो चुकी है। आज उस पर पुनः चर्चा नहीं होगी।

श्री रामकंवार बैरवा : मैंने कल दिया था....

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य, आज सामान्य वादविवाद हो रहा है बजट पर, उस वक्त आप इस प्रश्न को उठा सकेंगे। उसके दायरे में सभी इस तरह के प्रश्न आ जाते हैं।

सदन पटल पर रखा गया पत्र-प्रतिवेदन एवं लेखे

सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्र। प्रतिवेदन एवं लेखे। सार्वजनिक निर्माण राज्य मन्त्री जी।

श्री चेतराम मीणा (राज्य मंत्री, सार्वजनिक निर्माण) : अध्यक्ष महोदय, मैं कम्पनीज अधिनियम, 1956 की धारा 619ए की उपधारा 3 का भाग (बी) के अन्तर्गत राजस्थान स्टेट ब्रिज एण्ड कन्सट्रक्शन कार्पोरेशन लिमिटेड का चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन एवं 31 मार्च, 1983 को समाप्त हुए वर्ष के लेखे सदन की मेज पर रखता हूँ।

विधायी कार्य : विधेयक का पुर: स्थापन मोहन लाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1984

श्री अध्यक्ष : विधायी कार्य। पुर: स्थापित किये जाने वाले विधेयक। श्री मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1984 को पुर: स्थापित किया जायगा।

श्री बुलाकीदास कल्ला (राज्य मंत्री, शिक्षा) : आपकी आज्ञा से, अध्यक्ष महोदय, मैं मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1984 को पुर:

(श्री बुलाकीदास कल्ला)

स्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूँ।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1984 को पुरः स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाय ?

(स्वीकृत)

मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्व-विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1984 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई।

श्री बुलाकीदास कल्ला : आपकी आज्ञा से, अध्यक्ष महोदय, मैं मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1984 को पुरः स्थापित करता हूँ। अध्यक्ष महोदय, मैं प्रक्रिया के नियम 63 (1) के अन्तर्गत मोहनलाल सुखाड़िया विश्व-विद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1983 (1983 का अध्यादेश संख्या 8) को जारी करने के कारणों का विवरण भी सदन की मेज पर रखता हूँ।

शासकीय वक्तव्य

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बिना पूर्व सूचना एवं बिना कण्ट्रोल का कागज उपलब्ध कराये 44 नयी पुस्तकों का मुद्रण।

श्री अध्यक्ष : मन्त्री द्वारा वक्तव्य। श्रीमती कमला, शिक्षा मन्त्री। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बिना पूर्व सूचना एवं बिना कण्ट्रोल का कागज उपलब्ध कराये 44 नई पुस्तकों का मुद्रण कराने के सम्बन्ध में।

श्रीमती कमला (शिक्षा मन्त्री) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री कैलाशजी मेघवाल ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा बिना पूर्व सूचना व बिना कण्ट्रोल का कागज उपलब्ध कराये 44 पाठ्य पुस्तकों को नई छपवाने के निर्णय को अविवेकपूर्ण बताते हुए इससे उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों के सम्बन्ध में अपना जो स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया है उसके सम्बन्ध में तथ्य निम्न प्रकार है—

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, 1957 के तहत एक स्वायत्त शासी संस्था है। उक्त अधिनियम के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्य कार्य है, परीक्षायें संचालित करना, पाठ्यक्रम निर्धारित करना, संस्थाओं को मान्यता प्रदान करना, छात्रवृत्तियाँ आदि देना एवं अन्य समस्त वह कार्य, जो राज्य में माध्यमिक शिक्षा के नियमों तथा देखरेख के लिए गठित निकाय की हैसियत से बोर्ड के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में अपेक्षित हों, करता है, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, 1957 के अध्याय 6 विनिमय 18 के अन्तर्गत पुस्तकें लिखवाने का कार्य बोर्ड की शक्तियों के अन्तर्गत आता है। उक्त शक्तियों के अन्तर्गत बोर्ड समय समय पर विभिन्न विषयों हेतु पुस्तकें अभि-स्तावित एवं प्रस्तावित करता है। ये पुस्तकें दो प्रकार की होती हैं, प्रथम वे पुस्तकें जिनका लेखन बोर्ड स्वयं लेखक नियुक्त करके करवाता है तथा इन पुस्तकों के मुद्रण व वितरण हेतु पंजीकृत प्रकाशकों से निविदायें आमंत्रित करता है। इन पुस्तकों को राष्ट्रीयकृत पुस्तकें कहा जाता है। सर्वप्रथम 1963 में बोर्ड ने इस श्रेणी में पुस्तकें लिखवाना प्रारम्भ किया और 1982 तक इस श्रेणी में 72 पुस्तकें राष्ट्रीयकृत हो

Page No 55

(श्रीमती कमला)

हो चुकी है। एन. सी. ई. आर. टी. स्वयं की पुस्तकों के समग्र राष्ट्रीयकरण कार्यक्रम के सन्दर्भ में राज्य सरकार ने सन् 1980 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को दिशा निर्देश दिया कि बोर्ड धीरे-धीरे सभी पुस्तकें राष्ट्रीयकृत करने के कार्य को गति प्रदान करे। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं की पिछले 9 से 14 वर्षों से लगातार चली आ रही पुस्तकों को बदला जाना बहुत पहले ही आवश्यक हो चुका था। ऐसी सात विषयों की 15 पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण इस वर्ष किये जाने का बोर्ड ने निर्णय किया है।

सन् 1983-84 में राष्ट्रीयकृत एवं अराष्ट्रीयकृत कुल 216 पुस्तकें बोर्ड द्वारा प्रस्तावित व अभिस्तावित थीं। इनमें से 137 पुस्तकों के सम्बन्ध में बोर्ड ने लेखन या प्रकाशन अधिकार बदलने के सम्बन्ध में कोई निर्णय नहीं लिया। अर्थात् उनको यथावत् ही रखने का प्रस्ताव किया। इनमें 20 राष्ट्रीयकृत पुस्तकें भी सम्मिलित हैं जिनका पर्याप्त स्टाक सम्बन्धित प्रकाशक के पास होने से यह पूर्व के मूल्यों पर ही छात्रों को उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा 15 पुस्तकें कोर्स से नितान्त रूप से हटाई जा चुकी हैं। राष्ट्रीयकृत 54 पुस्तकें, जिनका स्टाक उपलब्ध नहीं है, के प्रकाशन अधिकार दिये जाने हेतु बोर्ड ने पंजीकृत प्रकाशकों से इस वर्ष निविदायें आमन्त्रित की हैं जो सन् 1984-85 में पुस्तकें उपलब्ध करवायेंगे। शेष पुस्तकों का लेखन, मुद्रण एवं वितरण सभी स्तर का समग्र राष्ट्रीयकरण करने का बोर्ड ने प्रथम बार निर्णय लिया है। जिन 15 पुस्तकों····

(व्यवधान)

यह क्या कर रहे हो भाई !

जिन 15 पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण इस वर्ष किया गया है राष्ट्रीयकृत नहीं भी की जातीं और यथावत् ही छप कर बाजार में आतीं क्योंकि उनका स्टाक छात्र संख्या के परिप्रेक्ष्य में प्रकाशकों के पास में 1984-85 हेतु पर्याप्त नहीं है, तो इन पुस्तकों का 1984 संस्करण का मूल्य पूर्व के मुकाबले बढ़ता क्योंकि कण्ट्रोल का कागज इस वर्ष उपलब्ध नहीं हुआ। वैसे कण्ट्रोल कागज का मूल्य एवं मुद्रण लागत पूर्वापेक्षा बहुत बढ़ गयी है। इस वर्ष राष्ट्रीयकरण की गयी 15 पुस्तकों में से फिर भी 9 नई पुस्तकें छात्रों को पुरानी पुस्तकों के 1984 संस्करण के मुकाबले 13 पैसे से 4 रुपये 9 पैसे तक सस्ती प्राप्त होंगी। पूर्व के मुकाबले में शेष 6 पुस्तकों में जो वृद्धि होगी, वह प्राप्त दरों के आधार पर मात्र 28 पैसे से दो रुपये 96 पैसे के बीच होगी। सम्भावना तो यह है कि ये 6 पुस्तकें भी बोर्ड द्वारा अन्तिम अनुमोदन के बाद जब मुद्रित होंगी तो वास्तविक पृष्ठ संख्या के आधार पर उनका मूल्य भी सम्भवतः पुरानी पुस्तकों के 1984 संस्करण से कम ही होगा। ऐसी स्थिति में उपरोक्त 15 पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण छात्रों के शैक्षिक तरक्की के दृष्टिकोण से व राष्ट्रीयकरण के लक्ष्य के अन्तर्गत किया जाना उचित समझ कर बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

29 राष्ट्रीयकृत पुस्तकों, जो पिछले पांच से 12 वर्षों से चली आ रही हैं, को लिखवाने का निर्णय भी बोर्ड ने इस वर्ष लिया है। इनमें हिन्दी की 12, अंग्रेजी की

(श्रीमती कमला)

7, संस्कृत की 9 व सामान्य विज्ञान की 1 पुस्तक है। इन पुस्तकों को पाठ्यक्रम परिवर्तन के कारण पुनः लिखवाये जाने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त पुस्तकों में संस्कृत की विभिन्न विधाओं की 4 पुस्तकें नये सिरे से जोड़ी गई हैं जो इस सब्जेक्ट में नहीं थी। इन 29 पुस्तकों में से 9 पुस्तकों का मूल्य पुरानी पुस्तकों के 1984 संस्करण के मुकाबले 13 पैसे से दो रुपये 22 पैसे तक कम होगा। शेष 6 पुस्तकों में 15 पैसे से 61 पैसे तक वृद्धि हो सकती है। किन्तु यहाँ भी सम्भावना यही है कि पुस्तक का मुद्रण हो जाने पर वास्तविक पृष्ठ संख्या के आधार पर इनका मूल्य भी पुरानी पुस्तकों की तुलना में कम हो सकता है।

पुस्तकों के मुद्रण हेतु कण्ट्रोल का कागज प्राप्त करने के लिये बोर्ड ने 17 मार्च, 1983 से अपने प्रयत्न प्रारम्भ किये थे किन्तु केन्द्रीय सरकार को कागज मिलों से पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने से राज्य सरकार को पर्याप्त कोटे का आवंटन नहीं हो सका और इसके फलस्वरूप राज्य सरकार बोर्ड को कागज उपलब्ध नहीं करा सकी जो पुस्तक प्रकाशकों को वह उपलब्ध करा सकता। कण्ट्रोल का कागज प्राप्त करने हेतु बोर्ड पूरा प्रयत्नशील है तथा यदि पुस्तकों का मुद्रण प्रारम्भ होने से पूर्व कागज प्राप्त हो गया तो पुस्तकों के मूल्य में और भी भारी कमी हो सकेगी। वर्तमान में बोर्ड ने मिलों को 467 टन कागज हेतु अग्रिम राशि जमा कराई हुई है।

माननीय सदस्य महोदय ने मूल्य वृद्धि के कथन में जिन आठ पुस्तकों के पुराने मूल्य से तुलना करते हुए नई पुस्तकों के मूल्य का उदाहरण दिया है उसके सम्बन्ध में स्थिति यह है कि निविदा में प्राप्त मूल्य वास्तविक मूल्य नहीं होंगे, पुस्तकों का वास्तविक मूल्य पुस्तक मुद्रित हो जाने पर उसके मुद्रित प्रत्येक पृष्ठ के आधार पर निर्धारित होगा।

माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पुस्तकों को बिना पूर्व सूचना के बदले जाने का भी उल्लेख किया है। उल्लेखनीय यह है कि बोर्ड पुस्तकों के लिए पिछले कई वर्षों से केवल एक सत्र का ही विक्रय अधिकार प्रकाशकों को देता रहा है जिससे जब कभी भी पुस्तकों की तबदीली की जरूरत पड़े तो उसको बदलने में दिक्कत नहीं हो। अतः सभी पुस्तक प्रकाशकों को इस बात की पूर्ण सूचना है कि उसके प्रकाशन अधिकार की अवधि 31 मार्च, 1984 को समाप्त हो जाती है, अतः अतिरिक्त रूप से उन्हें सूचित करने की जरूरत नहीं थी।

माननीय अध्यक्ष महोदय, उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होगा कि छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं, शिक्षा के क्षेत्र में बदलते आयामों, पाठ्यपुस्तकों में समाविष्ट किये जाने वाले कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीयकरण के लक्ष्य बहुत तेजी से पूरा करने के सन्दर्भ में बहुत समय से वांछित था इस कार्य को गति देने के लिये यह आवश्यक और उचित समझा गया कि इस प्रकार का निर्णय लिया जाय।

श्री कैलाश मेघवाल (अजमेर पश्चिम) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय शिक्षा

(श्री कैलाश मेघवाल)

मन्त्री जी ने जो यहाँ पर स्टेटमेन्ट पढ़ा है उसमें, कीमतों का वास्तविक मूल्य कम हो जायगा, यह कहा है, कि अधिकार है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रावधानों का हवाला देते हुए यह कहा है मैं, माननीय अध्यक्ष महोदय, ज्यादा लम्बा चौड़ा भाषण नहीं देते हुए कुछ पाइन्टेड सवाल पूछना चाहता हूं कि जब तक वह सवाल मैं नहीं पूछूंगा तब तक जो यह इतना साधारण स्टेटमेन्ट और प्रथम दृष्टया स्टेटमेन्ट जो दिख रहा है इससे स्थिति स्पष्ट नहीं होगी, वह इसलिये, अध्यक्ष महोदय, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जो नियम है जिसका कि हवाला मन्त्री जी ने दिया है, नियम 6 का हवाला दिया है, नियम 6 का विनियम 13 (4) प्रत्येक पाठ्यक्रम समिति से सम्बद्ध विषयों का है। वह पाठ्यक्रम समिति उसके नियम तैयार करेगी और आवश्यकतानुसार उपयुक्त पुस्तकें तथा उनके मूल्य की सिफारिश करेगी। माननीय अध्यक्ष महोदय, यह पहला प्रावधान है। मैं इसके विस्तार और भूमिका में न जाते हुए माननीय शिक्षा मन्त्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि जितनी पाठ्य पुस्तकें आपने नयी लिखाई हैं उन में किस किस पाठ्य पुस्तकों के विषय में आपको सिफारिश की है। मेरी जानकारी में, माननीय अध्यक्ष महोदय, यह है कि पाठ्य पुस्तक समिति के द्वारा एक भी पुस्तक में परिवर्तन करने की सिफारिश नहीं की गयी है, जो कि अब छपवाई जा रही हैं उन पुस्तकों के लिये सिफारिश नहीं की गयी है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आज से साल या डेढ़ साल पहले पाठ्य पुस्तक समिति ने गणित की एक पुस्तक को बदलने के लिये, उसके पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने के लिये ठोस आधारों पर सुझाव दिया था, पर दुर्भाग्य से जो एक काम नियमित हुआ उस नियमित काम को उस पुस्तक में सम्मिलित नहीं किया गया है। 54 पुस्तकें आप दे रहे हैं उनमें से पाठ्य समिति ने एक भी पुस्तक का सुझाव नहीं दिया है।

(12.58 म. प.)

(श्री हरिसिंह 'कुम्हेर' सभापति, पदासीन)

सभापति महोदय, दूसरा प्रश्न जो रखना चाहता हूं उसको पढ़ देना चाहता हूं। नियम जो बोर्ड के बने हुए हैं उसके विनियम के अध्याय आठ के पेज नंबर 33 पर आप देख लें, उस पेज 33 पर स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है "पाठ्य क्रम समिति की अनुशंसा पर बोर्ड की परीक्षाओं के लिये पाठ्य क्रम और प्रत्येक विषय के लिये पुस्तकों की अनुशंसा करना" मैं सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं और, माननीय शिक्षा मन्त्री जी, आप इस सारे मसले को किसी भी पूर्वाग्रह या दुराग्रह से मत आँकिये, मैं आपके सामने जो तथ्य रख रहा हूं, मैं आपको पूछना चाहता हूं इस सदन के सामने, क्या इसकी जो पालना की गयी है, वह केरीकुलम कमेटी जो बनी हुई है उस केरीकुलम कमेटी के सामने पाठ्यक्रम समिति की सिफारशें की जाती हैं उस केरीकुलम कमेटी के माध्यम से अब अनुशंसित होने के बाद ही छपाई में जाती हैं। माननीय सभापति महोदय, पर एक भी पुस्तक का, जैसा मैंने कहा न तो पाठ्यक्रम

(श्री कैलाश मेघवाल)

समिति ने सुझाव दिया और न केरीकुलम समिति ने अनुशंसा की है। हालत यह है, सभापति महोदय, मैं तो यह चाहता था कि शिक्षा मन्त्री जी सीधे सीधे सारे तथ्य यहां पर रख देतीं क्योंकि मैंने लिखा है कि स्टॉक भी पड़ा है, मैंने लिखा है कि महगा भी हो रहा है। मैंने यह भी लिखा है कि यह आदेश अभी तक नहीं किये गये हैं। इसीलिये मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि 15 मार्च, 1984 को आपने आदेश दे दिये, मुद्रण आदेश दे दिये, माननीय सभापति महोदय, जो दस किताबें बोर्ड की तरफ से छपवाई जा रही हैं और बोर्ड प्राप्त करके इन पुस्तकों को अपने माध्यम से बिकवायेगा, उन दस पुस्तकों के मुद्रण के आदेश भी 15–3–84 को दिये जा चुके है। दूसरी जो 34 पुस्तकें हैं जिनमें चार संस्कृत शिक्षा की आप कहती हैं और 30 दूसरी पुस्तकें हैं उनके छपवाने के मुद्रण आदेश भी 15-3-84 को दिये जा चुके हैं। मैं आपसे स्पष्ट रूप से पूछना चाहता हूं कि यह किस बात के आदेश दिये गये। क्या हवा के दिये या जल के दिये या पहाड़ के दिये हैं? सभापति महोदय, आपको सुन कर आश्चर्य होगा, जानकारी है कि एक भी पान्डुलिपि आज तक किसी भी मुद्रक के पास नहीं भेजी गयी है। यह पान्डुलिपि कहां पड़ी है? क्योंकि एतराज उठ गया और सभापति महोदय, यह तो आप जानते हैं कि कहीं न कहीं श्रद्धालु लोग रहते हैं उन्होंने इसके लिये एतराज उठाया और कहा, यह पुस्तकें कैसे छप रही हैं। जो समिति होती है उसको भी मालूम नहीं पड़ा कि पुस्तकें छप रही है।

(1.00 म. प.)

जब इनको मालूम पड़ा, जब यह एतराज उठाया गया, तो कहा साहब न तो पाठ्यक्रम समिति ने सुझाव दिये और न केरीकुलम समिति ने अनुशंसा की इन पुस्तकों को छपवाने के लिए। तो किस आधार पर यह हुआ? अब प्रत्येक पाण्डुलिपि की केरीकुलम कमेटी में स्क्रूटिनी हो रही है इसकी पिछली बैठक वाणिज्य की 12-3-84 को हुई थी उसमें कुछ सुझाव दिये और 25-3-84 को फिर से बैठक होगी। उसमें भी उन सदस्यों ने कहा कि जिस लेखक से लिखवाई हैं, यह बिलकुल भद्दी हैं, ठीक ढंग से लिखी हुई नहीं हैं। इसलिये पुराने सुझावों के आधार पर जब नई पाण्डुलिपि लिख कर आ जाय एक बार हम फिर इसका परीक्षण करेंगे। माननीय सभापति महोदय, मैं चाहता हूं शिक्षा मंत्री जी इस सदन के सामने यह रखें कि क्या 15-3-84 को सब आदेश मुद्रण के दिये गये या नहीं? 10 पुस्तकों के तो आपने पर एग्रीमेंट भी हस्ताक्षरित करवा लिये। इन 34 पुस्तकों के एग्रीमेंट मुद्रकों से तो करवा लिये और चूंकि यह स्थगन प्रस्ताव चला गया और हो सकता है यह आशंका हो गई हो कि यह भण्डा फूटने वाला है इसलिए मुद्रकों से दस्तखत ले लिये। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की टेबल पर शिक्षा बोर्ड की तरफ से दस्तखत करने के लिए कागज अभी तक रखे हुए हैं। आज इस बहस के बाद जो भी नतीजा निकलेगा, तब वह किये जायेंगे। मैं इसलिये पूछना चाहता हूं, आखिर यह तमाशा आप क्यों कर रहे है?

Page No 59

(श्री कैलाश मेघवाल)

जो हवाला आपने दिया उसी का हवाला मैं दे रहा हूँ।

इसके बाद, माननीय सभापति महोदय, लेखकों का चयन किया। एक बात कही गई है कि लेखकों से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पुस्तकें लिखवाई है, यह भी बहुत बड़ा मुद्दा है इस सारे सवाल को समझने के लिए इसलिए बहुत बड़ा मुद्दा है कि इस माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में अच्छे लेखक पुस्तकें लिखें, अच्छे विषयों के मान्यता प्राप्त पंडित पुस्तकें लिखें, वह पुस्तकें इन दो क्रमों से, पाठ्यक्रम समिति के माध्यम से और केरीकुलम समिति के माध्यम से परीक्षण होने के बाद छपने के लिए जायं। इसकी परम्परा क्या है? आज से दो साल पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक विज्ञप्ति निकाली और सारे देश के लेखकों को आमंत्रित किया, आव्हान किया कि हम पुस्तकें बदलना चाहते हैं इसलिए आप हमारे यहाँ अपना नाम भिजवाइये और हमारे यहाँ पंजीकृत करा लीजिये। आपकी योग्यता क्या है, आपके विषय क्या है, आपके अब तक के अनुभव क्या हैं। इस आधार पर, एक विज्ञप्ति निकली। उसके आधार पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने प्रमाणित लेखकों की एक सूची निकाली। आपको आश्चर्य होगा, सभापति महोदय, मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि इस सूची में से एक लेखक को भी आपने पुस्तक लिखने के लिए नहीं दी। यह मैं इसलिए निवेदन करना चाहता हूँ कि जो आपने विनियम का हवाला दिया है उसमें अध्याय 6 के नियम 14 में यह भावना व्यक्त की गई है, यह मैं आपके सामने इसलिये पढ़ देना चाहता हूँ उसकी मंशा यह है कि "बोर्ड में कार्यरत कोई कर्मचारी, बोर्ड का कोई अधिकारी, इन अधिकारियों का कोई रिश्तेदार, पति, पत्नी, सारे रिश्तेदारों की सूचियां हैं, इन लोगों से पुस्तकें नहीं लिखवाई जायंगी। पाठ्यक्रम समिति अथवा बोर्ड के सदस्य अथवा इसके नियमानुसार गठित किसी भी समिति के सदस्य द्वारा उनकी सदस्यता अवधि के दौरान अथवा बोर्ड के किसी भी अधिकारी द्वारा लिखित अथवा प्रकाशित कोई भी पुस्तक बोर्ड को किसी भी परीक्षा के लिए निर्धारित अथवा अभिप्रमाणित नहीं की जायेगी। बोर्ड के सदस्य अथवा इसके नियमानुसार गठित किसी भी समिति के सदस्य द्वारा त्यागपत्र देकर उसकी सदस्यता अवधि के दौरान पुस्तक प्रस्तुत करने पर भी कोई विचार नहीं किया जायेगा", त्यागपत्र दे दें तो भी। "यह प्रतिबन्ध उन लोगों पर लागू नहीं होगा जो बोर्ड अथवा बोर्ड के अधिकार से अध्यक्ष द्वारा पुस्तक लिखने को आमन्त्रित किये जावें अथवा जो अपनी पुस्तक को बोर्ड की पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने के लिए भेंट कर दें। विचारार्थ पुस्तक/पुस्तकों में से कोई पुस्तक बोर्ड अथवा समिति के सदस्य के सम्बन्धी ने प्रस्तुत की हैं तो वह सदस्य बोर्ड अथवा समिति की उस बैठक में उपस्थित नहीं होगा जिसमें उस पुस्तक पर विचार होगा। कोई भी निर्धारित अथवा अभिप्रमाणित पुस्तक सामान्यतः तीन वर्ष की अवधि से पूर्व नहीं बदली जायेगी।" मैंने यह इसीलिए पढ़कर सुनाया, इसकी भावना को ठीक करने के लिए, अब मैंने इसकी भावना आपके सामने रख दी है। यह 44

(श्री कैलाश मेघवाल)

पुस्तकें इन्होंने लिखाई हैं। मैं आपके माध्यम से शिक्षा मन्त्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि लेखकों का चयन करने का आधार क्या है, मापदण्ड क्या है? इनका चयन आपकी किस विशेषज्ञ समिति मे किया? आखिर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड है, राजस्थान के शिक्षा शास्त्री वहाँ पर कई समितियों के सदस्य हैं, कई तरह की कमेटियों के सदस्य हैं। मैं इसलिए पूछना चाहता हूँ कि ये पुस्तकें किससे लिखवाई हैं? अब यह ठीक है कि वे सब भूतपूर्व हैं। लेकिन इन 44 पुस्तकों में अधिकांश पुस्तकें जो लिखवाई हैं वे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के भूतपूर्व सचिवों से लिखवाई हैं। मैं नाम लेना चाहता हूँ, इन 44 पुस्तकों में जो पुस्तकें लिखवाई हैं—पुष्पकान्त दलाल भूतपूर्व सचिव थे, शिवकुमार भूतपूर्व सचिव थे, गजराज जैन भूतपूर्व सचिव थे, मालीराम भूतपूर्व सचिव थे, से लिखवाई हैं। भारत भूषण भूतपूर्व सचिव थे। एम. एल. कोठारी, जो यहाँ के डायरेक्टर, फाइनेन्स कमेटी के रह चुके हैं, से और कुछ ऐसे अध्यापक जो शिक्षा अधिकारी हैं, जो रिटायर हो गये हैं उनसे लिखाई गयीं। इनके अलावा कोई इनको सारे देश अथवा राजस्थान में लेखक नहीं मिले। सारे ऐसे लोग हैं जिनका वहाँ से सम्बन्ध रहा है जो प्रशासन के आगे पीछे घूमने वाले हैं। आज इन पुस्तकों का जो परीक्षण हो रहा है, माननीय सभापति महोदय, राजस्थान के साथ धोखा होगा, राजस्थान की शिक्षा के साथ सबसे बड़ा डिसीव होगा, फरेब होगा। जो पुस्तकें अब परीक्षण में आई हैं और जो सूचनायें अजमेर में मुझ तक पहुँची हैं, माननीय सभापति महोदय, मैं अजमेर से आता हूँ। इससे भद्दी पुस्तकें शिक्षा के स्तर को गिराने वाली पुस्तकें नहीं है। इन लोगों ने कभी पुस्तकें नहीं लिखीं। इन लोगों ने कभी कोई लेखन कार्य नहीं किया। यह सब लोग किसी न किसी बहाने लाभ प्राप्ति के लिए यह चाहते है और चेयरमैन के आगे-पीछे घूम-घामकर इन्होंने सारी पुस्तकें लिखने का अधिकार ले लिया है। मैं आप से यह पूछना चाहता हूँ, इसमें आपका क्या आधार है? मैं आप पर आरोप लगा रहा हूँ, वहाँ पर पक्षपात करके रॉयल्टी मिलती है उनको कुछ दाना-पानी चाहिए। इसके लिए राजस्थान के शिक्षा जगत के साथ धोखा करने की जो साजिश की है, आप स्पष्ट बताइये कि किस आधार पर क्या मापदण्ड और योग्यता थी। दो साल पहले जो सारे लेखकों के पते मँगाये थे और पंजीयन किया था उनमें से किसी से पुस्तक क्यों नहीं लिखवाई? माननीय सभापति महोदय, मैं इससे पहले की एक व्यवस्था और रख देना चाहता हूँ। यह व्यवस्था भी रखना इसलिए आवश्यक है आखिर कुछ परम्परायें, माननीय सभापति महोदय, होती हैं। पुस्तकें राष्ट्रीयकृत करने के पहले की बोर्ड की यह व्यवस्था थी कि बोर्ड पब्लिशर्स से एक बात कहता था कि हमने इन इन विषयों पर पुस्तकें प्रेस्क्राइब की हैं। स्लेबस बनता था, माननीय सभापति महोदय, स्लेबस बनने के बाद उस स्लेबस को पब्लिशर्स को भेजा जाता था, प्रकाशित किया जाता था, निविदा जारी की जाती थी कि हम इस इस विषय की इस इस स्लेबस की पुस्तकें छपवाना चाहते है। पब्लिशर्स एक-दो, चार, पाँच सारे

(श्री कैलाश मेघवाल)

देश में से लेखकों का चयन करके उन लेखकों के आधार पर वह एक एक विषय की पांच-छः पुस्तकें बोर्ड को सबमिट करते थे। उसके बाद उनमें से पाठ्यक्रम समिति स्लेबस के आधार पर, केरीकुलम समिति स्लेबस के आधार पर परीक्षण करने के बाद और फिर बोर्ड में तीन-तीन परीक्षण करने के बाद चयन कर पुस्तक छपवाई जाती थी। वह एक क्रीम आती थी। वह एक अच्छी पुस्तक होती थी। ऐसी व्यवस्था को छोड़कर आज पिक एण्ड चूज़ करने का कोई न कोई आधार बताओ। एक इंस्टीट्यूशन है, करोड़ों रुपयों राजस्थान की जनता का उसमें लगा हुआ है। हर समय आप फीस बढ़ा देते हैं, एग्जामिनेशन की फीस बढ़ा देते हैं। इसमें भी बहुत बड़ा वह है। आखिर हमको यह आधार मालूम पड़ना चाहिए, किस आधार पर आपने चयन किया है। अब मैं कुछ मुद्दे, माननीय सभापति महोदय, उठाऊंगा। मैं चाहूंगा कि माननीय शिक्षा मंत्रीजी ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से उनका आज विधान सभा के सामने जवाब दें। यह इसलिए आवश्यक है, शिक्षा मंत्री जी ने एक बात स्वीकार की है कि यह पुस्तकें पिछले 9 साल से 12 साल से लगातार चली आ रही हैं। माननीय सभापति महोदय, मैं यह पूछना चाहता हूं कि बोर्ड का इतिहास है जब से भी राष्ट्रीयकृत पुस्तकें छपवाना चालू हुआ कभी भी किसी भी साल 8 या 10 पुस्तकों से ज्यादा नहीं छपवाई। इसका कारण क्या है? माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि बोर्ड के अपने नियम हैं उन नियमों में जितनी पुस्तकें छपती हैं, एक पुस्तक पहली बार बोर्ड पूरी छपवाने के लिए कहता है, संख्या दे देता है कि यह सम्भावित छात्र हैं राजस्थान के, अगर संभावित छात्र उस पुस्तक के एक लाख है तो बोर्ड कहता है कि 70 प्रतिशत पुस्तकें छपवाइये। पहली बार वह पुस्तक छपवाने के बाद जब जब भी दूसरी बार वह पुस्तक छपवाई जाती है, माननीय सभापति महोदय, बोर्ड अपने डाइरेक्शन्स देता है कि छात्र संख्या इतनी है छात्र संख्या इतनी होने की वजह से आप 30 या 35 प्रतिशत पुस्तकें छपवाइये। क्यों छपवाइये? आपको तो मालूम है कि नहीं मुझे तो मालूम है क्योंकि मैं भी उस प्रक्रिया से गुजरा हूं, पुरानी पुस्तकें भी पुराने पुस्तक भण्डारों पर बिकती हैं, आपस में छात्र भी बेच देते हैं, यह बोर्ड की मान्यता है कि 70 प्रतिशत के करीब पुरानी पुस्तकें छात्र खरीदते हैं। पुस्तक भण्डार भी उनको इकट्ठा करते हैं। जो छात्र कक्षा पास कर लेते हैं उनके द्वारा वह खरीदते हैं। ऐसी स्थिति में इसलिए निवेदन कर रहा हूं कि आप आठ दस नई पुस्तकें रख देते हैं। 216 और 217 आपने गिनाई वह कोई माने इसलिए नहीं रखते कि मुख्यतः आपकी 50-60 पुस्तकें है जो कि व्यापक स्तर पर सारे राजस्थान में चलती हैं। अब संस्कृत की पुस्तकें हजार हजार दो हजार मुश्किल से छपती होंगी। उर्दू की पुस्तकें हैं गुजराती की पुस्तकें हैं और इसी तरह उपाध्याय और प्रवेशिका की पुस्तकें हैं जो नहीं चलती हैं, उन सब को छोड़ दीजिए लेकिन मुख्यतः 55 या 60 पुस्तकें ऐसी हैं जो कि सारे राजस्थान में चलती हैं। उन 55–60 पुस्तकों में से

(श्री कैलाश मेघवाल)

पहली बार 44 पुस्तकें बिलकुल नयी छपवाई जा रही हैं। इसलिए होगा क्या, माननीय सभापति महोदय, मैं मूल्यांकन पर तो अब आऊंगा कि मूल्य क्या होंगे उनके होगा। यह इससे कि एक साथ हर विद्यार्थी को नयी पुस्तकें खरीदनी पड़ेंगी। जिस विद्यार्थी का काम आज 100 रुपये में चल जाता है, जो गरीब विद्यार्थी पुरानी पुस्तकें 100 रुपये में खरीद कर अपने पढ़ने का काम चला लेता है उसको 500 रुपये में वह पुस्तकें खरीदकर पढ़नी पड़ेंगी। इसलिए आज इस बोर्ड की हिस्ट्री में पहली बार 44 नयी पुस्तकें एक साथ लिखाई जा रही हैं।

अब दूसरे दिनांक 13-3-84 की, तारीख भी दूर नहीं, आप भी शायद मिली हों, डाक्टर माधुरी शाह यूनीवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन की अध्यक्षा जयपुर पधारी। 13-2-84 को उन्होंने एक भाषण दिया। राज्य सरकार को एक सुझाव दिया कि दस जमा दो पद्धति में आपको क्या कहना है। इसको तुरन्त लागू कीजिए। तुरन्त लागू कीजिए यह निर्देश दिया, सुझाव समझ लीजिए, निर्देश तो नहीं दे सकतीं क्योंकि राजस्थान सरकार का अपना भी नजरिया भी हो सकता है। बधाई दूंगा माननीय शिक्षा मंत्राणी महोदया को कि उन्होंने बड़ी तत्परता से 13-4 के उस सुझाव पर चिन्तन करके उसके औचित्य को स्वीकार करते हुए इस बात को सही मानते हुए जो 15-3-84 को शिक्षा संघ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता माननीय श्रीमती कमला जी कर रही थीं, उन्होंने वहाँ कहा है कि दस जमा दो पद्धति को हम तुरन्त लागू कर रहे हैं और इसको क्रियान्वित किया जाना है। आज मैं इसलिए पूछना चाहता हूँ कि यह मामला क्यों उठ रहा है? दस जमा दो पद्धति चालू हो जाने के बाद 11वीं की आप पुस्तकें छपवा रहे हैं, यह सब तो बेकार हो जायेंगी। आज यह स्पष्ट होना चाहिए कि पिछले नौ या दस साल से जो पुस्तकें चल रही हैं एक साल उनको और चलाने देते। आप निर्णय कर लीजिए। केवल एक साल के लिए ही आप कुछ लोगों को राहत देने के लिए अपने इस दुराग्रह पर दृढ़ हैं। आप यह बताइये कि दस जमा दो की जो शिक्षा पद्धति है उसके प्रति आपका क्या रुख है? आपने जिस मीटिंग का हवाला दिया उसमें कहा है, डाक्टर माधुरी शाह ने कहा है कि दस जमा दो की पद्धति लागू हो जानी चाहिए। अगर वह पद्धति लागू हो जायेगी तो यह 11वीं कक्षा के लिए जो पुस्तकें छपवाई जा रही हैं उनका क्या होगा?

इसके बाद, माननीय सभापति महोदय, इसका भी आप मुझे पाइन्टेडली जवाब दीजिए कि 12-2-84 को परीक्षा समिति की एक बैठक हुई। मुझे यह बात कहते हुए खुशी है कि उस परीक्षा समिति में जनता की, गरीब जनता की, राजस्थान की गरीब हिस्से की भावना को समझने वाले लोग थे। उन्होंने एक सिफारिश की, क्या सिफारिश की, माननीय सभापति, यह 9वीं और 10वीं सैकन्डरी की जो पुस्तकें छपती हैं, यह 9वीं और 10वीं की पुस्तकें एक साथ छपती हैं। नवीं में जो छात्र पुस्तक खरी-

(श्री कैलाश मेघवाल)

दता है दसवीं में भी पढ़ता है इसलिए इस परीक्षा समिति ने एक सिफारिश की कि 9वीं और 10वीं की पुस्तक है यह एक साथ छपने वाली हैं। इनको दो भागों में बांटा जाये। एक तो 9वीं के लिए छापी जाय और एक 10वीं के लिए छापी जाय। माननीय सभापति महोदय, इस परीक्षा समिति की सिफारिश बोर्ड की पिछली मीटिंग में प्रस्तुत हुई। अब प्रस्तुत होने के बाद उस पर क्या राय बनी है। मुझे जो जानकारी मिली है उसमें यह है कि बोर्ड भी इस परीक्षा समिति की सिफारिश के औचित्य को मानता है कि यह सही है। दो लाभ होंगे परीक्षा समिति की सिफारिशों से, एक तो छात्रों के बस्तों का भार कम होगा। आजकल सारे राजस्थान में छात्रों के बस्तों का भार बढ़ा हुआ माना जा रहा है, बस्ता बड़ा लम्बा चौड़ा है। आपके भी छोटे-मोटे बच्चे, भाई बहिन पढ़ते होंगे। तो परीक्षा समिति ने यह कारण दिया है कि छात्रों के बस्तों का भार कम होगा और दूसरे दो साल की पुस्तक की ज्यादा कीमत होने की वजह से और बड़ी होने की वजह से एक बार में जो पुस्तक खरीदता है छात्र का अभिभावक उसको ज्यादा पैसा देना पड़ता है तो वह कम पैसे में एक साल में शिक्षा की पुस्तक खरीद कर सकेगा। यह दो दो साल की, इस सिफारिश के बारे में....

(समय-समाप्ति-सूचक घंटी)

माननीय सभापति महोदय, मामला संक्षिप्त कर लेता हूँ मैं लेकिन इस मसले को जरा आप देखिये........

श्री सभापति : आप बोलिये लेकिन संक्षेप में बोलिये।

श्री कैलाश मेघवाल : अच्छा !

तो मैं यह पूछना चाहता हूँ कि परीक्षा समिति की यह जो सिफारिश हुई है इस सिफारिश के बारे में आपको क्या कहना है। जैसा आपने स्वीकार किया है पुराने स्टाक के बारे में एक बात कही, मैंने पुराने स्टाक का एक मसला उठाया है वह फिर उठाना चाहता हूँ आज। मैं, माननीय सभापति महोदय, आपके द्वारा श्रीमती शिक्षा मंत्राणी से स्पष्ट जवाब चाहता हूँ कि यह दोगली नीति क्यों चल रही है ? क्या होता है यह मैं आपको बताऊँ। राष्ट्रीयकृत पाठ्य पुस्तक मण्डल, जिसका नियन्त्रण भी शिक्षा मंत्री जी के पास है, के चेयरमैन भी शायद शिक्षा सचिव या राज्य सरकार के अधिकारी हैं। वह मण्डल एक से आठवीं तक की सब पुस्तकें छपवाता है। माननीय सभापति महोदय, यह पुस्तकें वह अपनी तरफ से छपवाता है और अपनी तरफ से पुस्तक भण्डार को विक्रय के लिए देता है। पिछली बार 1981-82 में छठी और सातवीं की अंग्रेजी की पुस्तक उन्होंने बदली और 1982-83 में बदल दी, परिवर्तित कर दी। पुरानी पुस्तकों को हटाकर नयी पुस्तकें छपवा लीं। छपवाने के बाद, माननीय सभापति महोदय, उन पुस्तकों को केवल 23 जिलों में बंटवाया। कितने जिलों में ? केवल 23 जिलों में। राजस्थान के अलवर, सवाई माधोपुर, भरतपुर और झुंझुनू इन चार जिलों में पुरानी पुस्तकें

(श्री कैलाश मेघवाल)

इसलिए चलवाई कि स्टाक पड़ा है छपा हुआ, आखिर कागज लगता है एक पुस्तक की छपाई में, मेहनत भी लगती है पुस्तक की छपाई में, यह मेहनत और स्टाक बेकार नहीं जाये, यह राष्ट्रीय क्षति होगी, राष्ट्रीय क्षति नहीं तो पाठ्य पुस्तक मण्डल की क्षति होगी। नयी पुस्तकें सही ता थी किन्तु पुस्तकों के परिवर्तन में बहुत छोटे-मोटे संशोधन होते हैं, कोई ज्यादा बड़ी बात नहीं होती है। वह क्यों किया कि पुराना स्टाक खपत हो जाये। सभापति महोदय, मैं आपकी सूचना के लिए निवेदन करना चाहता हूं कि इस बार भी पहली, दूसरी, तीसरी की हिन्दी की और अंग्रेजी की 8वीं की कुल 8 पुस्तकें राष्ट्रीय पाठ्य पुस्तक मण्डल नयी छपवा रहा है। नयी छपवाने के बाद राष्ट्रीय पाठ्य पुस्तक मण्डल ने आदेश दे दिये हैं कि पुराना स्टाक किस किस विक्रेता के पास या हमारे किस किस एजेन्ट के पास पड़ा है उसकी सूचना लाओ। क्योंकि अब यह छपेंगी तो उस स्टाक की तो खपत पहले होनी चाहिए। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं, माननीय सभापति महोदय, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की किताबें पिछले दस-बारह सालों से एक ही तरह की छपती आ रही है। इस तकनीकी बात की आड़ लेकर के एक करोड़ की पुस्तकें हैं, आपके गांवों में भी जो पुस्तक भण्डारों पर आदमी बैठे हैं दो सौ, चार सौ उसके पास होंगी। जो डूंगरपुर बारां में बैठा है, पांच सौ, चार सौ उसके पास भी होंगी। सारे राजस्थान में लगभग एक करोड़ रुपये की पुरानी पुस्तकों का भण्डार है जो कि इकट्ठा हो रहा है दस बारह साल से। एक साल का अनुबन्ध करते हैं। जो पुस्तक भण्डार एक साल के लिए 25 किताबें खरीद करके ले जाता है तो 25 नहीं बिकती हैं तो वह फेंक नहीं देता है बल्कि उनको पड़ी रहने देता है। जब दूसरी बार छात्र खरीदने आता है तो उसको वह बेचता है। यह एक स्थिति है। तो मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि यह प्रक्रिया जो कि पाठ्य पुस्तक मण्डल में है, ठीक बात है, सही बात है, आखिर एक करोड़ की किताबें है उनमें कागज लगा है जो कागज आपको मिल नहीं रहा है, उनमें पूंजी लगी है जो पूंजी राष्ट्रीय पूंजी है। उसको आपने छपवाया है और पुस्तक भण्डार वाले भी आपके सारे सिस्टम के एक अंग है, क्या आपने कभी इनसे पूछा है, क्या आपने यह सारा पब्लिशर्स से पूछा है? कभी उनको सूचित किया है? आप कहते हैं, हमारा कान्ट्रेक्ट है अथवा पब्लिशर्स से कान्ट्रेक्ट है। यह सही है, पब्लिशर्स अपनी रायल्टी ले लेते हैं। इस एक करोड़ की पुस्तकों के भण्डारों का क्या होगा, माननीय सभापति महोदय? उस पृष्ठ भूमि में यहां व्यवस्था है कि इस तरह का स्टाक खपत करवाया जाना चाना चाहिये। यह मैंने आपसे इसलिये कहा कि पाठ्य पुस्तक मण्डल व्यापारिक संस्थान जो राज्य सरकार का है, उसमें अगर आप यह नीति अपना रहे हैं तो जो छोटे-छोटे गरीब पुस्तक भण्डार गांवों में बैठे हैं, जिनके पास अलग-अलग स्टाक है, बड़े भण्डारों के पास बड़ा स्टाक होगा, उनके साथ क्यों अन्याय कर रहे हैं? यह मैंने आपको इसलिये निवेदन किया, माननीय सभापति महोदय,

(श्री कैलाश मेघवाल)

यह हालात मैंने आपके सामने रखे हैं।

अब प्रश्न आया मूल्य का। मुझे अफसोस है, इस विधान सभा के सामने एक ऐसा वक्तव्य दिया गया जिसका कोई आधार नहीं है। अफसोस इसलिये है, माननीय सभापति महोदय, आपने सुना होगा, मैं शिक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूं, आज यह कहना चाहती हैं कि वास्तविक छपाई पर एक तिहाई पृष्ठ रह जायेंगे। क्या कहा है? वास्तविक छपाई पर एक तिहाई पृष्ठ कम हो जायेंगे। ऐसा कुछ उन्होंने कहा है। वह पृष्ठ कम हो जायेंगे और इसलिये पुस्तकों का मूल्य कम हो जायगा। क्या कर रहे हैं आपके यह अधिकारी? आपके यहा तो सारी मशीनरी है। क्या कर रहे हैं आपके ये विशेषज्ञ? क्या कर रहे हैं आपके शिक्षा विभाग के अधिकारी? जिनको यह मालूम नहीं पड़ा कि यह पाण्डुलिपि कितने पृष्ठों में छपेगी। मैं एक दूसरा सवाल पूछना चाहता हूं। यह तो आपने यह कहा कि एक तिहाई पृष्ठ कम हो जायेंगे। मैं आपसे पूछना चाहूंगा, उस पाण्डुलिपि के एक तिहाई पृष्ठ ज्यादा हो गये, एक चौथाई पृष्ठ ज्यादा हो गये तो कीमतें बढ़ेंगी कि नहीं? आखिर एक बात मैंने विधान सभा में रखी है, उम्मीद मैं यह करता था कि शिक्षा मंत्री जी उस बात को सही ढंग से सोचेंगी, उस बात पर मनन करेंगी, विधान सभा के सामने तथ्य रखेंगी लेकिन कुछ किताबों के आंकड़े दे दिये क्योंकि ऐसा गोरखधन्धा इन्होंने पैदा कर दिया है, मेरा तो सवाल था 44 पुस्तकों का। माननीय सभापति महोदय, इन 44 में से 10 तो वह हैं जो बोर्ड छपवा रहा है और 34 वह हैं जो प्राइवेट पुस्तक वालों से छपवाई जा रही हैं। अब एक 20 और ले आईं बीच में कि यह भी हम छपवा रहे हैं और इनकी भी कीमतें तो बढ़ेंगी! क्यों बढ़ेंगी? क्योंकि हम कन्ट्रोल का कागज नहीं दे सके। सभापति महोदय, मैं आपसे पूछना चाहता हूं, राजस्थान गरीब है, राजस्थान में शिक्षा पाने वाले गरीब छात्र हैं ड्राप आउट्स भी आपसे छिपे नहीं हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से छात्र विद्यालयों में नहीं जा पाता। मैं आपके द्वारा कहना चाहता हूं इन पुस्तकों की कीमतें न बढ़ें। आप यह कहती हैं हमने कागज के लिये प्रयत्न किये। आप कहती है कि प्रयत्न किये कागज के लिये और मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आपने प्रयत्न किये नहीं, केन्द्रीय सरकार ने अभी तक आपको 556 टन कागज अलाट कर दिया है। माननीय सभापति महोदय, मैं पूछना चाहता हूं आपके द्वारा शिक्षा मंत्री जी से, यह पूछें अपने अधिकारियों से, यह पूछें अपने मांध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों से, यह कागज, जो 556 टन आपको अलाट हो चुका है, कब-कब अलाट हुआ? उसमें से अभी तक, माननीय सभापति महोदय, 89 टन कागज प्राप्त हुआ है। उस 89 टन पर अभी दस पुस्तकें बोर्ड छपवा रहा है। उस 89 टन पर बोर्ड जो सीधे पुस्तकें छपवा रहा है, बाकी कोई पुस्तक ऐसी नहीं है। वह दस पुस्तकें छापता रहा है जो तालिका आठ की आज आप दे रहे हैं मैंने तो उसमें यह

(श्री कैलाश मेघवाल)

कहा है, मैंने उदाहरण दिये हैं, आपने उसी तालिका को आधार बना लिया है। आप मेरा स्थगन प्रस्ताव पढ़ लीजिये, वह सीधे का सीधा आपके पास आया है, तकनीकी आड़ में मत जाइये, मत जाइये। मैंने स्पष्ट लिखा है, जिसके उदाहरण यह हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि उसके अनुसार जो पुस्तक आज जिस भाव में बिक रही है वही पुस्तक तीन गुना भाव में बिकेगी कि नहीं ? आप सीधे-सीधे जवाब दीजिये, जो दरें आज हैं उन दरों के आधार पर करिये। छपने के बाद कीमत ज्यादा होगी, या कम होगी, जब यह स्थगन प्रस्ताव आया तब आपके अधिकारियों को चेत आया कि यह क्या हो रहा है, हम इससे बचें कैसे ? सभापति महोदय, आज आसन पर आप विराजे हैं, आपका यह निर्णय राजस्थान की शिक्षा को बहुत अधिक रूप से प्रभावित करने वाला है। इसके दूसरे कारण भी हैं, शिक्षा मन्त्री जी बहुत नाराज हैं कुंजी बेचने वालों से मैं भी नाराज हूं और सारा राजस्थान नाराज है। शिक्षा की मौलिकता में विश्वास करने वाला प्रत्येक व्यक्ति कुंजी से नाराज है। होगा क्या, माननीय सभापति महोदय, 15 जून तक इनको पहला लाट छपाई का मिल जाना चाहिये। सबसे बड़ी एक किताब है सामान्य विज्ञान की, जो छपेगी कोई डेढ़ दो लाख में, उस किताब के आर्डर इन्होंने अभी तक नहीं दिये। 25 लाख की छपेगी; अभी तक टेन्डर भी एप्रूव नहीं कर सके। अब उसका यह क्या करने वाले हैं ? कुछ अन्दर की तालमेल है उस पर तो बाद में बोलूंगा क्योंकि अब जो कुछ हो रहा है, अजमेर का होने की वजह से मुझे सब मालूम पड़ रहा है। लेकिन मैं यह निवेदन कर रहा था कि यह आपकी पुस्तकें टाइम पर छपेंगी नहीं। एक जुलाई से सत्र चालू होगा और यह आपके न्यूज प्रिन्ट पर छपेंगी जो बाजार का कागज है। बाजार के कागज और कन्ट्रोल के कागज के फर्क को समझना पड़ेगा। माननीय सभापति महोदय, कन्ट्रोल के कागज का कुछ रंग ऐसा होता है कि तुरन्त पहचाना जाता है। बाजार का कागज जिस मेक का है, अलग-अलग कम्पनियां बनाती हैं, उसको पहचाना नहीं जा सकता, किस कम्पनी का कौनसा है। होगा क्या, आप सुन लीजिये, माननीय शिक्षा मन्त्री जी, हो सकता है अगली बार विधान सभा का सत्र हो, उस सत्र में आपसे पूछूंगा। एक जुलाई तक एक पुस्तक छाप कर आपका कोई पब्लिशर नहीं दे सकता। होगा क्या ? उसकी पांडुलिपि या उसका प्रूफ है वह चुरा लिया जायगा और उसके आधार पर कुंजियां लिखी जायेंगी। जब मौलिक छपी हुई पुस्तक नहीं मिलेगी तो सारे राजस्थान में विद्यार्थी कुंजियां पढ़ेंगे जिन कुंजियों की आप सबसे बड़ी शत्रु है। न केवल यह होगा, माननीय सभापति महोदय, यह पब्लिशर्स बड़े तेज होते हैं, एक पांडुलिपि चुराई, कितने की बिकने वाली है ?25 लाख की। दिल्ली में छपेगी और पुस्तक भण्डारों पर आयगी बिना रायल्टी के। ·25 पर्सेन्ट की रायल्टी का लाभ होगा। सब तरफ आपके दरवाजे खुले हुए हैं भ्रष्टाचार के। नकली पुस्तकें छपेंगी। आप नहीं पहचान सकते, यह

(श्री कैलाश मेघवाल)

नकली पुस्तकें किस कागज पर छप रही हैं। पब्लिशर के कागज पर छपाई है वह पुस्तक है या नकली छप कर आयी है वह पुस्तक। उसमें राज्य सरकार को भी लास होगा। तो मैं यह इसलिये निवेदन करना चाहता हूं, मैंने तीन मुद्दे तो पहले रखे हैं; नौ से बारह साल तक जो व्यवस्था चल रही थी, आप कागज का इन्तजाम नहीं कर सके हो। अगर आप कागज का इन्तजाम नहीं कर सके तो मैं, माननीय सभापति महोदय, आपके द्वारा पूछना चाहता हूं कि कागज का इन्तजाम होने तक क्या एक साल के लिये नहीं टाला जा सकता? यह जितना कागज आपको अभी तक अलाट हुआ है और आगे होने और वाला है, अगर यह कागज अलाट हो जाता है, एक साल के लिये इस को स्थगित कर दीजिये, सारी गड़बड़िया कुछ लोगों को लाभ देने के लिए, कुछ प्रकाशकों को लाभ देने के लिये, राजस्थान की शिक्षा में अराजकता पैदा करने के लिये की जा रही हैं, यह सारी गड़बड़िया समाप्त हो जायेंगी माननीय सभापति महोदय। और मैं प्रामाणिकता से कहता हूं कि आज तक एक पांडुलिपि एक नई पुस्तक की नहीं गई। वह पुरानी गई है 20, नया संस्करण 84 का छपवा रहे हैं उसकी गई है, जो 20 या 30 प्रतिशत छपेंगी, ज्यादा नहीं छपेंगी। नई छपने वाली पुस्तकों की एक पाण्डुलिपि नहीं गई तो रोकिये इस निर्णय को। 556 टन कागज आपको अलाट हो चुका है उसको प्राप्त करने की कोशिश कीजिये। थोड़ा और कीजिये, राजस्थान के शिक्षा जगत पर पड़ने वाले इस भार को आप कम कर दीजिये....

(समय-समाप्ति-सूचक घंटी)

मेरा आपके माध्यम से निवेदन यही है, मूल्यों के गोरख धन्धे पर तो भले ही मैं आपके साथ बैठ कर डिस्कस करने को तैयार हूं। इसमें आपको पूरी तरह से भ्रमित किया गया है। आपकी समझ में आया या नहीं आया, मुझे नहीं मालूम, लेकिन जो मैं समझता हूं वह इतना टैक्निकल और इतने बड़े आंकड़ों वाला है, अगर मैं यहां उसमें उलझ गया तो आप भी समय नहीं देंगे और उसको यहां समझाने में भी थोड़ी मुश्किल पड़ेगी क्योंकि वह टेबल पर आंकड़ों का मामला है। इसलिये एक तिहाई हो जायगी, दो तिहाई हो जायगी अलग से लीजिये, इसका यह हो जायगा, यह दस हमने लिखी है इसका यह हो जायगा, यह पृष्ठ यों बढ़ जायेंगे, ये पृष्ठ यों घट जायेंगे। वह लम्बा चौड़ा मेरे पास सारा है। किन्तु मैं उसमें उलझना नहीं चाहता। आप भी समय के लिये वह कर रहे हैं। तो मेरे इन मुद्दों का जवाब दे दीजिये और इन जवाबों के आधार पर इन्डिपेन्डेंट निर्णय लीजिये। स्वायत्तशासी संस्थाओं के नाम पर मनमानी करने की छूट नहीं दी जा सकती। राजस्थान के गरीब विद्यार्थियों को महंगी पुस्तकें खरीदने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता। मैं निवेदन करना चाहता हूं, यह कहते हैं कि रायल्टी से भार नहीं पड़ेगा।

(व्यवधान)

(श्री कैलाश मेघवाल)

नहीं मैं कीमतों का तो उसमें कहूंगा। 25 प्रतिशत रायल्टी ले रहे हैं और, माननीय सभापति महोदय, इन पुस्तकों से करीब 60 लाख की रायल्टी प्राप्त करेंगे। और उस 60 लाख से अपने खर्चे बढ़ायेगा। इस बोर्ड में तो जब भी कमी पड़ती है यह अपने यहां मांगने नहीं आता, आपको देना हो तो दे दो। परीक्षा फार्म की फीस बढ़ा दी, और कुछ कर दिया, और कुछ कर दिया। सारे देश में मेरी चुनौती है, राज्य सरकार ने 25 प्रतिशत की रायल्टी लगा रखी है वहां सरकार की तरफ से पुस्तकें प्रकाशित होती हैं, सरकार ने राष्ट्रीयकरण किया है, मुझे एक भी बता दें जहां कहीं 10 प्रतिशत से ज्यादा रायल्टी सारे देश में ली जा रही हो? क्या मजाक है? इतना बड़ा निर्णय ले लिया। यह निर्णय लिया जाय, ज्यादा पुस्तकें छपेंगी, ज्यादा आमद नहीं चाहिये, नो प्राफिट नो लाभ के आधार पर चलिये, रायल्टी को कम कीजिये। बोर्ड क्या कर रहा है। यह कह कर नहीं चला जा सकता कि साहब, दस साल पहले एक निर्णय गलत हो गया तो इस साल नहीं सुधारना चाहिए। बोर्ड का कहना है, जैसा मुझे मालूम पड़ा आठ दस लाख की रायल्टी हमें आती है पुस्तकों से, आठ दस लाख की रायल्टी आगे भी मिलनी चाहिए। आमद क्यों करना चाहता है बोर्ड? 50-60 लाख की रायल्टी क्यों लेना चाहता है बोर्ड? इस रायल्टी को भी कम करने की घोषणा कीजिये और यही रायल्टी है, जो आपके अच्छे उद्देश्य हैं कि मौलिक किताब पढ़ें, कुंजियां नहीं पढ़ें और नकली किताबें छपकर नहीं आयें। नकली किताब छप कर आयेंगी तो बोर्ड को बहुत बड़ा घाटा होगा लेकिन बोर्ड के अधिकारी, ये बोर्ड के सेवा निवृत अधिकारी कागज वालों से मिल कर प्रकाशकों से मिल कर यह सारा षड्यन्त्र कर रहे हैं। इसलिये, माननीय शिक्षा मन्त्री जी, आप दूध का दूध और पानी का पानी कीजिए और राजस्थान के शिक्षा जगत को एक जुलाई का अराजकता में जाने से रोकिये। मैं यह कहना चाहता हूं कि एक जुलाई को जब सत्र प्रारम्भ होगा राजस्थान का माध्यमिक शिक्षा का क्षेत्र अराजकता के अंधेरे में धकेल दिया जायगा, उसको रोकिये। इस सारी समस्या को समझिये।

श्री सभापति : शिक्षा मन्त्री जी।

श्रीमती कमला (शिक्षा मन्त्री) : माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्य का बहुत ही आभार मानती हूं कि उन्होंने बहुत ही उपयोगी और आवश्यक सवाल पूछकर सारे मुद्दों पर प्रकाश भी डाला है और कुछ सुझाव भी दिये हैं। जैसी उन्होंने अपनी इच्छा प्रकट की है मैं उसके मुताबिक उनको आमन्त्रण भी देना चाहती हूं कि इस थोड़े समय की बहस में समय नहीं मिला और कुछ और मुद्दे भी वह बताना चाहें तो वह जरूर मुझसे मिलें, और जो कोई भी स्थिति सामने आयगी उसके गुण अवगुण के आधार पर हम आवश्यक रूप से कार्यवाही करेंगे। सबसे पहले जो मुद्दा माननीय सदस्य ने उठाया, और उठाना भी वही सबसे पहले चाहिए था क्योंकि आधार भी वही है, और उसी को दृष्टिगत रखते हुए मैंने भी माध्यमिक बोर्ड के अधि-

(श्रीमती कमला)

कारीगण और शिक्षा विभाग के अधिकारीगण से चर्चा के दौरान उस मुद्दे को पूछा और उसके मुताबिक मैंने उसके सम्बन्ध में आदेश भी प्रसारित किये है। माननीय सदस्य ने यह पूछा कि क्या ये पुस्तकों के बदली करने की, नयी लिखाने की, कौन लेखक लगाये जाय, उनकी समितियों ने सिफारिशें की है। एकाध समिति पूरी ने बैठक में सिफारिश जरूर की है लेकिन आम तौर पर समिति ने, कुल ने बैठक करके सिफारिशें नहीं करके उसमें जो उसके कन्वीनर है, संयोजक, उन्होंने उसकी सिफारिशें की हैं। माननीय सभापति महोदय, इसलिए मैंने 2-3 आदेश इस सम्बन्ध में जारी किये हैं। एक वह भी आदेश है जिसके बारे में माननीय सदस्य जो मूल आधार है उसको कहना भूल गये कि समिति खुद के गठन के बारे में कोई आधार होना चाहिए। वह आधार अभी जो हमारे नियम उप-नियम हैं बोर्ड के, उसके अन्दर नहीं है। समिति में कौन कौन सदस्य किस किस प्रकार से रखे जायेंगे और समिति किन किन आधारों पर किन किन की सिफारिश करेगी और रिव्यू करने वालों को किन किन आधारों पर किस किस प्रकार से रखा जा सकेगा, इन तीनों के बारे में मैंने स्पष्ट आदेश जारी किये है और उसमें सबसे पहले आदेश जो कमेटी के बनाने के बारे में दिये हैं वह यह है कि बोर्ड जब कभी भी कमेटी बनायगा उसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय उत्तम और श्रेष्ठ पुरस्कृत अध्यापकों को, जो अच्छे लेखक विद्वानजन हैं उनको और जितने भी अवार्डीज हैं उनको और जो भी पुस्तक लिखने के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त-स्तर के अच्छे क्वालिफाइड लोग और अनुभवी लोग हैं, इस तरह के क्राइटेरियाज उनके अपाइन्टमेन्ट के लिए बनाये जायं। दूसरे, जिन गाइड लाइन्स को तैयार करने के लिए बाध्य होंगे या जिनको मानने के लिए बाध्य होंगे वह यह है कि जब कभी भी पाठ्यक्रम को बदलने के लिए, पठ्यक्रम की पुस्तकों और लेखकों को सजेस्ट करने के लिए कोई भी कार्यवाही की जायगी तो अकेले संयोजक नहीं, पूरी समिति की बैठक होगी और पूरी समिति अपना निर्णय बोर्ड के सामने प्रस्तुत करेगी। इसी तरह से जो पुस्तकें लिख कर के आती हैं, राष्ट्रीयकृत पुस्तकें, उसके बाद में उनका रिव्यू कराया जाता है ऐसे लोगों से जिनके नाम खोले नहीं जाते लेकिन जिनको कहा जाता है कि आप देख कर बतायें कि जिस सिलेबस के अनुसार जिस सब्जेक्ट मैटर के साथ हमने इनसे लिखने के लिए कहा था उसमें कोई कमी-खामी रह गयी या सही है। तो उनके रिव्यू करने वालों का भी कोई क्राइटेरिया नहीं है। चेयरमैन अपने स्तर पर उनको अपाइंन्ट करते हैं। तो इसलिए उनके क्राइटेरिया के लिए भी हमने इसी तरह से गाइड लाइन्स जारी की हैं। इसी तरह से अध्यक्ष महोदय और विभाग के अधिकारियों के साथ बैठ कर उनको यह भी डायरेक्शन दिये गये हैं कि आइन्दा से समिति के सदस्य या रिश्तेदारों से बोर्ड पुस्तकें नहीं लिखवाये। और अगर कोई सदस्य बहुत अच्छे लेखक हैं तो उनको समिति से बाहर रखें। यह दोनों का विरोधाभास मिट जाय क्योंकि अच्छे से अच्छे लोग हमारी समिति में भी आयें और अच्छे से अच्छे लेखक लिखने वाले भी चयनित हों, लेकिन यह भी नहीं हो कि कमेटी के सदस्य ही सब लिखने लग जायं।

(श्रीमती कमला)

इस तरह की स्थिति न हो, इसको भी ध्यान में रखा जाय। इस तरह के डायरेक्शन्स के मुताबिक आगे से कार्यवाही की जाय। यह 3-4 जो जरूरी मुद्दे हैं इनके बारे में मैंने आदेश जारी किये हैं और उनको पाबन्द किया है। माननीय सभापति महोदय, दरअसल हमारी जो स्वायत्तशासी संस्थाएं हैं इनको इन मूलभूत मुद्दों के ऊपर सरकार को पूर्व में अवगत करके उसकी सलाह से यह सारे कार्य करने चाहिए, लेकिन स्वायत्तशासी संस्थाओं के जो अधिकार हैं उनका प्रयोग करते हुए, और एक निर्देश जो राज्य सरकार का 1980 में दिया जा चुका था कि आप राष्ट्रीयकरण की दिशा में तेजी से बढ़ें और अभी तक आपने 72 पुस्तकें राष्ट्रीयकृत की हैं और आपकी जो अभिशंसित या प्रस्तावित पुस्तकें हैं वह 216 के करीब हैं, इसलिए आप गति के साथ इनके राष्ट्रीयकरण की ओर बढ़ें। तो उन आधारों को लेकर इन्होंने इस साल में व्यापक पैमाने पर इस कार्यक्रम को हाथ में लेने का काम किया और कुछ स्टेजेज पर जब राज्य सरकार को इसकी जानकारी हुई और कुछ सदस्यों ने भी लिख कर दिया और मुझे भी पता लगा, अखबारों में भी आया तो मैंने बोर्ड और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठ कर चर्चा की और उनसे यह सारा डिटेल में मालूम किया क्योंकि अत्यन्त आवश्यकता इस स्थिति में यह पैदा हुई है कि हम इतने बड़े पैमाने पर इनको रीराइट करायें या नयी पुस्तकें इन्ट्रोड्यूज करें या राष्ट्रीयकृत करें। तो उस दिशा में जो स्थिति थी वह तो मैंने अपने वक्तव्य में पहले बतायी है। लेकिन जो पहला सवाल आपने किया उसके बारे में मैंने यह निर्देश जारी किये हैं। और जो भी आवश्यक हो चर्चा के दौरान, आप ही नहीं मैं सभी सदस्यों को आमन्त्रित करती हूं कि उनको भी इस बारे में जो सुझाव देने हों, इसको रोकने के लिए कि कोई गलत काम न हो, मैं उसके लिए हमेशा तैयार हूं। आपने यह कहा है कि 10 पुस्तकें बोर्ड खुद ही छपवायगा, खुद ही वितरित करेगा, मतलब समग्र राष्ट्रीयकृत की जो प्रक्रिया है वह सारी बोर्ड ही करेगा 10 पुस्तकों के बाबत में, लेकिन उसके आदेश व्यक्तिगत प्रकाशकों या मुद्रकों को दिये जा चुके है, ऐसी आपने मुझे जानकारी दी है। यदि ऐसा हुआ है; क्योंकि मुझे बोर्ड ने और विभाग ने यह सूचना कई बार पूछने और क्वेरीज और क्रास क्वेश्चनिंग करने के बाद में जो दी है उसके बावजूद अगर यह गलत निकलती है तो मैं, सभापति महोदय, आपके माध्यम से आपको और सदन को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि इस प्रकार गलत सूचना के लिए मैं उन समस्त अधिकारियों के खिलाफ, सख्त से सख्त कार्यवाही करूंगी।

आपने एक सवाल यह भी पूछा कि जो लेखकों का चयन किया है, जैसा मैंने कहा वह तो आधार इन्होंने नहीं बनाया, मैंने डायरेक्शन्स दिये हैं, लेकिन उनमें कुछ लोगों के नाम आपने पढ़ कर सुनाये और यह कहा कि कुल मिलाकर या तो कोई भूतपूर्व सदस्य थे बोर्ड के या समिति के कोई सदस्य हैं उनको यह सारा काम दे दिया गया है, बाकी किसी को भी नहीं दिया गया है। माननीय सभापति महोदय, ऐसा नहीं

(श्रीमती कमला)

है। मैं माननीय सदस्य से भी यह कहना चाहती हूं कि वह भी अपनी सूचना को थोड़ा सही कर लें। 96 लेखकों को इन किताबों के लिखने का काम दिया गया जिसमें कुछ सामूहिक रूप से 2-3 लेखक इकट्ठे होकर लिख रहे हैं कुछ अलग लिख रहे हैं। इन 96 लेखकों में से कुल 17 सदस्य समिति के हैं बाकी सब के सब या तो विश्वविद्यालय स्तर के से पी० एच० डी० प्रोफेसर वगैरह जो काम रहे हैं वह हैं या शिक्षा विभाग के अच्छे वरिष्ठ लेखक, अध्यापकगण हैं या कुछ बाहरी जगत के अच्छे शिक्षाविद् लोग हैं। इन 17 सदस्यों के बारे में भी जैसा मैंने आपसे कहा, उनसे कहा है कि आगामी समय में यह भी देखें कि अगर इस तरह की बात आगे पैदा न हो तो अच्छा है। लेकिन सदस्य अच्छे हैं और लेखक भी अच्छे हों। इस उपलब्धि में हमारी कमी न होनी चाहिए। फिर भी गलतियां हम निकाल सकें, ऐसे कुछ उपाय हमको करने चाहिए।

फिर आपने यह कहा कि पहले जो राष्ट्रीयकरण के अलावा नीति थी उसमें बहुत ही स्पष्ट रूप से स्लेबस देते थे। हमारी मर्यादा कैसी होनी चाहिए, कितने पृष्ठ होने चाहिए, कितना मुद्रण हो, कैसा सब्जेक्ट हो, क्या-क्या चीजें हों, हम सारी डिटेल्स देकर खुले रूप से कहते थे कि जो भी अपनी इस बारे में पुस्तकें लिख कर लायगा उसका कमेटी चयन करके उन पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल कर देगी। राष्ट्रीयकरण का तात्पर्य यह है कि हम खुले बाजार से उन्हीं की लिखी हुई पुस्तकें न लेते हुए अपने स्लेबस और डायरेक्शन के मुताबिक कुछ चुने हुए अच्छे बढ़िया लेखकों से ये पुस्तकें लिखवायें और फिर उनकी जांच करवायें, जो हमने कहा उसके मुताबिक तैयार की या नहीं की, और उनकी गलतियां निकाल कर फिर उनको वापस सही करवा कर हमारे उद्देश्य और इच्छा के मुताबिक या लक्ष्य के मुताबिक उसको तैयार करा कर फिर उनको पाठ्यपुस्तकों में डालें बजाय इसके कि वह जैसी भी तैयार करके लायें, जो जैसी भी पुस्तक तैयार करके लावें उसी में से छांट कर अच्छी या बुरी हो लागू कर दें। उसकी बजाय राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य यह है कि हम उस लक्ष्य की पूर्ति के लिए अपने विचार और अपनी मर्यादा के मुताबिक उसको तैयार करवायें और आखिरी वक्त तक उसको देख कर, संशोधन करवा कर, बाकायदा अप्रूव करके फिर उनको छपवा-कर शामिल करें। इसलिए पहले वाले में तो यह खूबी थी कि बहुत बड़ा वाइड स्कोप मिलता था कि आप उसमें से चयन करें। उसकी तो यह खूबी थी लेकिन इसकी यह खूबी है कि वह जैसा भी लिख लावे वैसा का वैसा आप शामिल करने के लिए मजबूर नहीं हो सकते। आप जैसा शामिल कराना चाहते हैं वैसा ही शामिल होगा। अन्यथा जैसा वह लिख कर ले आए, मजबूरी में उसको आप शामिल करें, यह नहीं होगा। यह राष्ट्रीयकरण की अपनी एक खूबी है। इसलिए राष्ट्रीयकरण का आम तौर पर सारे देश भर में ए. सी. ई. आर. टी. स्तर पर भी, भारत सरकार के

(श्रीमती कमला)

स्तर पर भी. दूसरे राज्यों में राष्ट्रीयकरण किए जाने का एक आम तौर पर मान्यता प्राप्त फार्मूला बना हुआ है। एन सी. ई. आर. टी. ने तो अपने भारत सरकार के स्तर की तमाम पुस्तकें समग्र राष्ट्रीयकरण कार्यक्रम अपना रखा है यानि लेखन, मुद्रण और वितरण। ये तमाम स्टेजेज पर एन सी. ई.आर.टी. अपना काम करती है और उसी संदर्भ में उन्होंने और राज्यों से भी चाहा। इसीलिए 1963 से हमारे इस बोर्ड ने भी यह नीति अपनाई कि हम भी तेजी से अपने राष्ट्रीयकरण के इस कार्यक्रम को करें। लेकिन जैसा कि आप कहते हैं कि इसको शनैः शनैः ही करना चाहिए। जल्दी नहीं करना चाहिए। सोच समझ करके करना चाहिए। इसकी क्रियान्विति में कहीं कोई गलतियां हों तो उसको जरूर हमको देखने का है। फिर आपने एक बात यह कही है कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में इन पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। बाकी जैसा आप कह रहे हैं कि पहले के वर्षों में थोड़ा-थोड़ा करके 72 पुस्तकें राष्ट्रीयकृत हुई। कभी किसी साल में छः, कभी किसी साल में सात, किसी साल में 12, इस तरह से दो पाँच कर दीं। इस साल में जो ज्यादा राष्ट्रीयकृत पुस्तकें हैं वह तो हैं 15 और बाकी जो 29 पुस्तकें हैं उनमें बीस तो राष्ट्रीयकृत पुरानी पुस्तकें है और जो बाकी हैं उनमें कुछ नये हमको स्लेवस डालने पड़े थे। जैसी आप सभी माननीय सदस्यों की, समय-समय पर शिक्षा सम्मेलनों की, माननीय प्रधान मंत्रीजी की और देश के आम शिक्षाविदों की जो राय है कि कुछ ऐसे विषय हैं जो आज हमारी शिक्षा प्रणाली में होने आवश्यक हैं लेकिन कतई तौर पर उनका कहीं कोई समावेश नहीं है इसलिए उनको डालना जरूरी है। जैसे नैतिक और सामाजिक मूल्यों को किस प्रकार से बच्चों के जहन में, उनके संस्कारों में डाला जाय. इस तरह का विषय उसमें डालना चाहिए। इसी तरह से पर्यावरण के साथ में व्यक्ति जीना सीखे। पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ रखे और जैसी प्रकृति बनाई है उसको कायम रखने में उसकी रुचि हो. यह देखे। स्वतंत्रता कैसे आई, कैसे बलिदान हुए, उसको रखना कितना बड़ा हमारा फर्ज है, यह उनको मालूम हो। इसी प्रकार से और कुछ ऐसे छोटे उद्योगों का है. स्वास्थ्य का है। कई ऐसे मुद्दे हैं नये तरीके से जिनको बच्चों को देना जरूरी है। उसके दृष्टिकोण से कुछ पुस्तकें हैं उनके अन्दर नये पाठ डालने जरूरी थे, इसलिए कुछ पुस्तकें उसके अन्दर बदली गई हैं। तो इसलिए ज्यादा संख्या इस प्रकार बन गई है कि जो कि लाजिमी हो गई। क्योंकि पिछले दस बारह वर्षों से हम कुछ कर नहीं रहे थे इस उम्मीद में कि शायद हमारी वोकेशनल प्रणाली की तरफ हम जावें तो उसी प्रकार का हमको बनाना पड़े। पिछले कुछ वर्षों से दस जमा दो पद्धति सारे देश भर में हुई है और हम भी बराबर पिछले सालों से इस बात की चेष्टा में हैं कि सारे देश की आम धारा के अन्दर हमारा राज्य भी अगर सम्मिलित नहीं होगा तो बच्चों को नुकसान होगा। इसलिए जल्दी से जल्दी हम भी उस प्रक्रिया को अपनायें। इसलिए

(श्रीमती कमला)

पुस्तकों को हम रोकते गये कि अभी ठहरो, अगले साल करेंगे। अभी ठहरो, अगले साल करेंगे। इसलिए कुछ पुस्तकों को नौ साल हो गए, किसी को बारह साल हो गये, किसी को पन्द्रह साल हो गये लेकिन इस वर्ष हमने जो यह परिवर्तन किया है, इसमें 29-30 पुस्तकें तो ऐसी हैं जिनको इस दृष्टिकोण से ही परिवर्तित किया है कि हमने दसजमा दो का मंत्रिमण्डल को एक ज्ञापन तैयार करके दिया है और अभी यह मंत्रिमण्डल के अन्दर आयेगा। उसमें हमने बहुत मिनिमय फार्मूले के साथ में जिससे राज्य की वित्तीय स्थिति से तालमेल खाते हुए वह इसको स्वीकृत करने की स्थिति में हो सके, तो हमने वह ज्ञापन दिया है। हमारे यहां भी अगर जल्दी से जल्दी दस जमा दो की पद्धति राज्य सरकार स्वीकृत कर दे तो हम उसको शुरू करना चाहते हैं। क्योंकि, माननीय सभापति महोदय, दो तीन मुद्दे इस प्रकार के हमारे सामने आ चुके हैं कि भारत सरकार ने टेलेंट सर्च के दौरान में हमको चिट्ठी लिख कर भेज दी कि आपके राज्य में चूंकि दस जमा दो पद्धति आपने अभी लागू नहीं की है इसलिए आपके यहां पर यह प्रदान नहीं किया जाएगा। आपके यहां पर दस जमा दो पद्धति नहीं है इसलिए कम्प्यूटर की ट्रेनिंग का प्रबन्ध आपके यहां नहीं किया जाएगा। इस तरह की कई चिट्ठियां आई हैं और मैंने बहुत ही प्रभावी ढंग से लिख कर भेजा है, खास पर्सनली भी, मंत्री महोदया, जो भारत सरकार की हैं उनसे कहा है कि बच्चों के ऊपर इसका आघात नहीं होना चाहिए। बच्चों को इसकी सजा नहीं मिलनी चाहिए कि अगर किसी राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति एकदम से टैन प्लस टू पर जाने की नहीं है तो उनके बच्चों की इसी कारण से किसी काम से मना कर दिया जावे। टेलेंट सर्च के अन्दर मुझे गर्व के साथ कहने में खुशी होती है कि टेलेंट सर्च के अन्दर राजस्थान का सबसे बड़ा नम्बर जो है बच्चों का नेशनल स्तर पर आता है, उनको अवार्ड मिलते हैं। तो ऐसी स्थिति में हम जो आम राष्ट्रीय धारा से जब अलग हो जाते हैं तो हमको तकलीफ होने वाली है। यह भी हमने उनको लिखा है कि हम भी अपनी सरकार से बहुत पुरजोर अपील कर रहे हैं, लिख कर भेज रहे हैं कि जल्दी से जल्दी इस पर विचार करें कि बच्चों को किस प्रकार से आम राष्ट्रीय धारा से अलगाव होने की, नुकसान होने की स्थिति पैदा नहीं हो। इसी दृष्टिकोण से बहुत सारी पुस्तकें इस तरह से परिवर्तित की गई कि कल को अगर टेन प्लस टू भी आवे तो उनको परिवर्तन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जो टेन प्लस टू में आम तौर पर प्रावधान हैं वही इन पुस्तकों के अन्दर हमने किये हैं।

इसके बाद में आपने यह कहा है कि पाठ्य पुस्तक मण्डल ने कोई एक करोड़ रुपये की पुस्तकें छपवाई। उन एक करोड़ रुपयों की पुस्तकों में से कुछ को तो कुछ ज़िलों में बांट दिया, बाकी पुस्तकों का क्या हुआ कुछ पता नहीं। उन पुस्तकों में से कहां-कहां कितनी पुस्तकें पड़ी रहीं हैं, क्यों छपवाई

(श्रीमती कमला)

गई थीं, क्यों नहीं बंटीं। यह, माननीय सभापति महोदय, अचानक माननीय सदस्य ने एक ऐसी बात कही है जिसका मेरे पास में तुरन्त ही पूरा विश्लेषण नहीं है। मैं आपको निवेदन करना चाहती हूँ कि इस बारे में पूरी जाँच पड़ताल करके जो भी स्थिति होगी वह आपको अवगत कराऊँगी, जो कार्यवाही की जावेगी उससे भी आपको अवगत कराऊँगी।

माननीय सदस्य ने एक सवाल यह भी रखा कि आपने अपने बयान में यह कहा है कि जब अंतिम प्रकाशन होगा उस वक्त सम्भवतः पुस्तकों की पृष्ठ संख्या कम हो जावे, शायद उसकी रेट कम हो सकती है। दूसरी तरफ आपने यह कहा कि क्या क्यों यह जरूरी है कि कम हो। हो सकता है कि इससे ज्यादा भी हो जावे। दो पेज ज्यादा भी हो जावें। यह अप्रूवल करने के ऊपर निर्भर है। मैं आपकी इस बात से सहमत हूँ कि आपके स्थगन प्रस्ताव से और समाचार पत्रों में आने से मैंने उन सब को बुला कर बातचीत की, उनको कुछ डायरेक्शन दिए। उसके दिशा निर्देश से बहुत कुछ उनको इस बात में सम्भल करके चलने की जरूरत पड़ेगी कि वह बच्चों के ऊपर इस प्रकार का भार न डालें और किसी भी प्रकार से बच्चों को पुस्तकें खरीदते समय में पूर्व से ज्यादा पैसा देने के लिए बाध्य नहीं होना पड़े। यह उनको आम तौर पर हिदायत भी की गई है। इसलिए ज्यादा होने का सवाल पैदा नहीं होगा, कमी ही चाहे होगी।

एक बड़ी बात जो आपने कही कि कण्ट्रोल का कागज आप उपलब्ध नहीं करा सके। माननीय सभापति महोदय, इसमें दरअसल में राज्य सरकार के स्तर पर कोशिश किए जाने के बावजूद हम बहुत घाटे में हैं और बहुत नुकसान हमको इससे हो भी रहा है। हमने अपने स्तर पर एडवांसेज भी जमा कराये, फैक्ट्रीज के अन्दर हमने लगातार प्रतिनिधि, व्यक्तिशः भी प्रभाव डलवाये, भारत सरकार से भी कहा उसके बावजूद जितना हमको अलाटमेंट भारत सरकार करती है उतना भी फैक्ट्रीज हमको दे नहीं रही हैं। देने में कोई न कोई बहाना लगाती हैं, कभी कहती हैं कि तारीख निकल गई। हम कहते हैं कि यह तो तारीख है, कैसे निकल गई। उसके बाद कहते हैं कि अच्छा ठीक है, यह तारीख मौजूद है तो आप उस तारीख को आ जाइये। फिर और कुछ बहाना लगाते हैं। उनको देने के लिए भारत सरकार को भी हम और तौर तरीकों से भी अवगत कराते रहे हैं। हम हाइएस्ट लेवल पर भी लिखा पढ़ी करते रहे हैं, और भी चेष्टा करेंगे लेकिन यह वस्तुः स्थिति सही है। राज्य सरकार इस मामले में कुछ कमजोरी में रही है कि उनको अगर कंट्रोल का कागज मिलता तो आज परिवर्तन करने के बावजूद भी भारी रिड्यूस्ड रेट पर हम बच्चों को पुस्तकें दे सकते थे। इसके लिये राज्य सरकार तो दोषी है ही लेकिन भारत सरकार को भी इसके बारे में अपनी स्थिति से अवगत कराया है कि आपके ऐसा न करने से आज हमारे बच्चों को, अभिभावकों को और परिवारों को इस महंगाई में काफी दिक्कत उठानी पड़ी है। सभा-

(श्रीमती कमला)

पति महोदय, बहुत समय से इस तरह की स्थिति आ रही है कि 50 प्रतिशत या उसके लगभग हमको कम कोटा मिलता चला आ रहा है। पहले जितनी हमारी मांग थी वह हमको देते थे। अब तो उन्होंने मांग लेना भी बन्द कर दिया है। अब सिर्फ वह अपना अलाटमेंट करते हैं। उसमें भी भारत सरकार कोई गारन्टी पूरा दिलवाने की नहीं करती। इसलिये इस बारे में मैं इतना ही भरोसा दिलवा सकती हूँ कि भारत सरकार के स्तर पर मुख्य मंत्री जी से और अपने स्तर पर जो भी हमारे पास उनको प्रेशराइज करने के साधन हो सकते हैं उनके जरिये से पूरी कोशिश की जायगी, हम पूरा कागज प्राप्त करने की कोशिश करेंगे।

कुंजियों का आपने जिक्र किया कि कुंजियां और पास बुक्स शिक्षा जगत को सबसे ज्यादा परेशान कर रही हैं और बच्चों के शिक्षा स्तर को गिरा रही हैं। कुंजियों और पास बुक्स की स्थिति, माननीय सभापति महोदय, यह है कि जो टेक्स्ट बुक्स पर्टिकुलर प्राइस पर बेचने वालों को देते हैं वह उस पुस्तक को अकेली को दो रुपये में नहीं देते उसके साथ डेढ़ रुपये की कुंजी और पौने दो रुपये की पास बुक जरूरी तौर पर लेनी पड़ेगी, तब जाकर वह किताब उनको देते हैं। तो दो रुपये की किताब पांच साढ़े पांच में लेनी पड़ती है। यह सारा पिछले साल से अभिभावकों की तरफ से भी, बच्चों की तरफ से भी, विद्यालयों की तरफ से भी और जन प्रतिनिधियों की तरफ से भी आया और मुझे खुद को भी मालूम है, इसके परिणाम-स्वरूप मैंने पिछले दिनों में हमारे टैक्स्ट बुक बोर्ड से और बाद में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बातचीत की है। टैक्स्ट बुक बोर्ड के साथ तो मैंने इस तरह से व्यवस्था बैठा कर नीति तय कर दी है कि आगामी सत्र में हम किसी भी प्राइवेट डीलर को इस तरह की पुस्तक वितरण का कार्य नहीं देंगे और हमारे विद्यालयों में 8 विद्यालयों के माध्यम से ही हम इन पुस्तकों का वितरण करेंगे जिससे न तो जबरन कुंजी और पास बुक लेनी पड़ेगी, न कीमतें बढ़ा कर दे सकेंगे और हमारे बच्चों को भी जल्दबाजी में किताब खतम हो जायगी जल्दी से ले आओ चाहे कुंजी और पास बुक लेनी पड़े तो भी ले आओ तो यह जो भगदड़ रहती है जिसमें लोग ब्लैक मार्केटिंग करने की कोशिश करते हैं, कई बार हवा उड़ा देते हैं कि पुस्तकें खतम हो गई और अभिभावक परेशान होकर ऊंची कीमत पर और फालतू सामान लेकर भी पुस्तकें ले आते हैं, यह बड़ा भारी रैकेट चल रहा है इसको खतम करने के लिये हमने पाठ्य-पुस्तक मण्डल द्वारा जो आठवीं तक की पुस्तकें और एक्सरसाइज बुक्स हैं उनको स्कूलों के माध्यम से देने का विचार पक्का कर लिया है। इसकी वित्तीय व्यवस्था के बारे में किस प्रकार से खर्च किया जायगा, कैसे संचालन किया जायगा इसके लिए भी अभी 8 तारीख को डी. ओज. लेवल पर और जिला शिक्षा विभाग के निदेशक, उप निदेशक के स्तर पर और राज्य स्तर के सब अधिकारियों को बैठा करके पूरे

(श्रीमती कमला)

रूप से चर्चा करके उनको भी इस बात के लिये शामिल किया गया है। इस तरह से करके अच्छी व्यवस्था कायम कर सकेंगे और बच्चों को इस शोषण से बचा सकेंगे।

जहां तक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का सवाल है, उनके पास में जो पुस्तकें हैं उन पुस्तकों के वितरण का काम अभी तक नहीं था। केवल प्रकाशन के लिये टेण्डर लेकर प्रकाशन का काम सीमा बान्ध कर देते हैं, वितरण की व्यवस्था अभी उनके पास नहीं है। मैंने उनसे बात की है। जनरली अभी उसको कार्यरूप देना बाकी है कि आप भी हमारे जो टैक्स्ट बुक डिपोज है उनके माध्यम से अपनी पुस्तकें बिकवावें और उसमें जो खर्चा होता है उनको जो आप खर्च देते हैं, आप अपनी तरफ से व्यवस्था करते हैं उसमें या तो मकान की जिसमें वह स्टोर कर सकें और एक आदमी जो मैनेज कर सके उसका खर्चा दें, या आप लम्पसम में कुछ ग्रान्ट या एडवान्स दे दें जिससे कि आपकी पुस्तकें भी इन डिपोज के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में जा सकें ताकि जो रायल्टी और शोषण की शिकायतें हैं, माध्यमिक बोर्ड ने परिवर्तन इसलिये किया कि उसको रायल्टी काफी मिलेगी और बीच में लोग-बाग अपना काम करेंगे तो इस तरह की स्थिति को बचाने का और बच्चों को भी और पेरेन्ट्स को भी राहत देने के लिये इस तरह से हमने माध्यमिक बोर्ड से बात की है। अभी उनके अध्यक्ष महोदय और बोर्ड से पूरी चर्चा करके अमली रूप देना बाकी है लेकिन यह मेरे विचार और निगाह में है और मुझे मालूम है कि यह अति आवश्यक है ताकि शोषण का रेकेट पुस्तकों के मामले में बन्द हो सके और सभी नागरिक उससे राहत पा सकें।

इसके अलावा माननीय सदस्यों ने कुछ शिक्षा परीक्षा प्रणाली के बारे में कहा कि जो परीक्षा प्रणाली के बारे में सुझाव आये हैं उनके बारे में आपका क्या कहना है। वह डिटेल में नहीं सुन पाई कि उन्होंने क्या बताया है और वह मुझसे क्या जानना चाहते हैं। उन्होंने जो एक बात कही, आपने 13 तारीख की मीटिंग में कहा कि हम 10 प्लस 2 को तुरन्त लागू कर रहे हैं। न तो मैंने ऐसा कहा और अगर पेपर्स में आया है तो मैंने देखा नहीं। वह गलत है। मैंने उन सभी शिक्षक संघों के साथ में बातचीत की है जो आज राजस्थान में मान्यता या बिना मान्यता के एग्जिएट करते हैं। चाहे सनाढ्य ग्रुप है या शेखावत ग्रुप है, चाहे व्याख्याता संघ है, चाहे वरिष्ठ अध्यापक संघ है या प्राथमिक और उच्च प्राथमिक संघ है और चाहे दूसरे कोई प्रगतिशील संघ है। सबसे, सभापति महोदय, दो दिन तक सुबह से शाम तक बारी-बारी से एक-एक बिन्दु पर चर्चा करके हर एक बात, जो वर्षों पेंडिंग पड़ी हुई थी थोरोली डिस्कस करके जो हो सकता है उसको करने की व्यवस्था करने की चर्चा की है और जो संभव नहीं है उसके लिये उनको रजामन्द किया है कि वह ऐसी चीजों के लिये बार-बार तकाजा न करें। उस दौरान में जो मैंने चर्चा की उसमें यही कहा कि निजी तौर पर मैं इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं कि आज की आम राष्ट्रीय धारा में

(श्रीमती कमला)

जल्दी से जल्दी सम्मिलित नहीं होते हैं 10 प्लस 2 के संबंध में, तो हमारे राज्य को भी और बच्चों को भी नुकसान होगा, इसलिये जल्दी से जल्दी शामिल हों, इसके लिये हम प्रयत्नशील हैं। बाकी यह तुरन्त लागू हो जाय ऐसा न तो मैं कह सकती हूं, क्योंकि न तो मेरे हाथ में पैसा है और न मेरे हाथ में मंजूरी है। जब तक मंजूरी और पैसा नहीं हो मैं लागू भी नहीं कर सकती। इसलिये ऐसा अगर अखबारों में कहीं आया है या किसी ने कहा है तो वह गलत कहा है, लेकिन हम इसके नीतिगत पक्ष में है। हालां कि, सभापति महोदया, मैं आपको बताना चाहती हूं कि मुश्किल से सारे देश पर में शुद्ध रूप से जो 10 प्लस 2 लागू होना चासिये वह बहुत कम राज्यों में लागू है। आज यह स्थिति है जैसे अपने यहां भी पहले 10 वीं, फिर इंटर और फिर बी. ए. होता था वैसी ही पुरानी पद्धति कुछ राज्यों में आज भी चलती है उसको उन्होंने as it is 10 प्लस 2 कहते हैं कि हमारे यहां यह लागू है तो हम तो ऐसा नहीं करना चाहते। 10+2 का मूल उद्देश्य यह है कि 10वीं क्लास तक आते-आते बच्चा पूरी तरह से यह समझ जाय कि उसको कौनसा सब्जेक्ट अपने फ्यूचर केरियर के लिये सलेक्ट करना है। इसलिये 10वीं तक पूरे सब्जेक्ट चढ़ाये जाते हैं। फिर जो हायर सैकण्डरी, 11वीं और 12वीं होगी उनमें वह अपने निश्चित सबजेक्ट चूज करेगा जिसको हायर स्टडोज में ले जायेगा। खास तौर से दूसरी बात यह है कि बच्चा 10वीं पास करके हायर स्टडीज छोड़ कर अपना काम धन्धा करना चाहता है, लाइफ में एंटर होना चाहता है. अपने आपको एस्टेब्लिश करना चाहता है तो उसको वोकेशनल नालेज, अनुभव इतना होना चाहिये, पढ़ाई ऐसी होनी चाहिए कि वह बच्चा इसलिये कि लाइफ में एडिटलेट होने के लिये काम टेक अप नहीं कर सकता वह जबरदस्ती हायर स्टडीज की ओर भागता चला जाय, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिये। यह जो इसकी मूल भावना है 10+2 की वह हम लागू करना चाहते हैं जैसी कि कुछ राज्यों में है लेकिन कुछ में सिर्फ ढांचा है उसकी तरफ दौड़ना नहीं चाहते। इसलिये हमने भारत सरकार से यही कहा है कि आप रूप ही रूप को मान्यता देना चाहते हैं तो हम भी रूप बना देते हैं लेकिन हम नहीं चाहते कि मूल स्पिरिट के बिना इसे कायम किये जाय। हम स्पिरिट के साथ काम करना चाहते हैं जिससे दरअसल भारत सरकार और हमारे राष्ट्र के नागरिकों को भावी जीवन का लक्ष्य देने की पूर्ति कर सकें। इस दिशा में पूरे मनोयोग से मैं जुटी हुई हूं कि किस प्रकार से जल्दी से जल्दी राजस्थान इस शिक्षा पद्धति को अडाप्ट कर सके।

तो, माननीय सभापति महोदय, जो कुछ भी प्रमुख मुद्दे माननीय सदस्यों ने उठाये उनके बारे में विवरण मैंने दिया है। फिर निवेदन करना चाहती हूं सभी माननीय सदस्यों से कि और भी कुछ कहना हो उसके बारे में खुले रूप से मुझसे मिलिये, मैं उसको समझ कर जो भी करने का काम

Page No 78

(श्रीमती कमला)

है उसको करने की जरूर कोशिश करूंगी।

धन्यवाद।

(2.00 म. प.)

श्री सभापति : चर्चा समाप्त हुई।

श्री कैलाश मेघवाल : दो मुद्दे हैं मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूँ....

श्री सभापति : विस्तार से उत्तर दिया है। कोई खास बात रह गयी हो तो पूछलें।

श्री कैलाश मेघवाल : ....सभापति महोदय, मैंने परीक्षा समिति के बारे में जो बात कही है वह इस रेफरेन्स में कही है कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा समिति ने दिनांक 13-2-1984 को निर्णय लिया कि कक्षा 9 व 10 की अभी जो एक पुस्तक है उसको दो भागों में बाँटा जाये तथा कक्षा नवीं के लिये और दसवीं के लिये अलग-अलग पुस्तकें छपायी जायें। इससे बच्चों के बस्ते का वजन हल्का होगा। पुस्तक की कीमत भी कम आयेगी। इस बोर्ड की परीक्षा समिति ने जो यह सिफारिश की है उस पर बोर्ड में विचार हुआ है ? उसका परिणाम क्या रहा ? इस निर्णय से आपकी नवीं, दसवीं की किताबें अलग-अलग हो जायेंगी। अभी यह एक साथ छप रही हैं।

दूसरा मेरा निवेदन यह है कि 40 पुस्तकों की छपायी की जा रही है। एक साथ यह पुस्तकें लड़कों को खरीदनी पड़ेंगी। अभी एक लड़का 100/-रुपये की पुस्तकें खरीद कर काम चला सकता है परन्तु इससे उसको 500/-रुपये की पुस्तकें खरीदनी पड़ेंगी। यह मैंने आपको उदाहरण दिया है।

मैंने स्थगन प्रस्ताव में स्पष्ट लिखा है, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की एक करोड़ रुपये की किताबें बिना बिके दुकानों पर पड़ी हैं। इसमें कन्ट्रोल का कागज लगा है। इसके लिये आपको मैं पाठ्य पुस्तक मण्डल का उदाहरण दूंगा। उसके पास कक्षा 6 व 7 की पुस्तकें छप गयीं। यह पुस्तक बदलने के बाद सारे विक्रेताओं से सूचना मंगवाई कि उनके पास स्टाक कितना है वह स्टाक इकट्ठा किया गया। राजस्थान के 23 जिलों में जो नयी पुस्तकें दी गयीं और यह पुराना स्टाक अलवर, सवाई माधोपुर और भरतपुर जिलों में बिकवाया। अब आप यह पुस्तकें बदल रहे हैं तो क्या इनका स्टाक भी आपने मंगवाया है। 34 पुस्तकें हैं। दस का तो आपने माल लिया है। मैं आपको इसलिये कह रहा हूँ कि यह 34 पुस्तकें हैं। इनकी रायल्टी आप ले रहे हैं। इसलिये पुस्तकों की कीमत बढ़ जाती है। पाठ्य पुस्तक मण्डल नो प्राफिट नो लास पर पुस्तकों का व्यवसाय करता है। आप भी इस पद्धति पर चलिये। क्या बोर्ड एक व्यावसायिक संस्था है ? नहीं है। रायल्टी 1 लाख 50 हजार की ली है। इसलिये यह रायल्टी आप कम कीजिये जिससे कि पुस्तकें सस्ती मिल सकें। जब से यह भावना अखबार में आई कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पुस्तक बिक्री

(श्री कैलाश मेघवाल)

के लिये पंजीयन पद्धति लागू करेगा बोर्ड ने यह कार्य प्रारम्भ कर दिया। बोर्ड यह आपकी भावना के विपरीत कार्य कर रहा है। इसके लिये मैं आपको अभी से चेता रहा हूँ। माध्यमिक शिक्षा की दफा 26, 27, 28 के अन्तर्गत आपको व्यापक अधिकार हैं। आप इसके जरिये पूरा नियंत्रण रख सकते हैं। स्वायत्तशासी संस्था होने के बावजूद भी आपको व्यापक अधिकार हैं। इसलिये राजस्थान के शिक्षा जगत को आप एक जुलाई से अराजकता के निर्णय में न धकेलें। मैं आपको बधाई दूंगा कि आपने कई अच्छे निर्णय लिये हैं।

श्रीमती कमला : मैं भी सुधारना चाहती हूँ।

एक बात सुनिये।

माननीय सदस्य ने जो दुबारा बात कही है उनमें से कई बातें तो रिपीट की हैं। दो बातें मुख्यत: कही गयीं हैं। एक तो परीक्षा प्रणाली का आपने कहा। इसके बारे में मैं जाँच करूंगी जो कमेटी ने निर्णय लिया उसके बारे में बोर्ड ने क्या क्रियान्विति की। और नहीं की है तो क्यों नहीं की।

दूसरा आपने सुझाव दिया कि जैसे पाठ्य पुस्तक मण्डल आठवीं तक पुस्तकें नो प्राफिट नो लास पर छाप कर देता है क्या उसी प्रकार की व्यवस्था इसमें सम्भव की जा सकती है। यह एक उपयोगी सुझाव है।

सभापति महोदय, मैं अपने पूर्व के स्टेटमेंट में करेक्शन करना चाहूंगी। मुझे यह ध्यान था कि शायद दो-तीन समितियों ने कोर्स को बदलने की सिफारिश की है और बाकी का संयोजकों ने किया है। समिति ने पूरे नये कोर्स को बदलने की सिफारिश की है लेकिन लेखकों में से किस को रखा जाये और किस को न रखा जाये यह संयोजकों ने किया है। माननीय सदस्यों की जानकरी के लिये यह मैं सुधार करना चाहूंगी।

आय-व्ययक पर सामान्य वाद विवाद

श्री सभापति : चर्चा समाप्त हुई। आय-व्ययक 1984-85 पर वाद-विवाद।

श्री सूर्य कुमार जैन।

श्री सूर्य कुमार जैन (नैनवां) : माननीय सभापति महोदय, वित्तीय वर्ष 1984-85 के बजट के सम्बन्ध में वाद-विवाद पर भाग लेने से पूर्व हमें राजस्थान की जो वर्तमान आर्थिक विषम स्थिति है उसके बारे में भी सोचना पड़ेगा। सारा सदन जानता है कि राजस्थान लगभग साढ़े तीन लाख स्कवायर किलोमीटर के क्षेत्रफल में है और देश के सभी राज्यों से क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। जहाँ तक आबादी का प्रश्न है, नेशनल एवरेज 1 किलोमीटर के लगभग क्षेत्र पर 200 व्यक्तियों का है और राजस्थान 100 व्यक्तियों का एवरेज लिये हुए हैं, यहाँ पर पापुलेशन की जो वृद्धि हुई है वह 32.38 पर्सेन्ट की रेट लिये हुए है जब कि नेशनल ग्रोथ 24.75 पर्सेन्ट की रेट से हुई

(श्री सूर्य कुमार जैन)

है। यह भी मेरे ख्याल से माननीय सदस्यगण जानते हैं कि जो फाइनेन्शियल इम्बेलेंस, डिस्टोर्शन राजस्थान में है वह भी इस बजट पर वाद-विवाद करने के लिये पहले ही विचारणीय है। सेन्टर की तरफ से जो परकेपिटा शेयर के रूप में जो डिवोलूशन मिलता है वह जैसा कि रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की बुलेटिन है 1981 की, उसमें अगर हम नजर डालें तो नेशनल एवरेज यानि दूसरी स्टेट की परकेपिटा का एवरेज 126/-रुपये है और राजस्थान का डिवोलूशन सेन्टर का परकेपिटा के लिहाज से केवल 104.40 रुपये है, यह एक अच्छा पहलू है कि राजस्थान उन कुछ राज्यों में से है जिनका डोमेस्टिक प्रोडक्शन सबसे अच्छा है। पब्लिक कर्जा 1951 में लगभग 11 करोड़ रुपया था राजस्थान पर, 1983-84 के एण्ड में वही पब्लिक डेट 2321 करोड़ रुपया हो गया। जहाँ तक पापुलेशन में विभाजन का प्रश्न है, शिड्यूल्ड कास्ट्स की पापुलेशन राजस्थान में 17 पर्सेन्ट है, शिड्यूल्ड ट्राइब्स की पापुलेशन 12 पर्सेन्ट है। कुल मिलाकर 29 पर्सेन्ट शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स की पापुलेशन है, जबकि अखिल भारतीय स्तर पर यह केवल 22 पर्सेन्ट है। सभापति महोदय, जब शिड्यूल्ट कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स की पापुलेशन 29 पर्सेन्ट होने के कारण 7 पर्सेन्ट से हम अन्य राज्यों से आगे हैं तो कहने की कोई आवश्यकता नहीं कि यही पापुलेशन है जिसको बजट की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। जहां तक लिट्रेसी का प्रश्न है सन् 1981 को अगर हम आधार वर्ष मानें तो आल इण्डिया लेवल पर 36 पर्सेन्ट की लिट्रेसी है और हम राजस्थान में 24 पर्सेन्ट लिट्रेसी में जी रहे हैं। जहां तक पूरे क्राप एरिया में इरिगेशन का प्रश्न है, हम क्राप एरिया के 23 पर्सेन्ट एरिया में ही सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करा पाये हैं।

जहाँ तक बिजली का प्रश्न है बिजली की स्थिति में तो राजस्थान काफी विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। इन सारी स्थितियों पर नजर डालने के बाद अगर हम 1984-85 के बजट पर हमारी दृष्टि डालें तो निश्चित रूप से मेरी मान्यता है कि आज की कांग्रेस सरकार, वर्तमान सरकार विशेषतः वित्त मंत्री और मुख्य मंत्री महोदय को यह एक चुनौती की बात थी और ऐसी आर्थिक विषम परिस्थितियों में इस प्रकार का बजट तैयार करते। मैं बजट के बारे में कुछ निवेदन करूं इससे पूर्व विरोध पक्ष की ओर से जो बजट की आलोचना आयी है उस सम्बन्ध में, सभापति महोदय, आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। चाहे वह केन्द्र सरकार का बजट रहा हो, चाहे अन्य कांग्रेस सरकारों का बजट रहा हो, चाहे वह राजस्थान का बजट हो विरोध पक्ष वाले कहते हैं कि यह चुनावी बजट है। मैं फक्र के साथ इस बात को स्वीकार करता हूँ कि अगर चुनावी बजट है तो, सभापति महोदय, यह कांग्रेस के लिए एक गौरव का विषय है। विरोध पक्ष ने आलोचना क्यों की? मैं पूछता हूँ जैसे कि क्या उनका विश्वास प्रजातन्त्र में है? क्या उनका प्रजातांत्रिक सिद्धांतों में विश्वास है? तो क्या चुनाव प्रजातन्त्र के लिए आवश्यक नहीं हैं। अगर चुनाव प्रजातन्त्र के लिए आवश्यक हैं

(श्री सूर्य कुमार जैन)

तो क्या चुनाव के लिए किसी भी राजनैतिक दल को अपना घोषणा-पत्र नहीं देना पड़ेगा ? इस घोषणा-पत्र के आधार पर क्या वह राजनैतिक सत्ता में बैठने के लिये या सत्ता से बाहर रहने के लिये जनता के सामने नहीं जायेगा ? अगर हमने हमारे चुनावी वायदों को पूरा करने के लिए, कांग्रेस की सरकार ने जो चुनाव में वायदे किये थे, उनको पूरा करने के लिये यह बजट पेश किया है, जिसको विरोध पक्ष स्वीकार करता है यह चुनावी बजट है, मैं निश्चित रूप से कह सकता हूँ, सभापति महोदय, कांग्रेस ने जो चुनाव में वायदे किये थे, उसको पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आलोचना के माध्यम से विरोध पक्ष अपने खोखलेपन को जाहिर कर रहे हैं। जो डींग मारते हैं कि प्रजातन्त्र में विश्वास करते हैं, वह प्रजातन्त्र में विश्वास करते हैं लेकिन वह चुनावी बजट कहकर सरकार का मजाक बनाना चाहते हैं। सभापति महोदय, वह सरकार का मजाक नहीं है वह अपने आपको टटोल कर देखें, वह निश्चित रूप से प्रजातन्त्र का मजाक बनाना चाहते हैं। वह अपना खोखलापन सिद्ध करना चाहते है। विरोध पक्ष दूसरी बात यह कहकर आलोचना करते हैं कि यह दिशाहीन बजट है। यह दिशाहीन बजट है या, सभापति महोदय, विरोध पक्ष दिशाहीन है। मैं ऐतिहासिक सन्दर्भों के आधार पर निवेदन करना चाहता हूँ, सभापति महोदय, विरोध पक्ष की यह दिशाहीन यात्रा, दिशाहीन सफर जहाँ तक मेरी स्मृति है, 1967 से आरम्भ हुआ। 1967 के चुनाव में डॉक्टर लोहिया ने एक गैर-कांग्रेसवाद का नारा दिया देश को और देश को कहा, सभी राजनैतिक दलों को कहा कि कांग्रेस को हराओ, कांग्रेस हराने के लिए सब एक झण्डे के नीचे आ जावो। चाहे किसी के सिद्धान्त किसी भी राजनैतिक दल से मेल खाते हों या नहीं खाते हों, एक गैर कांग्रेसवाद का नारा 1967 में डॉक्टर लोहिया ने दिया। विरोध पक्ष की दिशाहीन यात्रा यहीं से, 1967 से प्रारम्भ हुई। जो 1967 की यात्रा आरम्भ हुई वह 1977 में क्लाइमेक्स पर पहुँच गई। देश ने 1967 की सरकार को देखा, देश ने 1977 की सरकार को देखा और देखा कि विरोध पक्ष किस प्रकार इस दिशाहीन यात्रा में नाकामयाब रहा है। विरोध पक्ष दिशाहीन कहना चाहता है कांग्रेस सरकार के बजट को, कांग्रेस सरकार के कार्य कलाप को। लेकिन अगर विरोध पक्ष के पास कोई निगाह है देखने की तो वह देखें, यह दिशाहीन बजट है या विरोध पक्ष दिशा हीन होकर इस बजट पर दृष्टिगोचर कर रहा है। इसके लिए मैं ज्यादा दूर नहीं जाना चाहता। कांग्रेस की दिशा तो बहुत पहले से साफ है। कांग्रेस की दिशा को देखना है तो 1929 में जो नागौर का कांग्रेस अधिवेशन नेहरूजी की अध्यक्षता में हुआ था उसको देखिये कि कांग्रेस की क्या दिशा थी। कांग्रेस ने 1929 में कह दिया था कि हम सोशलिज्म और डेमोक्रेसी को चाहते हैं। हम समाजवाद को और प्रजातन्त्र को चाहते हैं। यह दिशा 1929 से कांग्रेस ने अपनी निर्धारित की है। सभापति महोदय, 1931 में गांधीजी ने जो दूसरी राउण्ड टेबल कांफ्रेंस हुई उसमें

(श्री सूर्य कुमार जैन)

कांग्रेस की दिशा को बिल्कुल स्पष्ट रूप से घोषित कर दिया था कि कांग्रेस की दिशा क्या है। यह उन करोड़ों, गरीबों और बेरोजगार लोगों के हित में कुछ लोगों के सिद्धान्तों को कुर्बान करके इस देश में खुशहाली लाना चाहती है और गरीबी मिटाना चाहती है। 1931 का जो करांची अधिवेशन है, 1937 का जो फैजपुर कांग्रेस का अधिवेशन है हमने कांग्रेस के अधिवेशन के माध्यम से कृषि नीति निर्धारित की। 1938 में हरिपुरा का जो सेशन हुआ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की अध्यक्षता में, उसमें हमने कहा कि हम नेशनल प्लानिंग कमेटी चाहते हैं, और नेशनल प्लानिंग के आधार पर हम देश में एक नियोजित विकास चाहते हैं। यह हमने 1938 में तय किया। उसी का परिणाम है, सभापति महोदय, आज देश में प्लानिंग कमीशन के नाम से एक नेशनल प्लानिंग कमीशन है। 1955 का आवड़ी अधिवेशन कांग्रेस का बहुत प्रसिद्ध अधिवेशन है उसमें समाजवाद के सिद्धान्त को स्वीकार किया गया और यह कहा गया कि देश का लक्ष्य, हिन्दुस्तान का लक्ष्य समाजवादी समाज की स्थापना है। 1959 का जो नागपुर सेशन है, सभापति महोदय, उसमें कहा गया कि हम डेमोक्रेटिक सोशलिज्म की मंजिल को प्लानिंग के थ्रू लेना चाहते हैं। 1964 में जो भुवनेश्वर का सेशन था कांग्रेस का उसमें भी इसी आवड़ी इरादे पर दुबारा मोहर लगाई। 1967 में जब श्रीमती गांधी शासन में आईं, उन्होंने टेन पाइन्ट प्रोग्राम दिया। वह टेन पाइन्ट प्रोग्राम कांग्रेस शासन, कांग्रेस सरकार और कांग्रेस संगठन की एक दिशा थी। सभापति महोदय, 1967 में श्रीमती इन्दिरा ने एक विशेष थोट्स के नाम से, बिखरे ख्यालों के नाम से नोट पेश किया। अपनी केबिनेट और देश के सामने, वह भी निश्चित रूप से कांग्रेस की दिशा है। सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं जो घोषणा है कांग्रेस की व जितने आम चुनाव इस देश में हुए हैं उन चुनाव में जो घोषणा-पत्र दिये हैं वह कांग्रेस की दिशा है। मैं पूछना चाहता हूं विरोध पक्ष की क्या दिशा है? विरोध पक्ष भटकाव के भंवर में फंसा हुआ है, विरोध पक्ष दिशाहीनता के दल-दल में फंसा हुआ है, विरोध पक्ष अफवाहों के अम्बार के नीचे दबा हुआ है, विरोध पक्ष भ्रान्तियों के भ्रम जाल में उलझा हुआ है। विरोध पक्ष सोच नहीं पा रहा है। विरोधी पक्ष कभी सोचता है आसाम में अलगाव की आग लगी हुई है उसका फायदा उठाया जाये, विरोध पक्ष कभी सोचता है, जम्मू और कश्मीर में राष्ट्र विरोधी तत्व सक्रिय हो रहे हैं, कांग्रेस के संगठन को या कांग्रेस की सरकार की स्थिति को नाजुक बनाने में संलग्न हैं, विरोध पक्ष जम्मू और कश्मीर की तरफ अपना मुंह करता है। जब कभी पंजाब में आग लगती है तो विरोध पक्ष उस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। विरोध पक्ष के सामने कोई मंजिल नहीं है। विरोध का और विकास का कोई संबंध नहीं रह गया है। यह इतिहास ने सिद्ध कर दिया है। इतिहास की क्या बात कहूं, यह तो पढ़ने से ताल्लुक रखता है।

अभी इसी अधिवेशन की बात है, सभा-

(श्री सूर्य कुमार जैन)

पति महोदय, आपके ध्यान में होगा कि राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में विरोध पक्ष ने बहिष्कार किया। राज्यपाल महोदय का जो अभिभाषण है उस अभिभाषण का जो आखिरी से पहला पैराग्राफ है अगर उसका आप मुलायजा फर्मायेंगे तो विरोध पक्ष ने एक हकीकत को स्वीकार किया है, एक ऐतिहासिक हकीकत को स्वीकार किया है कि उनका विकास से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। राज्यपाल महोदय ने कहा सदन के सभी सदस्यगण से कि आप लोग राजस्थान के विकास में भागीदार रहे हैं।

सभापति महोदय से पूछिये सभापति महोदय जो कुछ कहेंगे, मैं कहूंगा।

श्री खेतसिंह राठौड़ (मुख्य सचेतक) : गलती की है तो यह क्या जरूरी है कि आप भी करें।

श्री भैरोंसिंह शेखावत (नेता; प्रतिपक्ष) : गलती सभी की है।

एक माननीय सदस्य : अन्दर उछल कूद की आपने पहली दफा।

(व्यवधान)

श्री सभापति : आर्डर आर्डर। आर्डर प्लीज। आप अपना भाषण शुरू करिये।

श्री सूर्य कुमार जैन : सभापति महोदय, मैं निवेदन कर रहा था कि राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाषण में विरोध पक्ष को भी विकास से सम्मिलित करते हुए विरोध को भी मुबारकबाद दिया कि और कहा कि राजस्थान में जो भी उल्लेखनीय विकास हुआ उसमें आप भागीदार भी रहे हैं। लेकिन विरोध पक्ष ने बहिष्कार करके यह सिद्ध कर दिया है कि विकास से उसका कोई ताल्लुक नहीं है। विकास का और विरोध पक्ष का खास करके जो हिन्दुस्तान और राजस्थान में हुआ, कोई सम्बन्ध नहीं है तो यह निश्चित रूप से चुनावी बजट है। कांग्रेस सरकार ने चुनाव में वायदे किये थे उन वायदों को पूरा करने की दिशा में एक योजनाबद्ध बजट पेश किया हुआ है, इसमें कोई दो राय नहीं है।

सभापति महोदय, विरोध पक्ष की ओर से एक आलोचना आयी कि यह अधूरा बजट है। क्यों लगा विरोध पक्ष को? इसका एक बहुत सीधा सा कारण है। कहते तो यह हैं विरोध पक्ष के लोग कि यह जन साधारण के हिमायती हैं, जन साधारण का हित अहित देखने में केवल इन्हीं की ठेकेदारी है। कांग्रेस सरकार किसान विरोधी है, कांग्रेस का संगठन जनहित विरोधी है ऐसा यह विरोध पक्ष दावा करता है। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि आज जब राजस्थान के बजट में, राजस्थान की जनता पर किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ा तो विरोध पक्ष को बजट अधूरा लग रहा है। विरोध पक्ष को बजट पूरा तब लगेगा, सभापति महोदय, राजस्थान की जनता पर यह कांग्रेस सरकार किसी प्रकार का कोई कर भार डालेगी तो विरोध पक्ष की नजर में वह बजट शायद पूरा हो जावे। लेकिन

(श्री सूर्य कुमार जैन)

चूंकि विकास की सारी सम्भावनाओं को व्यक्त करते हुए, विकास के सारे प्रावधानों का लेखा जोखा देते हुए जब राजस्थान की सरकार ने, कांग्रेस की सरकार ने बजट पेश किया, विकासोन्मुखी बजट पेश किया तो विरोध पक्ष को अधूरा बजट लगने के अलावा और क्या हो सकता था। एक बात विरोध पक्ष कहना चाहता है कि घाटे का बजट है। घाटे का बजट निश्चित रूप से है इसको कहने की क्या आवश्यकता है। लेकिन क्या विकासोन्मुखी बजट घाटे का बजट नहीं होगा? जो अर्थ शास्त्र समझते हैं जो अर्थ शास्त्र के सिद्धांतों को जानते हैं वे इस बात को स्वीकार करेंगे, लेकिन जो जानते हुए भी अनजान बनना चाहें, जिनके पास आंखें होते हुए भी देखना नहीं चाहें उसके लिए तो मेरे पास में, किसी समझदार आदमी के पास में, किसी विवेकशील नागरिक के पास में कोई तरीका नहीं हो सकता।

सभापति महोदय, मैं इससे पूर्व कि विरोध पक्ष के जितने आलोचनात्मक बिन्दु थे उनको खोखला सिद्ध करूं, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान....

श्रीमती उजला अरोड़ा (जयपुर ग्रामीण) : फीका या चटपटा कैसा बजट है?

श्री सूर्य कुमार जैन : होमियोपैथी की दवाइयों से अच्छा है। होमियोपैथी की दवाइयों से अच्छा है।

श्रीमती उजला अरोड़ा : मेरा तो कोई कन्सर्न नहीं है होमियोपैथी से।

श्री सभापति : ऑर्डर प्लीज। कृपया व्यवधान न डालें। माननीय सदस्य, जारी रखें।

श्री सूर्य कुमार जैन : राजस्थान में घाटे के बजट के उन कारणों को हमें समझना पड़ेगा। अगर हम कारणों को समझेंगे तो दो बिन्दुओं के अलावा तीसरा कोई भी बिन्दु हमें विचार में लाने की आवश्यकता नहीं होगी। पहला बिन्दु है राजस्थान की भौगोलिक स्थिति। राजस्थान की भौगोलिक स्थिति ही इस प्रकार की है कि अरावली के पर्वतों ने उसे दो भागों में बांटा है। अरावली के पर्वत ने जिन दो भागों में इसको बांटा है, उसका 3/6 भाग रेगिस्तानी इलाका है, 2 5 भाग दूसरा है। जब रेगिस्तानी है तो इसमें, इसकी वजह से राजस्थान में समय-समय पर अकाल पड़ना एक आवश्यक अंग राजस्थान का बन गया है। जब अकाल पड़ता है तो सरकार को उस अकाल से निपटने के लिए अकालग्रस्त गांवों, उनमें रहने वाले निवासीगण को राहत देने के लिए कुछ न कुछ प्रावधान विशेष रूप से करना आवश्यक है। एक यह सबसे बड़ा कारण रहा है राजस्थान के सामने चाहे वह कभी भी कोई सरकार रही हो। अकाल जब पड़ा है, अकाल ने राजस्थान की सारी आर्थिक स्थिति को, सारे आर्थिक सन्तुलन को बिगाड़ दिया है। इसके साथ-साथ जो कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता दिया गया है कर्मचारियों के जो पे-स्केल रिवाइज किये गये, जो कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा दी गई उनका भी अतिरिक्त भार निश्चित रूप से राजस्थान की वित्तीय स्थिति पर पड़ा है। सभापति

(श्री सूर्य कुमार जैन)

महोदय, 477 करोड़ मंहगाई भत्ते का वजन है, 82 करोड़ का वजन केवल पे-रिवीजन का है और 62 करोड़ का वजन पेंशन की जो सुविधाएं दी गई हैं उनका है। ये दो कारण हैं, सभापति महोदय, जिसकी वजह से राजस्थान की वित्तीय स्थिति को डांवाडोल होना पड़ा है। राजस्थान सरकार ने जो फाइनेन्स कमीशन है उसके सामने अपने केस को पुरजोर शब्दों में और पुरजोर तरीके से रखा है। इस बात के लिए केन्द्रीय सरकार को कहा है कि जो अकाल का और जो मंहगाई भत्ते का वजन है इस वजन का केन्द्रीय सरकार स्वयं निर्वहन करें। अगर वह निर्वहन कर लेती है तो क्या फिर भी राजस्थान का बजट घाटे का बजट रह जायेगा? यह विरोध पक्ष के सोचने की बात है। क्या विरोध पक्ष यह कहना चाहता है कि अकाल की स्थिति से नहीं निपटा जाय? मैं कहना चाहता हूं कि विरोध पक्ष ही वह था जिसने यह कहा कि कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता दिलवाओ, ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों के पे-स्केल रिवाइज करो, कर्मचारियों को जो पेंशन की सुविधाएं हैं उसकी भी विरोध पक्ष ने ही सबसे पहले और सबसे ज्यादा मांग इस सदन में उठाई थी। जो सारा दृश्य है, सभापति महोदय, वह आपके सामने भी है और विरोध पक्ष के सामने भी है और सदन की प्रोसीडिंग्स हैं उसमें रिकार्डेड है। यह उसी का कारण है कि आज राजस्थान सरकार को घाटे का बजट पेश करना पड़ा है। राजस्थान का घाटे का बजट किसी और वजह से नहीं है। लेकिन सभापति महोदय, मुझे कहते हुए खुशी है कि राजस्थान सरकार ने इस चुनौती का, इन आर्थिक विषम स्थितियों की चुनौती का बहुत विवेक से और बहुत साहस के साथ में सामना किया है और उनको स्वीकार किया है। राजस्थान सरकार की जो प्राथमिकताएं हैं वह सुस्पष्ट हैं। राजस्थान की कांग्रेस की सरकार जानती है कि उसको सर्वोच्च प्राथमिकता सिंचाई और विद्युत् को देनी है। सिंचाई और विद्युत को प्राथमिकता देने के बाद ही यह सम्भव होगा। हम राजस्थान में जो बहबूदी लाना चाहते हैं वह केवल सिंचाई और विद्युत के आधार पर ही सम्भव हो सकेगा। यह राजस्थान की सरकार ने एक बहुत ही अच्छा ही कदम उठाया है और सबसे ज्यादा रकम सबसे ज्यादा प्रावधान सिंचाई और विद्युत के मद में किया है।

ठीक इसी प्रकार से, सभापति महोदय, जहां तक....

श्री महावीर प्रसाद जैन (टोंक) : पिछले साल से रकम कम है।

श्री सूर्य कुमार जैन : 206 करोड़ मेरे ख्याल से।

श्री सभापति : कृपया शान्त रहें, बीच में बाधा न डालें।

श्री महावीर प्रसाद जैन : पिछले साल से कम है या ज्यादा है, बता दीजिये जरा कि विकास का काम कैसा हुआ है?

श्री सूर्य कुमार जैन : सभापति महोदय, माननीय सदस्य स्वयं बजट के जो प्रावधान

(श्री सूर्य कुमार जैन)

है उनको देख लेंगे और जब उनका मौका आयेगा बोलने का तब वह बोल लेंगे। महरबानी करके शान्ति से सुनें।

श्री सभापति : ऑर्डर, ऑर्डर प्लीज।

श्री सूर्य कुमार जैन: दुष्यन्त की दो लाइन की बात है, सभापति महोदय, इसी बात पर मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कभी-कभी किन्हीं व्यक्तियों, जिनको गुमान होता है, कुछ दिख रहा है, वे कुछ देखना चाहते हैं लेकिन दिखता नहीं है, देखना चाहते नहीं हैं उस पर दुष्यन्त ने कहा है, सभापति महोदय :

रोशन हुए चिराग तो आँखें नहीं रहीं।

रोशनी की गुमां और भी खराब है।

सभापति महोदय,....

श्री महावीर प्रसाद जैन : सूर्य कुमार जी, पिछले साल से दस करोड़ कम का प्रावधान रखा है। दोनों में दस करोड़ का अन्तर है।

श्री सभापति : अब आप तो बिराजें।

श्री सूर्य कुमार जैन : सभापति महोदय, बजट में जो प्रावधान राजस्थान सरकार ने किये हैं उसमें से 67.30 पर्सेन्ट डवलपमेंट के खर्चे हैं, सभापति महोदय, और बाकी का 32.70 का खर्चा है वह जनरल सर्विसेज पर है। जो टोटल प्रोविजन है उनका 39.40 पर्सेन्ट सोशल सर्विसेज पर है, 27.90 पर्सेन्ट इकानामिक सर्विसेज में है। मैं यह कहना चाहता हूँ, सभापति महोदय, जो कुछ भी प्रावधान राजस्थान सरकार ने सोशल सर्विसेज के लिये, इकानामिक सर्विसेज के लिये और और डवलपमेंट के लिये किये हैं वह सराहनीय है और प्रशंसनीय है। जो कुछ भी गति विकास की पिछले वर्ष रही है, 80 से लेकर अब तक रही है वह कांग्रेस सरकार के द्वारा ही हुई राजस्थान में। इसके आधार पर मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि जो कुछ भी प्रावधान इस बजट के अन्तर्गत किये गये हैं उनसे निश्चित रूप से राजस्थान विकास के रास्ते पर, प्रगति के रास्ते पर आगे जायेगा।

मैं इसी सन्दर्भ में एक बात और निवेदन करना चाहता हूं। हमारे बजट की दिशा पिछले कुछ सालों से बदली है। बड़े बड़े सिंचाई के बांध या बड़ी-बड़ी योजनाओं के निर्माण की तरफ भी अब हमारा ध्यान, हमारी सरकार का ध्यान गया क्योंकि नियोजित विकास हमने सिद्धान्त रूप में स्वीकार किया और नियोजित विकास के लिए निश्चित अर्थ व्यवस्था इस देश में स्वीकार की, उस निश्चित अर्थ व्यवस्था के कारण कुछ दुष्परिणाम इस देश की आर्थिक स्थिति में आये और गरीब और अमीर के बीज में जो फर्क बहुत हुआ नजर आया उसको मिटाने के लिये श्रीमती गांधी ने 20 सूत्री कार्यक्रम हमको दिया। विरोध पक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम का नाम आते ही एक मजाक की ही स्थिति में आता है लेकिन....

(श्री सूर्य कुमार जैन)

श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़) : 20 सूत्री कार्यक्रम केवल नाम....

श्री सूर्य कुमार जैन : पीपल्दा से आने वाले माननीय सदस्य को अर्थशास्त्र पढ़ना पड़ेगा, 20 सूत्री कार्यक्रम को समझने के लिये।

श्री सभापति : आर्डर।

श्री बालचन्द आर्यवीर (डग) : माननीय सभापति महोदय, कल मेनका गांधी कह रही थीं कि 20 सूत्री कार्यक्रम कुछ भी नहीं है केवल ढोंग है। केवल एक ही सूत्र है कि जय करो।

श्री सभापति : ऑर्डर ऑर्डर। कृपया बैठ जायें। कृपया व्यवधान नहीं डालें। आप प्रारम्भ करें।

श्री सूर्य कुमार जैन : मैंने निवेदन किया, सभापति महोदय, 20 सूत्री कार्यक्रम के आर्थिक पहलू को, उसके आर्थिक सिद्धांत को समझने के लिये विरोध पक्ष कम से कम पूरे एक महीने तक लगातार अर्थ शास्त्र के विद्वान के साथ बैठकर सीखें तब जाकर 20 सूत्री कार्यक्रम का महत्व, 20 सूत्री कार्यक्रम क्यों शुरू किया गया, इसका मकसद समझ में आयेगा। उससे पहले, सभापति महोदय, इनके समझ में नहीं आयेगा। मैं यह निवेदन कर रहा था....

एक माननीय सदस्य : इनकी तो कभी समझ में नहीं आयेगा....

(व्यवधान)

श्री सूर्य कुमार जैन : सभापति महोदय, माननीय विरोध पक्ष के सदस्य गण यह समझते हैं कि हिन्दुस्तान की जनता को अभी 1967 या 1977 की तरह से कुछ खोखले नारे में बहका कर ले जायेंगे तो उसकी अब सम्भावना नहीं है। विरोध पक्ष इस बात का अहसास कर चुका है कि वह एक गलती 1977 में परिवार नियोजन कार्यक्रम की खिलाफत करके कर चुका है। परिवार नियोजन को 1977 के चुनावों का मुद्दा बनाकर और उस परिवार नियोजन कार्यक्रम के खिलाफ देश में एक वातावरण बनाकर विरोध पक्ष ने देश की आर्थिक स्थिति के साथ, देश के विकास के साथ एक इतना जबर्दस्त धोखा किया, इतना जबर्दस्त विश्वासघात किया कि उस धोखे की उस क्षति की पूर्ति करने के लिये देश को अब न जाने कितने वर्षों की जरूरत पड़ेगी। परिवार नियोजन के खिलाफ वातावरण बनने के कारण ही निश्चित रूप से जो कुछ भी विकास के कार्य देश में या राजस्थान में हुए उनके महत्त्व को हम आंक नहीं सके। उनका महत्व जनता के सामने आ नहीं सका। इसलिये, सभापति महोदय, बीस सूत्री कार्यक्रम की आवश्यकता कांग्रेस की सरकार को पड़ी और श्रीमती गांधी को पड़ी। बीस सूत्री कार्यक्रम एक व्यक्ति को एक परिवार को एक इकाई मानकर उसकी आर्थिक दशा में सुधार लाने का और वैसे भी सार्वजनिक रूप से विकास करने का एक कार्यक्रम है। उस बीस सूत्री कार्यक्रम की ओर ही अब कांग्रेस सरकार का, राजस्थान सरकार का विशेष ध्यान है। मैं विश्वास के साथ कह

(श्री सूर्य कुमार जैन)

सकता हूँ कि बीस सूत्री कार्यक्रम की क्रियान्विति में राजस्थान की सरकार जिस प्रकार से देश में अग्रणी रही है, देश के पहले और दूसरे नम्बर के राज्यों में रही है कांग्रेस की सरकार, उसी प्रकार मुझे विश्वास है कि इस बार बीस सूत्री कार्यक्रम में कांग्रेस की सरकार उपलब्धियों में निश्चित रूप से सबसे आगे रहेगी। उसके आगे रहने का अगर हमको सबसे बड़ा फायदा मिलेगा तो यह मिलेगा कि राजस्थान की जो गरीब जनता है उसकी आर्थिक दशा सुधारने में हम कुछ योगदान कर सकेंगे और जो गरीब हैं, जो पिछड़े हुए हैं उनको आगे लाने में हम मदद कर पायेंगे। ऐसा मेरा पूरा विश्वास है।

श्री दाऊदयाल जोशी (दीगोद) : सभापति महोदय, माननीय सदस्य, जहाँ से चुनकर आते हैं बूंदी, कोटा से, परिवार नियोजन की बात कही, बीस सूत्री कार्यक्रम की बात कही उसमें 14.600 परिवार नियोजन के आपरेशन करने का लक्ष्य था किये गये 3,000, 610 लूप लगाने का लक्ष्य था जिसमें से 74 लूप मात्र लगाये गये। माननीय सदस्य, आप राजस्थान की बात कर रहे हैं। अपने जिले की बात तो करें, सिर्फ 14,600 में से 3,000 हुए हैं जिसमें आप स्वयं प्रचार करने गये थे। मन्त्री महोदय, यह क्या उपलब्धि है इनके खुद के यहाँ की परिवार नियोजन में.... ...

श्री सभापति : माननीय सदस्य, कृपया बिराज जायं।

श्री खेतसिंह राठौड़ : माननीय सदस्य तो पूरी तरह से प्रयास करते हैं, प्रचार करते हैं, लेकिन आप बैठे हैं ना इतने लोग इसलिए नहीं देते हैं।

श्री सूर्य कुमार जैन : माननीय सभापति महोदय, दीगोद विधान सभा क्षेत्र से आने वाले माननीय सदस्य ने मुझे यह मौका दिया कि मेरे क्षेत्र में परिवार नियोजन का कार्यक्रम कैसा चल रहा है इसके बारे में मैं सदन को जानकारी दूं। अगर, सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र की पंचायत समिति नैनवा में 65 पर्सेन्ट टार्गेट अचीव हो चुका है तो दीगोद से आने वाले माननीय सदस्य की शक्ल पर कितने बजेंगे।

श्री दाऊदयाल जोशी : यह तो बाद की बात है।

श्री सूर्य कुमार जैन : और, सभापति महोदय, दीगोद से आने वाले माननीय सदस्य यह बतायें, मेरी पंचायत समिति में, मेरे विधान सभा क्षेत्र की पंचायत समिति में तो 65 पर्सेन्ट टार्गेट पूरा हुआ है उनकी पंचायत समिति में क्या हाल है ?

श्री दाऊदयाल जोशी : 90 पर्सेन्ट। अब क्या कहते हो ?

श्री सूर्य कुमार जैन : याने, सभापति महोदय, 9 प्रतिशत।

श्री दाऊदयाल जोशी : 90 पर्सेन्ट, 90। नाइन्टी पर्सेन्ट। 100 पर्सेन्ट में 10 पर्सेन्ट कम।

श्री सभापति : ऑर्डर प्लीज, कृपया शांति बनाये रखें।

श्री महाराम चौधरी (नागौर) : खेतसिंह जी ने यह आंकड़ों में हेराफेरी करके किया होगा शायद।

श्री सूर्य कुमार जैन: सभापति महोदय, मैं निवेदन यह कर रहा था कि राजस्थान का वर्तमान बजट निश्चित रूप से विकासोन्मुखी बजट है, यह घाटे का बजट भले ही है लेकिन हमारी जो परम आवश्यकतायें हैं जीवन के लिए जैसे शिक्षा, बिजली, पेयजल, पशु चिकित्सा, चिकित्सा अगर इन पर होने वाले व्यय को हम जोड़ लें, इनके प्रावधानों को अगर हम जोड़ लें, और घाटे में जितना कुछ है उसको जोड़ लें तो मेरे ख्याल से विरोध पक्ष इस बात को स्वीकार करेगा कि अगर राजस्थान सरकार के पास आमदनी का कोई साधन भी नहीं हो, आमदनी का कोई स्रोत भी नहीं हो, तो भी किसी भी सरकार को इन आवश्यकताओं, जो जीवन के लिये आवश्यक है, का तो इन्तजाम करना ही पड़ता। तो उनका इन्तजाम किया। इसके साथ-साथ विकास की बहुत सारी सम्भावनायें, विकास की बहुत सारी योजनायें राजस्थान के सामने रखीं, क्या यह कम महत्त्वपूर्ण बात है? इसके लिए राजस्थान की सरकार की आलोचना करने के बजाय निश्चित रूप से उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए थी विरोध पक्ष के द्वारा लेकिन जैसा मैंने पहले निवेदन किया, सभापति महोदय, विरोध पक्ष केवल आलोचना करने तक ही सीमित है उसे कुछ दिखाई नहीं देता है। जो कुछ हो रहा है, जो कुछ हुआ है वह उसको दिखाई नहीं देता इसलिये उसका विश्वास इस बात पर जम ही नहीं पाता, यह विश्वास जमाने की कोशिश ही नहीं करता विरोध पक्ष कि आगे भी कुछ हो जायगा, वह जानकर अनजाना बना रहना चाहता है। यही देश के लिये एक विडम्बना की स्थिति है। मैं कहना चाहता हूँ देश की राजनीति के लिये यह निश्चित रूप से एक जहर है कि विरोध पक्ष जहां जिम्मेदारी का परिचय नहीं देना चाहता, विरोध पक्ष वहाँ सच्चाई को सच्चाई मानकर स्वीकार नहीं करना चाहता। यह देश की राजनीति के लिये एक सबसे घातक वस्तु है।

मैं आंकड़ों में न जाकर, सभापति महोदय, केवल अपनी बात साहिर की 4-5 पंक्तियों से समाप्त करना चाहता हूँ यह निवेदन करते हुए कि कांग्रेस की सरकार, राजस्थान की सरकार और देश की सरकार श्रीमती गांधी के नेतृत्व में जो कुछ हमारा समाजवादी समाज का सपना है इस समाजवाद को देश में लाना चाहते हैं। जिस समाजवाद के प्रति हम 1929 के अधिवेशन से लेकर अब तक समर्पित हैं, कटिबद्ध हैं, वचनबद्ध हैं, उसको निश्चित रूप से हम लोग ही लेकर आयेंगे। इस बात को साहिर ने इन पंक्तियों में कहा है—

"जिस सुबह की खातिर जुग जुग से
हम सब मर मर कर जीते हैं
जिस सुबह के अमृत की धुन में
हम जहर के प्याले पीते हैं
इन भूखी प्यासी रूहों पर
एक दिन तो करम फरमायेंगे

(श्री सूर्य कुमार जैन)

दुनिया अमन व खुशहाली के फूलों से सजायी जायगी,

उस सुबह को हम ही तो लायेंगे—

वह सुबह हम से आयगी।

मैं यही निवेदन करते हुए, सभापति महोदय, राजस्थान की सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है यह निश्चित रूप से उसी सुबह को लाने की तरफ एक योजनाबद्ध प्रयास है, एक योजनाबद्ध कदम है जिसको लाने के लिये हम वर्षों पूर्व से कटिबद्ध थे।

धन्यवाद !

श्री सभापति : श्री यदुनाथसिंह।

श्री यदुनाथ सिंह (नदबई) : सभापति महोदय, मेरे से पूर्व जो माननीय सदस्य बोल रहे थे उनकी तरह मैं कोई अर्थशास्त्री तो हूं नहीं, न ही मैंने शिक्षा में अर्थशास्त्र पढ़ा है लेकिन मोटी बुद्धि से....

श्री भैरोंसिंह शेखावत : उन्होंने कोई अर्थशास्त्र की बात नहीं पढ़ी।

श्री यदुनाथ सिंह : वैसा तो नहीं पढ़ा है। जो मोटी बुद्धि से सरसरी तौर पर अगर बजट को देखा जाय....

एक माननीय सदस्य : चौधरी चरण सिंह को मालूम है।

श्री यदुनाथ सिंह : चौधरी चरणसिंह के पास विकल्प है। आप लोगों के पास नहीं है।

श्री महाराम चौधरी : चरणसिंह का नाम आते ही घबराते क्यों हैं आप।

श्री यदुनाथ सिंह : शांति से सुनें। मेरी तबीयत ठीक नहीं है। मेरा गला पहले ही बैठा हुआ है।

श्री सभापति : कृपया व्यवधान नहीं डालें।

श्री यदुनाथ सिंह : सभापति महोदय, कोई भी बजट हो आने वाले साल के लिये बजट का उद्देश्य यह होना चाहिए कि उत्पादक शक्तियों को वह मजबूत करेगा, संगठित करेगा, उत्पादन को बढ़ाने के लिये इन शक्तियों को मजबूत करेगा, साथ ही बचत को बढ़ावा देगा और एक पूंजी निवेश की व्यवस्था आगे आने वाले वर्ष के लिये करेगा। सभापति महोदय, बजट कोई पिछले साल के हिसाब का लेखा-जोखा ही नहीं है, आने वाले साल में और उससे भी आगे आने वाले समय में राजस्थान में, अपने राज्य में हम किस तरह का निर्माण करना चाहते हैं, किस तरह से उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं, किस तरह से रोजगार देना चाहते हैं, किस तरह से गरीबी मिटाना चाहते हैं - इन सब बातों को ध्यान में रख कर बनाया जाना चाहिये। लेकिन मुझे खेद है, सभापति महोदय, कहते हुए कि इस साल का जो बजट पेश किया गया है वह घोर निराशावादी है, उसमें उत्पादक जितने भी खर्चे हैं, मैं छोटे-छोटे उदाहरण के तौर पर कुछ आपके सामने आंकड़े भी प्रस्तुत करूंगा, जितने भी

(श्री यदुनाथ सिंह)

उत्पादन बढ़ाने वाले कारक हैं उनमें खर्चे की कमी की गई है। जितने भी अनुत्पादक खर्चे हैं उनमें अनाप-शनाप बढ़ोत्तरी की गई है। इससे साफ स्पष्ट है कि अगले आने वाले साल में उत्पादन में वृद्धि की दर में और भी कटौती होने वाली है। उत्पादन में वृद्धि कम होगी तो महंगाई फिर बढ़ेगी, फिर प्राइस एक्सक्लेशन होगा, फिर डिवेलुएशन होगा। इसलिये, सभापति महोदय, मैं चाहूंगा कि सरकार पुर्नविचार करे। सरकार सोचे, किस तरह से होगा।

देखिये, सभापति महोदय, पहला ही पेज खोल लीजिये। राज्य में कृषि उत्पादन की महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अब यह आदत बन गयी है सरकार की, जिस साल मानसून अच्छा होता है सारे आदानों का वितरण करने के बहाने, सारे साधन मुहय्या करने के बहाने सरकार उसका श्रेय अपने सिर ले लेती है, कृषि उत्पादन बढ़ाने में सरकार ने बहुत बड़ा योगदान किया है। लेकिन जिस साल मानसून खराब होता है उस साल सारा दोष मानसून के ऊपर डाल दिया जाता है। यह सही है, सभापति महोदय, हमारे देश की अर्थव्यवस्था में भी, और हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था में भी कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि के नेट जो डोमेस्टिक प्रोडक्ट है उसमें 50% से ऊपर खेती का हिस्सा है इसलिये खेती के जरा से उतार-चढ़ाव से हमारी अर्थ व्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है। सभापति महोदय, आप देखेंगे, कोई भी सरकार, जिम्मेदार सरकार नहीं कहला सकती जो सरकार अपने खातों के राजस्व खाते में भी घाटा दिखाये। यह बहुत कम होता है।

मेरे पास जितने भी डाकूमेंट्स थे उनके आधार पर राजस्व खाते में घाटा होने का मतलब है, सरकार स्वयं अपने खर्चे को अपने संसाधनों से नहीं चला पा रही है। राजस्व खाते का अर्थ होता है सेलरी वेजेज वेतन भत्ते देने का काम, साथ ही जो ओन गोइंग वर्क्स हैं, जो काम चल रहे हैं उन कामों को स्थाई रखने का काम। यह राजस्व खाते से किया जाता है लेकिन राजस्व खाते में 88 करोड़ रुपये का घाटा है। तो, सभापति महोदय, मेरे कहने का अर्थ यह है कि राजस्व खाते में जब घाटा हो तब तस्वीर अपने आप साफ हो जाती है। इसी प्रकार से पूंजीगत खाते में घाटा है। घाटा ही नहीं है, घाटा है तो है, सभापति महोदय, राजस्व खाते में और पूंजी खातों में सबसे बड़ा अन्तर यह है कि पूंजी खाते से आपको नये साल में बड़ी योजनाओं, निर्माण के कार्य करने होते हैं, जो नए असेट्स बनाने हैं उनको कैपिटल अकाउन्ट्स से करना होता है। लेकिन आप देखें, सभापति महोदय, पूंजी खाता अगर खोलेंगे आप, सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं में पिछले साल था 75 करोड़ 38 लाख रुपये, इस साल हो गया 61 करोड़ 90 लाख रुपये। अब आइये आप शिक्षा और संस्कृति पर। पिछले साल था 12 करोड़ 6 लाख रुपये इस साल है कुल 89 करोड़ रुपये। पब्लिक हैल्थ पर देखिये, पिछले साल था 67 करोड़ 46 लाख रुपये, इस साल है 56 करोड़ 00 लाख रुपये। किसी भी मद में देख लीजिए। पब्लिक हैल्थ में देख लीजिये, पैसा घट रहा

(श्री यदुनाथ सिंह)

है । आर्थिक सेवाओं में देख लीजिये पैसा घट रहा है । यानि पिछले साल 260 करोड़ रुपये का जो पूंजी खाते से व्यय किया गया उसके विपरीत इस वर्ष का पूंजी खाते से व्यय करने का अनुमान 202 करोड़ रुपये का है । मेरे कहने का मतलब यह है कि सिवाय तनख्वाह देने के, सिवाय टी. ए., डी. ए. देने के, उनको कोई और महंगाई भत्ता देने के, बोनस देने के, और जो स्कीम चल रही हैं उनको वहीं बरकरार बनाये रखने के अब कोई नया काम राजस्थान में होने वाला नहीं है । पूंजी खाते में यह हालत है । सभापति महोदय, महंगाई की बात देखिये, बड़े गर्व के साथ कहते हैं, पिछले साल महंगाई की वृद्धि दर घटी, एकदम 15% से 2% पर आयी, इस साल फिर 8% पहुंच गयी यानि इस पैसे का भी 21 हजार करोड़ रुपये का जो बजट है, अगर प्राइस एक्सक्लेशन निकालें तो पिछले साल कुल बजट में जितना हम कर रहे थे खर्च उस महंगाई को निकाल कर वही 18-19 अरब का बजट हमारा होगा, यानि पिछले साल जितना पैसा था उस कीमत के आधार पर आज भी हम पिछले साल के बराबर कुल खर्च करेंगे । हो क्या रहा है, सभापति महोदय, डवलपमेंट खर्चा देख लीजिये, गवर्नमेंट एक्सपेंडिचर देख लीजिये । देखिये, सभापति महोदय····

श्री महाराम चौधरी : दिवालिया सरकार का हिसाब-किताब निकालने में थोड़ी देर तो लगती ही है ।

श्री सभापति : आप तो बिराजें । आप क्यों डिस्टर्ब कर रहे हैं ।

श्री यदुनाथ सिंह : इनसे बढ़िया इकोनामिस्ट आपके दरबार में है नहीं । सभापति महोदय, थोड़ी देर बाद में बताऊंगा ।

श्री सभापति : आप बाद में बता दीजियेगा ।

श्री यदुनाथ सिंह : नॉन डवलपमेंट खर्चा बढ़ रहा है पर्सेंटेज वाइज, डवलपमेंट का खर्चा कम हो रहा है । यानि विकास का खर्च कम हो रहा है ।

सभापति महोदय, जहां तक सवाल है छठी पंचवर्षीय योजना का, वैसे तो जब कभी योजना बनती है, एक बहस देश में चलने लग गई है आया प्लान्ड इकानामी जो है, प्लानिंग से जो हम इकानामी का डवलपमेंट करना चाहते हैं वह रेलेवेंट रही है कि नहीं । उसका कारण यह है, सभापति महोदय, हर साल हर नई पंचवर्षीय योजना जब बनती है उसमें कहा जाता है कि एम्प्लायमेंट को इसमें पहली प्राथमिकता दी जायगी, लोगों को रोजगार दिया जायगा, बेरोजगार लोगों को । एक कान्सटेन्ट स्टेबल ग्रोथ रेट रखी जायगी । अब ग्रोथ तो हो रही है लेकिन उसके मुकाबले हमारी कीमतों की ग्रोथ कई-कई गुना ज्यादा बढ़ रही है यानि आज ग्रोथ रेट हमारी हो रही है उससे कई गुना महंगाई बढ़ रही है । उसके साथ अब राजस्थान की एम्पलायमेंट ग्रोथ है । कोई भी योजना वह सही योजना नहीं हो सकती जिससे कम से कम जनसंख्या वृद्धि के बराबर आपका एम्प्लायमेंट ग्रोथ

(श्री यदुनाथ सिंह)

रेट नहीं होगा यानि रोजगार जब जनसंख्या वृद्धि के बराबर हो। आप अगर रोजगार नहीं दे पाये तो वह योजना सफल योजना नहीं मानी जा सकती। हो क्या रहा है, सभापति महोदय, योजना में हर साल घोषणा की जाती है कि हम एम्प्लायमेंट देंगे लेकिन हर योजना के बाद उससे ज्यादा लोग बेरोजगार नजर आते हैं। आप देखिये इसमें, आपकी बजट स्टडी में दिया है। ज्यादा नहीं कहते हुए मैं वर्ष 1982-83 का ही बताता हूं वैसे तो 79 में था 3 लाख 38 हजार, जो रजिस्टर्ड हैं। जो गांव में हैं उनकी तो बात छोड़िये। उसमें से इन्होंने नौकरी दी, प्लेसमेंट हुआ 21 हजार यानि 3 लाख 38 हजार में से 21 हजार। यह हमारा टाइम था। अब आप देखिये, 82 में 4 लाख 3 हजार हो गये। सभापति महोदय, नौकरी मिली 14 हजार को कुल। अब 83 में फिर 4 लाख 63 हजार हो गये, नौकरी मिली 18 हजार को यानि 2%। जितने भी हमारे यहां लाइव रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन है 2% को हम नौकरी नहीं दे पा रहे हैं। और बातों को छोड़कर अगर जनसंख्या वृद्धि दर से भी देखें 2.5% 2.3% के करीब जनसंख्या की वृद्धि दर हो रही है तो उसके बराबर हम एम्प्लायमेंट नहीं दे पा रहे हैं इसलिये हमारी योजनाओं में कमी है, खामी है।

सभापति महोदय, कोई भी स्टेट ले लीजिये, अगले पन्ने पर कहा गया है कि अब योजना कुल पंचवर्षीय जो है मैं कह रहा था हमारे राजस्थान में जो 2025 करोड़ की कुल पंचवर्षीय योजना है वह योजना भी घटकर 1800 करोड़ से 1864 करोड़ या 1865 करोड़ रह गयी है। क्योंकि कटौती हो गई है। जिनमें कुल मिलाकर पंचवर्षीय योजना का यह हाल है जहाँ तक सवाल था इस वर्ष की योजना का, सभापति महोदय, तो आप देखेंगे इस वर्ष 1984-85 में 430 38 करोड़ व्यय की योजना का प्रस्ताव है इसके लिये 264,19 करोड़ के साधन उपलब्ध हैं बाकी के 165 करोड़ की व्यवस्था सहायता से, केन्द्र राज्यों के अंशदान से की जायगी। कहां से किया जायगा? कैसे किया जायगा ? क्या आपकी बढ़ोतरी होने वाली है। यानि श्रीमती इन्दिरा गांधी कान्स्टीट्यूशन का भी लगातार वायोलेशन कर रही हैं। कान्स्टीट्यूशन की धाराओं के विपरीत जा रही हैं। जो हिस्सा राज्य और केन्द्रों का 48 और 52 का था वह पलटकर 52 और 48 कर दिया यानि, राज्य सरकार को 52% मिलना था और केन्द्र को 48% जब कि मेरे ख्याल से 45-56 का केन्द्र और राज्य सरकार का हिस्सा था कॉन्स्टीट्यूशन में। अब 48–52 उल्टा हो गया। केन्द्र सरकार 52% ले रही है और राज्य सरकारें 48%। तो संसाधन ज्यादा कहां से मिलने वाले हैं ? सभापति महोदय, जहां तक सवाल है हमारी इस योजना का, जहां तक है अगली योजनाओं का, तो उनका भविष्य ज्यादा उत्साहवर्द्धक नहीं है।

सभापति महोदय, अब आप देखिये, माननीय सूर्य कुमार जी कह रहे थे, कि इकॉनोमिस्ट, ध्यान रखते हों, वह पढ़ते हों तो जरा बताएं, हमारे कोर-सेक्टर में हैं

(श्री यदुनाथ सिंह)

उत्पादन बढ़ाने के लिये बिजली और सिंचाई । बिजली-सिंचाई की इस साल की हालत देखें तो जहाँ पिछले साल बिजली सिंचाई पर खर्च किया था 216 करोड़ रुपये, वहाँ इन पर इस साल 206 करोड़ ही खर्च कर रहे हैं । 266.74 करोड़ । इस साल पैसा कम कर दिया यानि, बिजली-सिंचाई जैसी जगह पैसा कम खर्च करें ।

सभापति महोदय, और देखिये, रावी व्यास और जितनी भी परियोजनाएं थीं, उन परियोजनाओं में हमको धक्के मारकर निकाल दिया गया । पानी में तो हमारा हिस्सा मौजूद है । हरियाणा वहाँ से बिजली ले सकता है, हिमाचल वहाँ से बिजली ले सकता है, कश्मीर वहाँ से बिजली ले सकता है लेकिन हमारे लिए किसी भी योजना में इसका प्रावधान नहीं है, बजट में कोई उल्लेख नहीं । कुल मिलाकर मुख्य मंत्री जी रोज घोषणायें करते हैं, दिल्ली जाते हैं, कलकत्ता जाते हैं, बम्बई जाते हैं, और विदेश भी जाते हैं कि उद्योगपतियों ! राजस्थान में आकर उद्योग लगाओ । यानि, माथुर सरकार की तरह वे उद्योगपतियों को भी × × × समझते हैं, × × × समझते हैं । सभापति महोदय, जब राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं है तो कोई उद्योगपति........

एक माननीय सदस्य : × × × असंसदीय है ।

श्री यदुनाथ सिंह : असंसदीय कौन सा है ? जो लायक नहीं वह × × ×

श्री सभापति : × × × शब्द असंसदीय है इसलिए कार्यवाही से.......

श्री भैरोंसिंह शेखावत : तो फिर × × × का आल्टरनेटिव क्या है ?

श्री माननीय सदस्य : अज्ञानी ।

श्री यदुनाथसिंह : अज्ञानी अलग शब्द है ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : तो फिर × × × की जगह कौनसा उपयोग में लिया जाय ?

श्री सभापति : जो वे उपयुक्त समझते हों ।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : वह सिद्ध कर दें....

श्री सभापति : लेकिन वह असंसदीय है इसलिए कार्यवाही से एक्सपंज करना पड़ेगा ।

श्री यदुनाथ सिंह : सभापति महोदय, लेकिन कोर सैक्टर में पैसा कम हो गया । पिछले साल जितना पैसा था उससे इस साल कम खर्च कर रहे हैं ।

20 सूत्री कार्यक्रम जिसका बड़ा गुणगान किया कि पहले दूसरे नम्बर पर आ रहे हैं । जो बजट स्टडी दी है और इसमें जनवरी, 1984 के आँकड़े दिये हैं वह दूसरी ही तस्वीर रखते हैं । देखिये, सभा-

---

× × × शब्द माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अवलोपित किया गया ।

(श्री यदुनाथ सिंह)

पति महोदय, इरिगेशन इन्क्रीज इसमें था-एक लाख हैक्टेयर जमीन में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा, कर पाये, 31 हजार, 69 हजार की कमी रही। जहां तक इन्टेग्रेटेड रूरल प्रोग्राम का सवाल है, इसमें बेनिफिट देना था 50 हजार को, दे पाये 41 हजार, को शिड्यूल्ड कास्ट् को 28 हजार को देना था, दे पाये 17 हजार को। कुल 16 हजार 600 को देना था, दे पाये 11 हजार को। शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्स की बात करते हैं उसमें भी कमी रही।

नेशनल रूरल डवलपमेण्ट प्रोग्राम में जहां 62 लाख 40 हजार मैन डेज उपलब्ध कराने थे उसकी जगह 38 लाख 64 हजार मैन डेज निकाल पाये।

सभापति महोदय, चलिये, फैमिली असिस्टेन्स। शिड्यूल्ड कास्ट्स की फैमिली को असिस्ट करना था 62 हजार, की हैं 40 हजार। शिड्यूल्ड ट्राइब्स की फैमिलीज को करना था 28 हजार, कर पाये 25 हजार।

वाटर सप्लाई, जिसका बहुत हल्ला मचा था। प्रोब्लमेटिक विलेजेज का टारगेट था 32 हजार 200 का, कर पाये दो हजार।

सब्सिडी जहां 31970 लोगों को देनी थी, दे पाये 13860 को।

कहां दूसरे-तीसरे नम्बर पर हैं ? जो लक्ष्य हैं उनके आधे पर भी नहीं आ पा रहे हैं।

विलेज इलेक्ट्रिफाई करने थे 1100, कर पाये 754।

वैल्स एनरजाइज करने थे 11 हजार वहां कर पाये 7900।

फैमिली प्लानिंग-स्टर्लाइजेशन जहां करना था 2,94,000 वहां कर पाये 127000। और देखिये। पी. एच. सी. अप ग्रेडेशन। क्या हुआ आपकी घोषणाओं का ? माननीय स्वास्थ्य मन्त्री जी, पिछले साल की घोषणाओं का क्या हुआ ? पी. एच. सी. और हैल्थ का पन्ना खुल गया है। इससे पिछले साल जितनी थीं, उस से भी कम हो रही हैं, तोड़ रहे हैं खोलना तो दूर रहा, तोड़ रहे हैं। अपग्रेडेशन करना था पी.एच.सी. का 7 का, कर पाये निल। पी.एच.सी. सेट-अप करनी थी 12, कर पाये निल, सब सेन्टर्स 500 खोलने थे कर पाये निल। यह आपकी बजट स्टडी कह रही है।

फेयर प्राइस शॉप्स। क्योंकि महगाई घटने का एक कारण बताया गया है कि हमने बहुत सारी उपभोक्ता दूकानें खोल दीं जिसमें महंगाई पर कन्ट्रोल होगा। यह एक साधन है पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन का। लेकिन आप देखिये, फेयर प्राइस शॉप्स खोलनी थीं गांवों में 960, खोल पाये 501। मोबाइल खोलनी थीं 10, खोल पाये 7।

विलेज स्माल स्कल इण्डस्ट्रीज का रजिस्ट्रेशन करना था 5 हजार का, किया 4 हजार का। विलेजेज में हैण्ड लूम्स का करना था 1600 का, कर पाये 9200 का। एम्प्लॉयमेण्ट ऑफ आर्टिजन्स करना था 10 हजार का, वहां किया 5 हजार।

(श्री यदुनाथ सिंह)

मेरे कहने का तात्पर्य यह है, सभापति महोदय, 20 सूत्र का इनका कोई कार्यक्रम नहीं है, इनका एक सूत्री कार्यक्रम है; चाहे राज्य गड्ढे में जाय, राज्य में कोई विकास हो या नहीं हो, राज्य में आने वाले समय में राज्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए तैयार ढांचा मिले कि नहीं मिले, राज्य का औद्योगीकरण हो कि नहीं हो, राज्य में पूरे क्षेत्र में सिंचाई कर पायें या नहीं कर पायें; कृषि उत्पादन कम से कम दुगुना कर पायें या नहीं कर पायें; यह इनका उद्देश्य नहीं है। इनका यह है कि येन केन प्रकारेण नेहरू परिवार को राज गद्दी पर बनाये रखें। यह केवल एक सूत्री कार्यक्रम है और कोई दूसरा कार्यक्रम है नहीं। सभापति महोदय, शिक्षा के बारे में"

श्री सभापति : कृपया समाप्त करें।

श्री यदुनाथ सिंह : क्यों, सभापति महोदय ? बहुत टाइम है हमारा तो।

श्री सभापति : आप 20 मिनट से ज्यादा ले चुके हैं।

श्री यदुनाथ सिंह : 10 मिनट तो यह ले चुके हैं उसमें से।

श्री सभापति : नहीं, 20 मिनट से ज्यादा ले चुके हैं, इसलिए कृपया समाप्त करिये।

श्री यदुनाथ सिंह : अब लीजिए, जल प्रदाय योजनायें, मोटी मोटी बातों पर आता हूं। सभापति महोदय, जल प्रदाय योजनाओं में 82-83 में जहां खर्च किया था 28 करोड़ 89 लाख, वह इस साल खर्च कर रहे हैं 23 करोड़ 60 लाख। यानि एक साल पहले जो व्यय कर चुके, फाइनेंस एक्सजरेशन को छोड़ते हुए, इन्फ्लेशन को छोड़ते हुए, इससे भी कम पूंजी लगा कर राजस्थान के विकास की धारा को दिशा देना चाहें, तो यह सम्भव नहीं है।

विद्युत-जो मेन इन्फ्रास्ट्रक्चर है हमारे यहां का, उसके बारे में दो मिनट निवेदन करूंगा। मेरी तबीयत ठीक नहीं है, क्षमा चाहूंगा, सभापति महोदय, 82-83 में विद्युत का प्रोविजन था 115.68 करोड़ रुपए और 83-84 में है 112.03 करोड़ रुपए, यानि पिछले साल बिजली का इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए जितना प्रावधान था, उससे इस साल और कम हो गया यानि 117 करोड़ ही रह गया। बिजली के बारे में, सभापति महोदय, मुख्य मन्त्री जी रोज घोषणा करते हैं कि सुपर थर्मल पावर प्लाण्ट की स्थापना की जायगी, राजस्थान में लिग्नाइट पर आधारित बिजली घर लगेगा। जनता पार्टी के राज में 79 तक पालना की जितनी प्रगति थी, उसके आगे आपके राज्य में हुई नहीं....

एक माननीय सदस्य : गांवों में एक एक खम्भा खड़ा कर रखा था बिजली का....

श्री यदुनाथ सिंह : अब बिजली है क्या ××× गांव में ?

यह तो वित्त मन्त्री जी ××× बोल

××× शब्द माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित किया गया।

(श्री यदुनाथ सिंह)

रहे हैं ? सभापति महोदय, हमारा हिस्सा गया।

कोटा-स्टेज-2, दूसरा एटॉमिक पावर स्टेशन लगाने की बात थी। उसके बारे में मुख्य मन्त्री कुछ बोले, वित्त मन्त्री कुछ बोले इस साल में उसका काम शुरू करने में खर्च करेंगे एक नया पैसा ? रावी-व्यास की नदी पर, भाखड़ा नदी पर और, और जितनी भी परियोजनायें हैं. पानी हम दे रहे हैं, बिजली नहीं ले पा रहे हैं। बड़े शर्म की बात है। 24-25 हजार मेगावाट का हमको नुकसान हो रहा है.... श्रीमान् और आप गीत गाये जा रहे हैं। सभापति महोदय,....

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : आपके क्या सुझाव हैं ?

श्री यदुनाथ सिंह : हमारे यह सुझाव हैं कि केन्द्र से लड़िये, राज्य के हितों में सब एक हैं। यहां पर पूर्व में प्रस्ताव भी पास किया था, उसके बाद में पंजाब ने व्हाइट पेपर इश्यू किया जिसमें यह कहा कि थीन बान्ध और सब बान्धों का फैसला कर चुकी है, इन्दिरा गांधी ने फैसला कर दिया है, आपकी सरकार निकम्मी है। उसे निकाले...

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : किस में लगी हुई है ?

श्री यदुनाथ सिंह : आप लोगों को सैट करने में लगी हुई हैं, आप लोगों को सैट करने में निकालने में, इसको निकालो, इसको यहाँ लगाओ, इसके अलावा कुछ नहीं किया.......

(व्यवधान)

तो, सभापति महोदय.......

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : आज तो आप जमे नहीं ?

श्री सभापति : आज आपकी तबीयत ठीक नहीं है।

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : तबीयत ठीक नहीं है फिर भी बोलना चाहते हैं।

श्री यदुनाथ सिंह : ठीक नहीं है लेकिन बोलना चाहता हूं..........

श्री नरेन्द्रसिंह भाटी : शेखावत साहब से जुड़ गये हैं इसलिये आपकी तबीयत ठीक नहीं है।

श्री यदुनाथ सिंह : आप हमसे दूर हैं इसलिये.......

श्री सभापति : मेरे ख्याल से बात पूरी हो चुकी है ?

(व्यवधान)

श्री यदुनाथ सिंह : बात पूरी कभी नहीं हो सकती। सभापति महोदय, इतना ही कहना चाहूंगा कि समाज कल्याण का मद हो, जनजाति क्षेत्र विकास का मद हो,

(श्री यदुनाथ सिंह)

ग्रामीण विकास का मद हो, कोई भी मद आप अगर देख लें तो आप पायेंगे कि उसमें पिछले साल की बजाय पैसे का प्रावधान कम किया है, रेवेन्यू एक्सपेण्डीचर को बढ़ाया है, सरकारी खर्चे को बढ़ाया है विकास व्यय को कम करके अविकास व्यय को बढ़ाया है। घाटा 222 करोड़ रुपये से भी ऊपर साढ़े 222 करोड़ का है। उससे राज्य का आने वाले साल में भला होने वाला नहीं है, राज्य की दुर्गति होने वाली है। इस आधार पर मैं चाहूंगा कि यह सदन इस बजट का पूरी तरह से विरोध करे और जो राज्य की गति के पहिये को उल्टा करने वाला पहिया है उसको वापस आगे बढ़ाने के लिये काम करें।

श्री सभापति : श्री भैरूंलाल भारद्वाज।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज (जमवारामगढ़) : सभापति महोदय, 1984-85 का जो बजट प्रस्तावित है इसमें कई महत्त्वपूर्ण बातें सरकार ने रखी हैं जिसमें से खास तौर से बिजली, पानी, शिक्षा से सम्बन्धित, सड़क से सम्बन्धित और स्वास्थ्य से सम्बन्धित हैं। अभी विरोधी दल के एक साथी कह रहे थे, वह बेमन से बोल रहे थे अलबत्ता यह आवश्यक हो जाता है कि....

श्री सभापति : उनकी तबीयत ठीक नहीं थी आज।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : उनकी तबीयत खराब थी, यही तो मैं कह रहा हूं कि वह बोलना नहीं चाहते थे, उनका बोलने का मन ही नहीं था परन्तु औपचारिकता निभानी होती है। विरोधी दल, जैसा कि सूर्य कुमार जी ने अभी कहा, का तो नियम यही है कि नकारात्मक पहलू के सिवाय ये आगे बढ़ना नहीं चाहते हैं। खैर, कोई बात नहीं।

जहां तक एक एक पाइन्ट पर, कुछ कमियां हैं उनकी ओर भी ध्यान आकर्षित करूंगा और जो अच्छी बातें हैं उनका समर्थन भी बहुत आवश्यक है; क्योंकि जब तक विकास के कार्यों की सराहना नहीं करेंगे, अच्छे कामों को प्रोत्साहन नहीं देंगे तब तक अच्छाइयां आगे नहीं बढ़ेंगी। जब तक किसी कमी खामी को हम गम्भीरता से, छिछलेपन से नहीं, गम्भीरता से उधर इंगित नहीं करेंगे, अपने सुझाव नहीं देंगे तब तक बुराई कम नहीं हो सकती। इसलिये मैं यही निवेदन करना चाहता हूँ कि प्रत्येक सदस्य अच्छाई-बुराई की दृष्टि से अपनी बात कहे। यह ठीक है कि विरोधी दल कमियों को ज्यादा से ज्यादा रुपये में नौ आने स्थान दे लेकिन अच्छाइयों को सात आने अपने भाषण में कहे परन्तु सोलह आने के सोलह आने यस और नो में बोलें, यह मुझे उचित नहीं लगता।

जहाँ तक हमारा विद्युत से सम्बन्ध है, यह बात स्पष्ट है कि 1982-83 के अन्दर भी, वैसे तो जब जनता पार्टी को हमने राज संभलाया था तब 12 सौ मेगावाट बिजली उनको संभलाई थी, उन्होंने उतनी की उतनी हमको संभलाई, लौटायी, एक यूनिट भी उन्होंने नहीं बढ़ाई, परन्तु इसके बाद में

(श्री भैरू लाल भारद्वाज)

इसमें अगले दो वर्षों में काफी प्रगति की है, और गये मौजूदा वर्ष में 1401 मेगावाट बिजली थी वह 1707 45 मेगावाट बिजली, यह जनवरी, 1984 की बात है । इसमें हम काफी आगे बढ़े हैं ।

यह बात ठीक है कि कुल मिलाकर बिजली से बहुत अधिक काम प्रगति के लिये आवश्यक हैं, हमारे पास अपने संसाधन नहीं हैं जिनको कि हम अपने संसाधन कह सकें । प्रथमतः भौगोलिक कारण से ही समझ लीजिये हमारे पास खुद के साधन बहुत कम हैं । यह लिगनाइट आगे पेश कर रहे हैं जिसकी आगे काफी अच्छी संभावना नजर आती है, इससे हमारे खुद के सोर्सेज भी बढ़ेंगे और छोटे-छोटे बिजली घर, पन बिजली घर जैसे स्थानों पर हमें काफी लाभ होगा । परन्तु यह बात भी ठीक है कि अन्य प्रान्तों, जिनमें से खास तौर से हमको हिमाचल प्रदेश से बिजली के मामले में जितना हो सके, एक योजना के बारे में उनसे समझौता किया है लेकिन जितना आगे बढ़ सकें, हमको बढ़ना चाहिए ।

राजस्थान में ऊर्जा का विशेष स्रोत सूर्य जिस पर सारे विश्व में अनुसन्धान चल रहा है, क्योंकि, माननीय सभापति महोदय, मौजूदा ऊर्जा के जितने भी स्रोत हैं उनमें कमी-खामी चल रही हैं और एक दिन ऐसी स्थिति आ सकती है कि इनसे हमारा विकास रुक जाय । सारे देश का और सारे विश्व का भी ध्यान ऊर्जा के स्रोत खास तौर से सूर्य की तरफ लोगों की निगाह है और सूर्य की राजस्थान की भौगोलिक स्थिति में सबसे ज्यादा कृपा रहती है इसलिये मेरा सुझाव है कि इस मामले में सौर ऊर्जा की तरफ हमको खास तौर से ध्यान देना चाहिये और उसकी अभिवृद्धि के लिये जोर-शोर से प्रयत्न करना चाहिये ।

जहाँ तक बिजली के वितरण का सवाल है, इस सम्बन्ध में एक सुझाव देना चाहूँगा कि जहाँ भी बिजली की लाइनें खिची हुई हैं उसके आस-पास आज किन्हीं कारणों से विद्युतीकरण गाँवों का नहीं हुआ है । उन गाँवों का कम खर्चे पर विद्युतीकरण हो सकता है, उनका विद्युतीकरण होना चाहिये । दूसरी यह बात भी सही है कि जिन गाँवों में बिजली लग गई है उनमें बहुत से किसानों का बिजली की कमी के कारण आजकल नम्बर नहीं आ रहा है । हम 11 हजार कुओं को कनेक्शन्स देंगे, 11 सौ गाँवों का विद्युतीकरण करेंगे । एक दृष्टि से तो ठीक मालूम पड़ता है कि आखिर जिन गाँवों में बिजली नहीं मिली है उन गाँवों को बिजली दी जानी चाहिए परन्तु दूसरे माने में विरोधाभास की बात नहीं है लेकिन जिन गाँवों के अन्दर संसाधन पहुँचाकर विद्युतीकृत किया है उनके शेष बचे हुए लोग लाइन का इन्तजार करते रहें । दूसरे गाँवों में संसाधन झोंककर बहुत कम प्राप्ति कर सकें उसके बजाय सघन विद्युतीकरण योजना हमको चलानी चाहिए । उदाहरण के तौर पर मैं जयपुर का उदाहरण देना चाहता हूँ जिसका लगभग 56 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है और जिसमें भविष्य में सिंचाई के संसाधनों की गुंजाइश नजर नहीं आती है । इसलिये मेरा सुझाव है कि ऐसे जयपुर जिले का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

जाय। अधिकांश पंचायत समितियों का 70, 80, 58, 60 के करीब पर्सेन्टेज पूरा हो गया है। ऐसी पंचायत समितियों का तुरन्त नम्बर लिया जाना चाहिए ताकि शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाय।

बिजली के सम्बन्ध में एक बात और मैं निवेदन करना चाहूंगा, वितरण से सम्बन्धित बात है। यद्यपि कई बार इस सम्बन्ध में चर्चा विस्तार से हो चुकी है फिर भी इस साल तो काफी संतोषजनक स्थिति रही लेकिन रबी की फसल के टाइम पर यह बात ठीक है कि उद्योगों को बिजली मिलनी चाहिये लेकिन खेती को पहले बिजली दी जानी चाहिये। उसके लिये रबी की फसल का 3 महीने और अधिक से अधिक 4 महीने काम होता है उसको प्राथमिकता दी जानी चाहिये। उन चार महीने में हम अपने सारे संसाधन लगाकर रबी की फसल पूरी कर लेंगे, इस सम्बन्ध में सिद्धान्त तय कर लेना चाहिए। बाकी 8 महीने खास तौर से गर्मी के 4 महीनों के अन्दर आप उद्योगों की कमी-खामी पूरी कर सकते हैं परन्तु रबी की फसल में कमी होती है वह नहीं होनी चाहिये। अब के वर्ष में गये साल के मुकाबले रबी की फसल के लिये ठीक से बिजली दी गई है परन्तु फिर भी शीतलहर से कमी-खामी आई है। यह जानते हुए कि शीत लहर के कारण सरकार गाँव के लोगों की मदद न करे इसलिये उन फसलों, जिनमें शीतलहर का अधिक प्रकोप हुआ है, को मैं समझता हूँ कि अधिक पानी देने से उनमें थोड़ा बहुत पुनर्जीवन आ सकता है, उनको मदद मिल सकती है। मंत्री महोदय को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

जहाँ तक सिचाई का सम्बन्ध है, हमने जो व्यवस्था की है जैसे कि 264 करोड़ रुपये के साधन हमने उपलब्ध कराने की बात की। इससे 165·45 करोड़ की पूर्ति केन्द्रीय सहायता व कर्जों से करने की बात की है परन्तु मैं यह कहता हूँ कि सिंचाई के मामले में जो व्यवस्था है यह भी कम है। इसको हमको अधिक बढ़ाना चाहिये क्योंकि कृषि प्रधान देश है। खास तौर से इस प्रान्त के सिंचाई के मामले में केवल राजस्थान नहर या माही परियोजना आदि का जो अच्छा कार्य चल रहा है जिसकी हम सब तारीफ करते हैं, मैं भी करूंगा तारीफ, लेकिन केवल इतना ही काफी नहीं है। राजस्थान के खास तौर से उत्तरी पूर्वी भाग आठ-दस जिलों, जयपुर और दूसरे जिलों के अन्दर पहले से ही कुओं से सिचाई होती है। उनमें भी कुओं का पानी निरन्तर नीचे जा रहा है, वह हमारे लिये खतरे की घण्टी है। इसकी ओर सरकार ने ध्यान नहीं दिया है। इसकी ओर ध्यान देना चाहिये।

हमने एक जल विकास बोर्ड बनाया। यह बड़ी खुशी की बात है कि वह बोरिंग वगैरह भी करेगा और संसाधन जुटायेगा पानी के परन्तु मैं यह कहना चाहता हूँ कि बोरिंग केवल उस जगह कामयाब होता है जहाँ जमीन में पानी है। यदि पानी की ही जमीन में कमी है तो ऐसी सूरत के अन्दर बोरिंग कुछ लाभ नहीं दे पाता है। इन आठ-दस जिलों के अन्दर, खास तौर से उत्तरी पूर्वी राजस्थान के अन्दर, हर साल एक फुट दो फुट, डेढ़ फुट पानी का स्तर जमीन से नीचे जाता है। पहले से जिन इलाकों में

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

सेजे का पानी था, वह सेजे का पानी भी बहुत नीचे जा रहा है। अधिकांश जगह तो झरने का पानी है उस जगह पानी की भयानक कमी हुई है। इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन है कि लघु सिंचाई से सम्बन्धित जो हमारा पैसा है, वह पैसा हमें बढ़ाना चाहिये। स्थानीय बरसाती पानी को रोकने की व्यवस्था खास तौर से इन जिलों में करनी चाहिये।

हमने इस बजट में यह भी इंगित किया है कि राजस्थान से बाहर जाने वाले पानी को भी हम रोककर राजस्थान में उससे सिंचाई की व्यवस्था करेंगे। इस सम्बन्ध में भी पूर्वी राजस्थान की साबी नदी, बाण गंगा नदी और ढूंढ नदी की तरफ भी मैं ध्यान आकर्षित करूंगा। यद्यपि ढूंढ नदी में कानोता के पास एक बांध बनाने की इसमें स्वीकृति की बात है परन्तु जहां तक मैं जानता हूँ इस ढूंढ नदी के उत्तरी ऊपरी सिरे पर जब तक छोटे-छोटे दो-तीन एनीकट एक भानपुर कलां के पास, एक इन्द्रगढ़ के पास, एक रामगढ़ रोड़ के आसपास नहीं बनाया जायेगा तब तक कुओं में पानी की अत्यधिक कमी है उसको दूर नहीं किया जा सकेगा। कहीं सिंचाई विभाग आगे चल कर यह दिक्कत पैदा न कर दे कि यह कानोता का बांध बँध गया इसलिये इसके केचमेन्ट एरिया में दूसरे एनीकट नहीं बनाये जा सकते। आज भी वही पुराना सिद्धान्त है, यदि एक बड़ा बांध बना दिया जाए तो उसके ऊपर जितना इलाका है, केचमेन्ट एरिया के नाम पर पानी रोकने की इजाजत नहीं दी जायगी। वह पुराना सिद्धान्त आज के जमाने में बिलकुल फिट नहीं है। आज तो जरूरी यह है कि प्रत्येक पानी के स्रोत चाहे वह कैसा ही छोटा या बड़ा नदी नाला हो, को एक-एक किलोमीटर पर, नहीं तो हर दो किलोमीटर पर रोका जाना चाहिए क्योंकि हर डेढ़ दो किलोमीटर पर रोकने से पानी का रूकाव कुओं के अन्दर पानी बढ़ाने में, सेजा करने में मदद करता है। इसलिए, माननीय सभापति महोदय, एक विशेष बात की ओर मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि बरसाती पानी को रोकने के लिए हमको गम्भीरता से प्रयत्न शुरू करने चाहिए। अभी हमने इसमें शुरूआत ही नहीं की है। केवल बड़े बांध, जो पहले से प्रस्तावित हैं, बड़ी योजनायें या लघु या मध्यम या लघु सिंचाई के नाम पर ऐसी योजनायें, जिनसे सिंचाई कानून के अहत डाइरेक्ट पिलाई हो सकती है, की ओर ही हम ध्यान देते हैं। डाइरेक्ट पिलाई वाली बात को ही ध्यान में न रख करके जिससे इन्डाइरेक्ट कुओं में पानी भरता है उनकी हमने अभी तक शुरूआत नहीं की है। उनकी हमको शुरूआत करनी चाहिये।

कृषि से सम्बन्धित कामों पर हमने जो इस बजट में व्यय किया है वह 77.65 करोड़ रुपया है। मैं कृषि विभाग के व्यय के बारे में कुछ निवेदन करना चाहूँगा। यह एक ऐसा विभाग है जिस पर खेती के नाम पर इतनी बड़ी धनराशि तो खर्च की जाती है पर यदि हम इसके डिटेल में जायेंगे तो मालूम पड़ेगा कि बड़े-बड़े आफिसरों और बहुत बड़े स्टाफ के खर्चे में अधिकांश लगायी जाती है। कृषि विभाग के नाम में कृषि

(श्री भैरूलाल भारद्वाज)

शब्द लगा होने से ही किसान को यह विश्वास होता है कि शायद सीधे ही डाइरेक्ट उसको कुछ मदद मिलती होगी। पर वेतन-भत्तों पर ही सारा पैसा खर्च होता है। मेरा निवेदन यह है कि कृषि के बजट में किसानों को मदद करने जैसी बातों पर हमको ध्यान रखना चाहिए। अभी कल परसों ही एक तारांकित प्रश्न के सिलसिले में सदन के बहुत से माननीय सदस्यों ने इस बात की चर्चा की थी कि खाद और जो कृषि यन्त्र हैं इन पर हमारे राजस्थान में कर ही नहीं है बल्कि बहुत अधिक कर है जबकि पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और दूसरे प्रान्तों में इन पर कर नहीं लगाया जाता। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस बात को हमको साधारण वे में नहीं लेना चाहिये और इसको गम्भीरता से सोचना चाहिए। इससे बहुत बड़ा फर्क भी नहीं पड़ेगा राशि का और किसानों के काम की जो रासायनिक खाद है, कीटनाशक औषधियां हैं और जो कृषि के यन्त्र हैं उन पर बिक्री कर और साथ साथ एक्साइज ड्यूटी वगैरह लगाकर महंगाई का वातावरण बना हुआ है। यह गरीब किसानों के लिए कमर तोड़ बात है। मेरा निवेदन है कि इन पर माननीय वित्त मन्त्रीजी जरूर विचार करेंगे। ऐसा लगता है कि वह उत्तर देंगे तब किसानों को राहत पहुंचाने का अवश्य प्रयत्न करेंगे। बीस सूत्री कार्यक्रम का कुछ मित्र नाम लेते ही न मालूम क्यों चमकते हैं, विरोधी दल ने आदत बना रखी है। पेपर में आज पढ़ा, मेनका गांधी भी कहती हैं कि बीस सूत्र क्या है। भई, बीस सूत्र याद नहीं हैं तो पूछ लो, समझ लो, नहीं तो बीस सूत्री कार्यक्रम में दो ही सूत्र बड़े हैं। एक देश की आम तौर पर तरक्की करना और एक व्यक्ति की तरक्की करना। एक तो व्यक्ति की उन्नति के लिए कार्य और सारे समाज की उन्नति के लिए कार्य। यह दोनों ही सूत्र समझ लो बीस में से। आपको बीस समझ में नहीं आवें तो दो सूत्र ही समझ लो।

(व्यवधान)

आप मोटे तौर पर दो समझने लगोगे तो फिर आगे-आगे मैं आपको तीन-चार करके बीस तक समझा दूंगा।

(व्यवधान)

श्रीमती उजला अरोड़ा : दो के आगे शून्य है।

(व्यवधान)

श्री भैरूलाल भारद्वाज : आप दो समझ जायेंगे तो बीस पर भी आ जायेंगे। आप हिलो तो सही, हिलते ही नहीं हो आप तो।

(व्यवधान)

श्री सभापति : आर्डर प्लीज। व्यवधान न डालें कृपया, माननीय सदस्य। कृपया बिराजें, कृपया व्यवधान न डालें।

श्रीमती उजला अरोड़ा : आपको तो बीस सूत्र याद होंगे, बीस सूत्र गिना दो।

श्री भैरूलाल भारद्वाज : मान्यवर, इन मित्रों की बीस सूत्री कार्यक्रम से चमक पर

Page No 103

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

एक बात याद आ जाती है। बहुत पहले की बात है सन् 52–53 की। मेरे गांव में बिजली नहीं थी, मैं एक नई बैल जोड़ी लेकर जब खेती के लिये गया था तो चाहे जैसे खेत जोतने में तो काम देते थे नये बैल थे, चमक भी थी, कुछ ताकतवर भी थे....

श्री महाराम चौधरी : नागौर के थे ?

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : वह नागौर के तो नहीं थे, हमारे स्थानीय थे।

परन्तु क्या हुआ, साहब कि जब उनको हल में जोतने की बात हुई जब तो चाहे जैसे कर लिया पर जब उनको कुएँ पर जूड़ी में लगाया और नाड़ी देने लगे तो हाथ ही नहीं धरने दें। ऐसे चमक, साहिब, जिसकी कोई हद ही नहीं। बड़ी मुश्किल। तो मैंने यह कहा कि जैसे वे बैल चमकते थे, कुओं में से पानी निकालने से एकदम दूर भागते थे बिलकुल ठीक वैसे ही विकास का कार्यक्रम, बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जो हो रहा है, इतने बढ़िया काम को भी ये माननीय मित्र नकारना चाहते हैं। यह कहते हैं कि कोई बीस सूत्र नहीं, यह सब बकवास है। अरे भई, इतनी चमक क्यों है ? यह जो गांवों में काम होने लगा है और हो रहा है उससे इनके केवल बहकाने के वोट हैं वह समाप्त होते जा रहे हैं क्योंकि ये रचनात्मक सुझाव नहीं देते। माननीय सदस्य कहीं जायेंगे तो केवल नकारात्मक भाषण देंगे, किसी की बुराई करेंगे। अब लोग यह समझ गये हैं कि ये बुराई करने वाले लोग हैं। जैसा मैंने पहले भी निवेदन किया था, बार-बार कहना ठीक नहीं है इन मित्रों के लिये क्योंकि आदरणीय मित्र हैं, बाकी लोग इनको जोंक से जोड़ने लगे हैं। कल भी मैं एक आदिवासियों के गांव गया था तो गांव के कार्यकर्ता कहने लगे, महाराज यह विरोधी दल का काम तो जोंक की नाई छै, कोई न कोई खामी ढूंढे छे। सरकार के किसी न किसी काम में, कहीं भी चले जाइये पर उसमें कुछ न कुछ कमी खामी तो रहेगी। मगर इनका ध्यान कमी खामियों की ओर ही रहेगा।

इसमें, सभापति महोदय, इनको ही नुकसान हो रहा है वह बात नहीं है इससे हमको भी नुकसान हो रहा है। विरोधी दल के लोग आंख मूंद कर चलते हैं तो क्या करें। इनका तो, सभापति महोदय, काम है कहीं पर गोलीकाण्ड में सहयोग करना या उसको करवाने के लिये लोगों को भड़काना। यह तो इस प्रकार के × × × काम करते हैं फिर यहां पर आकर सदन में चार छः घन्टे का समय खराब करके सदन का वातावरण खराब करते हैं। जवाब दिया जाता है तो उसको सुनने को तैयार नहीं होते हैं और यहां से भाग जाते हैं। सभापति महोदय, आखिर सदन का जो टाइम है, जो यह जाया करते हैं वह काफी कीमती होता है। आखिर यह पैसा हमारे देश की गरीब जनता के टैक्स के रूप में वसूल करके यहां पर खर्च किया जाता है। सदन का एक एक मिनट काफी कीमती होता है। हमारे मित्र लोग जो कि यहां पर बैठे हैं सामने, यह बात नहीं कि सभी नये हैं, इनमें काफी सदस्य ऐसे हैं जो कि अनुभवी हैं। हम उनसे अपेक्षा करते हैं कि वह लोग सदन में अमूल्य सुझाव दें। पर

× × × शब्द माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित किया गया।

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

वह तो चमक कर भाग जाते हैं × × × पर इनमें कई बुजुर्ग हैं. × × पुराने भी हैं। नये चमकते हों तो कोई बात समझ में आती है पर जो पुराने हैं वह पता नहीं क्यों चमक कर भागते हैं।

खैर, मैं, सभापति महोदय, यह निवेदन कर रहा था कि 20 सूत्री कार्यक्रम सभी की भलाई के लिये है। इससे सभी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की बात है। पर इसमें भी एक खामी को अगर निकाल दिया जाये तो बहुत अच्छी बात है। वह खामी यह है, सभापति महोदय, आज जो हमारा 20 सूत्री कार्यक्रम है वह अधिकांशतः हमारे यहां की नौकरशाही के द्वारा सम्पन्न होता है। पर नौकरशाही का अभी तक मानस ही नहीं बना है कि वह सुचारु रूप से चले क्योंकि इसमें तो गरीबों को लाभ पहुचाने की बात है। सभापति महोदय, विशेष तौर से मैं आपको यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो बैंक के कर्मचारी लोग हैं उनमें खास तौर से यह भावना नहीं है। इसके लिये हमारे भारत सरकार के जो वित्त मन्त्री जी हैं उन्होंने वह विचार प्रकट किया कि आज जो बैंक के कर्मचारी और अधिकारी लोग हैं वह अमीर लोगों को तो रुपया देते हैं जी हुजूरी करके पर गरीब लोगों को पैसा देने में इनको बहुत बड़ा दुख होता है। अमीर को चैक जी करके देते हैं पर गरीब को पैसे देने में इनका जी बहुत दुखता है। वह ऐसा महसूस करते हैं जैसे अपनी कमाई का पैसा दे रहे हों। वह लोग गरीब वर्ग के लोगों को बहुत तंग करते हैं। मेरा निवेदन यह है कि जो नियम बने हुए हैं उनका सरलीकरण किया जाना चाहिये। इसके अलावा मेरा सुझाव यह है कि जो 20 सूत्री कार्यक्रम है उसमें स्थानीय लोगों, जो कि वहां के प्रतिनिधि हैं, का सहयोग लेना चाहिये। मैं तो यह कहना चाहूंगा कि इसमें विरोधी दल के मित्रों का भी सहयोग लेना चाहिये क्योंकि वह लोग भी जन प्रतिनिधि हैं और वह भी चुने हुए हैं। इनको भी इसमें शामिल किया जाना चाहिये पर वह लोग तो 20 सूत्री कार्यक्रम के नाम से ही चमकते हैं। अब यह अगर हम नहीं करते हैं तो यह कहेंगे कि इसमें कांग्रेसी सदस्यों को क्यों लिया गया है। इसके लिये मेरा निवेदन यह है, भाई, आपके ही लखणों की वजह से आपको इसमें नहीं लिया है। मेरा तो यह सुझाव है कि इसमें विरोधी दल के सदस्यों को भी शामिल किया जाना चाहिये क्योंकि वह भी जन प्रतिनिधि हैं। पर यह तो, जैसा कि मैंने कहा, 20 सूत्री कार्यक्रम के नाम से ही चमकते हैं और भागते हैं। इनके पास तो एक काम है कि असेम्बली में फालतू समय वेस्ट करते रहें गरीब जनता के लिये काम नहीं करना चाहते। मैं तो यह कहूंगा, इनको चाहिये कि जो यह आदत है इसको बदलें। मैं तो इसके लिये सरकार से भी निवेदन करना चाहूंगा कि चूंकि यह जन प्रतिनिधि हैं इनको भी जिम्मेदारी का काम सौंपो। आखिर यह भी जिम्मेदार लोग हैं इनके इलाके में भी यह 20 सूत्री कार्यक्रम चल रहे हैं। उनमें अगर कोई खामी हो तो यह उसको दूर कराकर इसका लाभ अपने क्षेत्र में पहुंचावें।

× × × अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के के आदेशानुसार अपलोपित की गयी।

Page No 105

(श्री भेरूलाल भारद्वाज)

इसके अलावा, सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह 20 सूत्री कार्यक्रम को नौकरशाही के द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। उन लोगों में गरीब लोगों की मदद करने की भावना नहीं है। होना यह चाहिये कि हमारे अन्दर एक कम्पीटीशन हो कि कौन कितना जनता के बीच में जाकर गरीब लोगों की मदद करता है। परन्तु, सभापति महोदय, बात यह है कि पार्टीज का गठन किया गया है वह निहित स्वार्थ को प्रोत्साहन देने के लिये किया गया है। निहित स्वार्थ को किस तरह से प्रतिपादित किया जाय इसके लिये यह काम करते हैं। इनकी तो यह हालत है, सभापति महोदय, इनकी ऊपर से डोर खिचती है उसी के ऊपर यह चलते हैं। वास्तव में यह गरीब का भला करना ही नहीं चाहते। चूंकि हमारे यहां चुनाव होते हैं इसलिये ऐसे लोग चुन कर आते हैं तो विधायक की हैसियत से विधान सभा में और सांसद की हैसियत से लोक सभा में इनके मुख से बेमन से गरीब के भले की बात कभी कभी निकल जाती है। परन्तु वास्तव में यह उनका भला नहीं चाहते। मैं तो यह कहना चाहूंगा, इन्हें चाहिये कि यह लोग 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत गांवों में जाकर जो अनुसूचित जाति या जन जाति के लोग हैं या गरीब लोग हैं, पिछड़े वर्ग के लोग हैं, जो हमारे यहां के शिक्षित बेरोजगार लोग हैं और जो पिछड़े वर्ग के लोग हैं जिनको हमारी सरकार इस 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत करोड़ों अरबों रुपये की मदद कर रही है इसको अपने क्षेत्र में क्रियान्वित करके अपने क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचायें। आप जाकर उनका मोनिटरिंग करें, आप जाकर देखें कि इसमें कहां पर खामी है। पर यह लोग जाते नहीं हैं और चमक कर भागते हैं। इनका तो काम ही यही है कि किसी प्रकार झगड़े टन्टे होते रहें। यह अपना समय उसमें ही पास करते हैं। यह गरीब की मदद तो करना ही नहीं चाहते हैं। सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहूंगा इस 20 सूत्री कार्यक्रम के बारे में, हम शिक्षित बेरोजगारों की मदद करना चाहते हैं 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत, शिक्षित बेरोजगारों के लिये हमने नयी योजना बनायी है किन्तु हमारे सामने बैठने वाले मित्र उन शिक्षित बेरोजगारों को जाकर भड़काते हैं जैसे कि कल मेनका गान्धी ने अपनी सभा में कहा कि आप में से कितने लोगों को कितना ऋण मिला। तो जिन को मिला वह तो बोले नहीं पर जिनको नहीं मिला उन्होंने अपने हाथ खड़े कर दिये। इस तरह लोगों को किसी तरह से भड़काना और शिक्षित बेरोजगारों में असन्तोष पैदा करना ही इनका काम है। जैसा कि हमारी सरकार ने कहा, हम 15 हजार शिक्षित बेरोजगारों को काम देंगे। इसके लिये मेरा यह निवेदन है कि आप 15 हजार युवकों की डिस्ट्रिक्ट वाइज लिस्ट बनायें। इसका प्रचार होना चाहिये, हमें यह पता लगाना चाहिये कि अमुक अमुक जगह पर इतने शिक्षित बेरोजगार हैं और इतने गरीब वर्ग के लोग हैं, इतने पिछड़े वर्ग के लोग हैं। उसके बाद से प्रायोरिटी फिक्स की जानी चाहिये और प्रायोरिटी के अनुसार लोगों को काम

(श्री भैरू लाल भारद्वाज)

मिलना चाहिये। नहीं तो यह विरोधी पक्ष के लोग जनता में असन्तोष फैलाते हैं।

जहां तक हमारी शिक्षा का मामला है हमने इस साल एक हजार प्राथमिक पाठशालायें खोलने की घोषणा की है। पिछले साल भी हमने 1200, 1300 प्राइमरी स्कूल खोले थे। यह तो बहुत ही खुशी की बात है। इसके अलावा हमारे यहां पर 6000 मिडल स्कूल खोलने की भी घोषणा की गई थी, इस साल भी खोल रहे हैं। यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो प्राइमरी स्कूल आपने खोलने की बात कही और 3 हजार अध्यापकों के नये पद सृजित करने की भी घोषणा की है, यह भी बहुत ही खुशी की बात है। पर जो स्कूल हम खोलने जा रहे हैं और जो पद हमने सृजित किये हैं उसमें एक बात तो बहुत ही आवश्यक है। जो अभी स्कूल चल रहे हैं वह स्कूल के तौर पर नहीं चल रहे हैं क्योंकि अध्यापकों की संख्या कम है। एक एक स्कूल में सौ सौ लड़कों पर एक अध्यापक नियुक्त किया हुआ है। बेचारा अध्यापक बच्चों को बैठायेगा या बच्चों को पढ़ायेगा। एक अध्यापक द्वारा इतने बच्चों को पढ़ाने का सवाल है। मेरा निवेदन यह है कि जो प्राथमिक शिक्षा है उसके ऊपर ध्यान देने की जरूरत है। अभी तक जो मूल जड़ है उसके ऊपर ध्यान दिया ही नहीं गया है। जो प्राथमिक शिक्षा है उसके ऊपर बहुत कम खर्च करते हैं। हम आज प्राइमरी शिक्षा पर क्या खर्च करते हैं। स्थिति यह है कि ज्यों ज्यों हमारे यहां पढ़ाई ऊपर की ओर जाती है त्यों त्यों उस पर खर्चा बढ़ता जाता है। जितना बजट प्राइमरी स्कूलों के लिये है उससे ज्यादा मिडल स्कूलों के लिये है और आगे कालेज शिक्षा और यूनिवर्सिटी की शिक्षा पर बहुत ज्यादा खर्चा होता है। गरीब जनता का टैक्स पर पैसा ऊपर की शिक्षा पर अधिक खर्च होता है। उसका अन्त यह होता है कि जब पढ़ लिख कर कोई भी व्यक्ति कालेज और यूनिवर्सिटी से निकलता है तो नौकरी की बात सोचता है, धन्धे की बात तो वह सोचता ही नहीं है क्योंकि धन्धा करने की हमारे लोगों की आदत ही नहीं है। जो मौजूदा शिक्षा पद्धति है वह दोषपूर्ण है। वह तो नौकरी पेशा लोगों को ही पैदा करती है। हमें इस मौजूदा शिक्षा पद्धति को बदलना है। जैसा कि शिक्षा मन्त्री जी ने कहा, मैं तो कहता हूं कि इसको तुरन्त बदलना चाहिये। नहीं तो शुरू में क, ख, ग पढ़ने वाले बच्चे पर तो बहुत ही कम पैसा खर्च होता है जबकि होना यह चाहिये कि जो शिक्षा का बजट है उसका आधा बजट तो मेरे सुझाव के अनुसार प्राथमिक शिक्षा पर ही खर्च किया जाना चाहिये चाहे माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल कुछ समय के लिये खोलने पर हमें ब्रेक ही लगा देना पड़े। ताकि प्राथमिक शिक्षा तो पूरी हो जाय। नहीं तो होता यह है कि हम कालेज और दूसरी यूनिवर्सिटी की पढ़ाई की कक्षायें खोलते रहे हैं। उसका नतीजा यह होता है कि हम बेरोजगार की एक लाइन खड़ी कर देते हैं। मेरा कहने का मतलब यह है कि कम से कम हमारे को ऐसी शिक्षा देनी चाहिये जिससे कि पढ़ लिखने के बाद लड़के को यह तो पता लग जाय कि

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

उसे क्या करना है। आज जैसा कि शिक्षा मन्त्री जी ने कहा, हमारे यहां पर जो यह 10+2 और 10+3 है वह हम शुरू करने जा रहे हैं इसमें ताकि एक लड़का जब दस कक्षा पढ़ जाये तो मैट्रिक करने के बाद उसको पता लगे कि उसे क्या करना चाहिये। नहीं तो स्थिति यह है कि शिक्षित बेरोजगार की लाइन लग जायगी। आज तो स्थिति यह है कि मैट्रिक पास तो क्या, सभापति महोदय, आज का जो ग्रेजुएट है वह भी कुछ सोचने की स्थिति में नहीं है कि वह क्या करे। मैं तो इतना तक कहना चाहूंगा, सभापति महोदय, आज का ग्रेजुएट शुद्ध प्रार्थना पत्र भी नहीं लिख सकता है। इसका कारण यह है कि हमारे यहां जो बच्चे को प्राथमिक शिक्षा दी जाती है उसमें बच्चा कमजोर रह जाता है। वह शुरू से ही कमजोर होता है। आगे तो वह बढ़ता जाता है आप उस पर पोथे के पोथे लादते हैं, बहुत भारी पैसा भी खर्च उस पर करते हैं पर वह कुछ भी नहीं कर सकता है। वह कालेज में जाकर हुड़दंग करता है। आज वातावरण ही ऐसा हो गया है। इसलिये मेरा निवेदन यह है कि जो प्राथमिक शिक्षा है वह बच्चे को अच्छी तरह से दी जाय इसके लिये शिक्षा के बजट का आधा पैसा उसी पर खर्च करना चाहिये। आज जो प्राथमिक शिक्षा है जैसा कि मन्त्रीजी ने बताया था, बारह हजार अध्यापकों की आवश्यकता है। आप आज भर्ती करने जो जा रहे हैं वह सिर्फ तीन हजार अध्यापक ही भर्ती करने जा रहे हैं। मैं समझता हूं यह तो बहुत कम संख्या है। इन तीन हजार अध्यापकों में से एक हजार तो जो प्राइमरी स्कूल आप खोलने जा रहे हैं उसमें ही चले जायेंगे। फिर बाकी बचे हमारे पास दो हजार अध्यापक। हमारे यहां पर जब 12 हजार अध्यापकों की आवश्यकता है और हमारे पास सिर्फ दो हजार अध्यापक हैं तो आप क्या करेंगे। इसके अलावा जुलाई के महीने में और छात्र लोग आयेंगे, नये भर्ती होंगे। होने भी चाहिये क्योंकि हमारी नीति है कि हम शत प्रतिशत अनिवार्य शिक्षा में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि सभी को अनिवार्य शिक्षा कम से कम प्राथमिक स्तर तक तो मिले। इसके लिये हमें गम्भीरता से सोचने की आवश्यकता है। हमें हमारे यहां पर प्राथमिक शिक्षा के लिये अध्यापकों के पद सृजित करने चाहिए। मुझे उम्मीद है कि वित्त मन्त्री जी शिक्षा मन्त्री जी के अनुरोध, जो उन्होंने बारह हजार अध्यापकों का भेजा है, पर और गौर करेंगे और अपने जवाब में यह तीन हजार प्राथमिक शिक्षा के अध्यापक हैं इस संख्या को बढ़ाने की कृपा करेंगे, ऐसी मुझे उम्मीद है।

सभापति महोदय, जहां तक उर्दू को तरजीह मिल रही है, यह बहुत अच्छी बात है। इसमें कोई बुरी बात नहीं है, क्योंकि हमारे बहुत से भाई उर्दू सीखना चाहते हैं। हमारे देश में खास तौर से उत्तर भारत में उर्दू का प्रचलन काफी है, लेकिन इसके साथ ही संस्कृत शिक्षा को जो साधारण वे में सांस्कृतिक शिकार बनाया जा रहा है इस ओर भी सरकार का ध्यान आकर्षित करूंगा। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि संस्कृत स्कूल में पढ़ने वाला लड़का किसी

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

भी अन्य स्कूल के लड़कों से कभी पीछे नहीं रहता बल्कि एक विषय ज्यादा सीखकर अधिक पारंगत होता है। मेरा सुझाव है कि जितने भी स्कूल खोले जायं चाहे वह प्राइमरी, मिडिल, सैकण्डरी, हायर सैकण्डरी खोले जायें उसका हमको एक पर्सेंटेज तय करना चाहिए, संस्कृत शिक्षा के लिए और वह न्यूनतम 10 प्रतिशत होना चाहिए, जितने स्कूल हम खोलेंगे 10 प्रतिशत हम संस्कृत के खोलेंगे। जैसे हम एक हजार प्राईमरी स्कूल खोलेंगे। जैसे हम एक हजार प्राइमरी स्कूल खोलेंगे तो न्यूनतम हमको एक सौ स्कूल संस्कृत के खोलने चाहिए। छः सौ में से 60 मिडिल स्कूल हमको संस्कृत के खोलने चाहिए। दो सौ हम सैकण्डरी स्कूल खोलने जा रहे हैं उसमें भी हमको उसी प्रकार से दस प्रतिशत के हिसाब से ही संस्कृत के सैकण्डरी स्कूल खोलने चाहिए क्योंकि संस्कृत इस देश की ही नहीं, विश्व की भाषाओं की जननी है। आज दुनिया का विकास जो हमें नजर आ रहा है, जो पश्चिम के मुल्कों के जरिये हमारे पास पहुंच रहा है यह सब हमसे उधार लेकर गये हैं। वही संस्कृत के ग्रन्थों से उसी का अध्ययन करके कुछ जोड़कर कुछ घटाकर मौके के हिसाब से यह तरक्की दुनिया की हो रही है। उसमें संस्कृत की बहुत बड़ी देन है। माननीय सभापति महोदय, संस्कृत शिक्षा की अधिक तरक्की के लिए अधिक पैसा आप अलग से मत खर्च कीजिए, आप मौजूदा बजट में से ही कम से कम 10 प्रतिशत संस्कृत के नाम अलाट करने की कृपा कीजिए। यह मेरा सुझाव है।

श्री सभापति : कृपया समाप्त कीजिए।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : डिस्पेंसरियां जो हम खोलने जा रहे हैं, नई डिस्पेंसरियां पहले 15 खोलने की बात थी, नई डिस्पेंसरियों का नम्बर लगाकर स्वास्थ्य केन्द्र वगैरह आगे बढ़ा रहे हैं। इस सम्बन्ध में भी हमको यह तय करना चाहिए, पंचायत समितियां, जिनकी आबादी डेढ़ लाख से ऊपर है, में तुरन्त दो-दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने चाहिए। कई जगह पंचायत समितियों में आबादी साठ-सत्तर हजार की है और कई पंचायत समितियों में आबादी डेढ़ लाख, पौने दो लाख की है। बिना किसी भेदभाव के यह तय करना चाहिए कि जिस पंचायत समिति की आबादी एक लाख से ज्यादा है वहां निश्चित तौर से दो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जायेंगे यह हमको तय करना चाहिए।

आयुर्वेदिक दवाखाने 200 खोले जा रहे हैं। मैं इस काम से प्रसन्न हूं, माननीय आयुर्वेद मंत्रीजी ने अच्छा काम किया है। परन्तु मैं यह कहना चाहूंगा कि यह आयुर्वेदिक दवाखाने गये दो साल से नाम के दवाखाने हैं। हम इसके लिए बजट भी बहुत कम रखते हैं। परन्तु जो कुछ वित्त मंत्रीजी ने कृपा करके आयुर्वेद की दवाओं के लिए प्रावधान किया है उनमें नौकरशाही की चख-चख से दवाइयां ही नहीं खरीदी गई, दो साल से लगातार आयुर्वेदिक दवाखानों में औषधियां न हों और रुपया होते हुए औषधियां नहीं हैं, पास में पैसा नहीं है तो और बात है। मैं समझता हूं कि

(श्री भैरू लाल भारद्वाज)

आयुर्वेद मंत्रीजी चाहते भी होंगे कि औषधियां खरीदी जायं, पर केवल कागजी घोड़े दौड़ाने से, माफ कीजिएगा, काम नहीं चलेगा। सारी बीमारियों के एक डाक्टर जो आई. ए. एस. हैं यह सारा बंटाधार हमारे देश का करते जा रहे हैं। हर महकमे में हर काम के लिए आई. ए. एस., हम काम का विशेषज्ञ आई. ए. एस.। यह आई. ए. एस. न मालूम अपने को, क्या समझता है। यह असल में बेचारा गरीब आई. ए. एस. बना है कागजी और पढ़ाई के जरिये, जिसके जरिए कानूनी खामी पूर्ति का नोट लगाना, उसमें ओब्जेक्शन करना, उसने अपना काम बना लिया है। उसका ध्यान आम जनता की तरफ नहीं है। नोटिंगबाजी से दो-दो साल से दवाखानों में दवाई न होने का असर उन गरीब बीमारों पर किस तरह पड़ रहा होगा जिसकी वजह से लोग दुःख पा रहे हैं।

मैं समझता हूँ इसके लिए हमको एक औषधि निगम की स्थापना करनी चाहिए ताकि इनकी खरीद-फरोख्त, जैसा कहते हैं, के लिये हमने टेण्डर ले लिये, टेण्डर लेने के बाद बाजार भाव और ऊँचे हो गये और नहीं खरीद सके। दुबारा टेण्डर करेंगे और फिर 6 महीने निकाल देंगे। मैं समझता हूँ जो बाजार भाव हो उसके हिसाब से खरीद लो, इसके लिये योग्य समझदार लोगों का औषधि निगम बनाना चाहिए और आयुर्वेद औषधियां मुहैया कराने की ओर पूरा ध्यान देना चाहिए। माननीय सभापति महोदय, आप स्वयं जानते हैं, आयुर्वेदिक औषधि की महिमा हिन्दुस्तान में ही नहीं विदेशों के अन्दर, खास तौर से उत्तर पूर्वी एशिया के अन्दर है। मुल्कों से हमारे यहां कई डेलीगेशन आते रहते हैं। वह हमसे कुछ सीख कर जाना चाहते हैं। वह भले आदमी हममे इतने प्रभावित हैं कि वह एलोपेथिक का बॉयकाट करके आपके आयुर्वेद का अपने देशों में प्रचार चाहते हैं, उसका मार्ग-दर्शन वह भारत से लेना चाहते हैं। हम इस मामले में बहुत पीछे हैं। अगर आयुर्वेद में कोई कमी-खामी है तो शास्त्र विधि से तैयार की हुई औषधि न मिलना है। पुराने से पुराने रोगों की औषधियां शास्त्रों में इतने बढ़िया तरीके से लिखी हुई है कि आज भी उनका कोई जवाब नहीं। लेकिन आज लिखी हुई विधि से इसे कौन तैयार करे। आप अगर यह अपेक्षा करें कि पुराने जमाने की तरह हर वैद्य अपनी औषधि खुद बनाएगा, यह तो संभव नहीं है। संभव यह है कि सरकार को जितने भी शास्त्रों में नुस्खे हैं उनके आधार पर औषधि निगम बनाकर उसके जरिए आयुर्वेदिक औषधियां पर्याप्त मात्रा में न केवल सरकारी दवाखानों के लिये, प्राइवेट लोगों के द्वारा खरीदने के लिए, विदेशों में निर्यात के लिए भी तैयार करनी चाहिए। ऐसा मेरा सुझाव है....

श्री दाऊदयाल जोशी : यहां तो अपने ही दवाखाने में 1200 रुपये प्रतिमाह वेतन वैद्य को दिया जाता है जब कि 60 रुपयें की दवा दी जाती है। 1200 रुपये माहवार वैद्यों का वेतन और दवाखाने के लिए सिर्फ 60 रुपये की दवा है। आप किस चक्कर

(श्री दाऊदयाल जोशी)

में पड़ रहे हों। अंधों के सामने रोना अपनी आंखें खोना।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : हां, तो मैं आपको निवेदन कर रहा था कि पेयजल के मामले में राजस्थान ने अपनी उपलब्धि हासिल की है। इसमें कोई शक नहीं है कि जिस राजस्थान में पानी को घी से भी ज्यादा महंगा माना जाता था, लोग कहते थे घी तो मिल जाता है मारवाड़ में लेकिन पानी नहीं मिलता था, आज हमने वहां पानी की व्यवस्था की है। कांग्रेस सरकार ने प्रान्त के विकास के लिए बहुत ही कीमती बात की है। परन्तु पेयजल योजनाओं में एक-दो खामियां चल रही हैं उनकी ओर मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करूंगा। जब सर्वे किया गया था तो बहुत से गाँव नौकरशाही के सर्वे के जरिये समस्या ग्रस्त नहीं माने गये जब कि वह गांव नियमानुसार समस्या ग्रस्त थे। आज भी कई तहसीलों में एक बटा तीन, एक बटा चार गांव ऐसे हैं जो समस्या ग्रस्त तो वस्तुतः हैं लेकिन उनको समस्याग्रस्त घोषित नहीं किया गया है। इसलिए वहां पर कोई व्यवस्था सरकार की ओर से नहीं होती है। सर्वेयक की गलती से जो गांव समस्याग्रस्त घोषित नहीं किये गये वहां पर लोग प्यासे मरते हैं, उनकी समस्या की ओर क्या हम ध्यान नहीं देंगे ? हम केवल सर्वेयर से नहीं बंध सकते, हमको असलियत से बंधना पड़ेगा और वहां पर सर्वे दुबारा करवाना पड़ेगा। जो गांव समस्याग्रस्त हैं उनको नियमानुसार समस्याग्रस्त घोषित करना चाहिए। उसमें भारत सरकार से रकम तो आती ही है, हमने जो बजट में प्रावधान किये हैं उनमें खास तौर से उन गांवों को लेना चाहिए जो समस्या ग्रस्त घोषित नहीं। वास्तव में जो समस्याग्रस्त हैं उनको हम घोषित करें और वह जो बजट में रकम है ज्यादातर उन गांवों को दी जाय। ऐसे गांवों, जिन्होंने अपनी हिस्से की पूंजी जमा कराई है, को आज से आठ, दस, बारह साल पहले यह था कि एक प्रतिशत रकम जमा कराओगे तो हम पेयजल योजनाएं बनायेंगे। लोगों ने ढाई-ढाई, तीन-तीन साल का रुपया, मेरे ही क्षेत्र में सामोद में रुपया जमा कराया जो बैराठ तहसील का एक हिस्सा है। जमुवा रामगढ़ चुनाव हुए 13 साल हो गये हैं जब लोगों ने ढाई हजार रुपये जमा कराये थे, अब उनको जवाब मिलता है कि तुम समस्याग्रस्त गांवों की लिस्ट में ही नहीं हो। बड़ी मजाक होती है सरकार की। तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जो हमसे वायदे किये हैं, पब्लिक का कंट्रीब्यूशन हमने जमा किया है उसका कोई अर्थ नहीं है, यदि यह कहें कि यह समस्याग्रस्त नहीं है। अगर समस्याग्रस्त नहीं होता तो आज से 13 साल पहले कोई रुपया जमा कराता क्या जनता की ओर से। तो ऐसे मामलों का भी जल्दी निपटारा लेना चाहिए।

जहां तक सड़कों का सवाल है, वैसे हमने इस बजट में 14 करोड़ रुपया रखा है, मगर आगे चल कर हमारे बजट में यह बात कही है कि हम संसाधन जुटाकर लगभग ढाई हजार किलोमीटर सड़कें बनायेंगे। मैं इस पर शक तो नहीं करता, परन्तु इसमें स्पष्ट नहीं किया गया। यह तो मैं जानता

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

हूं कि 14 करोड़ तो केवल पी. डब्ल्यू. डी. के रोड्स के बजट में रखा गया, उसके अलावा माइनिंग के बजट में भी सड़क के लिए होता है मण्डी कमेटियों की ओर से भी पैसा सड़कों की तरफ लगता है। 2500 किलोमीटर सड़क इस साल बनाने जा रहे हैं, उससे माननीय विरोधी दल के सदस्यों को भी खुश होना चाहिए....

(व्यवधान)

आपके भी यहां काफी सड़कें बनेंगी। ऐसी बात क्यों सोचते हो आप। आपको कुछ प्रोत्साहन देना चाहिए। ऐसी बातों के लिए आप सोचते हैं कि 2500 किलोमीटर सड़कें बनेंगी तो कहां बनेंगी? अगर आपके क्षेत्र में नहीं बनेंगी तो जरूर बनेंगी। लेकिन इन सड़कों में हमको एक बात का ध्यान रखना चाहिए कि कालान्तर में हमारे हर एक इलाके के अन्दर कुछ तो अकाल राहत में सड़कें बनी थीं आपके और हमारे भी इलाकों में बनी थीं, उनमें कई जगह तो मिट्टी का काम पूरा हो गया, कई जगह मिट्टी के काम के अलावा उसमें सोलन जोड़ कर उस पर रोड़ियां पड़ गयीं, कइयों ने रोड़ियां दाब भी दीं, यानि कहीं रुपये में आठ आना काम हो गया, कहीं दस आना काम हो गया और कई जहग 12 आना काम हो गया और केवल चार आने की वजह से वह सड़कें ऐसी हो गयीं कि रास्ते भी बन्द हो गए। पहले कच्चे रास्ते से जाते थे और अब पत्थरों के ढेर लग गए, रोड़ियां पड़ी हैं और कच्चे रास्ते भी बन्द हो गए। माननीय सभापति महोदय, हमको ये सड़कें बनाते समय उन सारी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण करना चाहिए जहां पर पहले फैमिन में पैसा लग गया है, यह बात सुनकर माननीय विरोधी दल के मित्रों को मेरी इस बात की ताईद करनी चाहिए कि क्योंकि जब हम सिद्धान्त तय करेंगे तो आपको उसमें जरूर लाभ मिलेगा। तो आप कम से कम महरबानी करके कहें तो सही यह बात कि हां ऐसी अधूरी सड़कें पूरी कराई जायं चाहे वह किसी भी चुनाव क्षेत्र में हों। क्योंकि हमारी सरकार ने कुछ निर्णय लिये हैं जिनसे आपको भी लाभ मिलता है, सबको लाभ मिलता है और उसमें कोई गुटबाजी या पार्टीबाजी या राजनैतिक बात नहीं होती। जैसे 300 की आबादी पर एक स्कूल खोलना। माननीय मित्रो! क्या आप इसकी तारीफ नहीं करेंगे? मेरी पार्टी के बहुत से जने तो नाराज हैं कि जो पहले से ही विकसित इलाके हैं जहां पहले ही काफी स्कूल थे वहां पर कहीं दो स्कूल खुले हैं और कहीं 5 स्कूल खुले हैं क्योंकि पहले से ही काफी स्कूल थे आबादी में। मगर उन पिछड़े इलाकों में, जो कि आप लोगों के कारण पिछड़े रह गये, जैसे मेरा चुनाव क्षेत्र है, जमवा रामगढ़ चुनाव क्षेत्र उसमें आपकी ही महरबानी होती आई थी। कालांतर से जीत-जीत कर आते थे। आप देखिये, मेरे यहां 23 प्राइमरी स्कूल खुले हैं। 300 की आबादी पर 23 प्राइमरी स्कूल मेरे चुनाव क्षेत्र में खुले हैं, मुख्य मंत्रीजी के इस निर्णय के कारण कि 300 की आबादी पर एक स्कूल खुलेगा। मेरे यहां

(श्री भैरूलाल भारद्वाज)

23 स्कूल प्राइमरी स्कूल खुले हैं। यह जो निर्णय है यह इस बात का प्रतीक है कि हम राजस्थान के समग्र विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं बिना किसी पार्टी-बाजी के। अगर आपका सहयोग मिले तो हमारी इस भावना को और गति मिलेगी। इसलिए माननीय मित्रो! आप बजट पर जो भी भाषण दें उसमें....

श्री महाराम चौधरी : कई जगह तो प्राइमरी स्कूल खुले ही नहीं। आपके यहां 23 स्कूल खुल गए। रेगिस्तानी क्षेत्र में ढाणियों के अन्दर स्कूल नहीं खुले। आपके यहाँ सबसे ज्यादा खुल गए ना।

श्री भैरूलाल भारद्वाज :....300 की आबादी का हिसाब है इसमें भैरूलाल भारद्वाज का कुछ नम्बर नहीं है। इसमें तो 300 की आबादी है और वह 300 की आबादी के गांव में माननीय विरोधी दल के मित्रों के यहां भी जहां अधिक गांवों में स्कूल नहीं होंगे वहां भी स्कूल ज्यादा खुले होंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं सड़कों की एक बात और निवेदन करके इस सड़क वाली बात से दूर हटना चाहूंगा। कुछ सड़कें ऐसी हैं जो कि माइनिंग डिपार्टमेन्ट ने शुरू की थीं इसलिए कि माइनिंग की वस्तुओं को ले जाने की सुविधा रहे, जैसे जमवा रामगढ़ बंध से नीचे नक्शी नकटी घाटी से नायला लाने की रामगढ़ बंधे पर जितने भी ट्रक हैं माइन्स के भरे हुए आते हैं, कई बार उलटते हैं, एक्सीडेन्ट्स होते हैं इसलिए यह समझा गया था माइनिंग डिपार्टमेन्ट की ओर से कि वह बूझ होकर नायला मिलाई जायगी और आगे से लोड होकर वे ट्रक आयेंगे, उसमें 16 लाख रुपये पहले खर्च कर दिया गया परन्तु बीच में आधा टुकड़ा बिना बने पड़ा है। ऐसी दूसरी जगह भी हो सकती हैं। मैंने तो एक ही उदाहरण दिया है। माइनिंग डिपार्टमेन्ट की ओर से अगर सड़कें पूरी नहीं की गयीं तो न तो माइनिंग का लाभ हुआ, और उधर से ट्रक जायेंगे नहीं कच्चे में और पैसा भी फालतू लग गया। उसमें एक प्रकार से लोगों के दिमाग पर शिकायत सी पैदा होती है। मेरा सुझाव है कि जो खनिज मंत्री महोदय हैं वह अब जो भी पैसा खनिजों की ओर से सड़क बनाने के लिए दें वह उन अधूरी सड़कों को पूरा करने में लगायें जो कि कालान्तर से पड़ी हुई हैं।

जहाँ तक हमने हाथकर्घा के लिए व्यवस्था की है, मैं इसके साथ विद्युतकर्घा और जोड़ना चाहता हूं। गांवों में हाथ-कर्घा बहुत जरूरी चीज है। इसके अन्तर्गत गांवों में गरीबों को और खास तौर से बुनकरों के लिए हम रोजगार की व्यवस्था करने जा रहे हैं पर आज के जमाने में हम केवल हाथकर्घा तक ही उसको समित करके उसके डवलपमेन्ट में धीमी गति ला रहे हैं। आज जो हाथकर्घा लेना चाहें वह दें नहीं तो उसको विद्युतकर्घा देना चाहिए। गांव-में जहां विद्युत की व्यवस्था हो गयी है वहां विद्युत चालित कर्घा हो, यह नहीं कि किशनगढ़ में आप एक ही जगह कर्घों के ढेर लगा दें। वहां पर पांच हजार

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

विद्युतचालित कर्घे हैं और गांवों में कहीं दर्शन ही नहीं होते हैं। अच्छी बात है पहले तो लोग शहरों की तरक्की का ही काम करते थे इसलिए शहरों में ही विद्युतकर्घा लगाये गये हैं। आज जब कि हम गांवों का विकास करने जा रहे हैं तो वहाँ उद्योग-धंधों को चालू करने के लिए विद्युतकर्घे का प्रचलन जारी करना चाहिए और गांवों में जो उन गरीब बुनकरों, जो लेना चाहते हैं, को प्रायोरिटी के हिसाब से विद्युत कर्घे अलाट करने चाहिए।

जहां तक कृषि का संबंध है, मैंने पहले भी निवेदन किया था, टैक्स वगैरह के मामले में तो मैंने निवेदन कर दिया है, मेरे ख्याल से वित्त मंत्रीजी जो रासायनिक खाद कीटनाशक औषधियों और कृषि यंत्रों पर टैक्स माफ करेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। परन्तु मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं कि जो पशु-पालन का धंधा है, यह किसानों का सैकन्डरी धंधा है इसको हमें लघु उद्योग घोषित करना चाहिए। क्योंकि पशुपालन भी एक लम्बे स्केल पर लोगों का गांवों में पेट भरने का धंधा है। हमने लघु उद्योग के नाम पर तथाकथित उद्योग-पतियों को तो सब्सिडी, ऋण और कच्चा माल, पक्का माल आदि की सुविधायें देने के नियम बना रखे हैं परन्तु पशुपालन के बारे में हमने इसको लघु उद्योग घोषित नहीं किया। मेरा निवेदन है कि सरकार को पशुपालन को लघु उद्योग घोषित करना चाहिए। जो 200 पशुपालन के नये शफा-खाने खोल रहे हैं पशु चिकित्सालय में, एक बड़ी गंभीर बात, माननीय सभापतिजी, आपके जरिये पशुपालन मंत्रीजी जहां कहीं भी बैठे हों उनके कान में पहुंचाना चाहता हूं कि उन्होंने पहले भी पशु चिकित्सालय खोले हैं। किस जगह पशु चिकित्सालय खोले हैं। यह तो उनका मापदण्ड है, उन्होंने कहां खोल दिये, कई जगह तो एक भी नहीं खोले। आप जानकर चौकेंगे सारे लोग कि जमवारामगढ़ चुनाव क्षेत्र इतने सामने बैठने वाले मित्रों के प्रतिनिधित्व के कारण इतना अनदेखा रहा है कि पूरे चुनाव क्षेत्र में एक पशु चिकित्सालय नहीं है। मेरे चुनाव क्षेत्र में एक भी पशु चिकित्सालय नहीं है। जमवा रामगढ़ चुनाव क्षेत्र, जिसमें पशुओं की संख्या ढाई तीन लाख से कम नहीं होगी, में एक भी पशु चिकित्सालय, गये बजट में 100 पशु चिकित्सालय खोलने के बावजूद भी नहीं खोला गया। तो मैं एक तो पशु मंत्रीजी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि प्रजातंत्र में हमको ऐसा नहीं करना चाहिए और जहां कहीं कमी खामी है उस तरफ ध्यान देना चाहिए। जो अब हम 200 नये पशु चिकित्सालन खोलने जा रहे हैं उनका वितरण जहां जिस इलाके में कमी खामी है वहां हो, वहां खोलने चाहिए। परन्तु मैं यह कहना चाहता हूं कि वह क्या कागजों में ही खुलेंगे? उनके पास पशु चिकित्सक हैं कहां? मेरी जानकारी में यह है कि राजस्थान में पशु चिकित्सक उपलब्ध नहीं होंगे। 200 नये पशु चिकित्सालय खोलने जा रहे हैं उसमें पशु चिकित्सक मिलेंगे नहीं। और पशु चिकित्सक क्यों नहीं मिलेंगे? इस-लिए कि उनके वेतनमानों में एक भयंकर असंगति है। माननीय सभापति महोदय,

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

आपको, मैं साधारण तौर पर इस सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि एक सहायक पशु चिकित्सक होता है टी० डी० सी० प्रथम वर्ष के बाद 12 वीं कक्षा तक चार साल का उसका कोर्स होता है। वही चिकित्सक अधिकारी होता है। आपका मेडिकल प्रेक्टीशनर जो होता है वही डाक्टर बनता है, उसका भी टी० डी० सी० प्रथम वर्ष याने 12 वीं कक्षा से 4।। साल का कोर्स होता है उसका चार वर्ष का कोर्स होता है, फिर दंत चिकित्सक डेन्टल सर्जन होता है उसका भी चार साल का कोर्स होता है। वही क्वालिफिकेशन हैं। आपका अभियन्ता होता है, इन्जीनियर होता है उसका 11वीं पास करने के बाद 5 वर्ष का कोर्स होता है। याने एक प्रकार से इक्वल सारी परिस्थितियां हैं लेकिन इसके बाद इन सब में मेडिकल डाक्टर का वेतन दन्त चिकित्सक का वेतन ज्यादा होता है....

व्यवस्था का प्रश्न

आसन द्वारा घंटी बजाने पर माननीय सदस्य द्वारा स्थान ग्रहण

श्री भंवरलाल शर्मा (हवा महल) : पाइन्ट आफ आर्डर सर....

श्री सभापति : माननीय सदस्य, जरा आप बिराजिये। आपका पाइन्ट आफ आर्डर है।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : .... और इन्जीनियर्स का वेतन....

श्री सभापति : माननीय भैरूंलालजी भारद्वाज साहब बिराजिये। उनका पाइन्ट आर्डर सुनें।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : बाकी जरा सी बात आपको कह दूं।

श्री सभापति : उनका पाइन्ट आफ आर्डर है।

श्री भंवरलाल शर्मा : मुझे बोलने दीजिए। जरा विराजें, पाइन्ट आफ आर्डर है। माननीय सभापति महोदय, जब माननीय सदस्य बोल रहे हैं तो आपने बीच में चार पांच बार घंटी बजाई है। तो हम यह जानना चाहते हैं कि यह घंटी आप किस संकेत के लिए बजाते हैं और आपकी घंटी के संकेत को नहीं मानना यह आपकी आज्ञा की अवहेलना करना है, अवमानना है या क्या है? आप इतनी बार घंटी बजा चुके हैं, आप हम सबको भी शिक्षा दे दीजिए कि इस घंटी का क्या अर्थ है।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : यह पाइन्ट आफ आर्डर पेट में दर्द का है क्या ?

श्री सभापति : माननीय सदस्य का जो पाइन्ट आफ आर्डर है उसकी भावना माननीय सदस्य समझ गये होंगे। मेरा मतलब यह है कि आप जल्दी समाप्त करें।

श्री भंवरलाल शर्मा : आपने इतनी बार घंटी बजाई है।

श्री सभापति : घंटी बजाने का मतलब यह है कि समय समाप्त हो गया है। आप अपना भाषण समाप्त करें।

श्री भैंरूंलाल भारद्वाज : मुझे पता है, माननीय सभापतिजी, हमारी पार्टी का समय 12-13 घंटा है । पार्टी का समय कौन लेना चाहता है यह हमारी पार्टी देखेगी 'पड़ोसन बिलोवे दह्यो, तो मोसे कैसे जाय सह्यो ।' पड़ोसन जब दही बिलोती है तो जो गरीब बकरी भी नहीं रख सकते, गाय भैंस रखने का तो सवाल ही नहीं उनको बड़ा बुरा लगता है। यह माननीय सदस्य अपने पेट की तकलीफ कह रहे हैं ।

(व्यवधान)

श्री महाराम चौधरी : आपको तो पशु चिकित्सालय नहीं मिला ।

श्री भंवरलाल शर्मा : माननीय सभापति महोदय, मेरे पाइंट आफ आर्डर का निर्णय करें ।

श्री भैंरूंलाल भारद्वाज : मैं आपकी पार्टी का समय ले रहा हूं ।

श्री भंवरलाल शर्मा : अभी तो हमारे किसी भी माननीय सदस्य का नम्बर नहीं आया, चार बजने को आ गये ।

श्री सभापति : कृपया जल्दी समाप्त कीजिये । मेरा घंटी बजाने का मतलब यही है कि आपका समय समाप्त हो गया है । आप अपना भाषण जल्दी समाप्त कीजिये ।

श्री भंवरलाल शर्मा : हां, लेकिन यह मानते नहीं हैं ।

आय-व्ययक पर सामान्य वाद विवाद

श्री भैंरूंलाल भारद्वाज : माननीय सभापति महोदय, रिकार्ड उठाकर देख लीजिये, भारतीय जनता पार्टी अपने निर्धारित समय से सवाया, ड्योढ़ा नाजायज तौर पर टाइम ले जाती है । हमारा जो वाजिब समय है पार्टी का उसमें भी इनके पेट में दर्द होता है और उस पेट के दर्द को यह पाइंट आफ आर्डर के जरिये व्यक्त करते हैं । यह कोई बात हुई ।

हां तो, माननीय सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता था कि पहले जब विसंगति नहीं थी, पशु चिकित्सक और मनुष्यों के चिकित्सक और डेंटल चिकित्सक को समान वेतन मिलता था, तब बाहर से, यू० पी० से, बिहार से दूसरे प्रान्तों से भी हमारे यहां चिकित्सक आते थे । मेरी पूरी जानकारी में है कि बाहर तो सब का वेतन समान है, केवल राजस्थान ऐसा प्रान्त है जहां पशु चिकित्सक का वेतन दूसरे चिकित्सकों के मुकाबले में नहीं है । इसलिये न तो बाहर से कोई आ रहे हैं और न यहां तैयार हो रहे हैं । इसलिये पशु चिकित्सालय केवल नमूने के तौर पर खुलकर रह जायेंगे। वहां पर चिकित्सक नहीं होंगे, तो आप सोचिये कि हम पशुओं का इलाज कैसे कर पायेंगे । इसलिये मैं माननीय वित्त मंत्रीजी, जो यहां बिराज रहे हैं, पशु पालन मंत्रीजी ने कहीं कान लगा रखे होंगे, से यह निवेदन करना चाहूंगा कि पशु चिकित्सकों का वेतन मनुष्यों के चिकित्सकों के बराबर होना चाहिये । पशुओं को पहले तो दर गुजर किया जाता था, वह जमाना अब

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

नहीं है। पशु पालन हमारे प्रान्त में जीविकोपार्जन का बहुत बड़ा धन्धा है, इसलिये पशु चिकित्सकों को आकर्षित करने के लिए उनका वेतन न्यायसंगत करना बहुत जरूरी है। बड़ी मजाक की बात तो यह है कि डिपार्टमेंट उनको वेतन देते नहीं हैं मगर पशु चिकित्सकों को रिपोर्टिंग के लिये, सर्टीफिकेट देने के लिये ये पूरा वेतन देते हैं। राजस्थान में दूसरे महकमे तो पशु चिकित्सकों को मैडिकल डाक्टरों के बराबर पैसा देते हैं, मगर विभाग नहीं देता। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस खामी को दूर करना चाहिये। पशु चिकित्सालय जो दो सौ खोलने जा रहे हैं उसके लिये राजस्थान सरकार की तारीफ करूंगा, केवल यह कहते हुए कि यह उस जगह खोले जायं, जहां इनकी नितांत आवश्यकता है....

श्री सभापति : अब आप समाप्त करें।

(व्यवधान)

श्री महाराम चौधरी : यह आपकी सज्जनता का दुरुपयोग कर रहे हैं।

श्री सभापति : आर्डर प्लीज।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : पशु चिकित्सकों का इसलिये समर्थन करता हूं क्योंकि उसकी मार तो किसानों पर पड़ रही है, यह डाक्टर की मदद नहीं, यह उस गरीब किसान की मदद है, जिसका 8 हजार का बैल, जिसका 6 हजार का ऊंट, जिसकी 4-5 हजार की भैंस एक गलफोड़े से मर जाती है क्योंकि कोई डाक्टर होता नहीं है। भेड़ और बकरियों की लाइन लग जाती है, बाड़े के बाड़े खाली हो जाते हैं फिर भी कोई इलाज की व्यवस्था नहीं है। हमारे पास क्या है? हमारे पास तो पशु धन है हमारे पास कोई धन नहीं है सेठों की तरह। इस धन को बचाने के लिये पशु चिकित्सकों की नितांत आवश्यकता है, इसलिये आपसे निवेदन किया है।

जहाँ तक ब्याज चुकाने के लिये यह कानून है कि ब्याज मूल से ज्यादा न हो। यह हमारा जो जनरल कानून है, किसी भी तरह के ऋण पर ब्याज रकम से अधिक न हो....

श्री सभापति : माननीय सदस्य, अब आप अपनी बात दो मिनट में समाप्त करें।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : अभी समाप्त करता हूं। माननीय सभापति जी, हमारी सरकार ने यह तय किया है कि जो आदमी एक निश्चित तिथि में यानि 30 जून, 84 तक पैसा जमा करा देगा उससे दुगुने से ज्यादा ब्याज नहीं लिया जायगा। मैं सरकार को दो कदम और आगे ले जाना चाहता हूं, फिर मैं यह चाहता हूं कि यह जो जनरल नियम है, चाहे किसी भी महकमे का ऋण हो, चाहे सरकारी ऋण हो, चाहे बैंक का ऋण हो, इन पर भी लागू होना चाहिये। कोई भी गरीब आदमी, खास तौर से किसान और मजदूर और छोटे काश्तकार, जो भी ऋण लेते हैं, पर रकम से ज्यादा ब्याज नहीं होना चाहिये। जब हम प्राइवेट पार्टी को, बोहरों को ज्यादा ब्याज वसूल नहीं करने देते, हमने यह कानून बनाया है तो यह कानून राज पर भी लागू होना

(श्री भैरूंलाल भारद्वाज)

चाहिये। गरीब के लिए यह नहीं होना चाहिए कि वह बोहरे से तो बच गया, मगर राज्य नया बोहरा बन गया। आपके जरिये भी हम गरीब की मदद करें। अगर आपने यह कानून राज पर लागू नहीं किया और केवल सीमित तौर पर 30-6-84 तक ही गरीबों को यह सुविधा देना चाहते हैं, यह पर्याप्त नहीं है। इसलिये मेरा सुझाव है कि दुगुने से ज्यादा ब्याज गैर कानूनी है, हमको संशोधन करके यह घोषित करना चाहिये कि दुगुने से ज्यादा ब्याज चाहे सरकारी रकम हो या प्राइवेट रकम हो, नहीं लगेगा। गरीबों के लिये यह हमको व्यवस्था करनी चाहिए।

पंचायत राज के बारे में मैं केवल एक बात ही दोहराऊंगा, आप भी दोहराते हैं, एक छोटी सी बात पंचायती राज मंत्रीजी के जम ही नहीं रही है कि एक पंचायत में एक सैक्रेटरी हुए बिना आपका पंचायती राज लूला लंगड़ा पड़ा है। तीन-तीन पंचायतों में आपने एक सैक्रेटरी लगा रखा है तो वह अगला तीन में भी भटरगश्ती करता है। क्योंकि आपका नौकर तो नौकर ही नहीं है, ठाकुर है, तनख्वाह तो यों ही मिल जाती है महीने की महीने, फिर जरूरत क्या पड़ी है इसलिये अगला काम नहीं करता है। किसी भी पंच से पूछेंगे तो शिकायत यह मिलेगी, साहब, अपने पास सैक्रेटरी आता नहीं है। माननीय सभापति महोदय, यह सारा प्रशासनिक मामला है। मैं सुझाव दूं आपको, जिससे आपका पैसा भी नहीं लगेगा। कुछ ग्राम सेवक हैं, कुछ सचिव हैं, मैं आपको और सुझाव दू आपको पैसा ही नहीं खर्च करना पड़ेगा, इन पटवारियों को गांवों में क्यों नहीं लगाते। यह अपना राजस्व रिकार्ड भी रख लेंगे और गांव में पंचायत सचिव पना भी कर लेंगे। हमको तो तहसीलों को भी खतम कर देना चाहिये, फिर कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि पचायत समितियों के अन्तर्गत राजस्व अधिकारी, राजस्व प्रशासन अधिकारी, एक नायब तहसीलदार के कैडर के आदमी को लगा देना चाहिये, तहसील की कोई जरूरत नहीं है। एक ही लेवल पर दो तरह की कचहरियां बना कर प्रशासनिक खर्चे को बढ़ाना बुद्धिमता नहीं है। इसलिये मेरा सुझाव है कि तहसीलों को कम किया जाना चाहिये। एक नायब तहसीलदार के कैडर का आदमी हो, एस. डी. ओ. आज कल अधिकांश जगह आर. ए. एस. आफिसर लग गये हैं वहां पर रेवेन्यू प्रसार अधिकारी के तौर पर लगाना चाहिये। पटवारियों को ग्राम पंचायत के नीचे देना चाहिये और इनके इन्सपेक्टर और रेवेन्यू प्रसार अधिकारी को कन्ट्रोल करने के लिए पंचायत समिति के अन्डर में आना चाहिये, यह मेरा सुझाव है।

जहां तक....

श्री सभापति : आपकी बात समाप्त हुई, कृपया बिराजें।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : समाप्त हो गई। धन्यवाद आपको।

श्री रघुवीरसिंह कौशल।

श्री रघुवीरसिंह कौशल (बारां) : सभापति महोदय, नैनवाँ से आने वाले माननीय सदस्य और माननीय भारद्वाजजी ने बजट पर भाषण दिये लेकिन बजट की प्रशंसा में एक शब्द भी इन दोनों के मुंह से नहीं निकला। सूर्य कुमार जी को बोलना था किन्तु क्या बोलें, क्योंकि बजट पर बोलने लायक कोई बात है ही नहीं, जिसकी प्रशंसा की जा सके, इसलिये वह कांग्रेस का इतिहास बखान करने लगे। न मालूम कब से उन्होंने कांग्रेस के इतिहास को पहचाना है। जो कांग्रेस इतिहास लिख रही है उसको देख रहे हैं वह क्या इतिहास है। जिस जनतन्त्र की वे दुहाई दे रहे थे, असम के चुनाव जनतन्त्र को चुनौती है वहां पेटी लेकर घर घर वोट डलवाये गये, वहाँ दो सौ वोट पड़ने वाला विधायक बन गया। काले अक्षरों से जनतन्त्र का यह इतिहास लिखा जायगा कि यह कांग्रेस किस जनतन्त्र के इतिहास का निर्माण कर रही है। जहाँ 1980 में........

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : आप कहाँ बैठे हो ? विरोधी दल के लोगों ने असम में चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं की और बायकाट करके भाग गये। प्रजातन्त्र में चुनाव वोटों से लड़ना चाहिए था उनको आसाम में जा करके। आप लोग विरोधी हो, जहां चुनाव की घोषणा करते है, चुनाव नही लड़ते हो, ××× भाग जाते हो। और फिर कहते हो चुनाव का....

श्री रघुवीरसिंह कौशल : 1980 में जिस भिण्डरवाले के सहयोग से कांग्रेस चुनाव जीती हो, जिस भिण्डरवाला ने पंजाब में विषम स्थिति कायम की है उसके लिये जिम्मेदार कौन है ? हाई कोर्ट ने अंतुले को भ्रष्टाचारी सिद्ध कर दिया उस भ्रष्टाचार के कानून को बदलने के लिये एक इतिहास का निर्माण कौन कर रहा है ? जनतंत्र का इससे बड़ा और क्या उदाहरण हो सकता है आपके यहाँ कि आपकी पार्टी के चुनाव 14 साल से नहीं हुए। यहाँ जनतन्त्र की दुहाई वे लोग देते हैं जिनकी पार्टी में जनतांत्रिक तरीके से चुनाव नहीं होते हैं। और उदाहरण सुनिये आप। जिस कांग्रेस में 80 साल के बूढ़े बैठे हैं, कोई नेता बनने लायक नहीं है। इन्दिरा जी का सपूत संजय और फिर दूसरा सपूत, जो हवाई जहाज चलाता था, देश का नेता, कांग्रेस का नेता बनने जा रहा है। क्या यह जनतंत्र का अच्छा उदाहरण है ? जनतन्त्र की हत्या करने का कलंक किस पर है ? उस कांग्रेस पर है, माननीय सूर्य कुमार जी, जिस कांग्रेस के इतिहास की, जनतन्त्र की दुहाई दे रहे हैं। इसके बावजूद, सभापति महोदय, दोनों समझदार और बुद्धिमान लोग हैं इसलिये

(4.00 म० प०)

बजट को उठाकर माननीय सूर्य कुमार जी ने एक ही शब्द कहा कि विकासोन्मुखी है, और कुछ नहीं कहा। गलती से वह पकड़े गये, उन्होंने कहा कि विद्युत और सिंचाई में अधिक बजट दिया गया है, यह वहाँ पकड़े गये।

××× अभिव्यक्ति माननीय अध्यक्ष के आदेशानुसार अपलोपित की गई।

Page No 119

श्री सूर्य कुमार : कल आप मेरे भाषण को देखकर बोलना । आज बन्द करो अपना भाषण ।

श्री रघुबीरसिंह कौशल : और माननीय भारद्वाज जी ने इस आशा से हैण्ड पम्प की बढ़ाई कर दी कि जैसे 23 प्राइमरी स्कूल खुल गये वैसे 2-3 पशु चिकित्सालय भी खुल जायं । आप कह रहे थे कि सारे स्कूल बिना भेदभाव के खुले हैं । मेरे यहां 300 की आबादी के कई गॉव है जहां स्कूल नहीं खुले हैं । आप स्वयं अपने मुंह से कह रहे थे कि मेरे चुनाव क्षेत्र से विरोधी जीत कर आते रहे इसलिए इस क्षेत्र का विकास नहीं हुआ, अपने मुंह से आप यह सिद्ध कर रहे हैं कि भेदभाव से प्रगति की जाती है, विकास की योजनाएं भेदभावपूर्वक बनायी जाती हैं। माननीय भारद्वाज जी, यह सारा बजट मैंने भी पढ़ा है, इसको क्या विशेषण दूं, मुझे कोई विशेषण नहीं मिल रहा । यदि इसको मैं यथास्थितिवादी भी कह दूं तो भी इस बजट के साथ अन्याय होगा क्योंकि पिछली जो वार्षिक योजना थी वह 416.74 करोड़ की थी । उस योजना में योजना आयोग ने 30 करोड़ रुपये की कटौती कर दी क्योंकि हमारी स्टेट संसाधन नहीं जुटा पायी । इस साल की 430.38 करोड़ की बनी । वित्त मन्त्री जी स्वीकार कर रहे हैं कि मूल्य वृद्धि 8.13 पर्सेन्ट हुई हैं. यदि इस 8.13 पर्सेन्ट वृद्धि को कम किया जाय तो यह वार्षिक योजना बनेगी 390 करोड़ की जब कि पिछली बार थी योजना 416.74 करोड़ की । इस बार जो योजना है यह फरेब है क्योंकि 50 करोड़ रुपये योजना आयोग आपको नहीं देगा संसाधनों की कमी के कारण । इसलिए इस बजट को क्या कहा जाय, मैंने बहुत कोशिश करके इस बजट के लिए विशेषण तलाश किया, यह बीमार वित्त मन्त्री का बीमार बजट है । इसमें कहीं विकास की कोई रूपरेखा दिखायी नहीं देती, इण्डस्ट्रियल प्रोडक्शन के लिए....

(व्यवधान)

अरे आप सुन लो, आपके यहां पशु चिकित्सालय नहीं खुलने वाले हैं । आप चिन्ता मत करो । विकास किसे कहते हैं यह भी मैं आपको बताऊंगा अभी ।

तो यह जो बजट बना है आज की महंगाई को देखते हुए पीछे ले जाने वाला है । यह डवलपमेन्ट के उस स्तर को भी नहीं बनाये रखेगा जो गत वर्ष था । इसी प्रकार से राजस्व प्राप्तियों में भी हमने 3 पर्सेन्ट की वृद्धि की है । राजस्व प्राप्तियां प्रमुख रूप से सेल्स टैक्स से होती है । जब भाव 8.13 पर्सेन्ट बढ़ गये हैं तो आपकी राजस्व प्राप्तियां भी ज्यादा होनी चाहिए । किन्तु वह भी नहीं हुई । सबसे बड़ी बात यह हो गयी कि इस बजट में सिंचाई और विद्युत के लिए 10 करोड़ रुपये की कमी कर दी गयी····

(4.05 म० प०)

(श्री सूर्य कुमार, सभापति, पदासीन)

यदि इसको भी आप विकासोन्मुखी कहेंगे तो फिर क्या कहा जाय आपको, सिंचाई और विद्युत का सीधा सम्बन्ध कृषि से है । एक तरफ आप यह कह रहे हैं कि कृषि में काफी प्रगति हुई है । एक करोड़

(श्री रघुवीरसिंह कौशल)

हमारा उत्पादन हो जायगा लेकिन मैं आप से यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे प्रदेश का भविष्य कैसा है। जहाँ तक विद्युत का सवाल है आप कह रहे थे कि जनता पार्टी के राज में क्या किया ? विकास नहीं हुआ। जनता पार्टी के राज में 80-81 में....

श्री भैरू'लाल भारद्वाज : 1980-81 में तो आपका राज ही नहीं था।

श्री रघुवीरसिंह कौशल : भाई, जितने कुओं और गांवों का विद्युतीकरण हुआ था उस एक साल में, आप इन चार सालों में भी नहीं कर पाये। जितना विद्युतीकरण हुआ था, यह जो आप पावर की बात कर रहे थे. यह थर्मल और माही योजना कब स्वीकृत हुई थीं ? क्या कोई दावे से कह सकता है कि इन चार सालों में आपने एक भी पावर प्रोजेक्ट खड़ा करने के लिये कोशिश की ? एक भी पावर प्रोजेक्ट को सैंक्शन दिलाई हो ? यह जनता पार्टी के राज की देन है जिसको आपने इतने साल डिले कर दिया वरना हमको काफी सुविधा विद्युत में मिल सकती थी। आप अभी भूल गये, भारद्वाज जी, आप जब बाहर मिले थे तो कह रहे थे कि जनता पार्टी के राज को लोग याद करते हैं। कहते हैं, काम के बदले अनाज स्कीम चली थी उससे यह सड़कें बनी हैं उससे ये स्कूल बना है। आप अन्दर आते ही कैसे बदल जाते हैं, यह बात समझ में नहीं आती है।

श्री भैरू'लाल भारद्वाज : आपका राज तो सारा सोना और अनाज, दोनों के भंडारों को खाली करने के लिए वर्षों तक याद रखा जाएगा।

श्री यदुनाथ सिंह : हमने अनाज ज्यादा छोड़ा था, जितना इन्दिरा गांधी ने अनाज छोड़ा था उससे ज्यादा छोड़ा था।

श्री सभापति : आर्डर प्लीज। माननीय सदस्य।

श्री महावीर प्रसाद जैन : सभापति महोदय, माननीय सदस्य पान खाकर बोल रहे हैं। सदन की परम्परा रही है और यह नियम भी है कि पान खाकर सदन में नहीं बोल सकते।

श्री यदुनाथ सिंह : एक तो वैसे ही पता नहीं लगता है कि क्या बोल रहे हैं।

श्रीमती उजला अरोड़ा : इनके मुंह में पान नहीं है। इनके मुंह में कोई फोड़ा-वोड़ा निकला हुआ है। अभी डाक्टर को दिखाकर आये हैं।

श्री सभापति : माननीय सदस्या।

श्री भैरू'लाल भारद्वाज : आप डाक्टर हो, फोड़े का इलाज कर दो।

श्री रघुवीरसिंह कौशल : माननीय सभापति महोदय, विद्युत का भविष्य हमारे प्रदेश में कैसा है इसके बारे में अभी एक अध्ययन हुआ है उस अध्ययन के आधार पर यह निर्णय निकला है कि जितने हमारे पावर प्रोजेक्ट बन रहे हैं वे यदि बन भी गये तो भी छठी पंचवर्षीय योजना के अन्त

Page No 121

(श्री रघुवीर सिंह कौशल)

तक 750 मेगावाट का पार गैप रहेगा और सातवीं पंचवर्षीय योजना तक 1250 मेगावाट का गैप और बढ़ जायेगा। अब इस स्थिति में राजस्थान के भविष्य के बारे में क्या कहा जाय? क्या कहा जाय कि यह विकासोन्मुखी बजट है? आगे की योजना बनाकर उसके लिए कोई बजट अलाट हुआ? जबसे कोटा थर्मल पावर चला है तो उसकी कास्ट आफ प्रोडक्शन क्या आ रही है। इसका प्रोडक्शन 50 से 62 प्रतिशत तक है और जो पर यूनिट कास्ट आ रही है 1·58 रु० जबकि हम दे रहे हैं 40 पैसे प्रति यूनिट। क्या भविष्य होगा विद्युत मण्डल का? आज देश में स्थिति ऐसी खड़ी हो गयी है कि जिसके कारण कुओं को बिजली नहीं दे सकेंगे। वह बात तो दूर रही, उद्योगों का अभी क्या होगा। क्या इस उत्पादन के बिना राजस्थान विकास कर सकेगा? आप बीस सूत्री कार्यक्रम का ढोल पीटते हैं। आजकल केवल बीस सूत्री बीस सूत्री कार्यक्रम करते हैं। अरे आप बीस सूत्री कार्यक्रम पर गर्व करते हो, माननीय यदुनाथ जी ने पोस्टमार्टम किया था 20 सूत्रों का कि कितनी उपलब्धियाँ आपको प्राप्त हुई हैं। केवल बीस सूत्री कार्यक्रम का नाम लेकर आप प्रसन्न हो जाते हैं चाहे बीस सूत्र याद ही नहीं हों, बीस सूत्र कैसे हैं····

श्री परसराम मदेरणा (सिंचाई मन्त्री) : सभी बीस सूत्रों के लिए पावर की आवश्यकता पड़ती है क्या?

श्री रघुवीर सिंह कौशल : हाँ, हाँ, पड़ती है।

श्री परसराम मदेरणा : बीस सूत्री कार्यक्रम के सभी बीस सूत्रों के क्रियान्वयन के लिए पावर की आवश्यकता पड़ती हैं क्या? क्या बात कर रहे है।

श्री यदुनाथ सिंह : सभी में नहीं, जिन सूत्रों के लिए पड़ती है उसमें पावर भी एक सूत्र है। आपको पता ही नहीं, इसका मतलब यह है।

श्री परसराम मदेरणा : आप बीस सूत्र का नाम मत लीजिए। उस सूत्र का नाम लीजिए।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : पावर का एक सूत्र है जिस सूत्र की बात मैंने की है।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : क्या बीस सूत्री कार्यक्रम में?

श्री परसराम मदेरणा : सम्माननीय प्रतिपक्ष के नेता महोदय, प्रश्न यह चल रहा था, आप कह रहे थे कि इतना पावर का गैप रहेगा सिक्स्थ प्लान तक और सेवन्थ प्लान तक। आप कह रहे हैं कि बीस सूत्र का ढोल पीट रहे हैं और यह आपका पावर गैप है। तो बीस सूत्री कार्यक्रम के जितने सूत्र हैं उन सब में पावर की आवश्यकता है, क्या पावर की, एक्सट्रा हाई टेन्शन की जरूरत पड़ती है? मैं यह कह रहा था।

श्री भैरोंसिंह शेखावत : मैं माननीय मन्त्री महोदय से जानकारी करना चाहूंगा कि क्या बीस सूत्री कार्यक्रम में इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्यक्रम नहीं है?

श्री परसराम मदेरणा : वह है। वह सूत्र है। जो एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन होगा, इण्डस्ट्रियल प्रोडक्शन होगा उसमें जरूरत पड़ेगी। सूत्र नम्बर 11 भी है। मैं यह नहीं कह रहा हूँ लेकिन पूरे बीस सूत्र के लिए चार्जेज लगा रहे हैं कि उसमें पावर ही पावर की जरूरत पड़ेगी....

श्री भैरोसिंह शेखावत : मुख्य मन्त्री जी ने जब अपने सारे पावर के अचीवमैन्ट्स बताये तो अपने भाषण में कहा था कि बीस सूत्री कार्यक्रम की सफलता उस पर निर्भर करेगी।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : एक में भी पड़ेगी....

श्री सभापति : माननीय सदस्य।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : माननीय मन्त्रीजी जब यहाँ नहीं पधारे थे तब बीस सूत्री कार्यक्रम पर काफी हंगामा हो चुका था। उस समय मैंने कहा था माननीय भारद्वाज जी से कि आपको तो हर बात पर बीस सूत्री कार्यक्रम ही दिखता है....

(व्यवधान)

इसलिए 20 सूत्री कार्यक्रम की याद दिलायी कि बीस सूत्री कार्यक्रम का पोस्ट-मार्टम अभी हो चुका है। तो, माननीय सभापति महोदय, मैं विद्युत के बारे में यह निवेदन कर रहा था कि विद्युत में जो लासेज हैं, लाइन लासेज, वह हमारे देश में सबसे अधिक हैं। यदि इस पर भी कण्ट्रोल किया जाय तो कुछ सुविधा मिल सकती है। चूंकि मैं डिटेल में नहीं जाना चाहता, मैं तो केवल एक मोटी रूपरेखा कि हमारे इस बजट से प्रदेश के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा इसका थोड़ा सा संकेत देना चाहता हूँ। तो किसान के काम आने वाली बिजली की यह स्थिति आ गई। अब सिंचाई की क्या स्थिति है। हमारे यहाँ लाइन लासेज जो हैं....

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : सारे सेठ लोग चोरी करते हैं। यह बात ठीक है कि लाइन लासेज ज्यादा हैं, मैं भी आपकी इस बात का समर्थन करता हूँ लेकिन यह बात भी जोड़ दीजिये कि जो बड़े-बड़े सेठ हैं, उद्योग-पति हैं ये सारे चोरी करते हैं और इनको प्रोत्साहन मिलता है आपकी पार्टी की तरफ से।

श्री दाऊदयाल जोशी : ये आपको चन्दा देते हैं।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : इनको प्रोत्साहन मिलता है आपकी पार्टी की तरफ से।

श्रीमती उजला अरोड़ा : किस सेठ की बात कर रहे थे, के. के. बिड़ला की बात कर रहे थे? क्या के. के. बिड़ला की बात कर रहे हो?

(व्यवधान)

श्री रघुवीर सिंह कौशल : सरकार आप चलाते हो....

श्री महाराम चौधरी : बिड़लाजी का आपकी पार्टी ने राज्य सभा के लिए समर्थन किया है। उनको समर्थन आपकी पार्टी दे रही है या हमारी पार्टी दे रही है?

श्री भैरूं लाल भारद्वाज : जनता पार्टी भी दे रही है।

(व्यवधान)

श्री सभापति : माननीय सदस्य, कृपया शांत रहें। कृपया शांत रहें।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : सिंचाई मन्त्री जी विराज रहे हैं। कौन सी प्रगतिशील योजनायें हैं जिनसे आप सिंचाई बढ़ायेंगे। गत वर्ष कितना बजट रखा था और इस वर्ष कितना बजट का प्रावधान है? कितनी महंगाई बढ़ गई है? क्या आप यह उम्मीद करते हैं कि आप प्रदेश को खुशहाल करने के लिए जिस जिस जिले में जो वाटर पोटेंशियल है उसको उपयोग में ला सकेंगे? मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने मेरी कांस्टीट्यूएन्सी में एक प्रोजेक्ट परवन प्रोजेक्ट, परवन लिफ्ट योजना, जो साढ़े तीन करोड़ की योजना है, के लिये काफी धन दिया है, पन्द्रह लाख रुपया। वह योजना, सिंचाई मन्त्रीजी, आपका वस चलेगा तो आप कभी पूरी नहीं होने देंगे। क्योंकि उसकी कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ती जाएगी, साढ़े तीन करोड़ की योजना पर पन्द्रह लाख रुपया दिया जायगा, सभापति महोदय, तो कर्मचारियों पर कितना खर्चा होगा? क्या उसका भविष्य होगा जो लोग इन्तजार कर रहे हैं पानी आने का? मैंने एक चीफ इंजीनियर से बात की कि आप इस साल दस बीस बीघा में पानी देंगे? बोले कि बजट होगा तो जरूर देंगे चाहे पचास बीघा में ही दें। मुझे आपके इस बजट को देखकर यह पूरा विश्वास हो गया है कि वित्त मंत्रीजी की कृपा से और आपकी कृपा से बीस वर्ष तक भी परवन लिफ्ट योजना सफल नहीं हो सकती। वह कभी क्रियान्वित नहीं होगी। उस पर पन्द्रह लाख रुपया बर्बाद होगा तो इसका कोई उपयोग नहीं होगा। यह मेरे साथ पक्षपात है। भारद्वाज जी कह रहे थे कि राजनैतिक पक्षपात नहीं होता है। मैं चार्ज लगाता हूं कि हमारे क्षेत्र को जान बूझ कर राजनैतिक दृष्टिकोण से पिछड़ा रखना चाहते हैं।

(व्यवधान)

श्री सभापति : माननीय सदस्य, कृपया शांत रहें।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : माननीय सभापति महोदय, मेरे यहां बाढ़ योजना है....

श्री परसराम मदेरणा : माननीय सदस्य सही कह रहे हैं कि पैसा बर्बाद जाएगा। आप कहें तो इसको भी हटा दें। बीस साल का लम्बा समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को कम्प्लीट करने में, उसके लिए धनराशि भी पूरी चाहिए। स्टेट की वेज एण्ड मीन्स पोजीशन बड़ी टाइट है इसलिए उसके अनुरूप ही रखा गया है प्रावधान। अब आप कह रहे हो कि बीस साल तक लम्बा समय लगेगा और बहुत कम प्रावधान रखें तो कोई मायने नहीं रखता। जब कभी काफी प्रावधान हो, पूरा प्रावधान रख सकें। उस वक्त इसको ले लें।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : सिंचाई मंत्रीजी, आप मंत्री हैं, प्रभारी मंत्री हैं लेकिन

(श्री रघुवीर सिंह कौशल)

आप यह धौंस नहीं पिला सकते कि उस योजना को उठा लेंगे। उस योजना को उठाना इतना आसान नहीं है। आप यह ध्यान रखिये कि आप प्रदेश के मन्त्री हैं, आप कांग्रेस पार्टी के नहीं हैं। प्रदेश की योजनाओं के प्रति आपको सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखना पड़ेगा। 15 लाख का अलाटमेंट कोई अलाटमेंट नहीं है साढ़े तीन करोड़ की योजना पर। इसलिए आप यह धौंस नहीं पिला सकते कि इस योजना को उठा लें। आपका बस चले तो चम्बल और थर्मल को भी उठा लावें यहां, यह आपके बस की बात नहीं है। कोटा का विकास तो चम्बल ने किया है। आपको भी क्या दोष दें, वित्त मन्त्रीजी तो हमारे हैं, हाड़ौती के हैं, उनकी कृपा हमारे पर विशेष है विशेष रूप से किसानों पर, सी. ए. डी. को उठा लाये। वहां और कोई डिपार्टमेंट देखेंगे तो उठा लायेंगे वहां से। किसानों के बारे में कोई चिन्ता है नहीं। जो सिंचाई की जितनी योजनायें हमारे यहां हैं, पार्वती मोडरनाइजेशन योजना है, वह कई सालों से चल रही है। इस साल कितना पैसा दिया उसको? क्षत विक्षत हो गई है, वर्षों पुरानी है, लेकिन उस पर अलाटमेंट कितना सा दिया आपने। बारां बाण में डूबता है। सिंचाई मन्त्रीजी, आप जानते हो, आपकी निगाह में भी है कि बारां कई बार आधा पानी में डूब चुका है। बारां बाढ़ योजना है क्या? उस बारां योजना के लिए आपने कोई बजट दिया है? क्या वहां तालाब बने बिना बारां का बचाव हो सकता है? इन सब बातों के कहने का मतलब मेरा यह है कि आपको पार्टी स्तर से ऊपर उठ कर प्रदेश की उन्नति के बारे में सोचना पड़ेगा। यह नहीं है कि वहां बी. जे. पी. के ही लोग रहते हैं, वहां कांग्रेस के भी लोग रहते हैं। बी.जे.पी. के हैं तो भी बारां में रहते हैं, यह सोचते हुए आपको इन योजनाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्वक विचार करना पड़ेगा।

श्री परसराम मदेरणा : इर्रीगेशन की सबसे ज्यादा योजनायें कोटा संभाग में चल रही हैं और....

श्री रघुवीर सिंह कौशल : क्यों चल रही हैं, क्यों चल रही है?

श्री परसराम मदेरणा : अब आप और उसको लगाना चाहते हो तो अपन वेटलैसनेस की स्थिति में चले जायेंगे वायुमण्डल में। हम तो बहुत ऊपर उठे हुए हैं। सबसे ज्यादा योजनायें कोटा सम्भाग में चल रही हैं।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : क्यों चल रही हैं?

श्री परसराम मदेरणा : क्यों चल रही हैं? क्योंकि हम निष्पक्ष हैं। हम कोई डिस्क्रिमिनेशन नहीं करते। सभी क्षेत्रों, जहां विकास की सम्भावना है, का विकास होना चाहिए।

श्री रघुवीर सिंह कौशल : मान्यवर मंत्रीजी आपको तो वह विचार करना ही पड़ेगा। जहां वाटर पोटेंशियलिटी है वहां पैसा देना ही पड़ेगा। जिस विकास की और जिस प्रोडक्शन की आप बात कर रहे

(श्री रघुवीर सिंह कौशल)

हैं वह विकास और प्रोडक्शन तो बिना सिंचाई के, बिना विद्युत के हो नहीं सकता। इस कारण आपने सिंचाई योजनाओं पर दुर्लक्ष्य किया है। आपने पिछले साल से इस साल बजट कम रखा है। जो योजनायें चल रही हैं उन योजनाओं को पूरा करने के लिए पूरा-पूरा प्रयत्न नहीं किया जा रहा है। मैं, सिंचाई मन्त्रीजी, आपसे यह पूछूं कि आपका राज आने के बाद कितने मीडियम प्रोजेक्ट सेंक्शन हुए? राजस्थान का कोई मीडियम प्रोजेक्ट नहीं बढ़ा। क्या सवाई माधोपुर है. टौंक है, चित्तौड़ है, कोटा है वहाँ पर कोई वाटर पोटेंशियलिटी नहीं बढ़ी है। लाखों एकड़ भूमि में सिंचाई हो सकती है यदि ढंग से उसका सर्वे करवाया जावे, उसकी क्रियान्विति की जावे। लेकिन दुर्भाग्य तो यह है कि जो कुछ चल रहा हैं उसकी गति ही ऐसी है कि बीस वर्ष तक वह योजना पूरी नहीं हो सकती। इसलिये वहाँ का जो किसान आशा भरी दृष्टि से देख रहा था उसको निराशा में डूबना पड़ रहा है। आज बिना पानी के, बिना सिंचाई के प्रोडक्शन की क्या स्थिति है? प्रोडक्शन के लिए कहा गया है कि प्रोडक्शन इस बार बहुत बढ़ गया है, 99लाख टन हो गया है। इसका हिसाब कैसे लगाया गया है? राजस्थान में 11 लाख हैक्टेयर जमीन सिंचित है। इस 11 लाख में, योजना आयोग का कहना यह है, एक करोड़ टन उत्पादन होना चाहिये। लेकिन 11 लाख सिंचित और बाकी असिंचित मिला कर, में 99 लाख टन का हमारा उत्पादन हो रहा है। कहीं न कहीं कमी है। कहीं न कहीं पर गैप है? प्रति हैक्टेयर प्रोडक्शन राजस्थान का क्या आ रहा है? अन्य प्रदेशों के मुकाबले कम आ रहा है। इसका कारण क्या है? इस प्रोडक्शन की कमी का कारण है समय पर पानी न मिलना, समय पर बिजली न मिलना, खाद ठीक नहीं मिलना, बीज सब-स्टेण्डर्ड मिलना, पैस्टीसाइड शुद्ध नहीं मिलना। ये सब चीजें मिलकर प्रोडक्शन पर असर डाल रही हैं, जिसके कारण हमारे प्रदेश का उत्पादन जितना बढ़ना चाहिए उतना नहीं बढ़ रहा है। आज उत्पादन के लिए, कृषि उत्पादन के लिए, सभापति महोदय, अच्छा बीज होना बहुत आवश्यक है। एक सीड कार्पोरेशन नाम की संस्था है, उसका काम ही यह है. अशुद्ध बीज कैसे देना। आज भी तीस लाख रुपयों का सब स्टेंडर्ड संकर ज्वार का बीज उनके पास में वेस्ट पड़ा है जो फेंकना पड़ेगा कुएँ में। इस साल सरसों का बीज खराब आ गया। गेहूँ का बीज अनाजक हो गया। बाजरे का बीज अनाजक हो गया। तो अशुद्ध बीज खेतों में पहुँच रहा है, खेत खाली रह जाते हैं। उन्नत बीज की कोई व्यवस्था सरकार ने नहीं की। सीड कार्पोरेशन बने छः-सात साल हो गए लेकिन आज तक हमको संकर ज्वार और बाजरे का बीज अन्य प्रदेशों से मंगाना पड़ता है। हम बाजरा और ज्वार का बीज आज राजस्थान में पैदा नहीं कर पाते, क्या कारण है इसका? क्योंकि कृषि की तरफ हमारा दुर्लक्ष्य है। कभी हमने इस बात पर विचार नहीं किया कि अच्छे बीज से अच्छा उत्पादन होता है। सीड कार्पोरेशन का यदि कोई हिसाब पूछ लें कि इसकी क्या स्थिति है तो किसान उससे निराश हो चुका है। फर्टिलाइजर्स की क्या स्थिति है, सभापति

(श्री रघुवीर सिंह कौशल)

महोदय। फास्केट में जहाँ 16% चाहिए वहाँ 1·6 परसेंट लाइसेंस रद्द कर दिये जिस व्यक्ति का लाइसेंस रद्द किया उस व्यक्ति ने भाई के नाम पर दूसरा लाइसेंस ले लिया। कितनी खाद सब स्टेण्डर्ड सिद्ध हुई, कितनों का चालान हुआ? कितने बीज सब स्टेण्डर्ड सिद्ध हुए राजस्थान में? एक का भी चालान नहीं हुआ। बेचने वाला निश्चित जानता है चालान नहीं होगा। पेस्टिसाइड अशुद्ध है। अभी हमारे एम. एल. ए. साहब, झालावाड़ वाले, के यहाँ एक पेस्टिसाइड छिड़का गया, सारी फसल जल गई। पता लगा कि यह आउट डेटेड दवा थी। लेकिन कण्ट्रोल कौन करे? जहाँ पेस्टिसाइड शुद्ध नहीं मिलती हो, फर्टिलाइजर जहाँ सब स्टेण्डर्ड हों, बीज ठीक नहीं मिलता हो वहाँ प्रोडक्शन कैसे बढ़ेगा? इन सब के बावजूद यदि किसान पर विपत्ति आ जाय, यदि फसल को पाला मार जाय तो उसके लिए सहानुभूति के दो शब्द नहीं, टाइम पर गिरदावरी नहीं। ये सब बातें किसान को निराश कर रही हैं। सभापति महोदय, राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है जहाँ फर्टिलाइजर पर सेल्स टैक्स है, बीज पर सेल्स टैक्स है। सारे देश में केवल दो तीन प्रदेशों में सेल्स टैक्स है वह भी 1·5प्रतिशत। राजस्थान में 3 और 4 प्रतिशत फर्टिलाइजर पर टैक्स। हिन्दुस्तान में चुंगी कहीं नहीं है किन्तु राजस्थान में चुंगी है, यहाँ के इम्प्लीमेंट्स पर चुंगी है। पंजाब और हरियाणा में चुंगी नहीं। यह जो स्थिति बनती जा रही है इन सबसे यह सिद्ध होता है कि कृषि की ओर सरकार का दुर्लक्ष्य है। कृषि चूंकि उत्पादन का आधार है इस कारण मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूँगा कि कृषि की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये। कृषि का आधार बिजली और सिंचाई है, कृषि का आधार इम्पुट्स हैं और कृषि विभाग का यदि कोई बजट रखा है वह पहले से कम रहेगा, और जो कम रहेगा उसको भी खर्च नहीं करने दिया जायेगा। इस बार कृषि का बजट पूरा खर्च नहीं हुआ। यदि इसमें कोई सब्सिडी का कोई आइटम है तो उसको भी बचा लिया गया। यानि जो कुछ केन्द्र सरकार से आती है उसका भी ठीक से उपयोग नहीं हो पाता, यह किसानों के लिए दुर्भाग्य की बात है। सभापति महोदय, मजे की बात यह है, कृषि का बजट कम कैसे किया जाता है। पूरे वर्ष में कृषि विभाग में 627 पद रिक्त रहे जिसमें डायरेक्टर हैं, डिप्टी डायरेक्टर हैं असिस्टेंट डायरेक्टर हैं। 627 पद एक साल से रिक्त है खर्चा बचाने के लिए, बजट बचाने के लिये। जहाँ डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर तक नहीं हों वह विभाग चलता कैसे है? इसलिए आज एग्रीकल्चर विभाग की हालत ऐसी हो गयी कि वह मृत प्रायः हो गया है और उसकी जो गति होनी चाहिये थी वह मन्द पड़ गई है।

सभापति महोदय, कोटा क्षेत्र के साथ विशेष बात है। कोटा में अभी एक मिट्टी की प्रयोगशाला चली, कोटा के नाम से सेंक्शन हुई वह यहां जयपुर में आ गई। कोटा में इटावा में जंगलात का प्रोजेक्ट आया साइल कंजरवेशन का 3 करोड़ का

(श्री रघुवीर सिंह कौशल)

वह यहां से उठा कर आबू में भेज दिया। वहां जो भी योजना जाती है उसकी यह स्थिति होती है मानो कोटा में जानी ही नहीं चाहिए। बारां में अन्ता कस्बा है। इस अन्ता कस्बा मे पेय जल योजना है। अन्ता के लोग बीमार रहने लगे। हमने रिक्वेस्ट की, पानी का टेस्ट कराया वह पानी पीने के योग्य नहीं है, बीमारी पैदा करने वाला है लेकिन आज तक उस कस्बे के लोगों को उस जल योजना का गन्दा पानी पीना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। कोई यदि पेय जल योजना बन गई, पहले सैंक्शन हो गई तो वह अधूरी पड़ी है, उसमें पानी नहीं है, आज कोयले की योजना अधूरी पड़ी है। बारां में पानी की व्यवस्था नहीं है। ये सारे अभाव इस बात का द्योतक है कि कोटा के साथ राजनैतिक भेदभाव किया जा रहा है।

सभापति महोदय, बारां जिला बनाने का निर्णय कांग्रेस ने भी लिया। दौसा जिला बनाने का निर्णय भी कांग्रेस सरकार ने लिया। क्या कारण है कि इसकी क्रियान्विति नहीं हो रही है? क्या जिला बनने से वहां की प्रगति रुक जायगी? क्या आप अपने निर्णय को भी क्रियान्वित नहीं करेंगे? आपको जनता पार्टी के निर्णय पर एतराज था कि जिला क्यों बनाया जाय। तो यह तो पहाड़िया सरकार ने निर्णय ले लिया, निर्णय लेने के बाद उसकी क्रियान्विति आप इसलिये नही होने दे रहे हैं कि वह पहाड़िया सरकार का निर्णय था। यदि इस बात पर भी एतराज हो तो, माननीय मुख्य मंत्री जी, मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप अपनी सरकार का निर्णय ले लीजिये कि बारां, दौसा, हनुमान गढ़ जिन जिन को जिला बनाना है वह शीघ्र बन जाय क्योंकि जिला बनने के अभाव में उस इलाके की प्रगति रुकी हुई है। आप इसकी जांच जिलाधीश से करा सकते हैं। आज शाहबाद, किशनगंज के लोगों को कितनी तकलीफ है, किशनगंज, शाहबाद का विकास रुका हुआ है।

श्री परसराम मदेरणा : इन चार स्थानों पर जिले बनाने का निर्णय किस सरकार ने लिया, वर्तमान सरकार ने या जनता सरकार ने या उसके पहले की सरकार ने?

श्री रघुवीरसिंह कौशल : आप वार्ता में संलग्न थे। मैंने यह कहा था कि पहले जनता सरकार ने लिया था, फिर पहाड़िया सरकार ने लिया। यदि आपको एतराज हो, पहाड़िया सरकार के निर्णय की क्रियान्विति नहीं करना चाहते हों तो आपकी सरकार निर्णय ले ले।

श्री परसराम मदेरणा : निर्णय न तो जनता सरकार ने लिया, न पहाड़िया सरकार ने लिया और न माथुर सरकार ने लिया। इसकी जांच कराई जायगी कि वहां प्रोपराइटी है बनने की। आपने भी यही निर्णय लिया है। जनाब, जनता सरकार ने, जिले बनाये जायं, यह निर्णय नहीं लिया है।

श्री रघुवीरसिंह कौशल : क्या निर्णय लिया था यह बता दीजिये ?

श्री परसराम मदेरणा : जिला डी-लिमिट करने का और जिला दूसरा गठन करने का औचित्य है कि नहीं है, इस संबंध में कमेटी बिठायी जायगी और बिठा करके....

(व्यवधान)

समझो।

श्री रघुवीरसिंह कौशल : और जिनको जिला बनाने के लिये उस कमेटी के द्वारा जांच कराने के लिये कहा गया था उनका नाम भी था, यह भी सच है कि उन को जिला के बारे में यह कमेटी विचार करे।

श्री बृजसुन्दर शर्मा (वित्त मन्त्री) : इससे क्या होता है।

श्री सभापति : आप अपनी बात कहें, माननीय सदस्य।

श्री रघुवीरसिंह कौशल : सभापति महोदय, मैं यह निवेदन कर रहा था कि इसके बाद लालवानी कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रेषित कर दी। दो वर्ष हो गये, उसके बाद भी निर्णय लेने में क्या कमी रह गई ? क्या उस क्षेत्र का विकास अवरुद्ध नहीं हो रहा है इसके कारण ? कोटा से शाहबाद कितनी दूर पड़ता है। वहां की जनता को उद्वेलित करके क्या दौसा जैसी स्थिति का निर्माण करना चाहते हैं ? वहां की शांतिप्रिय जनता है। वह नहीं चाहती हैं कि इस प्रकार के आन्दोलन खड़े किये जायं। मैं आपसे भी इस बात का आग्रह करूंगा कि आप जनता की भावना को समझते हुए....

श्री परसराम मदेरणा : शांतिप्रिय है तो जो गोली चली थी बारां में आपकी सरकार के समय....

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : जयपुर जिला बड़ा है, उसके मुकाबले में दौसा जिला बनाना चाहिये।

श्री सभापति : कृपया बैठे बैठे बात नहीं करें, माननीय सदस्यगण। माननीय सदस्य अपनी बात प्रारंभ करें।

श्री भैरूंलाल भारद्वाज : जयपुर शहर बहुत बड़ा है। दौसा जिला बनना चाहिए।

श्री रघुवीरसिंह कौशल :जिला बनाने के लिये, माननीय मुख्यमंत्री जी, आपसे विशेष आग्रह करना चाहता हूं कि आप अपने अधिकारियों से रिपोर्ट ले लें, आप वहां की भौगोलिक स्थिति का अध्ययन कर लें तो आप यह अनुभव करेंगे कि बारां जिला बनना बहुत आवश्यक है। उस क्षेत्र की प्रगति रुकी हुई है, उस क्षेत्र में काफी गड़बड़ घोटाले हो रहे हैं, कलेक्टर स्वयं जांच करके आयी है। आदिवासियों के नाम पर वहां सवर्ण जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। 1–1 आदमी 70–70 अलाटमेंट करवा रहा है फर्जी नाम से।

श्री सभापति : समाप्त करें, माननीय सदस्य, आपने काफी समय ले लिया। कृपया।

श्री रघुवीरसिंह कौशल : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मन्त्री जी से विशेष रूप से आग्रह करूंगा कि आप इस विषय पर वहां की जनता की भावना का आदर करें। बारां जिला बनना कितना आवश्यक है वहां की स्थिति को देखते हुए, यह आप देखें। किशनगंज, शाहबाद अटरू, छबड़ा, छीपा बड़ौद के लोगों को कितनी तकलीफ होती है, एडमिनिस्ट्रेशन में कितनी असुविधा होती है, इसकी जानकारी लेंगे तो आप स्वयं महसूस करेंगे कि बारां को जिला बनाना नितांत आवश्यक है। यह वहां की जनता की मांग है। मैं आपसे मांग करता हुआ इस बजट के बारे में केवल यह कहता हूं कि विकास की जितनी योजनाएं हैं, जो कुछ चल रही हैं वे इस बजट के कारण अवरुद्ध हो जायेंगी। यह बीमार बजट है, इसमें किसान को कोई सुविधा नहीं दी गई है, इससे प्रॉडक्शन के लिये कोई अच्छे संकेत दिखाई नहीं देते हैं इसलिये मैं बजट का विरोध करता हूं और अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

श्री सभापति : **श्री वीरेन्द्रप्रताप सिंह।**

(अनुपस्थित)

श्री देवेन्द्र कुमार।

श्री देवेन्द्रकुमार मीणा (सराड़ा) : माननीय सभापति महोदय, माननीय वित्त मन्त्री जी ने....

श्री सभापति : इनके बाद में आप बोलिये।

श्री देवेन्द्रकुमार मीणा : जो बजट पेश किया है उसको ध्यान से देखा है।

श्री सभापति : माननीय सदस्य।

(व्यवधान)

माननीय श्री देवेन्द्र कुमार जी को निवेदन किया है। देवेन्द्र कुमार जी के बाद आप बोल लें। विराजिये!

श्री देवेन्द्र कुमार मीणा : मैं इस मौके पर निवेदन करूंगा, सभापति महोदय, जो हमारी सरकार का कार्यक्रम है, बीस सूत्री कार्यक्रम उसके अन्तर्गत हमारे गरीब क्षेत्र के लिये बहुत बड़ा कार्य किया है। इस वक्त मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार की जो नीति है, यह समाजवाद पर आधारित है और समाजवादी विचारधारा का यह बजट है। सबसे पहले चीज यह देखने में आयी है कि इस बजट में किसी तरह का जनता पर कोई बोझ नहीं है।

माननीय सभापति महोदय, मैं इस मौके पर शिक्षा के बारे में आप से निवेदन करना चाहता हूं....

श्री सभापति : बैठे बैठे नहीं, माननीय सदस्य, कृपया।

श्री देवेन्द्रकुमार मीणा : नहीं है, आप की तरह नहीं हैं। जो हमारा क्षेत्र उदयपुर पहाड़ी क्षेत्र है वहां के आदिवासी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए थे। आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने इस क्षेत्र में जिस तरह से शिक्षा का प्रचार, शिक्षा की प्रगति की है उसके लिये मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

(श्री देवेन्द्र कुमार मीणा)

1984–85 के बजट में स्कूलों के प्राइमरी स्कूल, माध्यमिक स्कूल खोलने के जो प्रस्ताव हैं, जो प्रस्ताव बजट में हैं, उससे हमें शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। मैं इस मौके पर आप से यह भी निवेदन करना चाहता हूं, माननीय सभापति महोदय, उस क्षेत्र में हम पीढ़ियों से शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे थे, हमें मौका मिला है आजाद होने के बाद, हमारी कांग्रेस सरकार ने उस क्षेत्र में मिडल स्कूल से लगा कर, प्राइमरी स्कूल से लेकर हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी तक के स्कूल खोले हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं सरकार से कि हमें यदि शिक्षा की जरूरत की पूर्ति करनी है तो वहा पर स्कूल भवनों का काम अधूरा पड़ा हुआ है इसलिये स्कूल भवन बनाने होंगे तभी जल्दी से जल्दी पूरा काम हो सकता है। कारण सबसे बड़ा है, सभापति महोदय, मेरा क्षेत्र उदयपुर क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र है, वहां पर हम चंदा देकर मकान पूरा नहीं कर सकते हैं। सरकार को सबसे पहले यह सोचना है कि वहां पर भवन सरकार अपने आप बना कर दे, जो स्कूल भवन अधूरे हैं, प्राइमरी स्कूल, मिडल स्कूल उनको बनावे। चार चार साल से लगातार वहां अकाल रहा है। ऐसी हालत में हम चदा नहीं दे सकते हैं और ना ही मदद कर सकते हैं। मैं आपसे यही निवेदन करना चाहता हूं कि वहां इस तरह स्कूल भवन का विकास किया जाय।

साथ ही, माननीय सभापति महोदय, हमारा क्षेत्र ज्यादातर पहाड़ियों के बीच में है। आदिवासी पहाड़ियों से घिरे हुए हैं। यदि यातायात के साधन, आवागमन की सुविधा नहीं होगी तो हम लोग आगे नहीं आ सकेंगे, पीछे रह जायेंगे। मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं, सभापति महोदय, इन पहाड़ों में पालों को जोड़ने के लिये तहसील हैड क्वार्टर तक सड़क निकालना ज़रूरी है। बहुत सा काम 1980 के बाद हुआ है रोड्स को मिलाने का परन्तु काम अधूरे पड़े हुए हैं। उनको पूरा करना जरूरी है। आवागमन के साधन होने से आफिसर देखरेख कर सकते हैं और हमारे यहां की तरक्की हो सकती है।

सभापति महोदय, इसके साथ ही मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं, मैं सरकार का बड़ा आभारी हूं कि आजादी के बाद लगातार कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिये बहुत बड़ा काम किया है। वहां पर पानी बह कर बाहर चला जाता है, इस पानी को रोकने के लिये सरकार से पहले निवेदन किया था कि इन पालों के अन्दर, पहाड़ों के अन्दर छोटे-छोटे एनीकट बनाने पड़ेगे। ताकि हमें कुएं से सिंचाई का लाभ हो सके। छोटी जोत होने के कारण वहां पर इस पानी को रोकने की आवश्यकता है। मैं आप से यही निवेदन करना चाहता हूं, सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा एनीकट बांधकर इस पानी को रोका जावे ताकि हमारी छोटी जोतों को पानी मिल सके।

सभापति महोदय, सिंचाई के बारे में, बिजली के बारे में, हम लोगों ने कई दरख्वास्ते दी हैं, हमारा क्षेत्र जनजाति क्षेत्र है, ट्राइबल एरिया है, इसलिये हमने कई दरख्वास्तें, एप्लीकेशन फार्म भरे हैं लेकिन

(श्री देवेन्द्र कुमार मीणा)

सरकार की तरफ से इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया है । मैं मानता हूँ कि दो तीन साल से असेम्बली में हूं, लगातार यह कोशिश कर रहा हूं कि ऐसे गांव, जो पालों में है, जिनमें आदिवासी रहते हैं, में ज्यादा से ज्यादा बिजली दे दी है । हमें रोशनी की जरूरत नहीं है लेकिन जहां पर कुओं की आवश्यकता है, सिंचाई के लिए वो देंगे तो हमें काफी फायदा होगा । मैंने इसके हेतु पहले भी निवेदन किया था । बड़े-बड़े पाले हैं उन पालों को बिजली देने के बारे में निवेदन किया था लेकिन सरकार की तरफ से ध्यान नहीं दिया गया । मैं आशा करता हूं कि अब ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जायेगा, उस क्षेत्र में इरिगेशन के लिये बिजली के कनेक्शन दिये जावेंगे ताकि वे लोग अपनी स्थिति को सुधार सके ।

हमारे एरिया में, सभापति महोदय, एक बहुत बड़ी नदी है । वह नदी वहीं बहती है और उसका पानी तहसील के बीच में जाता है । इसमें बारहों मास पानी रहता है । इसके लिये हमनें सरकार को निवेदन किया था, सुझाव दिये थे कि एक लिफ्ट इरिगेशन बनायी जाय जिससे हमारे यहाँ नदी के दोनों तरफ हजारों बीघा जमीन में सिंचाई हो सके । मैं मानता हूं कि 5-6 हजार बीघा जमीन सिंचित हो सकती है । खेरवाड़ा तक इससे पानी की व्यवस्था हो सकती है । इस मौके पर मैं सरकार को धन्यवाद देता हूँ, सरकार बधाई की पात्र है कि हमारे क्षेत्र में जहाँ पर पानी की आवश्यकता थी वहां पर एक बहुत बड़ी योजना बनायी है सोम-कागदी की बहुत बड़े डेम की जिससे खेरवाड़ा और कई तहसीलों को काफी फायदा होगा । इसी तरह के बड़े-बड़े डेम बना कर वहां पर पानी को रोका जाय तो हमारे आदिवासियों की हालत अच्छी होगी ।

इन्हीं शब्दों के साथ में उद्योगों के बारे में निवेदन करना चाहता हूं । सभापति महोदय, पिछड़े क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी गरीब लोगों की स्थिति कों आप सुधारना चाहते हैं तो सरकार को सबसे पहले ध्यान देना होगा उनकी आर्थिक हालत के बारे में । जब तक लघु उद्योग, इण्डस्ट्रीज नहीं खोलेंगे तब तक उनको रोजगार के लिये मारा मारा फिरना पड़ेगा । यदि उनकी हालत सुधारनी है तो लघु उद्योग लगाने की जरूरत है । मैं सरकार से यही निवेदन करना चाहता हूँ । मेरा यह सुझाव है कि पिछड़े एरिया में ज्यादातर लघु उद्योग लगाये जाय, फैक्ट्रियां खोली जाय ताकि वहां पर रहने वाला कोई भी गरीब आदमी अपनी स्थिति को सुधार सके ।

सभापति महोदय, साथ ही सहकारिता के बारे में भी निवेदन करना चाहता हूं । सहकारिता के बारे में मैंने और मेरे साथी नाथद्वारा से आने वाले माननीय सदस्य ने राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सुझाव दिये थे । मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूँ, सभापति महोदय, बार-बार कहना हमारे लिये भी शोभाजनक नहीं है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं सरकार से, बहुत बड़ा काम आदिवासियों को आगे बढ़ाने का

(श्री देवेन्द्र कुमार मीणा)

सरकार का है, उस काम को यही सरकार आगे बढ़ा सकती है। आदिवासी का हित इसी में है कि वह कांग्रेस के साथ रह कर कांग्रेस का सहयोग करे। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे यहां पर 80 से पहले, 76 से पहले का पुराना कर्जा था। कर्जा क्या है, सभापति महोदय, जिस आदमी ने 100 रुपया लिया है तो उसका वह ब्याज से तीन गुना हो गया, उस आदमी ने पैसा तो ले लिया पर उसको भर नहीं सकता है। मेरा यह निवेदन है कि वह पुराना कर्जा माफ किया जाय, इसी में वहां के लोगों को ज्यादा फायदा है, सब्सिडी मिलने वाली है. अनुदान मिलने वाला है वह लोग ले सकेंगे और फायदा उठा सकेंगे। मैं इस मौके पर यही निवेदन करना चाहता हूँ और सरकार को सुझाव देना चाहता हूं उनकी माली हालत को सुधारने के लिये सबसे बड़ा विशेष ध्यान रखें।

सभापति महोदय, भारत सरकार और हमारी सरकार ने आदिवासी, जनजाति क्षेत्रीय विकास योजना के आधार पर बहुत बड़ा विकास किया है। उस योजना के आधार पर हमको भारत सरकार मदद दे रही है, राजस्थान सरकार भी हमको आगे बढ़ाने के लिये मदद दे रही है उसका सही उपयोग नहीं हो रहा है। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं कि हम लोगों को ऐसे भवनों की जरूरत नहीं है, हमारे लिये ऐसे भवन बनाने की जरूरत नहीं है, जहां पर आराम हो. चारों तरफ पंखे लगे हों, हम तो नीचे शामयाने में बैठ कर ही सुखी रह सकते हैं। उदयपुर में जनजाति का जो भवन बना उसमें 12 लाख का खर्चा हुआ, वह बेकार था। जितना सरकार खर्चा करती है, जितनी मात्रा में खर्चा करती है सरकार वह बेकार हो जाता है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसी योजना का जो पैसा आये, ट्राइब्स के लिये खर्च करने की बात हो वह ज्यादा से ज्यादा उनके हितों में ही खर्च किया जाय। इस तरह नहीं कि उन अधिकारियों के आराम के लिये, सुविधा के लिये इतना बड़ा भवन बना दिया। इस तरह की व्यवस्था ठीक नहीं है। इसलिये कहना चाहता हूं कि जो पैसा खर्च हो रहा है वह पैसा सही मायने में आदिवासियों पर खर्च किया जाय।

अब मैं पेय जल के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। सभापति महोदय, 80 के बाद उन क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के लिये हमारी सरकार दृढ़ है, विशेष तौर से ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन मैंने पहले भी निवेदन कर दिया था कि बहुत सी जगह ऐसी है जहां पर कि भारी वाहन नहीं जा सकते हैं, बिना रोड के गाड़ी ले जाना सम्भव नहीं है।

नारू की बीमारी से हमारे यहां पर लोग 4-4 महीने तक पड़े रहते हैं। अब हैंड पम्प लगाने से बीमारी कम हुई है। मैं चाहता हूं कि जहां पर हैंड पम्प की आवश्यकता है, वहां पानी की व्यवस्था पहले हो ताकि लोगों की हालत सुधर सके। मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपसे निवेदन करना चाहता हूं और सरकार से कहना चाहता हूं कि विशेष

(श्री देवेन्द्र कुमार मीणा)

तौर से जिस तरह से हमारी सरकार ध्यान दे रही है, जिस तरह से आदिवासियों को गरीबों को आगे बढ़ाने की जरूरत है उसी तरह से और थोड़ा ध्यान दें तो हम लोग आगे बढ़ सकते हैं।

स्वास्थ्य के बारे में मैं, सभापति महोदय, निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिये, उदयपुर डिवीजन के लिये जो दवाई की, चिकित्सालयों की व्यवस्था की है वह तो ठीक है लेकिन जहां पालों में लोग रहते हैं वहां पर करीब 15-15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। वहां पर आयुर्वेद औषधालय हो या सब प्राइमरी हैल्थ सेन्टर हो या कोई अन्य चिकित्सा की व्यवस्था हो तो उनको स्वास्थ्य की सुविधा मिल सकती है।

इन्हीं शब्दों के साथ सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि आदिवासियों की परिस्थिति को देखें, आदिवासियों की हालत सुधारने की ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें तो आदिवासी आपका आभार मानेंगे।

श्री सभापति : श्री रामकंवार बैरवा।

श्री रामकंवार बैरवा (फागी) : माननीय सभापति महोदय, यहां पर बजट पर बहस में माननीय सदस्यों द्वारा सारी बातें दर्शायी जा रही हैं। इस बजट में जो विकास के लिये धनराशि का प्रावधान रखा है, मैं तो काफी लम्बे अर्से से देखता आ रहा हूं कि जो भी घोषणायें होती हैं वह जनता तक पहुंच ही नहीं पाती हैं। अधिकतर 80 प्रतिशत तो कर्मचारियों की तनख्वाह में खर्च हो जाता है और 20 प्रतिशत समझो विकास होता है। इसके साथ ही, सभापति महोदय, मेरा यह अनुभव है कि अनुसूचित जाति के लोगों को जमीनें दी जाती हैं, आवास के लिये पट्टे दिये जाते हैं और वह पट्टे ही कैंसिल करके उन्हीं के नाम पर दूसरी पंचवर्षीय योजना में फिर अलाट हो जाते हैं इस प्रकार की प्रवृत्ति चल रही है। मुझे विशेष खुशी होती अगर सरकार इस बात का पता लगाती कि कितने लोगों को आज तक पट्टे दिये गये हैं। आवास के लिये कितने लोगों को कृषि के लिये जमीन दी गयी है, उन जमीनों के ऊपर वास्तव में आज की तारीख में काबिज हैं या नहीं? अगर काबिज नहीं हैं तो सरकार इस बजट में यह घोषणा करती, अपने राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में घोषणा करती कि इतने लोगों को आवास के पट्टे दिये गये थे और वह किन्हीं कारणों से अन्य लोगों के झगड़ों से आबाद नहीं हो सके या खेतीबाड़ी नहीं कर सके, इतने लोगों, जो पुराने पड़े हुए थे, कोकब्जा नहीं मिला था उन लोगों को कब्जा दिया गया है, इस प्रकार की घोषणा होती तो मुझे विशेष खुशी होती।

सभापति महोदय, सरकार के लिये आज सोचना इस बात का है कि शिक्षा, इलाज, इन्साफ महंगा ही नहीं है बल्कि साधारण व्यक्ति की पहुंच के बाहर है। आप खुद ही

Page No 134

(श्री रामकंवार बैरवा)

इस बात को सोच सकेंगे, सभापति महोदय, आप भी ग्रामीण इलाके से चुन कर आते हैं, क्या एक ग्रामीण व्यक्ति उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकता है ? क्या वह अच्छा इलाज करा सकता है ? यदि किसी बड़े व्यक्ति से या पड़ोसी, जिसका खेत है, से झगड़ा हो जाय तो वह जीत सकते हैं ? अगर बजट भाषण में या वित्त मंत्री जी के भाषण में, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में इस प्रकार की घोषणायें होतीं तो मुझे विशेष खुशी होती।

इसके साथ-साथ ही पिछले दिनों में जो शीत लहर चली और फसल जो फल फूल रही थी उस शीत लहर मे चना, सरसों जीरा और रायड़ा आदि सारी फसलें 75 प्रतिशत नष्ट हो चुकी हैं। आप भी इस बात को जानते हैं, आज खेत में खड़ी फसल सूख गयी, पक नहीं सकी। कई खेत तो ऐसे हैं जिनको कि वैसे ही छोड़ दिया है, इसमें किस तरह से काटें, इसमें तो कुछ है ही नहीं। इस तरह से काफी नुकसान हुआ है गांवों का। अभी मैंने गावों का पांच सात रोज का दौरा किया था, गांव में बेरोजगारी की समस्या खड़ी हो गयी है, फसल के नष्ट होने से। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार जल्दी से जल्दी पटवारी को या तहसीलदार को स्पेशल इस प्रकार का निर्देश दे कि वह फसल का मुआयना करें और मुआयना करके जितने लोग गांवों में बेरोजगार हैं उनको रोजगार की व्यवस्था कराये। वरना होगा यह कि गांव के लोग जयपुर आयेंगे, दिल्ली जायेंगे, पंजाब जायेंगे पंजाब भी नहीं जायेंगे क्योंकि वहां भी मारकाट हो रही है इसलिये वे लोग पंजाब से भी भागकर आ रहे हैं और जयपुर से इस वक्त जो व्यवस्था चल रही थी, निर्माण कार्य चल रहे थे, विकास प्राधिकरण की वजह से मजदूरों को, मिस्त्रियों को जयपुर में भी काम नहीं मिल रहा है, सब त्रस्त हैं, ठेकेदार पैसे खा जाता है, बिल्डिंग पर से गिरकर कई लोगों की टांग टूट जाती हैं, कई को कुछ हो जाता है, उनको न कोई मुआवजा मिलता है, न कुछ मिलता है। इसलिये मैं सरकार से मांग करता हूं कि उन लोगों के रोजगार की गांव में, वहीं के स्थानीय लोगों की व्यवस्था करें।

इसके साथ ही बिजली मंत्री जी ने पिछले दिनों में 12 घंटे किसानों को बिजली देने की घोषणा की थी। लेकिन उस घोषणा का कहां तक पालन हुआ यह तो आप भी जानते हैं और सदन के सभी सदस्य जानते हैं। इसीलिये सरकार द्वारा जो घोषणाएं की जा रही हैं उनमें या तो सरकारी अधिकारियों की लापरवाही हो जाती है या सरकार घोषणा करने के बाद ध्यान नहीं देती है इसलिये पालन नहीं होता है। किसानों की खेती को अधिकतर जयपुर जिला और आसपास, जहां पर कुओं में पानी है, बिजली नहीं मिलने के कारण भी फसल का काफी नुकसान हुआ है। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि बिजली का टाइम भी आठ रोज में बदला जाता है कभी दिन में कभी रात में देते हैं इससे किसानों की काफी मोटरें जल जाती हैं। मैं इसलिये सरकार

(श्री रामकंवार बैरवा)

से निवेदन करना चाहता हूं, आपको दिन को देनी है, या रात को देनी है यह तय करें। उनको दिन में बिजली दी जावे और आगे के लिये आप शुरू से ही यह घोषणा कर दें कि किसानों को कितने घंटे बिजली मिलेगी ताकि वे उतनी ही फसल बोयें। अधिक फसल बोने पर पूरी फसल को पानी नहीं मिलने पर तमाम फसल को नुकसान होता है।

तीसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार ने सामूहिक खेती के नाम से जमीनें दी हैं और विशेषकर अनुसूचित जाति के लोगों को दी हैं। सभापति महोदय, मुझे यह मालम नहीं कि आपके एरिया में भी सामूहिक खेती के नाम से सहकारी समिति के नाम से जमीनें दी गयीं या नहीं लेकिन जिला जयपुर, टोंक और काफी जिलों में कई लाख एकड़ जमीन गरीबों विशेषकर अनुसूचित जाति के लोगों को पिछले 20 सालों में दी गयी थीं। लेकिन आज के जमाने में आप जानते होंगे कि सामूहिक खेती किसी भी प्रकार से नहीं कर सकते हैं और वह कामयाब नहीं हुई है सरकार। उसमें विकास कराने के अन्दर भी कोई सहायता नहीं दी और सरकार ने उनको भगवान के नाम पर छोड़ दिया है तो मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार अन्य विधेयकों में तो संशोधन लाती है लेकिन सामूहिक कृषि सहकारी समिति के नाम से जो जमीनें दी गयी हैं उसमें इस प्रकार का संशोधन सरकार लावे और उन लोगों को व्यक्तिगत रूप से उन जमीनों के खातेदारी राइट्स दे दे। व्यक्तिगत रूप से सरकार भी आज की तारीख में उनको कर्जा नहीं दे सकती। इन लोगों में एका है नहीं। वे वैसे ही झोंपड़ी बनाकर जमीन पर पड़े रहते हैं। अधिकतर जो साधन सम्पन्न लोग हैं वे उन पर काबिज हो रहे हैं। तो मेरा सरकार से निवेदन है कि एक ऐसा संशोधन सरकार अपनी ओर से ला करके उन हजारों हजार गरीबों का कल्याण करे ताकि उनको खातेदारी राइट्स मिलें और वे अपनी जमीन में कुआ बना सकें या किसी भी प्रकार से विकास कर सकें।

इसके साथ ही साथ गांवों में हैंड पम्प जो लगाये गये हैं उनके विषय में मेरी शिकायत है कि 25% हैंड पम्प गांवों में खराब पड़े हैं। उनको देखने वाला कोई है या नहीं। हैंड पम्पों के लिये मैं मांग करता हूं कि हैंड पम्प सरकार ने कोई मुफ्त तो लगाया नहीं। इन पर काफी खर्चा हुआ है। इस प्रकार से जनता को जो हैंड-पम्प दिया गया है उसकी एक-दो महीने मरम्मत नहीं होती है तो वहां के लोगों में बड़ा भारी असन्तोष बढ़ता है। जन प्रतिनिधियों को भी जनता की तरफ से बड़ी भारी शिकायतें हैं। वे कहते हैं कि साहब इससे तो हमारे हैंड पम्प अगर नहीं लगते तो अच्छा था। इसलिये मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा, जितने भी हैंड पम्प खराब पड़े हैं आप उनको तुरन्त ठीक करवायें। हैंड पम्प लगाने के समय क्या हुआ कि अनुसूचित जाति के लोगों के साथ बड़ा भारी भेदभाव बरता गया। हैंड पम्प लगाने वाले जो भी कोई गांव के बड़े प्रभावशाली व्यक्ति थे या सरपंच थे, इन्हीं

(श्री रामकंवार बैरवा)

के घर पर ठहरे। वहां उनकी अच्छी खातेदारी हो गयी। इस प्रकार हरिजन मोहल्लों को वंचित रख दिया गया। आज भी जहां हैंड पम्प लगे हुए हैं वहां से एक-एक किलोमीटर दूर से हरिजनों को लाकर खारा पानी पीना पड़ रहा है। कहीं-कहीं अगर 10% हरिजन बस्ती में हैं, कोई बड़ी बस्ती थी तो उसमें तो लग गया लेकिन हरिजन बस्तियों के गांव के पास कई ढाणियां बसी हुई हैं उनको छोड़ दिया गया है। सरकार अनुसूचित जाति के लोगों की घोषणाएं तो करती है लेकिन बिजली गांव में पुगी तो हरिजन मोहल्लों में नहीं जाती है वह बीच बाजार में रुक जाती है। इस प्रकार से हैंड पम्प भी गांव के सवर्ण बस्तियों में लग करके हरिजन मोहल्लों को अछूता छोड़ दिया जाता है। बड़ी-बड़ी बस्तियां हैं। मैं कितनी दफा अफसरों से निवेदन कर चुका कि मेरा क्षेत्र इतना नजदीक है कि आपका केवल एक घंटा ही खर्च होगा। आप देख लीजिये, कितनी बड़ी बस्ती है, वह गांव से तीन मील की दूरी पर बसी हुई है, एक हजार घरों की बस्ती है वहां हैंड पम्प जरूरी है। वहां पानी नहीं है, कुओं में, गर्मी के दिनों में तो बड़ी मुश्किल पड़ती है। इसलिये मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि हरिजन बस्तियों का नाम है भीड़ रामचन्द्र पुरा....

श्री परसराम मदेरणा : 1000 की बस्ती है।

श्री रामकंवार बैरवा : 1000 लोग हैं वहाँ रहने वाले।

श्री परसराम मदेरणा : अच्छा, अब लोग हो गये। घर कितने हैं ?

श्री रामकंवार बैरवा : घर तो यही कोई एक दो सौ होंगे।

इसी प्रकार से स्वास्थ्य विभाग के लिये मैं निवेदन करना चाहूंगा मैंने 1982 में पदयात्रा की थी, सभापति महोदय, किशोरपुरा पंचायत में नीमेरा पंचायत जाना था तो बीच में रामचन्द्रपुरा गांव आया। यह दूसरा रामचन्द्रपुरा गाँव है। तो वहां पर दायी के अभाव में एक महिला की बच्चे के जन्म के समय मृत्यु हो गयी। गाँव में बुरी तरह से रोना पीटना हो रहा था। मैं उस गाँव में से गुजरा और पूछा कि क्या बात है तो कहा गया कि डाक्टर साहब को कल बुलाने गये थे, अभी तक नहीं आये और महिला की मृत्यु हो गयी। इसी प्रकार से सरकार से मांग करता हूं कि प्रत्येक पंचायत क्षेत्र, चाहे छोटा हो या बड़ा हो, पर दवाखाने की अवश्य व्यवस्था हो, दायी की अवश्य व्यवस्था होनी चाहिये। दूर दराज के अन्दर वे पहुंच नहीं पाते और दूर उनका हैडक्वार्टर होता है तो वे लापरवाही करते हैं। इसलिये मेरा निवेदन है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में दवाखाना और दायी की व्यवस्था होनी चाहिये।

इसके साथ ही साथ किसानों की उपज सरसों वगैरह, इस शीत के प्रकोप से बच गई और किसानों के घर में आई है उसका दाम 50% कम हो गया। तो मेरा यह निवेदन है मंत्री महोदय से कि सरकार को खरीद करनी चाहिये ऐसे मौके पर। जिस प्रकार से पिछले सीजन में सरकार ने बाजरा

(श्री रामकंवार बैरवा)

खरीदने की घोषणा कर दी थी दुकानें खोल दी थीं, लेकिन वह खरीदा नहीं गया। किसान अपने बाजरे को लेकर गांव में दर-दर भटकते थे और व्यापारियों को कम कीमत पर उनको बाजरा देना पड़ा। इस प्रकार से ये सारी घोषणाएं हैं।

सड़कों के मामले में मैं कहना चाहूंगा कि सरकार ने 14 करोड़ रुपये पूरे राजस्थान के, इतने बड़े प्रदेश के लिये रखे हैं। इसमें, सभापति महोदय, आप देख लीजिये कि 2500 कि०मी० बनेगी तो एक तहसील में दो तहसील में केवल 12 किलोमीटर सड़क बनेगी। अब आप देख लीजिये सरकार कितना विकास कर रही है। मैं इसको नहीं के बराबर समझता हूं....

सदन की कार्यवाही
विधान सभा की बैठक के
निर्धारित समय में वृद्धि

श्री सभापति : माननीय सदस्य, सदन की अनुमति से सदन की बैठक का समय माननीय सदस्य का भाषण समाप्त होने तक बढ़ाया जाता है।

आय–व्ययक पर सामान्य
वाद-विवाद

श्री रामकंवार बैरवा : तो सभापति महोदय, ये 12 कि.मी. सड़क एक तहसील में पड़ेगी। अब इसमें होगा यह, भारद्वाज साहब तो यह सोचेंगे कि फागी में सड़कें ज्यादा बन रही हैं और मैं यह सोचूंगा कि जमुवा रामगढ़ में सड़क ज्यादा बन रही है। आप देख लीजिये कि 12 कि.मी. सड़क का एक तहसील में इन्होंने प्रावधान रखा है जो, मैं समझता हूं, नहीं के बराबर है। इसका सरकार ने इतना लम्बा चौड़ा मास्टर प्लान बनाया, सभापति महोदय, आप देख लीजिये एक तहसील में केवल 12 कि. मी. सड़क है गांव तक और पिछले छः महीने से जन प्रतिनिधियों को तंग कर रहे हैं। आपको भी जिला परिषद का प्रस्ताव आया होगा, मंत्री महोदय का आया होगा, केवल 12 कि मी. के लिये। तो सरकार जन प्रतिनिधियों को धोखा देने जैसी योजना सदन के अन्दर रख रही है।

इसके साथ ही जो भारत सरकार से ऋण ले करके ग्रामों में मकान बनाये जा रहे है; एक परिवार को केवल .000 रुपये मकान बनाने के लिए दिये जा रहे हैं उसमें भी उन मकान बनाने वालों को 50 चक्कर काटने पड़ते हैं और वे मकान अधूरे हैं। उसमें किसी भी प्रकार से एक कमरा भी पूरा नहीं हो सकता है। इसलिये मैं सरकार से मांग करता हूं कि आप 3000 की योजना को आगे बढ़ा करके कम से कम 5000 रुपये तो कर दीजिये ताकि

(5.00 म० प०)

एक कमरा तो बनाकर आराम से अपना सिर छुपा सकें और आराम से रह सकें।

इसके साथ ही साथ शिक्षा के मामले में मेरे निर्वाचन क्षेत्र में सन् 1976 में एक हाई स्कूल बनाने का, सभापति महोदय, ठेका दिया गया था पी. डब्ल्यू. डी. द्वारा एक

(श्री रामकंवार बैरवा)

लाख कुछ हजार रुपयों का। वहां पर पुराना मैटीरियल था 38 हजार का, जिसमें 16 गार्डरें थीं। वह सारा मैटीरियल 38 हजार रुपये में उन्होंने लिया था, मकान का काम सारा 64 हजार में पूरा हो गया। मैंने काफी लिखा-पढ़ी की, अनेक प्रश्न उठाये लेकिन 38 हजार रुपयों का कोई पता नहीं चल रहा है। पी. डब्ल्यू. डी. कहता है न कोई हिसाब है, न कोई किताब है, कुछ भी नहीं है। तो मेरी मांग है शिक्षा मंत्रालय से कि 38 हजार रुपये जल्दी से जल्दी देने की कृपा करें ताकि 38 हजार रुपये में फागी के हायर सैकण्डरी स्कूल का स्वरूप सुधर सकें और कमरों की व्यवस्था बैठाई जा सकें।

इसके साथ ही छोटे बड़े स्कूलों में अध्यापकों की कमी है। रोजाना, निरन्तर पत्र आते हैं। बड़े बड़े अधिकारियों, जो शिक्षा विभाग के है, ने पता नहीं सरकार को प्रस्ताव भेजे या नहीं, लेकिन वहां अध्यापकों की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। मैं मांग करता हूं कि सरकार जल्दी से जल्दी अध्यापकों की व्यवस्था करे ताकि गांवों में बालक-बालिकाएं अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें और रिजल्ट अच्छे ला सकें।

एक और बात, जयपुर जिला सबसे बड़ा जिला है राजस्थान में और राजस्थान की राजधानी भी है लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में, सिंचाई के क्षेत्र में या अन्य मामलों में जयपुर जिले में आज तक बहुत ही कम बजट खर्च होता है। जब तक माननीय सुखाड़िया जी मुख्य मन्त्री रहे तब तक उदयपुर में खर्चा होता रहा, अब भीलवाड़ा, चित्तौड़ में ज्यादा विकास होने लगा है, कुछ दिनों पहाड़ियाजी की सरकार थी तब भरतपुर की तरफ भी विकास मुड़ा था। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं, मांग करता हूं कि जयपुर जिले का स्वरूप शहर से बाहर जाकर देखें तो आजादी के बाद 36 वर्ष के इतिहास में कोटा, बूंदी के इलाके से भी ज्यादा पिछड़ा हुआ, टौंक के इलाके से भी ज्यादा पिछड़ा हुआ नजर आयेगा। मैं मांग करता हूं, जयपुर जिले के विकास के लिए सरकार द्वारा ध्यान देकर योजना बनाई जाय ताकि द्रुत गति से विकास का काम हो।

श्री परसराम मदेरणा : अब प्रशासन के मुड़ने की बारी जयपुर की तरफ है।

श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह : तो कमलाजी को बधाई दे दें क्या ?

श्री भंवरलाल शर्मा : भरतपुर में हुआ तो पहाड़िया साहब थे, उधर हुआ तो माथुर साहब हैं। अब माथुर साहब हट रहे हैं क्या ? क्या दूसरा कोई आने वाला है क्या ? जयपुर में कोई आ रहा है क्या ?

श्री परसराम मदेरणा : कोई और आ रहा है कि नहीं आ रहा है लेकिन at the hustings, yon have not an iota of chance to be successful.

श्री भंवरलाल शर्मा : यह भविष्यवाणी तो अगले चुनावों में पता लगेगी आपको। चुनाव आने दो आप।

श्री रामकंवार बैरवा : सभापति महोदय, उद्योगों के मामले में समाज कल्याण विभाग की एक पुस्तक निकली है, अनुसूचित जाति और जन जाति के विकास के नये कार्यक्रम····

श्री सभापति : समाप्त करें, माननीय सदस्य ।

श्री रामकंवार बैरवा : दो चार बातें कर खत्म कर देता हूं ।

मेरा यह निवेदन है कि सरकार कई दफा अनुसूचित जाति के लोगों को सीधी नौकरी देने की बात करती है लेकिन आज तक सरकार कोई सीधी नौकरी अनुसूचित जाति के लोगों को नहीं दे पाई । सरकार को अपने उत्तर में यह भी बताना चाहिए कि 20 सूत्री कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के कई हजार लोगों को सीधी नौकरी देने की बात की थी, घोषणा की थी, उसका क्या हुआ, कितने लोगों को नौकरियां दीं, कौन कौन से डिपार्टमेंट्स में किस-किस श्रेणी में दीं ? इसके साथ ही, अनुसूचित जाति के काफी लोगों का प्रमोशन रोक लिया जाता है । मेरा यह निवेदन है कि रिजर्वेशन के हिसाब से प्रमोशन होना चाहिए । इसके साथ ही, क्लर्क तक की नौकरी सीधी मिलनी चाहिए । चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए इन्टरव्यू होता है । अनुसूचित जाति के लोगों के पास इतने साधन नहीं हैं ताकि वह उतनी तैयारी कर सकें । मेरा निवेदन है कि बाबू तक की नौकरी में सीधी भर्ती होनी चाहिए । जितने भी डिपार्टमेंट्स हैं उनमें कोटा पूरा नहीं है अनुसूचित जाति का ।

सदन के सामने एक और खेद प्रकट करता हूं, अनुसूचित जाति कल्याण समिति विधान सभा में बनी हुई है उस समिति की रिपोर्ट हमारे पास आज तक करीब 10-12 पेज से ज्यादा की नहीं आई । सब लोग अनुसूचित जाति के हैं जो चेयरमैन हैं कई संस्थाओं के, उनको इतनी फुरसत ही नहीं है। 4-4, 5-5 पेज से ज्यादा देख ही नहीं पाते हैं । मेरा यह निवेदन है कि अब जो अनुसूचित जाति कल्याण समिति बनाई जाय उसमें ऐसे लोगों को लिया जाय जो चेयरमैन न हों, पूरा टाइम उन लोगों के लिए लगावें, मेहनत करें और प्रत्येक विभाग को जाकर चैक करें ।

इसके साथ ही, सभापति महोदय, आपके माध्यम से आवासन मण्डल के लिये कुछ कहना चाहूंगा । दिनांक 11-5-83 को 925 मकान अनुसूचित जाति के सांसद, विधायक, छोटे-बड़े कर्मचारियों को मिले थे लेकिन बड़ा भेदभाव बरता गया । सभापति महोदय, जो लोग प्रभावशाली थे, चाहे अफसर हों, चाहे मन्त्री हों, चाहे विधायक हों, चाहे कोई हो उनको तो जवाहर नगर में मकान दे दिये गये स्वतन्त्र और जिनकी कोई पूछ नहीं थी उनकी कैटेगिरी ही बदल दी गयी जब कि हाई इनकम ग्रुप में उनका रजिस्ट्रेशन है । उनको छोटे मकान दे दिये गये । जैसे बच्चों को बहलाते हैं, वैसा काम कर दिया सरकार ने ।

श्री सभापति : बिराजिये, माननीय सदस्य ।

श्री रामकंवार बैरवा : मुझे इस बात का भी खेद है कि अगर आवासन मण्डल में

Page No 140

(श्री रामकंवार बैरवा)

किसी आवंटी के साथ किसी प्रकार की बेइन्साफी हो गयी तो पचासों पत्र लिखने पर भी आवासन मण्डल का जवाब नहीं आता है कि वाकई आपके साथ बेइन्साफी हुई है। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं, आवासन मण्डल में बहुत बड़ा घपला है, इसकी पूर्ण रूप से जांच करवाई जाय। बड़े आफिसर, चालाक आफिसर्स से मिले होते हैं, अधिकारियों को सूचियाँ बनाने के लिए दे देते हैं क्योंकि लाटरी में तो ऐसा भेदभाव हो नहीं सकता। सूचियाँ बनाने में उनका कृपापात्र या जो उनके प्रेमी आदमी हैं, यार दोस्त हैं, उनको तो अच्छा मकान बढ़िया जगह पर दे देते हैं और जो उनके यार दोस्त नहीं हैं उन लोगों को वह टोटा मोटा, टूटा फूटा मकान दे देते हैं।

श्री सभापति : समाप्त कीजिए।

श्री रामकंवार बैरवा : इसलिए मैं मांग करना चाहता हूं कि आवासन मण्डल के लिए एक कमेटी बनाई जाय। वह जांच कमेटी लाटरी निकाले और आज तक के जितने भी कारनामे हैं, सब को चैक करे और चैक करके रिपोर्ट सदन में पेश करे। उस रिपोर्ट पर यहाँ डिस्कशन हो, यही मेरी मांग है।

धन्यवाद।

श्री सभापति : सदन की कार्यवाही कल दिनांक 21 मार्च, 1984 के प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की कार्यवाही म० प० 5.10 बजे बुधवार दिनांक 21 मार्च, 1984 के म० पू० 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।)

————

Page No 141

परिशिष्ट 1

प्रश्न संख्या 117 के आदेश

राजस्थान सरकार,

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

क्रमांक:एफ.7(8) नविआ/83/ दिनांक 8.7.83

आयुक्त,
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर ।

विषय :—श्री मनफूल राम अनुसूचित जाति के विधायक को आवासन मण्डल द्वारा निर्मित भवन का आवंटन ।

महोदय,

श्री मनफूल राम विधायक (अनुसूचित जाति), जिन्होंने आवासन मण्डल में 1973 में पंजीकरण कराया था, को राजस्थान आवासन मण्डल अधिनियम 1970, की धारा 60 के अन्तर्गत जवाहर नगर आवासन योजना जयपुर में प्लाट नं० 2–छ–28 (जो खाली है) विधान सभा सदस्यों के लिए आरक्षित प्रतिशत (कोटे) में से उनके द्वारा शपथ आदि प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार भवन आवंटन के अनुदेश निदेशानुसार दिये जाते हैं ।

भवदीय,
ह०/–
उप शासन सचिव

प्रतिलिपि निजी सचिव आवासन मंत्री को सूचनार्थ प्रेषित है ।

उप शासन सचिव ।

(सत्य प्रतिलिपि)

राजस्थान सरकार

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

क्रमांक:–एफ 7(20)नविआ/83/ दिनांक : 24-5-83

सचिव,
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर ।

विषय : श्री आई० के० व्यास को जवाहर नगर में मकान आबंटन हेतु ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में निदेशानुसार श्री आई० के० व्यास को आवासन मण्डल द्वारा वर्ष 1982 में जो आवास संख्या 2/417 मालवीया नगर में आवंटित किया गया है उसके स्थान पर इन्हें जिस वर्ग का आवास प्राप्त करने के यह अधिकारी हैं उसी वर्ग का आवास जवाहर नगर में आवंटित किये जाने के निर्देश राजस्थान आवासन मण्डल एक्ट की धारा 60 के अन्तर्गत जारी किये जाते हैं ।

भवदीय,
ह०/—
उप शासन सचिव

(सत्य प्रतिलिपि)

राजस्थान सरकार
नगरीय विकास एवं आवासन विभाग (ग्रुप–3)

क्रमांक:एफ.7(39)नविआ/83/ दिनांक—25.7.83

आयुक्त,
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर ।

विषय—श्री महेश कुमार पारीक को आवासन मण्डल द्वारा निर्मित भवन का आवंटन ।

महोदय,

श्री महेश कुमार पारीक जिन्होंने आवासन मण्डल का मकान प्राप्त करने हेतु 1982 में सामान्य पंजीकरण योजना के अन्तर्गत पंजीयन कराया था उन्हें राजस्थान आवासन मण्डल अधिनियम, 1970 की धारा 60 के अन्तर्गत जवाहर नगर आवासन योजना जयपुर में उनके आय वर्ग का मकान उनके द्वारा शपथ पत्र आदि प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार भवन आवंटन के अनुदेश निदेशानुसार दिये जाते हैं ।

भवदीय,

उप शासन सचिव ।

राजस्थान सरकार

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग (ग्रुप–3)

क्रमांक:एफ.7(39) नविआ/83/ दिनांक–25-7-83

आयुक्त,
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर।

